चैत्र शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 13 अप्रैल 2024
वर्ष 2, अंक 245, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सैनिक के कटे हाथ को जोड़ने में मिली सफलता 18

भोजपुरी फिल्म 'डंस' की शूटिंग मुम्बई में जारी 17

कुत्तों ने बच्ची को नोचकर मार डाला

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

- गांव बहलोलपुर में ईंट भट्ठे के पास हुई घटना, घायल बच्ची ने जिला अस्पताल में तोड़ा दम

अमृत विचार : गांव बहलोलपुर स्थित ईंट भट्ठे के मजदूर की चार साल की बेटी को कुत्तों ने नोचकर घायल कर दिया। बच्ची को परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल ले जाया गया वहां उसकी मौत हो गई।

परिजनों ने बताया कि हसनपुर क्षेत्र के गांव गंगेश्वरी के टिंकू बहलोलपुर के ईंट भट्ठे पर काम करता है और वहीं परिवार के साथ रहता है। शुक्रवार सुबह टिंकू की पत्नी कमलेश चार वर्षीय बेटी दिव्यांशी को खेत ले गई। वह उसे खेत में बैठाकर पानी लेने के लिए भट्ठे पर आ गई। इस बीच भट्ठा ठेकेदार टीटू ईंट बनाने वाले स्थान की ओर गया तो वहां सात-आठ कुत्ते बच्ची को नोच रहे थे। कुत्तों ने उसके सारे शरीर पर जख्म कर दिए। खून से लथपथ बच्ची को परिजन सीएचसी ले गए। जहां से चिकित्सक ने उसको जिला अस्पताल भेज दिया जहां देर शाम बच्ची की मौत हो गई।

बच्ची के गाल का मांस नोच ले गया गीदड़ हालत गंभीर

चन्दौसी। बिलारी क्षेत्र के गांव जरगांव में अवधेश की तीन वर्षीय बच्ची आरूषी पर गीदड़ ने हमला कर गाल का मांस नोच लिया। हादसे के वक्त परिजन गेहूं की कटाई कर रहे थे, बच्ची पेड़ के नीचे बैठी थी। घायल बच्ची को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से डाक्टरों ने हायर सेंटर भेज दिया। बच्ची की दादी वीरवती ने बताया कि शुक्रवार सुबह घरवाले गेहूं की कटाई कर रहे थे। बच्ची पेड़ के नीचे बैठी थी। गीदड़ वहां आया और आरूषी पर हमला कर दिया।

अब के कविता 15 तक सीबीआई की हिरासत में

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को शुक्रवार को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के मामले में 15 अप्रैल तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया।

विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और कविता के वकील की दलीलें सुनने के बाद आदेश जारी किया। सीबीआई ने कविता (46) को तिहाड़ जेल में बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया था, जहां उन्हें कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी

आबकारी घोटाला

गिरफ्तारी के बाद रखा गया है। सीबीआई ने कविता को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) के साथ धारा 477-ए (खातों में हेराफेरी) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 (लोक सेवक को रिश्वत देने के आरोप में संबंधित अपराध) के तहत गिरफ्तार किया।

'आप' को डर, दिल्ली में लग सकता है राष्ट्रपति शासन

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने जताई आशंका, भाजपा पर लगाया साजिश का आरोपनई दिल्ली। दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए एक बड़ी राजनीतिक साजिश रच रही है। आतिशी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी उनकी सरकार को गिराने के लिए एक राजनीतिक साजिश है। हमें विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि आने वाले दिनों में दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाएगा। लेकिन दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना गैरकानूनी और जनादेश के खिलाफ होगा। आम आदमी पार्टी (आप) की नेता के आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि राष्ट्रपति शासन का डर आम आदमी पार्टी को सता रहा है, जिसके पास विधानसभा में 62 विधायक हैं। आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि पिछले कुछ महीनों में कई ऐसी घटनाएं हुई हैं जो इस आशंका की ओर इशारा करती हैं। मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के किसी वरिष्ठ अधिकारी को दिल्ली में तैनात नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया, ''विभागों में पद खाली पड़े हैं लेकिन कोई तैनाती नहीं हुई है।

कोर्ट का ईडी, सीबीआई को नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने आम चुनाव के लिए प्रचार करने के वास्ते आबकारी मामलों में अंतरिम जमानत देने का अनुरोध करने वाली आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की याचिका पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) तथा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी किया। सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केंद्रीय जांच एजेंसियों को 20 अप्रैल तक अपना जवाब देने का निर्देश दिया।

मोदी बोले- आंबेडकर खुद आ जाएं तो भी संविधान खत्म नहीं कर सकते

भाजपा पर संविधान को नष्ट करने के विपक्ष के आरोपों पर किया पलटवार

जयपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के संविधान को केंद्र सरकार के लिए गीता, रामायण, महाभारत एवं कुरान करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि बाबा साहब आंबेडकर खुद आ जाएं तो भी संविधान खत्म नहीं कर सकते। मोदी ने भाजपा पर संविधान को नष्ट करने के विपक्ष के आरोपों पर पलटवार करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा, सब कुछ हमारे लिए हमारा संविधान ही है। वह सीमावर्ती बाड़मेर में भाजपा की चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश-विरोधी ताकतों के साथ खड़ी है। उन्होंने देश को कमजोर करने की कोशिश के लिए विपक्षी ''इंडिया'' गठबंधन पर हमला बोला। रैली का आयोजन बाड़मेर लोकसभा सीट पर पार्टी के उम्मीदवार और केंद्रीय राज्य मंत्री कैलाश चौधरी के समर्थन में किया गया था। मोदी ने कहा, एससी, एसटी, ओबीसी भाइयों के साथ दशकों तक भेदभाव करने वाली कांग्रेस आजकल एक पुरानी रेकार्ड बजा रही है। जब भी चुनाव आता है संविधान के नाम पर झूठ बोलना ''इंडी एलायंस'' के सभी साथियों का फैशन बन गया है। उन्होंने कहा, जिस कांग्रेस ने बाबा साहब के जीते जी उन्हें चुनाव हरवाया, जिसने बाबासाहेब को भारत रत्न नहीं मिलने दिया... जिस कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर संविधान को खत्म करने की कोशिश की, आज वही कांग्रेस मोदी को गाली देने के लिए संविधान के नाम पर झूठ की आड़ ले रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, यह मोदी है जिसने देश में पहली बार संविधान दिवस मनाना शुरू किया है। इन कांग्रेस वालों ने संविधान दिवस मनाने का विरोध किया था। संसद में उनका भाषण है। क्या यह बाबा साहब और संविधान का अपमान है या नहीं? इतना ही नहीं यह मोदी ही है जिसने बाबा साहब से जुड़े पंच तीर्थों का विकास किया। उन्होंने कहा,'' इसलिए बाबा साहब और संविधान का अपमान करने वाले कांग्रेस एवं इंडी अलायंस के झूठों से, उनकी गप्पबाजी से सावधान रहने की जरूरत है। ...और कांग्रेस वाले सुन लें कि ये 400 सीट की बात जनता ने इसलिए की है क्योंकि आपने दस साल संसद में मुझे अच्छे काम करने से रोकने की लगातार कोशिश की। इसलिए देश आपको सजा देना चाहता है। और उसने साफ कर देने का मन बना लिया है।

- बाड़मेर की चुनावी रैली में कहा- देश को कमजोर कर रही है कांग्रेस

राम मंदिर कभी चुनावी मुद्दा न था और न कभी होगा :मोदी

उधमपुर (जम्मू एवं कश्मीर)। अयोध्या में राम मंदिर को भाजपा के लिए चुनावी मुद्दा बताने को लेकर विपक्षी खेमे पर तीखा हमला करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि यह देश के लोगों के लिए आस्था का विषय है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगियों की मानसिकता की तुलना मुगलों से की और कहा कि उन्हें मंदिरों में तोड़फोड़ करके मजा आता था। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार अपने वोट बैंकों को मजबूत करने के लिए सावन के महीने के दौरान मांस पकाने के वीडियो दिखाकर विपक्षी नेता बहुसंख्यक समुदाय को चिढ़ाने का काम करते हैं। उनका कहना है कि राम मंदिर भाजपा के लिए चुनावी मुद्दा है। यह कभी चुनावी मुद्दा न था और न कभी चुनावी मुद्दा होगा। मोदी ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन तब शुरू हुआ था जब भाजपा का जन्म ही नहीं हुआ था। उन्होंने कहा, ''यह उस समय का मुद्दा था जब अंग्रेज आने वाले थे। यह 500 साल पुराना मामला है जब चुनाव के बारे में कोई विचार ही नहीं था। प्रधानमंत्री ने कहा कि मंदिर सहिष्णुता की जीत है। उन्होंने कहा, ''यह 500 साल के लंबे इंतजार के बाद मिली जीत है।

रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामला

एनआईए ने कोलकाता से दो आरोपियों को दबोचा

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में मुख्य साजिशकर्ता समेत दो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि मुसव्विर हुसैन शाजिब और ए मथीन अहमद ताहा के कोलकाता स्थित एक ठिकाने पर होने की जानकारी के बाद टीम ने उन्हें दबोचा। शाजिब ने कैफे में विस्फोटक रखा था और ताहा विस्फोट की योजना बनाने और उसे अंजाम देने का मुख्य साजिशकर्ता है।

अधिकारी ने बताया कि 12 अप्रैल की सुबह एनआईए ने कोलकाता के पास आरोपियों के होने का पता लगाने में सफलता हासिल की। आरोपी वहां पहचान बदल कर रह रहे थे। एनआईए, केंद्रीय खुफिया एजेंसियों और पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, कर्नाटक तथा केरल की राज्य पुलिस एजेंसियों के बीच समन्वित कार्रवाई और सहयोग से इस काम को अंजाम दिया गया। एनआईए ने पिछले महीने इन दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी में मददगार साबित होने वाली सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी। बेंगलुरु में ब्रुकफील्ड के आईटीपीएल रोड पर स्थित कैफे में एक मार्च को विस्फोट हुआ था और तीन मार्च को एनआईए ने इस मामले की जांच का जिम्मा संभाल लिया था।

एनआईए की गिरफ्त में आरोपी।

- पहचान बदल कर कोलकाता में रह रहे थे दोनों आरोपी

कोर्ट ने आरोपियों को 3 दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेजा

कोलकाता। शहर की अदालत ने बेंगलुरु कैफे विस्फोट मामले के दोनों आरोपियों को तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया और एनआईए को उन्हें पूछताछ के लिए कर्नाटक ले जाने की अनुमति दे दी। सत्र अदालत के मुख्य न्यायाधीश ने एनआईए के अनुरोध पर उसे ट्रांजिट रिमांड की अनुमति दे दी। एनआईए ने कहा कि आरोपियों को कोलकाता से 190 किमी दूर पूर्व मेदिनीपुर जिले के दीघा कस्बे में होटल से पकड़ा गया था।

एक नजर

नामांकन को मनमाने तरीके से रद करने पर रोक के लिए याचिका

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों को रद करने में निर्वाचन अधिकारियों (आरओ) द्वारा विवेकाधिकार के मनमाने प्रयोग पर रोक लगाने के लिए निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 36 में चुनाव के दौरान आरओ द्वारा नामांकन पत्रों की जांच किए जाने का प्रावधान है और इस अधिनियम की उपधारा चार में कहा गया है कि आरओ किसी नामांकन पत्र को किसी ऐसी त्रुटि के आधार पर रद नहीं करेगा जो गंभीर प्रकृति का नहीं हो। बिहार की बांका सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र आरओ द्वारा खारिज किये जाने के बाद जवाहर कुमार झा ने शीर्ष अदालत का रुख किया और नामांकन पत्र को खारिज किये जाने को चुनौती दी।

शिक्षक भर्ती घोटालों में 365 की संपत्ति कुर्क : ईडी

नई दिल्ली। ईडी ने कहा कि उसने पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं से जुड़ी दो अलग-अलग धनशोधन जांच के तहत अब तक 365 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क कर ली है। ईडी ने कहा कि उसने राज्य में सहायक शिक्षक भर्ती 'घोटाले' के सिलसिले में पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) के एक पूर्व सलाहकार और एक कथित बिचौलिए की 230 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त करने के लिए धन शोधन रोधी कानून के तहत एक नवीनतम आदेश जारी किया है।

थाने में दरोगा ने गोली मारकर की आत्महत्या

संवाददाता, सीतापुर

- सुसाइड नोट में थानाध्यक्ष पर विवेचनाओं पर रुपये मांगने के लगाए आरोप

अमृत विचार : मछरेहटा थाने में तैनात दरोगा ने सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। दरोगा ने आत्महत्या से पहले सुसाइड नोट लिखकर थानाध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मछरेहटा थाने पर छह महीनों से तैनात दरोगा मनोज कुमार (54) निवासी ग्राम जलाला थाना कल्याणपुर जनपद फतेहपुर ने शुक्रवार सुबह 10:30 बजे सरकारी आवास से निकलकर थाना परिसर में सर्विस रिवाल्वर से गोली मार ली। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने दरोगा को मृत घोषित कर दिया। दरोगा की मौत के कुछ घंटे बाद सोशल मीडिया पर एक सुसाइड नोट वायरल हो रहा है, जिसमें दरोगा ने आरोप लगाया था कि सभी विवेचनाओं में थानाध्यक्ष रुपये की मांग करते हैं। मांग पूरी नहीं होने पर अभद्र टिप्पणी और अपमानित करते हैं। सीओ मिश्रिख राजेश यादव ने बताया की सुसाइड नोट की जांच कराई जा रही है। सुसाइड नोट में वर्कलोड सहित अन्य चीजों का जिक्र किया गया है।

14 में आए थे 24 में चले जाएंगे

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

अखिलेश ने किया भाजपा पर सियासी हमला

- पूरनपुर की जनसभा में कहा- यूपी के लोग स्वागत अच्छा करते हैं तो विदाई भी धूमधाम से करेंगे
- किसान और नौजवान की आवाज उठाने वाले कर दिए पीछे, थार से रौंदने वालों का सम्मान

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग किसानों के पक्ष में थे, नौजवानों की बात उठा रहे थे और किसान की आवाज में अपनी आवाज को जोड़ रहे थे, उन्हें तो भाजपा ने पीछे कर दिया। सुनने में आया है कि उन्हें तो मंच पर भी जगह नहीं मिल रही। जो किसानों पर थार चला रहे थे उन्हें सम्मान दे दिया गया। भाजपा को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि जो 14 में आए थे, अब 24 में चले जाएंगे। उत्तर प्रदेश के लोग अगर स्वागत अच्छा करते हैं तो विदाई भी धूमधाम से करेंगे।

पूरनपुर में शुक्रवार को हुई चुनावी

जनसभा में अखिलेश यादव ने सियासी वार किए। कहा कि पीलीभीत सीट पर गठबंधन प्रत्याशी भगवतसरन गंगवार से भाजपा के नेता घबराए हुए हैं। बड़े नेताओं से लेकर लखनऊ तक के नेता पीलीभीत के चक्कर काट रहे हैं। पीलीभीत का नाम सुनते ही उनके चेहरे पीले पड़ जाते हैं। उन्होंने रोजगार, स्वास्थ्य और किसानों की समस्याओं को भी उठाया। भाजपा को अपनी हार नजर आने लगी है। भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद को लेकर कहा कि कोई नया आया है प्रत्याशी, जो कह रहा है कि हमें अगर पहले पता होता कि चुनाव लड़ना है तो हम मुंबई बना देते पीलीभीत को। ये कौन सी बात है भाई? हम उनसे कहते हैं कि इसको मुंबई मत बनाओ। मुंबई का जो काम होता है थोड़ा वही करके दिखा दो यहां पर।

खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स का संचालक दिल्ली से गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- हाईप्रोफाइल लक्ष्यों को निशाना बनाने की थी योजना

पंजाब पुलिस के राज्य विशेष ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) ने जर्मनी स्थित खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) के संचालक प्रभप्रीत सिंह जर्मनी को दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर आतंकवादी भर्ती, धन उपलब्ध कराने और सहायता मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है।

पंजाब के डीजीपी ने कहा कि केजेडएफ आतंकवादी जगदीश सिंह भूरा पंजाब में हाई-प्रोफाइल लक्ष्यों को निशाना बनाने की योजना बना रहा है और अपने सहयोगियों को हथियार और वित्तीय सहायता प्रदान की है।

प्रभप्रीत सिंह जर्मनी में रहता था इसलिए उसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी करवाया। बुधवार को, दिल्ली आईजीआई हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने प्रभप्रीत सिंह को हिरासत में लेने की सूचना दी, जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी हुई। अतिरिक्त महानिरीक्षक एसएसओसी, अमृतसर सुखमिंदर सिंह मान ने बताया कि आरोपी प्रभप्रीत 2017 में वैध वीजा पर पोलैंड गया था, और 2020 में सड़क मार्ग से जर्मनी चला गया।

सुबह पांच से रात 12 बजे तक होंगे रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय

- रामनवमी पर रामलला धारण करेंगे पीले वस्त्र, धनिया की पंजीरी व मीठे पान का लगेगा भोग

अमृत विचार : रामनवमी पर श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन कराने के लिए सुबह पांच से रात्रि 12 तक का समय तय किया गया है। साथ ही रामनवमी के दिन रामलला को पीले वस्त्र पहनाए जाएंगे।

सिंघाड़े का आटा, धनिया की पंजीरी, मौसमी फल, मिठाई, मीठा पान का विशेष भोग अर्पित होगा। पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का कहना है कि इस बार के जन्मोत्सव में त्रेता युग की झलक दिखाई देगी। उन्होंने बताया कि जन्मोत्सव के दौरान रामलला को सुबह 3.30 मिनट मंगला आरती से जगाया जाएगा। उनके अभिषेक के बाद सुबह 4:45 पर श्रृंगार आरती होगी। सुबह पांच बजे श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए मंदिर को खोल दिया जाएगा। दोपहर 12 बजे रामलला का जन्मोत्सव मनाया जाना है, लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए 11:45 से 12:05 के बीच भगवान के भोग और आरती को संपन्न कराया जाएगा। ट्रस्ट के द्वारा मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई है।

सपा ने दो तो बसपा ने नौ और प्रत्याशी उतारे

लखनऊ। सपा प्रमुख ने शुक्रवार को उप्र. की दो जबकि बसपा ने 9 और सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। कौशांबी से पुष्पेंद्र सरोज को और कुशीनगर से अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सैंथवार को प्रत्याशी बनाया गया है। पुष्पेंद्र इंद्रजीत सरोज के पुत्र हैं। वहीं, बसपा ने आजमगढ़ से भीम राजभर, घोसी से बालकृष्ण चौहान, एटा से मो. इरफान, धौरहरा से श्याम किशोर अवस्थी, फैजाबाद (अयोध्या) से सच्चिदानंद पांडे, बस्ती से दयाशंकर मिश्र, गोरखपुर से जावेद सिमनानी, चंदौली से सत्येंद्र मौर्य, रॉबर्ट्सगंज से धनेश्वर गौतम को उतारा है।

विज्ञान

डब्लूएएसपी -76बी नामक यह बाहरी ग्रह पृथ्वी से 637 प्रकाशवर्ष दूर है

कामयाबी : पहली बार देखा गया बाहरी ग्रह पर इंद्रधनुष

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : किसी बाहरी ग्रह (एक्सोप्लैनेट) में इंद्रधनुष की पहली बार खोज हुई है। वैज्ञानिक इसे बड़ी कामयाबी मान रहे हैं। इससे साबित होता है कि बाहरी ग्रहों में भी पृथ्वी के समान जलवायु संभव है।

यह एक विशाल आकार का बाहरी ग्रह है, जिसका नाम एक्सोप्लैनेट डब्लूएएसपी -76बी है। यह ग्रह पृथ्वी से लगभग 637 प्रकाशवर्ष दूर है। यह अत्यधिक गर्म गैस वाला विशाल ग्रह है। वैज्ञानिकों ने दो अलग-अलग अंतरिक्ष वेधशालाओं से डेटा का उपयोग करके इसे खोजा है। एक्सोप्लैनेट सैटेलाइट (चेप्स) और नासा का ट्रांजिटिंग एक्सोप्लैनेट सर्वे सैटेलाइट (टीईएसएस) को इस खोज में शामिल किया गया था। एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स जर्नल में इस खोज को प्रकाशित किया गया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इंद्रधनुष के निर्माण की पूरी तरह से पुष्टि अभी होनी बाकी है।

इंद्रधनुष पृथ्वी की तरह बनते हैं, या फिर किसी दूसरी वजह से बनते हैं, इसका भी जल्द पता चल जाएगा। यह हमारे सौर मंडल के बाहर देखा जाने वाला पहला इंद्रधनुष है। ओलिवियर डेमनजोन पुर्तगाल के इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स एंड स्पेस साइंसेज के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

वैज्ञानिकों के अनुसार इंद्रधनुष बनने के लिए वायुमंडलीय कणों की आवश्यकता है जो बिल्कुल गोलाकार हों और पूरी तरह से समान हों । साथ ही इतने स्थिर हों कि लंबे समय तक देखे जा सकें। हमारे सूर्य की तरह तारे की किरणें उस ग्रह पर पड़नी चाहिए।

शुक्र में भी देखने को मिलती हैं इंद्रधनुष की छटा

नैनीताल : हमारे अपने सौर मंडल में पृथ्वी के अलावा शुक्र ग्रह पर इंद्रधनुष के रंग बिखरते नजर आते हैं। शुक्र ग्रह भी कभी पृथ्वी के समान हुआ करता था। विशाल समुद्र हुआ करते थे। मगर आज यह ग्रह सौर मंडल का सबसे अधिक तापमान वाला ग्रह बन गया है, जो 4 सौ डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान खुद में समेटे रहता है। अत्यधिक गर्म होने के बावजूद ये इंद्रधनुष बनाने की काबिलियत रखता है।

एक नजर

पेड़ की डाल से लटका मिला शव

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम खड़भड़िया मजरे कल्याणपुर केवटानी में एक अधेड़ का शव फंदे से लटका मिला। ग्राम खड़भड़िया मजरे कल्याणपुर केवटानी निवासी रामनरेश (50) का शव गांव के बाहर आम के पेड़ की डाल से रस्सी के सहारे लटकता हुआ देखा गया। इनायतनगर इंस्पेक्टर संदीप कुमार सिंह ने ग्रामीणों की मदद से शव को फंदे से नीचे उतरवाया। बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के मुताबिक़ मृतक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था।

प्रतिबंधित मांस के साथ छह लोग गिरफ्तार

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : रौनाही पुलिस ने प्रतिबंधित पशु के मांस के साथ मुख्य कारोबारी समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनमें पांच नाबालिग बताए जा रहे हैं। परशुरामपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास से गत शाम पकड़े गए मुख्य कारोबारी बताए जा रहे किशोरी लाल के साथ अन्य सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया पकड़े गए लोगों पर सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि 24 किलो मांस बरामद कर जांच के लिए सैंपल भेजा गया है। अन्य की तलाश की जा रही है। कारोबारी के पास से एक तमंचा व एक चाकू भी बरामद हुआ है।

सरकार ने किया गरीबों का उत्थान : सांसद

अयोध्या। सांसद लल्लू सिंह ने मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के अमानीगंज मंडल के 10 गांवों में शुक्रवार को चौपाल लगाई। किठावां, कुदुर्खा कला, बोडेपुर, डीली सरैया, जगदीशपुर, भवनगर, तुलापुर, रामपुर गौहनिंया, देवी पुरवा, मिश्रौली में जनता से संवाद किया। कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों का उत्थान किया है। उन्होंने कई प्रमुख सरकारी योजनाएं भी गिनाईं। चौपालों के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

40 सीढ़ियां उतरने व 400 कदम चलने के बाद मिलता है पानी

मेडिकल कॉलेज के पुराने भवन की दूसरी मंजिल पर भर्ती मरीजों ने बयां किया दर्द

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

अमृत विचार : दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के पुराने भवन में पेयजल का बड़ा संकट है। दूसरी मंजिल पर भर्ती मरीजों के तीमारदारों को पीने का पानी लाने के लिए ग्राउंड फ्लोर पर आना पड़ता है। करीब 40 सीढ़ियां उतरने व 400 कदम चलने के बाद तीमारदार आरओ तक पहुंचते हैं। हालांकि मेडिकल कॉलेज प्रशासन की तरफ से लिफ्ट लगवाई गई है, लेकिन गरीब तीमारदार उसमें जाने से ही घबराते हैं।

मेडिकल कॉलेज 500 बेड का अस्पताल है। इसमें लगभग 300 बेड पुराने भवन और 200 बेड नए भवन में संचालित हैं। पुराने भवन में ग्राउंड फ्लोर से लेकर दूसरी मंजिल तक मरीजों को भर्ती किया जाता है। इनमें तमाम वार्ड संचालित होते हैं। अमृत विचार की टीम ने शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज में कुछ मरीजों से बातचीत की तो उन्होंने अपना दर्द बयां किया। उनका कहना था कि दूसरी मंजिल से नीचे ग्राउंड फ्लोर उतरकर पानी लाने में बहुत परेशानी होती है। प्रथम तल और भूतल के मरीजों को थोड़ी राहत जरूर है। अभी मेडिकल कॉलेज में नए-पुराने भवन के बीच में व पर्चा काउंटर के नजदीक आरओ चल रहा है।

मेडिकल कॉलेज में पर्चा काउंटर के पास पंखे बंद दिखे एवं नए व पुराने भवन के बीच लगे आरओ प्लांट पर पानी भरने पहुंचे लोग।

हर मंजिल पर मिलना चाहिए पानी

मेरे देवर के आठ साल का लड़का यहां दूसरी मंजिल पर भर्ती है। सीढ़ियां उतरने के बाद सबसे नीचे पर्चा काउंटर के बाहर पानी भरने के लिए जाना पड़ता है। हर तल पर पानी मिलना चाहिए। **-राधा देवी, देवरा दाउदपुर।**

चंडीगढ़ के अस्पतालों में हर तल पर वाटर कूलर

पिताजी भर्ती हैं। उनका इलाज चल रहा है। मैंने चंडीगढ़ के सरकारी अस्पतालों में देखा है कि हर फ्लोर पर पानी के लिए वाटर कूलर लगा रहता है। यहां पर भी ऐसी ही व्यवस्था होनी चाहिए। **-गौरीशंकर गुप्ता, हैदरगंज बाजार**

मूलभूत सुविधाएं होनी चाहिए

बेटे को हार्निया है। यहां भर्ती करा दिया है। मूलभूत सुविधाएं अस्पताल में अवश्य होनी चाहिए। पानी के लिए नीचे जाने में बार-बार तकलीफ होती है। किसी मरीज के पास एक ही अटेंडेंट हो तो परेशान हो जाए। **-पवन, इटौरा चौरहा**

जहां बनता है पर्चा, वहां चल ही नहीं रहे पंखे

मेडिकल कॉलेज के पुराने में भवन में पर्चा बनता है। हॉल में 15 से भी अधिक पंखे लगे हुए हैं, लेकिन चलते सिर्फ छह या सात हैं। भीषण गर्मी में पंखे न चलने के कारण मरीज व उनके तीमारदार रोल परेशान होते हैं।

भावी चिकित्सकों को हॉस्टल में भी परेशानी

हाल ही एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर चुके भावी चिकित्सक भी कम परेशानी में नहीं हैं। इंटर्न विद्यार्थियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि गंजा स्थित हॉस्टल में पीने के पानी की बड़ी परेशानी है। शौचालय भी अस्त-व्यस्त है। कई बार शिकायत की गई तो मेस संचालक को ठीक कराने का जिम्मा दिया गया, लेकिन अभी तक कुछ हुआ नहीं। इस संदर्भ में प्रिंसिपल डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार को दो बार फोन मिलाया गया, लेकिन उन्होंने रिसीव नहीं किया।

> देखिए, बात आपकी सही है, लेकिन दिक्कत यह आती है कि हर तल पर अगर वाटर कूलर लगवा दिए जाएं तो लोग गंदगी करने के साथ ही उसे क्षतिग्रस्त भी कर देते हैं। हालांकि लिफ्ट से जाकर भी पानी लाया जा सकता है। तीमारदार कोशिश करें कि एक ही बार में तीन से चार बोतल पानी भर लें। चुनाव के बाद कुछ और अच्छी व्यवस्थाएं होने वाली हैं।
> **-डॉ. दिनेश सिंह, मीडिया प्रभारी**

डेढ़ साल के बेटे को कचहरी में पटका

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार: ससुराल से निष्कासित महिला ने अपने बच्चे को सिविल कोर्ट पुलिस चौकी के सामने पटक कर मार डालने का प्रयास किया। वकीलों ने महिला को पकड़कर बच्चा समेत पुलिस के हवाले कर दिया। गोरखपुर की रहने वाली अनीता की शादी कोतवाली नगर के खुर्दाबाद मोहल्ले में कमल किशोर के साथ हुई थी। बच्चे के पैदा होने के बाद ससुराल वालों ने उसे चार माह पहले घर से निकाल दिया। अब यह महिला न्याय के लिए कचहरी में भटक रही है। महिला ने शुक्रवार दोपहर लगभग दो बजे अपने डेढ़ वर्षीय बच्चे को कचहरी में सड़क पर पटक दिया। यह देख वकीलों ने बच्चे को उठाया और पुलिस के हवाले कर दिया।

गणगौर का पूजन करतीं राजस्थानी परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

राजस्थानी परिवारों ने मनाया गणगौर महापर्व

भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार : राजस्थान की गौरवशाली संस्कृति दर्शाने वाले प्रेम एवं पारिवारिक सौहार्द का महापर्व गणगौर रुदौली में रह रहे राजस्थानी परिवारों ने बड़े ही धूमधाम से विसर्जन के साथ मनाया। इस दौरान महिलाएं अपने घरों से गणगौर का पूजन कर समूह में गीत गाती हुई गणगौर को सिर पर रख कर विसर्जन स्थल तक गईं। गणगौर का विसर्जन किया। इसके बाद एक-दूसरे को गुलाल लगाकर खुशियां मनाई। होली के दूसरे दिन से शुरू यह पर्व चैत्र महीने की शुक्ल पक्ष की तीज को समाप्त होता है। इस दिन कुंवारी लड़कियां एवं विवाहित महिलाएं शिवजी (इसर जी) और पार्वती जी (गौरी) की पूजा करती हैं। रुदौली मे लगभग 150 वर्षा से रह रहे राजस्थानी परिवारों मे डालमिया परिवार की प्रभा और रचना, खेतान परिवार की सारिका और मोनिका, सिंघाई परिवार की सुमन, ममता और सुल्तानिया परिवार की गीता और संगीता एवं स्मृति और सारिका ने इस पर्व मे हिस्सा लिया।

बैंकर्स प्रीमियर लीग-3 : बेसिक इलेवन ने अयोध्या अचीवर्स को छह विकेट से हराया

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: बैंकर्स प्रीमियर लीग में खेले गए मुकाबले में बेसिक इलेवन ने अयोध्या अचीवर्स को छह विकेट से पराजित किया। सुनील अवस्थी मैन-ऑफ-द-मैच रहे। कोच विजय प्रताप सिंह ने उन्हें पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

बीपीएल में दूसरा लीग मुकाबला अयोध्या अचीवर्स व बेसिक इलेवन के बीच गुरुवार को खेला गया। अयोध्या अचीवर्स टीम 11 ओवरों में सभी विकेट खोकर 56 रनों पर सिमट गई। साकेत बिहारी ने 11 व वहनय शर्मा ने आठ रन टीम में जोड़े। बेसिक टीम के सुनील अवस्थी ने पांच व केपी सिंह ने तीन विकेट लिए। जवाब में बेसिक इलेवन टीम ने 5.1 ओवरों में चार विकेट खोकर जीत का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। विनय ने 12 रन बनाए। अयोध्या टीम के आलोक ने चार विकेट लिए। बेसिक इलेवन के सुनील अवस्थी ने पांच विकेट लिए। इस मौके पर आयोजन अध्यक्ष रवि यादव, विपिन, एजाज, एसएन यादव, राहुल सिंह सहित खेल प्रेमी बैंक कर्मी मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में सुनील को मैन-ऑफ-द मैच से पुरस्कृत करते कोच। अमृत विचार

▸▸ **सुनील रहे मैन-ऑफ-द-मैच**

गुवाहाटी-श्रीगंगानगर के बीच विशेष ग्रीष्मकालीन ट्रेन एक से

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार। उत्तर रेलवे में गुवाहाटी और श्रीगंगानगर के बीच विशेष ग्रीष्मकालीन एक्सप्रेस ट्रेन के संचालन का निर्णय लिया है। अयोध्या से गुजरने वाली यह ट्रेन एक मई से 30 जून के बीच संचालित होगी।

उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने विशेष ग्रीष्मकालीन ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। अयोध्या कैंट और अयोध्या धाम जंक्शन के रास्ते आने जाने वाली यह एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार एक मई को गुवाहाटी से श्रीगंगानगर के लिए रवाना होगी। अयोध्या धाम जंक्शन पर 23.33 बजे आगमन व 23.35 बजे प्रस्थान होगा।समय सारणी के मुताबिक रविवार पांच मई को श्रीगंगानगर से गुवाहाटी के लिए चलेगी। वापसी में 17:10 बजे आगमन व 17:15 बजे प्रस्थान, जबकि अयोध्या कैंट जंक्शन पर आते समय 23.53 बजे आगमन व 23.58 बजे प्रस्थान तथा वापसी में 16:20 बजे आगमन व 16:25 बजे प्रस्थान करेगी। 18 कोच की इस ट्रेन में तृतीय श्रेणी वातानुकूलित के तीन, शयन श्रेणी के 12 व एसएलआर के दो कोच लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 30 जून तक यह ट्रेन नौ नौ फेरे पूरा करेगी।

महिला कारागार व चीनी मिल परिसर में लगी आग

अयोध्या, कार्यालय

अमृत विचार। नगर कोतवाली के सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित मंडल कारागार परिसर स्थित जंगल और पूराकलंदर थाना क्षेत्र के मसौधा चीनी मिल परिसर में अचानक आग लग गई। मौके पर चार फायर टेंडर के साथ पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया है।

कारागार परिसर में गुरुवार को दोपहर महिला कारागार के बगल स्थित जंगल में अचानक आग लग गई। धुएं का गुबार उठा तो आसपास के लोगों को मामले की जानकारी हुई। आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। अग्निशमन विभाग के दस्ते ने दो फायर टेंडर से आग पर काबू पाया।

मसौधा प्रतिनिधि के अनुसार दोपहर करीब दो बजे मसौधा चीनी मिल के कन्वेयर बेल्ट में आग लग गई। चीनी मिल के वरिष्ठ अधिकारी व प्रबंधक कार्मिक विवेकानंद मिश्र ने बताया कि कर्मियों ने चीनी मिल के अंदर से बगास को खींचकर एकत्रीकरण स्थल तक ले जाने वाले कन्वेयर वेल्ट में आग लगे होने के जानकारी दी। मौसम की तपिश और हवा के चलते आग की लपटें समूचे बगास टाल में फैल गई। मिल के निजी फायर सिस्टम और अग्निशमन दल के दो फायर टेंडर से कड़ी मशकक्त के बाद आग पर काबू पाया गया। उन्होंने लगभग 10 लख रुपये के नुकसान की आशंका जताई है।

अग्निशमन शाखा प्रभारी नागेंद्र प्रसाद द्विवेदी व अग्निशमन अधिकारी द्वितीय प्रदीप कुमार पांडेय ने बताया कि दोनों जगह आग लगने के कारण की पड़ताल और क्षति का आंकलन कराया जा रहा है।

मसौधा शुगर मिल के बगास में लगी पर काबू पाने में जुटे फायरकर्मी। अमृत विचार

▸▸ **चार फायर टेंडर की मदद से दस्ते ने पाया काबू**

सार-संक्षेप

डिवाइडर से टकराई बाइक, दंपति गंभीर

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : नेशनल हाईवे पर अचानक एक मवेशी के आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इससे बाइक सवार दंपति घायल हो गए। मिल्कीपुर के इनायतनगर निवासी असलम बाइक से पत्नी मुस्कान संग अयोध्या-रायबरेली नेशनल हाईवे से रानीगंज जा रहे थे। अयोध्या- सुल्तानपुर की सीमा पर अचानक एक मवेशी हाईवे पर आ गया। जिससे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को 100 बेड के संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में तैनात डॉ. विकास यादव ने दोनों को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि ईद मनाने असलम मुंबई से असलम आए थे। आज अपनी ससुराल रानीगंज जा रहे थे।

प्राचार्य डॉ. परेश पांडेय का किया गया स्वागत

डॉ. परेश पांडेय का स्वागत करते संस्थानम के पदाधिकारी।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : बाबा बरुआ दास पीजी कॉलेज अंबेडकरनगर में पदभार ग्रहण कर लौटे नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. परेश पांडेय का शुक्रवार को सेवाज्ञ संस्थानम की जिला कार्यसमिति ने जिला संयोजक अनुज सिंह के नेतृत्व में स्वागत किया। श्रीराम लला की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। सांस्कृतिक परिषद क्रीड़ा परिषद व महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका साकेत सुधा के संपादक मंडल में रहे डॉ. परेश पांडेय सेवाज्ञ संस्थानम के जिला प्रमुख भी हैं। सेवाज्ञ संस्थानम के सहसंयोजक अभिनव सिंह, मीडिया प्रमुख अनूप द्विवेदी, अंजनी ओझा, पूजा सिंह, उमेश वर्मा राणा व आशुतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

2.27 लाख महिलाओं को मिली धुएं से निजात

अयोध्या। अमृत विचार : अयोध्या में भी आधी आबादी को उज्ज्वला योजना पसंद आ रही है। योजना के तहत अब तक जिले में दो लाख, 27 हजार, 256 महिलाओं को इसका लाभ मिला है। गैस के कनेक्शन बीपीएल व गरीब महिलाओं को दिए जा रहे हैं। होली व दीपावली पर फ्री रसोई गैस की आपूर्ति भी की जा रही है। जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्र ने बताया कि योजना के तहत निशुल्क रसोई गैस सिलेंडर प्राप्त करने वाले आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक व महिला होना चाहिए। घर में पहले से अन्य कोई रसोई गैस कनेक्शन नहीं होना चाहिए।

स्काउट के निःशुल्क जल प्याऊ केंद्र की शुरुआत

सदर तहसील के निकट जल प्याऊ की शुरुआत करते उप कृषि निदेशक।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : सदर तहसील के निकट भारत स्काउट और गाइड के मुख्य गेट पर नि:शुल्क जल प्याऊ केंद्र का उद्घाटन शुक्रवार को उप निदेशक कृषि डॉ. संजय कुमार त्रिपाठी ने किया। मुख्यालय आयुक्त आलोक तिवारी ने बताया कि सभी आगंतुकों के लिए निशुल्क स्वच्छ ठंडा जल और गुड़ की उपलब्धता निरंतर बनी रहेगी। केंद्र पर काम करने वाले लोगों को कृषि उपनिदेशक ने टी-शर्ट और कैप देकर कहा कि प्यासे को पानी पिलाना बहुत ही परोपकार का कार्य है। यहां चिड़ियों के लिए भी पानी पीने की व्यवस्था की गई। वित्त एवं लेखा अधिकारी ने बताया स्काउट संस्था परोपकार करने की संस्था है। यह कार्यक्रम जुलाई माह तक चलाया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी, डॉ. पंकज शुक्ला, अनूप पांडेय, डॉ. रंजीत वर्मा, चक्रधर दुबे, के के तिवारी, कमलेंद्र तिवारी, महेंद्र पाल, भूपेंद्र त्रिपाठी मौजूद रहे।

इग्नू में 30 लाख से अधिक विद्यार्थी : डॉ. रीना

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय के इग्नू अध्ययन केन्द्र में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ ने शुक्रवार को परिचय सत्र का आयोजन किया। सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. रीना कुमारी ने बताया कि आज इग्नू में 30 लाख से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत् है। इग्नू का उद्देश्य दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों तक उच्च शिक्षा एवं कौशल विकास आधारित शिक्षा को पहुंचाना है। समन्वयक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि जनवरी 2024 सत्र के नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए परिचय सत्र का आयोजन किया गया। इसमें इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ द्वारा विद्यार्थियों को दूरस्थ शिक्षा प्रणाली व इग्नू नियमावली परिचित कराया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी डॉ. श्रीष अस्थाना द्वारा किया गया। मतदाता जागरूकता से संबंधित शपथ दिलाई। सहायक समन्वयक डॉ. रामजीत सिंह यादव, सूरज सिंह, धर्मेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

लाली-लाली मंदिरिया में विराजे मैया

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित रामोत्सव के तुलसी मंच पर रामनवमी के उत्साह के साथ नवरात्र का रंग भी बिखर रहा है।

इलाहाबाद से आई अंशुला सिंह ने देवी गीत जगत जननी मैया के बाद पारंपरिक रचना लाली-लाली मंदिरिया में विराजे मैया गाकर नवरात्र के रंग में सभी को रंग दिया। इसके बाद राम लाला भैया मोर, राम भजन प्रस्तुत करके अपने आराध्य के प्रति समर्पण प्रकट किया। रायबरेली से आए आल्हा गायक लक्ष्मी नारायण यादव ने आल्हा के बोल रथ पर चढ़े आल्हा और उदल से प्रसिद्ध माधवगढ़ की लड़ाई का जोश पूर्ण ढंग से वर्णन किया। धर्मेंद्र कुमार यादव ने अपने दल के साथ "सजा दो घर को गुलशन का" राम भजन प्रस्तुत किया और फिर लोकप्रिय भजन "मेरी झोपड़ी के भाग जाग जायेंगे" गाकर सभी को मुग्ध कर दिया। लखनऊ की लवली घिल्डियाल और उनके दल ने गढ़वाली लोक नृत्य प्रस्तुत किया। इन कलाकारों ने सभी शुभ और मंगल अवसर पर किए जाने वाले गढ़वाली लोकगीतों पर लोक नृत्य प्रस्तुत करके एक पवित्रता और सादगी पूरे पंडाल में बिखेर दी।

प्रयागराज से आए प्रख्यात रामकथा वाचक अजय याग्निक और उनके दल ने सुंदर मीठे राम भजनों से अपनी प्रस्तुति का आरंभ किया। अजय याग्निक ने सुंदरकांड का संगीतमय पाठ किया। संचालन आकाशवाणी के उद्घोषक देश दीपक मिश्रा ने किया। उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्थान लखनऊ के निदेशक अतुल द्विवेदी ने कलाकारों और सहयोगियों का सम्मान स्मृति चिह्न प्रदान करके किया। इस अवसर पर लोक एवं जन जाति संस्कृति संस्थान के राजेश कुमार शर्मा, समन्वयक अतुल कुमार सिंह राम जी सिंह, दीपा रघुवंशी मौजूद रहे।

गढ़वाल के कलाकारों को सम्मानित करते निदेशक। अमृत विचार

▸▸ **संस्कृति विभाग के कार्यक्रम में बिखरे नवरात्र के रंग**

रामनवमी मेले में भीड़ नियंत्रण करने को होगी बड़ी चुनौती

अयोध्या, कार्यालय

अमृत विचार : रामनगरी के ऐतिहासिक चैत्र रामनवमी मेले की औपचारिक शुरुआत हो गई है। सुरक्षा और व्यवस्था के मद्देनजर प्रशासन की ओर से जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। पुलिस-प्रशासन पहले से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद कर रहा है, जिसको लेकर रामनगरी में मुख्य मार्ग के अलावा वैकल्पिक मार्गों की पहचान कराई जा रही है। साथ ही भीड़ नियंत्रंण के लिए बैरिकेटिंग को मजबूत बनाने तथा ब्रैकेट की तादात बढ़ाने पर काम शुरू किया गया है।

सूत्रों का कहना है कि मेले की तैयारियों की समीक्षा करने पहुंचे एडीजी ज़ोन एपी सिंह ने भीड़ नियंत्रण के लिए सरयू के घाट से हनुमानगढ़ी, कनकभवन, आरजेबी आदि के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार रखने पर विचार-विमर्श किया है। साथ ही मुख्य मार्ग पर जगह-जगह रस्सा और बैरिकेटिंग की तादात बढ़ा ज्यादा से ज्यादा ब्रैकेट तैयार कराने का निर्देश दिया है। घाटों पर पुख्ता बैरिकेटंग की हिदायत दी है। सुरक्षा के नोडल अधिकारी एसपी सिटी मधुबन सिंह का कहना है कि मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए हर एहतियाती उपाय किये जा रहे हैं।

▸▸ **वैकल्पिक मार्ग की हो रही पहचान, बढ़ेंगे ब्रैकेट**

आस्था घरों में विराज रहे भगवती दुर्गा के साथ रामलला, गीत-संगीत के बीच 56 भोग की व्यवस्था

बदल रहा बासंतिक नवरात्रि के पूजन का ट्रेंड

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: अयोध्या में बासंतिक नवरात्रि के पूजन का ट्रेंड बदला-बदला दिख रहा है। इस बार घरों में भगवती दुर्गा के साथ रामलला भी विराज रहे हैं। ऐसा रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार शुरू हुआ है। आम लोग रामलला के जन्मोत्सव को महा उत्सव के रूप में मना रहे हैं। केवल तस्वीर ही नहीं लगाई गई बल्कि गीत-संगीत के बीच 56 भोग की व्यवस्था है। पूजन अर्चन के साथ झूला झुलाया जा रहा है।

अमूमन शक्ति के महापर्व नवरात्रि पर मां पारंबा की विशिष्ट साधना की परंपरा है। अतीत में भी रामलला जन्मोत्सव भी मनाया जाता रहा है। रामनगरी के मंदिरों में इसका प्रभाव ज्यादा रहता था। आम लोगों में इसके प्रति बहुत आकर्षण नहीं दिखता था। नवरात्रि पर फोकस ज्यादा दिखता था। राम नवमी पर प्रसारण के दौरान इसका प्रभाव ज्यादा जरूर रहता था, लेकिन इस बार परिदृश्य बदल गया।

आम लोग नवरात्रि के साथ भगवान राम लला का जन्मोत्सव अपने घरों मना रहे हैं। घरों में पूजन के लिए भगवती के साथ राम लला के विग्रह स्थापित किए गए। भजन पूजन किया जा रहा है। गीत-संगीत के आयोजन, 56 भोग लगाए जाने की व्यवस्था है।

साहबगंज में लीला श्रीवास्तव अपने घर में ऐसा ही आयोजन कर रही है। कहती हैं कि लगभग 500 साल इंतजार के बाद यह अवसर आया। राम लला, राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित हुए। उनकी उपस्थिति वर्तमान हुई। इसीलिए इस वर्ष नवरात्रि के साथ रामनवमी का उत्सव महापर्व, महा उत्सव के रूप में मना रहे हैं। राम लला को झूला झुलाते है। गीत-संगीत का आयोजन किया जा रहा है। सुंदर सा डोला सजाया गया है। रंग-बिरंगे फूलों से सजाया जा रहा है। यह भगवान राम जन्म स्थान क्षेत्र है। अयोध्या वालों के लिए खासतौर से अब यह बड़ा उत्सव हो गया है। पहले दिन से भगवती के साथ राम लला का जन्मोत्सव चल रह है। रिकाबगंज की सुनीता भी अपने घर में नवरात्रि के साथ राम लला का जन्मोत्सव मना रही है। अयोध्या में शहर से देहात तक इस बार नवरात्रि में नया ट्रेंड दिख रह है।

मां दुर्गा के साथ स्थापित रामलला का दरबार।

चोरी की बाइक बरामद, तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

अयोध्या, अमृत विचार। नगर कोतवाली पुलिस ने कुछ दिन पूर्व पुलिस की घेराबंदी तोड़ मौके से फरार वाहन चोरी के आरोपी को शुक्रवार को पकड़ लिया। साथ ही एक अन्य वाहन चोर गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके पास से जिला अस्पताल से चोरी बाइक बरामद की है। कुछ दिन पूर्व सिविल लाइंस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश गुप्ता की पुलिस टीम ने पोस्टमार्टम हाउस के पास से बाइक सवार सागर निवासी तेली टोला रिकाबगंज कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया था। इसका साथी मोहल्ले का ही निवासी रवि गौड़ बाइक से कूदकर फरार हो गया था। पुलिस ने शुक्रवार को फरार आरोपी तेली टोला रिकाबगंज निवासी रवि गौड़ को जिला कारागार के पीछे गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा जीआईसी रेलवे ओवरब्रिज के पास से खंडासा थाना क्षेत्र के महुआ निवासी तारिक व गुल मोहम्मद और हाजीपुर निवासी नौमान को गिरफ्तार किया है। इनके पास से जिला अस्पताल से चोरी कोतवाली क्षेत्र के ही ख्वासपुरा निवासी ऋषभ वैद की चोरी बाइक बरामद की है। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि जिला अस्पताल से चोरी बाइक के मामले में सीसीटीवी से आरोपियों का सुराग लगा था।

फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज
14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या-224001
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था)
नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक
प्रवेश प्रारम्भ-2024-25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
(छात्रावास की व्यवस्था)
डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य
कॉलेज कोड-621440
Email-id: gicfaizabad@gmail.com
सम्पर्क सूत्र- 8953649647, 6388304284, 9450018646



पंचम स्कंदमाता

पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वाली स्कंदमाता। नवरात्र में पांचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। देवी स्कंदमाता की पूजा से बुध ग्रह का दोष कम होता है।

बीज मंत्र-ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नमः।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा

एम. के.
वन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

रुदौली ब्लॉक प्रमुख के आवास पर ताबड़तोड़ फायरिंग

कैंट थाना क्षेत्र के बढ़ई का पुरवा में हुई वारदात, वाहन तोड़े, जानलेवा हमले का लगाया आरोप, दो नामजद समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट

अयोध्या,कार्यालय

अमृत विचार। कैंट थाना क्षेत्र के बढ़ई का पुरवा में रहने वाली रुदौली की ब्लॉक प्रमुख के आवास पर शुक्रवार सुबह ताबड़तोड़ फायरिंग और वाहनों में तोड़फोड़ हुई। वारदात में ब्लॉक प्रमुख के पति ने जानलेवा हमले का आरोप लगाया है। दो को नामजद करते हुए कुल चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मौका मुआयना कर सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग खंगाली। पुलिस को मौके से 32 बोर का चार खोखे और डंडा मिला है।

रुदौली कोतवाली क्षेत्र के अमहटा गाँव के मूल निवासी भाजपा नेता सर्वजीत सिंह ने जिला मुख्यालय पर कैंट थाना क्षेत्र के बढ़ई का पुरवा स्थित राजेंद्र विहार कॉलोनी में मकान बनवा रखा है। परिवार के साथ यहीं पर निवास करते है। इसके पहले वह रूदौली विकास खंड के ब्लॉक प्रमुख रहे। क्षेत्र में विद्यालय का संचालन करते हैं। वर्तमान में उनकी पत्नी शिल्पी सिंह ब्लॉक प्रमुख हैं। शिल्पी शुक्रवार तड़के अपने घर के पास मैदान में लगे फूल तोड़ रहीं थीं। तभी तीन-चार युवक पैदल पहुंचे और फायरिंग कर दी। वो भाग कर घर में घुस गईं तो हमलावरों ने घर के बाहर खड़े वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। इसकी सूचना पर कैंट पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कराई। मामला जनप्रतिनिधि से जुड़ा होने के चलते अधिकारियों को सूचना दी गई और विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम को मौके पर बुला लिया गया। पुलिस ने घर पर मौजूद ब्लॉक प्रमुख तथा अन्य का बयान दर्ज किया है तथा सीसीटीवी खंगाला और मौका मुआयना किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य का कहना है मामले में दो को नामजद करते चार के खिलाफ जानलेवा हमला, गाली-गलौच व तोड़फोड़ की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने मौका मुआयना किया है। आरोपियों की तलाश कराई जा रही है।

बढ़ई का पुरवा में तोड़ी गईं ब्लॉक प्रमुख की दोनों गाड़ियां।

मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख अपने आवास के बाहर चर्चा करते हुए। अमृत विचार

एक घंटे में दो वार, चार राउंड चली गोली

बढ़ई का पुरवा में हुई वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद है। लोगों का मानना है कि वारदात पूर्व नियोजित थी। एक बार हमलावर तड़के 3 .39 बजे आते हैं और दो मिनट तक घर के सामने बातचीत के बाद वापस चले जाते हैं। लगभग एक घंटे बाद 4 .42 बजे फिर वही लोग आते हैं। हाथ में असलहा लिये एक शख्स एक राउंड गोली चलाता है और फिर उसके साथी डंडे से वाहन पर हमला बोलते हैं। इसके बाद तीन बार ताबड़तोड़ फायर होता है और 4 .44 बजे हमलवार वापस लौट जाते हैं।

सीसीटीवी में कैद हुए संदिग्ध युवक।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख भाजपा नेता ने कहा- मेरी हत्या करने आए थे

पूर्व ब्लॉक प्रमुख भाजपा नेता सर्वजीत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि गाँव के ही भीम सिंह व विनीत सिंह ने पूर्व में उनके भतीजे अमन सिंह पुत्र जगजीत सिंह व उसके दोस्त राजन सिंह को अगवा कर प्रताड़ित किया था। शिकायत करने पर भीम ने उनको जान से मार डालने की धमकी दी थी। भोर में उनकी पत्नी फूल तोड़ने के लिए निकली थीं। इसी बीच मौके पर पहुंचे भीम सिंह, कैंट थाना अब्बुसराय निवासी सिम्पल सिंह और उसके दो दोस्तों ने कई राउंड फायर किया। उनकी पत्नी भागकर घर में घुस गईं, जिससे उनकी जान बच गई। हमलावर घर के बाहर खड़ी इनोवा और डिजायर कार को क्षतिग्रस्त करते हुए भाग निकले। उन्होंने आशंका जताई है कि यह लोग उनकी ही हत्या करने आए थे। हमलावरों को इस बात की पुख्ता जानकारी थी कि रोज सुबह वह टहलने के लिए घर से हनुमान मंदिर तक जाते हैं, लेकिन आज वो घर पर नहीं थे। जरूरी कार्य से वह गुरुवार को रुदौली स्थित अपने विद्यालय हिन्दू कॉलेज होते हुए लखनऊ चले गए थे।

एक नजर

सरयू तट पर 18 को होगी चित्रगुप्त की महाआरती

अयोध्या, अमृत विचार : प्रभु चित्रगुप्त जी के प्रकटोत्सव पर इस बार 18 अप्रैल को गुप्तार घाट स्थित सरयू तट पर महाआरती का आयोजन होगा। संस्थान के अध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव व प्रवक्ता जेपी श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में पहली बार भगवान चित्रगुप्त जी के प्रकटोत्सव पर होने वाले इस कार्यक्रम के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। कहा कि 18 अप्रैल को शाम 5 :30 बजे भगवान चित्रगुप्त जी की स्तुति और आरती होगी। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने सर्व समाज से आह्वान कि भगवान चित्रगुप्त जी के प्रकटोत्सव पर होने वाली इस महा आरती में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। कार्यक्रम की सफलता के लिए संगठन के उपाध्यक्ष कमलेश, संग्राम सिन्हा, राजेश, प्रतीक, निर्मल, देश दीपक जौहरी, सुनील, दीपक, अभय, अभय श्रीवास्तव पार्षद आदि लोगों से संपर्क कर रहे हैं।

रामलला के माथे पर सूर्य तिलक का वीडियो वायरल

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामलला के मस्तक पर सूर्य की किरणें शुशोभित होने का शुक्रवार को वीडियो वायरल होने के बाद आस्था की लहरें और भी हिलोरे मारने लगी हैं। यह वीडियो सीबीआरआई रुड़की के वैज्ञानिकों के द्वारा परीक्षण करते समय का है। कई किश्तों में वीडियो सामने आए हैं। हालांकि इस वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है।

प्राण प्रतिष्ठा की तरह चैत्र रामनवमी उत्सव को भी दिव्य और भव्य बनाने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने तैयारी कर ली है। नौ अप्रैल से प्रारंभ हुए इस उत्सव को लेकर ट्रस्ट नित्य रामलला की भव्य तस्वीर सोशल मीडिया के माध्यम से जारी किया जा रहा है। जिसके माध्यम से राम मंदिर में चल रहे उत्सव के दौरान रामलला को हर दिन अलग अलग प्रकार से श्रृंगार कराया जा रहा है। जिसे देखकर भक्त धार्मिक रूप से प्रफुल्लित हो रहे हैं।

रामलला के मस्तक पर सूर्य की किरण का किया गया ट्रॉयल।

रामनवमी का उत्सव घर या गुरु स्थान में मनाएं

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट आने वाली श्रद्धालुओं से अपील भी कर रहा है कि रामनवमी का उत्सव लोग अपने घर या फिर गुरु स्थान पर पहुंचकर मनाएं। ट्रस्ट ने कहा कि 17 अप्रैल को रामनवमी के दिन भगवान के जन्मोत्सव को भी सोशल मीडिया दूरदर्शन और प्रसार भारती के माध्यम से लाइव प्रसारण किया जाएगा।

दर्शन बंद होने की अफवाहों का ट्रस्ट ने किया खंडन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामनवमी के बाद राम मंदिर में रामलला के दर्शन बंद करने को लेकर एक बार फिर अफवाहों का बाजार गर्म हो गया। जिसको देखो वही एक दूसरे से यह पूछता फिर रहा है कि क्या रामनवमी के बाद 20 अप्रैल से रामलला के दर्शन बंद हो जाएंगे। अमृत विचार ने शुक्रवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट से बातचीत की तो सच सामने आ गया।

▸▸ ट्रस्ट सदस्य बोले, नहीं बंद होगा दर्शन, अफवाह न फैलाएं

दरअसल चुनावी लहर को देखते हुए लोगों में यह चर्चा है कि 20 अप्रैल के बाद दर्शन बंद हो जाएंगे। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने इन अफवाहों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य को ध्यान में रखते हुए कार्य को तेज गति से कराया जा रहा है। गर्भगृह में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा कराई जा चुकी है। प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऐसे में किसी भी मंदिर को बंद करना संभव नहीं है और न ही यह चुनाव का हिस्सा है। लोगों की आस्था से इस मंदिर का निर्माण कराया गया है। मंदिर में दर्शन बंद नहीं होंगे। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस तरह का अफवाह न फैलाई जाए।

रामनवमी से पहले मिले दो डेंगू मरीज, विभाग अलर्ट

अयोध्या कार्यालय

▸▸ सहादतगंज और हसनू कटरा निवासी लखनऊ गए थे इलाज कराने, जांच में हुई पुष्टि

अमृत विचार : अयोध्या में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इस बीच दो डेंगू मरीजों मिल गए। राम जन्मोत्सव से पहले डेंगू मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में आ गया। छिड़काव के लिए टीमें लगा दी गई।

जिले में पिछले साल डेंगू मरीजों मिलने का रिकॉर्ड बन गया था। करीब एक हजार लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई थी। अब दो लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। इसमें एक युवक व युवती है। इस संबंध में जिला मलेरिया अधिकारी मंजुलता आनंद ने कहा कि शासन से गाइडलाइन आई है कि हम लोग कुछ भी बताने के अधिकृत नहीं हैं। हमारे पास बहुत जानकारी भी नहीं है। हम लोग सिर्फ कार्रवाई कराते हैं। लिस्टिंग का काम यूडीएसपी सेल करता है। यूडीएसपी सेल प्रभारी व जिला एपीडेमोलॉजिस्ट डॉ. अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि युवक सहादतगंज का और युवती हसनू कटरा की है। दोनों ही मरीज अन्य बीमारियों का इलाज कराने के लिए लखनऊ गए थे। वहां जांच में डेंगू निकला, जिसके बाद दोनों के घरों में फॉगिंग कराई गई है।

नालियों में हो रहा छिड़काव

मच्छरों के प्रकोप को लेकर जब नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राम मणि शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने कहा कि शहर भर में 18 टीमें लगाई गई है। टीमें लगातार नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव करने के साथ ही फॉगिंग का कार्य भी कर रही हैं। अभी कोई डेंगू का मरीज सामने नहीं आया है।

सार-संक्षेप

ड्रोन से की जा रही निगरानी का अवलोकन करते नगर आयुक्त संतोष शर्मा।

ड्रोन से हो रही सफाई व्यवस्था की निगरानी

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामलला के जन्मोत्सव से पहले अयोध्या धाम में सफाई व्यवस्था की नकगरानी ड्रोन के जरिए की जा रही है। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने शुक्रवार को ड्रोन के माध्यम से मेला क्षेत्र में निगम द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं और सफाई व्यवस्था देखी। समस्याओं के तत्काल निराकरण के निर्देश भी दिए। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा श्रद्धालुओं के सुविधाओं को देखते हुए पेयजल, शौचालय की व्यवस्था और विशेष व्यवस्थाओं में शू-रैक की स्थापना व दर्शन के मार्ग पर कॉरपेट बिछाए जाने की कार्रवाई की जा रही है। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह, जोनल अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

नव नियुक्त प्रदेश सचिव का किया गया स्वागत



नवनियुक्त प्रदेश सचिव का स्वागत करते रालोद के पदाधिकारी।

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : क्षेत्र के शांतिपुर गांव में शुक्रवार को संगठन सचिव रामशंकर वर्मा के आवास पर राष्ट्रीय लोकदल के नवनियुक्त प्रदेश सचिव सुरजीत वर्मा का स्वागत किया गया। प्रदेश सचिव सुरजीत वर्मा ने कहा चौधरी चरण सिंह की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता होगी। जिला महासचिव संगठन रामशंकर वर्मा ने बताया कि 16 अप्रैल को दोपहर 12 बजे बाबा साहब की जयंती शिव उदय सेवा संस्थान शान्तीपुर के सभागार में मनाई जाएगी। एससी एसटी प्रकोष्ठ अध्यक्ष बेचूलाल ज्ञान, अवध जोन सचिव नेतराम वर्मा, युवा रालोद जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा, करियाराम वर्मा आदि मौजूद रहे।

संकट में फंसे शिक्षक, आधार कार्ड बना लक्ष्य में रोड़ा

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : नए शिक्षा सत्र में आए एक आदेश ने शिक्षकों के सामने संकट खड़ा कर दिया है। शासन की ओर से बिना आधार प्रवेश पर रोक लगाई गई है। शिक्षा निदेशक बेसिक प्रताप सिंह बघेल ने सभी बीएसए को शैक्षिक सत्र 2024-25 में छात्र- छात्राओं के नामांकन के संबंध में आदेश जारी किया है। इसके अंतर्गत निशुल्क एवं बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 अंतर्गत छह से 14 वर्ष आयु वर्ग के शत- प्रतिशत बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान की जानी है। कक्षा एक में ऐसे छात्रों का नामांकन होना है, जिनकी आयु एक अप्रैल 2024 को छह वर्ष पूर्ण हो चुकी हो, छह वर्ष से कम आयु के बच्चों का नामांकन किसी भी दशा में न किया जाए। ऐसे बच्चों का नामांकन बाल वाटिका में कराया जाए। नामांकन के समय बच्चों का आधार भी अंकित किया जाए, बच्चे का आधार न होने की दशा में उसके माता-पिता का आधार नंबर अंकित किया जाना है। यदि माता-पिता का भी नहीं है तो नामांकन के दो सप्ताह के अंदर आधार कार्ड अवश्य बना लिया जाए। नए आदेश के बाद प्रधानाध्यापक परेशान हैं।

मतदान कार्मिकों की चुनाव में लगी ड्यूटी

विकास भवन सभागार में लोकसभा चुनाव की ड्यूटी वितरित करते कर्मी।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मतदान में लगाए जाने वाले मतदानकार्मिकों को शुक्रवार को विकास भवन के सभागार में काउंटर लगाकर विभागवार ड्यूटी कार्ड का वितरण किया गया। 10 अप्रैल को कर्मचारियों को मतदान कार्मिक के रूप में तैनाती के लिए चयन किया गया था। डीएम नितीश कुमार सहित अन्य अफसर चयन के समय मौजूद रहे। इनमें पीठासीन अधिकारी के साथ अन्य कार्मिकों को चयन किया गया। डीडीओ उपेंद्र प्रसाद पाल ने बताया कि चुनाव के मतदान में लगाए जाने वाले कार्मिकों को ड्यूटी कार्ड का वितरण किया गया है। मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण 22 अप्रैल से शुरू कराया जाएगा।

ईद की बधाई देने इकबाल के घर पहुंचे रामलला के पुजारी

इकबाल अंसारी के घर पहुंचे सत्येंद्र दास का किया गया स्वागत। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अयोध्या से हमेशा ही हिंदू मुस्लिम एकता का संदेश जाता रहा है। ईद पर भी यही हुआ। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने गुरुवार को बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी के घर पहुंचकर उन्हें मुबारकबाद दी। उनके परिजनों ने माला पहनाकर सत्येंद्र दास का स्वगात किया। आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि मैं ईद की बधाई देने आया हूं। अयोध्या में हम सब मिलजुल कर पर्व और त्योहार मनाते हैं। जिस तरह से अयोध्या में हम हिंदू-मुस्लिम मिलकर सभी त्योहार और पर्व को मानते हैं। इसी तरह से पूरे देश में हिंदू-मुसलमान को मिलजुल कर मनाना चाहिए। इकबाल अंसारी ने कहा अयोध्या धर्म की नगरी है। यहां भाईचारा, अदब और तहजीब और साधुओं का सम्मान भी है।

मारपीट में 12 लोग घायल, केस दर्ज

रुदौली, अयोध्या। थाना मवई के ग्राम मवई में बकरी भगाने पर हुई कहा सुनी मारपीट में बदल गई। इसमें दोनों ओर से कुल 12 लोग घायल हो गए। थाना मवई के सिराज कि पत्नी ने शुक्रवार को सुबह दरवाजे पर आई गांव के अफसरी की बकरी को भगा दिया। इससे नाराज अफसरी, शबान, सलमान, अरमान,वसीम भग्गू सलीम ने घर घेर लिया। ईंट, गुम्मा लाठी से मारने लगे। बचाने आई राशिदा, मेराज, जीशान को चोट आई। मारपीट में दूसरे पक्ष के रियाज, सिरताज, शबनम, अफसरी,वसीम अहमद,रिजवाना को चोट आई। थाना प्रभारी आशा शुक्ला ने बताया कि दोनों पक्षों के घायलों को सीएचसी मवई भेजा गया है। दोनों पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है।

ऐतिहासिक-आध्यात्मिक स्थल है अयोध्या

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या ऐतिहासिक आध्यात्मिक स्थल है। भगवान श्रीराम देश के आदर्श हैं। अयोध्या का समग्र विकास हो रहा है। ये बातें गोवा के राज्यपाल श्रीधरन पिल्लई ने शुक्रवार को कहीं। वो रामलला के दर्शन के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। कहा कि पहली बार यहां आया हूं। कहा क़ि उत्तर प्रदेश सरकार और नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए विकास कार्य की मैं सराहना करता हूं। परिवार के साथ अयोध्या आए राज्यपाल ने सरयू का दर्शन-पूजन कर स्नान किया। नौका विहार का भी आनंद लिया। इसके बाद रामलला का दर्शन पूजन किया।

सरयू दर्शन के बाद जाते गोवा के राज्यपाल श्रीधरन पिल्लई। अमृत विचार

▸▸ बोले-गोवा के राज्यपाल, परिवार के साथ किए रामलला के दर्शन

▸▸ प. बंगाल के राज्यपाल ने भी देश व पश्चिम बंगाल के लिए रामलला से मांगा आशीर्वाद

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस भी शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने देश के साथ-साथ पश्चिम बंगाल के लिए भी राम लला से आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि राम का मंदिर बनने के बाद अयोध्या काफी बदल गई है। इससे पहले सर्किट हाउस में दोनों राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

हालात अभिभावक बोले-1200 रुपये में क्या-क्या खरीद लें, सारा सामान तो हो गया महंगा

बीएसए साहब आप ही दिला दीजिए, 174 में बैग, 125 में जूते-मोजे

कमर अब्बास, अयोध्या

▸▸ जिले के 1792 परिषदीय विद्यालयों में डीबीटी योजना से मिलने वाली धनराशि नाकाफी

अमृत विचार : नए शिक्षा सत्र में ड्रेस से लेकर कॉपी-किताब के दामों में 15 से 20 प्रतिशत तक उछाल आने के बाद परिषदीय विद्यालयों के अभिभावक परेशान हैं। जूते-मोजे और बैग आदि के दाम बढ़ने से बच्चों को डीबीटी के माध्यम से दी जाने वाली 12 सौ की धनराशि उनके लिए नाकाफी साबित हो रही है। उनक कहना है कि विभाग धनराशि देने के बजाए पाठ्य पुस्तकों की तरह ही अन्य सामान भी खरीद कर सामान उपलब्ध करा दे।

जिले में 1792 परिषदीय विद्यालयों में सवा तीन लाख से अधिक छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। इनके अभिभावकों को शासन की ओर से डीबीटी योजना के तहत प्रति वर्ष 1200 रुपये की धनराशि शिक्षण सामाग्री के लिए दी जाती है। इस योजना से कक्षा एक से आठ तक के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक के बच्चों के साथ-साथ सहायता प्राप्त स्कूलों के बच्चों को लाभान्वित किया जाता है। योजना के तहत कुल 1200 रुपये मिलते हैं। जिसमें दो जोड़ी यूनिफॉर्म के लिए 600 रुपये, स्कूल बैग के लिए 175 रुपये, जूते-मोजे के लिए 125 रुपये, स्वेटर के लिए 200 और स्टेशनरी के लिए 100 रुपये दिए जाते हैं।

अभिभावकों का कहना है कि इतनी कम धनराशि में सब चीजें नहीं मिल पा रही है। सामान्य रूप से बाजार में दो ड्रेस की कीमत 900 से 1100 रुपये है। स्कूल बैग अति सामान्य दर्जे का 350 से 500 रुपये के बीच है। वहीं जूते और मोजे बाजार में वर्तमान में 450 से 650 वह भी सामान्य श्रेणी के मिल रहे हैं। शासन 200 रुपये स्वेटर के लिए दे रहा है। बाजार में 600 से नीचे को स्वेटर नहीं है। ऐसे भी अभिभावकों को एक हजार से 1500 रुपये खुद लगाना पड़ रहा है।

बोले अभिभावक- विभाग न दे पैसे, खुद खरीद कर तो देखे

धिराऊ प्रसाद

पूराबाजार के प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर कक्षा चार में पढ़ने वाले अंश के पिता धिराऊ प्रसाद बोले कि ड्रेस व जूते बहुत महंगे हैं। जितना पैसा सरकार से मिलता है वो नाकाफी है। समझ में नहीं आता 1200 में क्या-क्या खरीद लें। सरकार सारा सामान खरीद कर बच्चों को क्यों नहीं देती।

धर्मेंद्र कुमार

प्राथमिक विद्यालय सराय चैमल में कक्षा पांच के छात्र के पिता धर्मेंद्र का कहना है कि जितना पैसा सरकार से ड्रेस, जूता-मोजा और बैग के लिए मिलता है। सरकार जैसे कॉपी-किताब की व्यवस्था करती है। वैसे ही हमें रुपये देने की जगह अन्य सारे सामान की भी व्यवस्था कर दे।

कुसुम पांडेय

नरायनपुर के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पांच में पढ़ने वाली माधवी की माता कुसुम पांडे ने कहा कि सरकार से 1200 रुपये मिलते हैं। इस महंगाई के दौर में यह पैसा पर्याप्त नहीं है। अब खुद 1000-1500 रुपये लगाए तो सामान लाएं।

कंचन देवी

कक्षा चार की छात्रा आयुषी की मां कंचन ने कहा कि सरकार से मिलने वाले पैसे से बच्चों का ड्रेस, जूता-मोजा, बैग व स्वेटर खरीदना कतई संभव नहीं रहता। सरकार या विभाग ये सारा सामान एक बार खरीद कर देखे, महंगाई का अंदाजा लग जाएगा।

> 95 प्रतिशत अभिभावकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से धनराशि भेज दी गई है। निश्चित रूप से मंहगाई है। प्रयास किया जा रहा है कि गांवों में स्वयं सहायता समूहों से इसे कराया जाए। **-संतोष कुमार राय, बीएसए।**

सार-संक्षेप

सीआरपीएफ शिविर में बने फैमिली क्वार्टर का हुआ उद्घाटन

फीता काटकर बहुमंजिले पारिवारिक आवासीय भवन का उद्घाटन करते आईजी।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिरीक्षक मध्य क्षेत्र ने शुक्रवार को समारोहपूर्वक पूर्वक वैदिक विधि विधान के बीच 63 वीं बटालियन के स्थाई शिविर में नवनिर्मित बहुमंजिले पारिवारिक आवासों का उदघाटन किया। उद्घाटन के बाद 128 परिवारों को उनके आवास की चाभी सौंपी। इन फैमिली क्वार्टर का निर्माण दूसरे चरण में कराया गया है, जबकि पहले चरण में प्रशासनिक भवन,भोजनालय,कैंटीन आदि का निर्माण कराया गया था। उद्घाटन अवसर को संबोधित करते हुए सीआरपीएफ के महानिरीक्षक मध्य क्षेत्र सतपाल रावत ने कहा कि रामजन्मभूमि की सुरक्षा ड्यूटी के पूर्व इस बटालियन की ड्यूटी शांति के लिए भारतीय शांति रक्षक बल के रूप में श्रीलंका में लगाई गई थी। बटालियन के कमांडेंट छोटेलाल ने बताया कि परिसर में निर्मित इस आठ मंजिले आवासीय भवन के चार ब्लॉक में कुल 128 आवास हैं। इस दौरान पूर्व पुलिस महानिरीक्षक अनिल मोहन, कमांडेंट सरकार राजारमन, सहायक अभियंता सिविल ऋषभ, सहायक अभियंता विद्युत कौशलेंद्र प्रताप सिंह के अलावा सीआरपीएफ के अन्य अधिकारी तथा जवान मौजूद रहे।

नष्ट कराईं मिठाइयां, तीन नमूने भरे

अयोध्या, अमृत विचार : खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने शुक्रवार को 11 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर साबूदाना, किशमिश व सेंधा नमक के नमूने संग्रहित करके विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं। नगर पंचायत कामाख्या धाम में मां कामाख्या भवानी मंदिर परिसर स्थित चार दुकानों पर विक्रय के लिए उपलब्ध व प्रदर्शित 18 किलोग्राम खराब मिठाइयों को नष्ट कराया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

घर-हर मतदाता से संपर्क करेंगे भाजपा कार्यकर्ता

अयोध्या, अमृत विचार : भाजपाई तीन चक्रों में घर-घर मतदाता से सम्पर्क करेंगे। इसके लिए लोकसभा चुनाव कार्यालय की बैठक में शुक्रवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। लोकसभा सह संयोजक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि 24 से 30 अप्रैल के बीच विधानसभा स्तर बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन होगा। 27 अप्रैल से तीन मई तक पार्टी से दिए गए 20 कार्यों के प्रबंधन के लिए शक्ति केन्द्रों पर बैठक होगी। तीन से 10 मई तक पन्ना प्रमुखों की बैठक शक्ति केन्द्रों पर होगी। तीन चक्र घर-घर सम्पर्क अभियान में कार्यकर्ता एक से तीन मई तक घर-घर जाकर स्टीकर, पत्रक व सरकार की योजनाओं की बुकलेट मतदाताओं को देंगे। 10 से 13 मई तक परिवार पर्ची व हैंड बिल और 15 से 18 मई तक मतदाता पर्ची व ईवीएम नमूना लेकर मतदाताओं से सम्पर्क करेंगे। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा लोकसभा चुनाव संचालन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा साहित्यकार- बुद्धिजीवी सम्मेलन में जिले के शिक्षकों को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में कृष्ण मुरारी सिंह, इंद्रभान सिंह, शैलेन्द्र कोरी, दिवाकर सिंह, शैलेन्द्र मोहन मिश्र, बाबू राम यादव, विवेक पाण्डेय सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

अब रीडगंज चौराहे पर धंस गई सड़क

परेशानी : सीवर लाइन के लिए खोदी सड़क, नीचे दिख रही खाली

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: रामपथ के बाद अब अन्य सड़कें भी धंसनी शुरू हो गईं हैं। रीडगंज चौराहे पर गुरुवार को सड़क पर गड्ढा बन गया। संकेतक के जरिए लोगों को इसमें गिरने से बचाया जा रहा है।

चौराहे पर सड़क पर दो गड्ढे बने गए। लोगों का कहना है कि ऊपर से तो यह गड्ढा कम दिख रहा है लेकिन अंदर ज्यादा गहरा और चौड़ा हो सकता है। गड्ढा बने दो दिन हो गए हैं। अभी इसकी मरम्मत शुरू नहीं हो पाई है। इसके कारण सुगम यातायात में कुछ दिक्कतें हैं। सड़क के इसी स्थान पर सीवर लाइन डालने के लिए लगभग दो महीने पहले गड्ढा खोदा गया था। इसमें मिट्टी भरी गई और उसके बाद सड़क काली कर दी गई। अब सड़क धंस गई।

रीडगंज में दो जगह धंसी सड़क। अमृत विचार

पेयजल की आपूर्ति प्रभावित

रीडगंज, कोतवाली सहित आसपास के बड़े क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति प्रभावित बताई गई है। हालांकि सड़क धंसने से इसका संबंध अभी साफ नहीं हुआ है, लेकिन रामपथ पर सड़क धंसने के पीछे पेयजल पाइप लाइन से पानी का रिसाव मिल चुका है। आशंका है कि इन स्थानों पर भी ऐसा हो सकता है। लोगों ने बताया कि सड़क धंसने से दो-तीन दिन पहले से घरों में गंदा पानी आ रहा था। इससे स्पष्ट है कि पाइप लाइन में लीकेज है।

कई बार धंस चुकी सड़क

अब तक नवनिर्मित सड़के कई बार धंस चुकी है। राम पथ पर बेनीगंज, खवासपुरा, गुदड़ी बाजार चौराहा सहित कई स्थानों पर सड़क धंस चुकी है। कोतवाली के पास कुछ दिन पहले संड़क धंसी थी। अब रीडगंज चौराहे पर सड़क धंस गई।

> सड़क धंसने के बारे में जानकारी कराई है। इस मौसम में सड़क धंसने का कोई औचित्य नहीं है। केबल डालने के लिए पॉवर कॉर्पोरेशन के लोग बिना सूचना के खोद डालते हैं। इसके कारण दिक्कते आ रही हैं। पहले से पता हो तो ठीक करा दिया जाए। जिससे जनता को दिक्कत न हो। दिखवा कर मरम्मत करा दी जाएगी।
> – सत्य प्रकाश, अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग खंड प्रथम।

आरती व पल्लव अरदास और बहिराणा साहिब का विसर्जन

▸▸ नवलराम दरबार से निकली सिन्धु एकता यात्रा

सिन्धु एकता यात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : आरती, पल्लव अरदास और बहिराणा साहिब के विसर्जन के साथ 11 दिवसीय प्रभु झूलेलाल जयंती चेटीचंड महोत्सव का समापन हो गया। इस अवसर पर सिन्धु एकता यात्रा निकाली गई। झांकियों व डांडिया नृत्य के साथ महोत्सव का समापन हुआ। इस मौके पर 11 दिवसीय महोत्सव के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। भक्त प्रहलाद सेवा समिति द्वारा गुरुवार को रामनगर कॉलोनी स्थित संत नवलराम दरबार से सिन्धु एकता यात्रा निकाली गई। इस स्कूटी व बाइक रैली में बड़ी संख्या में संख्या में महिलाएं-पुरुष व बच्चे शामिल हुए। यात्रा नाका, मकबरा, फतेहगंज, बजाज, चौंक, रिकाबगंज,नियावां होते हुए देर शाम को गुप्तारघाट पहुंची। जहां पर भजन-कीर्तन, आरती व पल्लव अरदास कर बहिराणा साहिब का विसर्जन हुआ। समिति के महासचिव ओमप्रकाश ओमी ने बताया रैली का चौक घंटाघर पर सिंधी सेंट्रल पंचायत के मुखिया पवन जीवानी की अगुवाई में स्वागत किया गया। रैली को मुख्य स्थानों पर रोककर डांडिया नृत्य भी हुआ। नेतृत्व समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल सागर कर रहे थे। इससे पहले बुधवार को झूलेलाल ने जल की बौछार कर सभी को आशीर्वाद दिया।

सूफी कलाम व सिंधी भजनों से कलाकारों ने बांधा समां

महोत्सव के अवसर पर समिति द्वारा बीच मैदान पर बने प्रभु झूलेलाल मंच पर महाराष्ट्र के शहर गोंदीया, नागपुर व मध्य प्रदेश के भोपाल और लखनऊ के जलसा म्यूजिक ग्रुप के कलाकारों ने सूफी कलाम, सिंधी भजन, देश भक्ति के गीतों व मनमोहक झांकियां की प्रस्तुति से समां बांधा। कार्यक्रम की शुरुआत झूलेलाल व श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप जलाकर संत सतराम दास दरबार के साई नितिन राम, संत भावन दास, सिंधी सेंट्रल पंचायत के मुखिया ओमप्रकाश अंदानी,पवन जीवानी ने की।

छोटी देवकाली मंदिर में हैं मां सीता की कुलदेवी

छोटी देवकाली

आशीर्वाद लेने आता है जोड़ा

पुजारी अजय द्विवेदी बताते हैं कि यह मंदिर शक्तिपीठ स्थान माना गया है। जब किसी भी परिवार में विवाह संपन्न होता है तो पति-पत्नी आकर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस मंदिर में जानकी नवमी सबसे प्रमुख त्योहार माना गया है। जहां 10 दिवसीय आयोजन किया जाता है।

अयोध्या धाम में माता सीता की कुलदेवी के रूप में छोटी देवकाली मंदिर में माता विराजमान हैं। इस स्थान की ऐसी मान्यता है कि मां सीता जब जनकपुरी से अपने ससुराल अयोध्या के लिए चली थीं तो कुलदेवी माता गौरी की प्रतिमा साथ ले आई थीं। महाराज दशरथ ने अयोध्या स्थित सप्तसागर के ईशानकोण पर माता गौरी का मंदिर बनवा दिया था, जहां माता सीता व राजकुल की अन्य रानियां पूजन के लिए जाती थीं। मुगलों के आक्रमण से देवकाली मंदिर दो बार ध्वस्त हुआ। पहली बार इसका पुनर्निमाण महाराज पुष्यमित्र ने और दूसरी बार बिन्दु सम्प्रदाय के महंत ने कराया। चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भी मंदिर की प्रतिष्ठा, वैभव और विशेषता का उल्लेख किया है।

प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

27 प्रतिभागियों का हुआ सम्मान

▸▸ झूलेलाल जयंती चेटीचंड महोत्सव

अयोध्या। झूलेलाल जयंती चेटीचंड महोत्सव के मौके पर गत दिनों हुई सुलेख व रंग भरो प्रतियोगिता के 27 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जयंती के मौके पर केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया। राकेश तलरेजा,टीकम दास माखेजा,कन्हैया माखेजा, कपिल हासानी, सागर आहूजा, हरीश सावलानी, कमलेश माखेजा, संजय मध्यान्ह, सुरेश भारतीय, नारायण दास, सुनील रामानी, जयराम दास समेत बड़ी संख्या समाज के लोग मौजूद रहे।

भागवत कथा
दिनांकः 9 अप्रैल से 15 अप्रैल 2024 तक
स्थानः काली माता का स्थान सनेथू।

आचार्य स्वर्ण दीप तिवारी जी महराज
कथा व्यास
संपर्क सूत्रः 7408007926, 9580561496

दुआ को उठे हजारों हाथ, मिल कर रहेंगे साथ-साथ

सिविल लाइन ईदगाह में ईद की नमाज के दौरान दुआ करते लोग। अमृत विचार

रुदौली ईदगाह में लोकसभा प्रत्याशी अरविंद सेन के साथ मौजूद लोग।

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : ईद के पावन पर्व पर गुरुवार को ईदगाह समेत विभिन्न मस्जिदों में कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच नमाज अदा की गई। हजारों हाथ दुआ के लिए उठे और एक साथ मिलजुल रहने की दुआएं की गईं। नगर की सिविल लाइंस स्थित ईदगाह में बड़ी संख्या में उमड़े नमाजियों ने एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। इस मौके पर आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार और एसएसपी आर के नय्यर ने बच्चों को टाफियां और उपहार दिए।

ईदगाह में शहर काजी मौलाना शमशुल कादरी ने ईद की नमाज पढ़ाई। उन्होंने कहा कि ईद रोजेदारों को अल्लाह का तोहफा है। इस मौके पर सपा विधायक अवधेश प्रसाद, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन, जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव समेत बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंच कर लोगों को ईद की मुबारकबाद पेश की। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी 18 थाना क्षेत्रों में ईद की नमाज सकुशल संपन्न हुई।

रुदौली में भी हुई ईद की नमाज, अमन के लिए दुआएं

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : देश में सुख समृद्धि दुनिया में अमन की दुआ के साथ ईद की नमाज रुदौली ईदगाह में शाह अम्मार अहमद नय्यर मियां सज्जादा नशीन मुतवल्ली दरगाह शरीफ अध्यक्ष ईदगाह जामा मस्जिद की कयादत में हुई। ईदगाह रुदौली में ईद की नमाज जामिया चिश्तिया दरगाह शरीफ के मौलाना राशिद निजामी ने अदा कराई। नमाज से पूर्व नय्यर मियां ने देश में सुख समृद्धि व अमन की दुआ की। सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एहसान मो. अली उर्फ़ चौधरी शहरयार ने कहा कि यह पर्व त्याग और तपस्या के महीने रमज़ान के बाद ख़ुशियों व आपसी सौहार्द के संदेश के साथ आता है। बीकापुर में वरिष्ठ सपा नेता हाजी फिरोज खान गब्बर ने कहा कि मुस्लिम समाज भारत की गंगा-जमुनी तहज़ीब को क़ायम रखने के साथ भारत की तरक़्क़ी की दुआएँ करता है। ईदगाह में फैजाबाद लोक सभा क्षेत्र से प्रत्याशी अरविंदसेन यादव, चेयरमैन जब्बार अली, शाह मसूद हयात गजाली, विनोद लोधी आदि लोगों ने गले मिल कर ईद की मुबारकबाद दी।

गांवों में खटखटाया जा रहा मतदाताओं का दरवाजा

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अद्भुत अयोध्या स्वीप अभियान के तहत जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत मतदाताओं के घर-घर जाकर मताधिकार के प्रयोग की अपील की जा रही है। मकसद मतदान प्रतिशत बढाना है। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने कहा कि सभी अपील करें कि मतदाता स्वयं वोट दें। अपने परिवार, सगे सम्बंधियों, मित्रों और पड़ोसियों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। बीकापुर ब्लॉक में शुक्रवार को एडीओ आईएसवी, एडीओ सहकारिता और गांव के लोगों के साथ बीडीओ ने तोरोमाफी सहित अन्य गांवों में विशेष अभियान चलाया। समूह की दीदियां, आंगनवाड़ी, आशा बहू, वीएलओ से ग्राम पंचायतों में घर-घर सर्वे किया गया। वोट करने की अपील की गई। मयाबाजार ब्लॉक क्षेत्र के केशवपुर, उनियार, पौसरा, देवापुर, बबुआपुर आदि गांवों में अभियान चला। सोहावल के पूरेलोध, तहसीनपुर, मुस्तफाबाद, सरंगापुर, रौनाही, पिलखावा, चिर्रा मोहम्मदपुर में भी अभियान चलाया गया। तारून में में भी अभियान चला स्वीप अभियान के प्रभारी/मुख्य विकास अधिकारी ऋषि राज इसकी समीक्षा कर रहे हैं।

कार्यालय ग्राम पंचायत राघवजोत व खैरा धौंकल
विकास खण्ड शिवपुर –बहराइच

पत्रांकः मेमो दिनांकः 12.04.2024

अल्पकालिक निविदा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत राघवजोत व खैरा धौंकल में गौ आश्रय स्थल संचालित हो रहा है। जिसमें भूसा,हरा चारा,दाना, चोकर, चूनी, भूसी, ब्रांड, गुड़, नमक इत्यादि खाद्य सामग्री की आपूर्ति की जानी है। इच्छुक फर्म अपना आवेदन दिनांक 14 अप्रैल 2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में सायं 5:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें। निविदा दिनांक 15 अप्रैल 2024 को खोली जाएगी। निविदा का कोई मूल्य देय नहीं होगा।

रामा देवी– प्रधान, ग्राम पंचायत राघवजोत, शिवपुर –बहराइच
कृष्णावती– प्रधान, ग्राम पंचायत खैरा धौंकल, शिवपुर –बहराइच
मनोज कुमार– सचिव, ग्राम पंचायत राघवजोत व खैरा धौंकल, शिवपुर –बहराइच

नही रहे समाजवादी चिंतक व सेनानी रमेश शर्मा

▸▸ जमथरा घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: समाजवादी चिंतक, लोकतंत्र रक्षक सेनानी व पत्रकार रमेश शर्मा का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। शहर के एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार सरयू तट पर जमथरा घाट पर किया गया। निधन की खबर पर शहर के गणमान्य लोग सांत्वना देने उनके घर पहुंचे।

रमेश शर्मा (फाइल फोटो)

रिकाबगंज के रहने वाले शर्मा पुरानी पीढ़ी के खाटी समाजवादी थे। सोशलिस्ट डॉ. लोहिया, जय प्रकाश नारायण की विचार धारा से प्रभावित थे। सोशलिस्ट पार्टी के लोकदल में विलय के बाद वह लोकदल में चले गए। लोकदल ने उन्हें एक बार मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया था, लेकिन वह चुनाव नहीं लड़े। वह दो बार जेल भी गए। सन् 1974 में कांग्रेस से सीताराम निषाद के चुनाव जीतने के बाद उनको कालिक लगाने के आरोप में संत श्रीराम द्विवेदी, जय शंकर पांडेय, माता प्रसाद तिवारी, रामदुलार के साथ जेल जाना पड़ा। दूसरी बार देश में इमरजेंसी लागू होने के बाद वह जेल गए। सन् 1977 में वह सांसद का चुनाव लड़ने वाले अनंत राम जायसवाल के चुनाव संचालक रहे। बाद में उन्हें लोकतंत्र सेनानी घोषित किया गया। उनका बैंक में कोई खाता नहीं था। जब लोकतंत्र सेनानी के रूप में उनकी पेंशन आनी हुई तो उन्होंने पहली बार बैंक में खाता खुलवाया। बाद में उन्होंने सक्रिय राजनीति से मुंह फेर लिया। एक हिंदी दैनिक के जरिए पत्रकारिता के क्षेत्र उतर गए। श्री अध्यात्म शक्ति पीठ के निर्वाहक पं. राम कृष्ण पांडेय आमिल के कृपापात्र बन गए। श्री शक्ति पीठ मुबारकगंज के सचिव रहे। वो सपा मुखिया रहे मुलायम सिंह यादव के भी करीबी थे।

अंतिम संस्कार के पहले जमथरा घाट पर उन्हें राइफलों से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुखाग्नि उनके छोटे भाई सुरेश शर्मा ने दी। अंतिम संस्कार के अवसर पर विधायक व प्रत्याशी अवधेश प्रसाद, पूर्व विधायक जय शंकर पांडेय, सूर्यकांत पांडेय, भाजपा नेता मनोज जायसवाल, भीम यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
भारत सरकार का उपक्रम
Union Bank of India
A Government of India Undertaking

मेगा ई-नीलामी बिक्री सूचना
(सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत)

क्षेत्रीय कार्यालय : अयोध्या 436 अतरदीप कॉम्प्लेक्स, देवकाली बाईपास, अयोध्या–224001 ई–मेल : crld.roayodhya@unionbankofindia.bank

अचल सम्पत्तियों के लिए बिक्री सूचना, परिशिष्ट-IV- [नियम 8(6) और नियम 9 (1) के प्रावधान को देखें]

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन), 2002 के नियम 8 (6) और नियम 9 (1) के परन्तुक सपठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस

सर्वसाधारण को विशेषकर ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पतियां, जो प्रतिभूति के रूप में हमारे बैंक के पास दृष्टिबंधक/बंधक है जिसका **सांकेतिक/भौतिक कब्ज़ा** यूनियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है का विक्रय दिनांक **14.05.2024** (समयः प्रातः 12 बजे से सायं 05 बजे तक) को होने वाली ई.नीलामी में "जहाँ है", "जैसा है", "जो कुछ भी है" और "बिना किसी सहारे के" आधार पर नीचे वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी की वसूली के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के द्वारा किया जायेगा। आरक्षित धनराशि एवं ईएमडी राशि नीचे वर्णित है। ई–नीलामी के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in पर लिंक उपलब्ध है। निम्नलिखित संपत्तियों की बिक्री वेबसाइट https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp. के माध्यम से ऑनलाइन ई–नीलामी द्वारा की जाएगी। नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां ऑनलाइन ई–नीलामी में वेबसाइट https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp के द्वारा दिनांक **14.05.2024** को ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी ब्याज एवं अन्य कोई व्यय की वसूली के लिए बिक्री की जायेगी।

ऑनलाइन ई–नीलामी के आध्यम से बेबसाइट : https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp नीलामी की तिथि व समय – 14.05.2024
समय : प्रातः 12 बजे से सायं 05:00 बजे (10 मिनट के असीमित अतिरिक्त समय सहित) बोली/ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : ई–नीलामी शुरू होने पर या उससे पहले

शाखा : रायबरेली मुख्य शाखा (30240)

1. उधारकर्ता का नाम 2. जमानतकर्ता का नाम 3. शाखा	अचल सम्पत्ति का विवरण बंधक/सम्पत्ति मालिक का नाम (बंधक सम्पत्ति/या परिसम्पत्ति से सम्बन्धित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित)	अ) डिमांड नोटिस की तिथि 13 (2) सरफेसी नियम 2002 ब) कब्जा की तिथि स) बकाया राशि द) कब्जे का प्रकार (सांकेतिक/भौतिक)	अ) आरक्षित मूल्य ब) धरोहर धनराशि स) वृद्धिशील बिड धनराशि द) प्राधिकृत अधिकारी
उधारकर्ताः 1) श्रीमती मनीशुल निशा, ग्राम–कस्बा, पोस्ट–दिलासीगंज, थाना–गोसाईंगंज परगना–अमसीन, तहसील–सदर, जिला–अयोध्या, उ.प्र. पिन कोड–224161। **(2) श्री जाकिर हुसैन** पुत्र मस्किन अली, ग्राम–कस्बा, पोस्ट–दिलासीगंज, थाना–गोसाईंगंज परगना–अमसीन तहसील–सदर, जिला–अयोध्या, उ.प्र. पिन कोड 224161। **बंधककर्ता–श्रीमती मनीशुल निशा,** ग्राम कस्बा, पोस्ट दिलासीगंज, थाना–गोसाईंगंज परगना– अमसिन, तहसील–सदर, जिला–अयोध्या, उ. प्र. पिन कोड–224161। **जमानतकर्ताः (1) मोहम्मद सकील** पुत्र मोहम्मद जमील, ग्राम–गोसाईंगंज कटरा, पोस्ट–गोसाईंगंज थाना–गोसाईंगंज परगना–अमसिन, तहसील–सदर, जिला–अयोध्या, उ.प्र. पिन–224141 **(2) इजहार** पुत्र छोटाकुन, ग्राम 286 कस्बा, पोस्ट–दिलासीगंज, थाना–महाराजगंज परगना–अमसीन, तहसील–सदर, जिला–अयोध्या, उ. प्र. पिन कोड 224141	ग्राम–कस्बा पोस्ट–दिलासीगंज, परगना–अमसीन तहसील–सदर एवं जिला अयोध्या, उत्तर प्रदेश–224161 पर स्थित भूखंड का सर्वेक्षण संख्या 253, 90.61 वर्ग मीटर जोकि श्रीमती मनीसुल निशा पत्नी जाकिर हुसैन के नाम पर लगभग 90.61 वर्ग मीटर है **चौहद्दीः** पूर्व– इश्तियाक का प्लॉट, दक्षिण– राम धीरज और प्लॉट के विक्रेताओं का प्लॉट, पश्चिम– कमलेश कुमार का प्लॉट, उत्तर–माया बाजार से टांडा तक सड़	अ) 30.05.2023 ब) 30.11.2023 स) रू. 13,00,021.00 + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क	अ)रू. 17,41,000.00 ब)रू. 1,74,100.00 स)रू. 17,410.00 द) श्री रत्नेश कुमार सिंह 9569667575

इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता से अनुरोध है कि ई–नीलामी में भाग लेने हेतु नीलामी की बोली प्रस्तुत करने के पूर्व ई–नीलामी के नियम व शर्तों तथा अन्य ब्यौरे को बैंक की बेबसाइट www.unionbankofindia.co.in पर अवश्य देख लें। साथ ही इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता, बेबसाइट https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp. हेल्प लाइन ई–मेल आईडी eauctionhelpdesk@unionbankofindia.bank पर भी जा सकते हैं। ऑनलाइन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता के पास वैध ई–मेल आईडी होना आवश्यक है। विक्रय से संबंधित नियम व शर्तें प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अधीन होंगें।

Security Interest (Enforcement) Rule 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अंतर्गत 30 दिन की बिक्री सूचना

इसे **Security Interest (Enforcement) Rule** 2002 के नियम 8(6) के नियम 9(1) के अन्तर्गत उक्त तिथि को की जा रही ई– नीलामी / बिक्री के सम्बन्ध में उक्त ऋण के बकाया राशि वाले ऋणियों / जमानतकर्ताओं को जारी किया हुआ नोटिस भी माना जाये।

दिनांक : 12.04.2024 स्थान : अयोध्या प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सूचित हो कि मेरे पुत्री का नाम गुनगुन उर्फ अक्षिता सिंह है अतः इसे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाए। इसका सही जन्मतिथि 01/04/2009 है। – सत्येन्द्र सिंह, निवासी– सोनपुर, तुलसीपुर जि.बलरामपुर।

सूचना
सूचित हो कि मेरा नाम वास्तव में सावित्री पत्नी रामकुमार, निवासी– ग्राम जाजनपुर, पोस्ट बेहटा, थाना व तहसील बीघापुर, जनपद उन्नाव निवासी हूं। लेकिन त्रुटिवश मेरा नाम सरोजनी अंकित हो गया है। मुझे सावित्री पत्नी रामकुमार पता उपरोक्त के नाम से जाना व पहचाना जाय।

सूचना
सूचित हो कि मेरे ड्राईविंग लाइसेंस संख्या यूपी 76201700075852 में पिता का नाम त्रुटिवस राकेश अंकित है। आधार कार्ड के अनुसार मेरे पिता का नाम मास्टर है इसे ही सही माना जाए। – देवेंद्र सिंह पुत्र मास्टर, निवासी– बरई सराय ,फर्रूखाबाद

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं लाल मोहम्मद पुत्र जुम्मन निवासी ग्राम बिकई थाना व तहसील ऊंचाहार जनपद रायबरेली का निवासी हूं। मैंने अपने पुत्र मोहम्मद जावेद पुत्र लाल मोहम्मद व बहू सना बानो पत्नी मोहम्मद जावेद को उसके ग़लत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। वह अपने समस्त प्रकार के कार्यो व कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Subham Modi (शुभम मोदी) से बदलकर Shubham Modi (शुभम मोदी) रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। – शुभम मोदी पुत्र परमानंद मोदी ग्राम मेन रोड गांधीनगर, पोस्ट गांधीनगर, थाना कोतवाली, जिला बस्ती।

सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरा आईसीएसई बोर्ड 2019 का हाईस्कूल का अंक पत्र जिसकी यूनिक आईडी 6907573 तथा इंडेक्स नंबर 1196301/064 है, तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2021 का पास प्रमाण पत्र जिसकी यूनिक आईडी 6907573 तथा इंडेक्स नंबर 2213941/051 है, कहीं खो गया है। – अभिराज सचान पुत्र राकेश कुमार सचान, निवासी– बी.08 स्वप्निल संगम सोसाइटी थाना बिजनौर लखनऊ

सूचना
सर्वधारण को सूचित किया जाता है मेरे आधार पर मेरा नाम प्रेम लिखा है। जबकि मेरा पूरा नाम प्रेम नारायन साहू पुत्र बंशी लाल साहू है। लोग मुझे दोनों नाम से जानते व पहचानते हैं। मेरे एलआईसी बांड में भी मेरा नाम प्रेम नारायन साहू दर्ज है। – प्रेम नारायन साहू पुत्र बंशी लाल साहू, ग्राम पंचायत सिंगाही, पोस्ट–रैपुरा, थाना– फखरपुर बहराइच

सूचना
सूचित हो कि मैं मक्खन लाल सिंह पुत्र हीरा सिंह अपने छोटे बेटे अरविंद सिंह से काफी परेशान रहता हूं। उसके चाल–चलन से परिवार के लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में मैं अपने छोटे बेटे अरविंद सिंह को अपनी चल और अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परिवार के लोगों से उसका कोई लेना देना नहीं है। –मक्खन लाल सिंह पुत्र हीरा सिंह, निवासी–मो0 चिक्कीपुरा, निकट–काली मंदिर, थाना– कोतवाली नगर बहराइच

सूचना
सूचित हो कि मैं दिलीप कुमार पुत्र स्व0 छोटे लाल, निवासी– ग्राम राजापुर इन्दौरा, परगना महोना, थाना व तहसील बक्शी का तालाब जिला लखनऊ, मेरा छोटा पुत्र है जिसकी आयु लगभग 24 वर्ष गलत संगत का शिकार हो गया है तथा कई लोगों को गुमराह करके मेरे नाम से कर्ज ले चुका है। वह घर परिवार में गाली– गलौज तथा मारपीट करता है इसलिए अपने पुत्र अरूण कुमार के कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ यदि वह कोई अनुचित कार्य करता है। तो मुझसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

सूचना
सूचित हो कि प्लाट नं0 26 जिसका बही सं0 1 जिल्द सं0 7350 पृष्ठ सं– 181 से 126 पर क्रमांक 12315 में उपनिबन्धक कार्यालय में रजिस्टर्ड है। इसका मूल सेल डीड (Sale Deed) का आखिरी पन्ना कहीं खो गया है। इसका प्रयोग अवैध होगा। शाखा इंडियन बैंक डी जी मेडिकल सर्विसेज कैसरबाग लखनऊ

सूचना
कुछ कागजातों में मेरा नाम अमित कुमार वर्मा दर्ज हो गया है। जो कि गलत है। जबकि मेरा वास्तविक नाम अभिसेक वर्मा है। अतः मेरा यही नाम नाम लिखा व पढ़ा जाये। निवासी– गौरिया, लश्करपुर, बिसवा जिला– सीतापुर

The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

एक नजर

युवती को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

अंबेडकरनगर, अमृत विचार : युवती को भगा ले जाने और धर्म परिवर्तन कराने के वांछित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला अहिरौली थाना क्षेत्र के एक गांव का है। बीती छह अप्रैल को युवती के पिता ने थाने में तहरीर दी थी कि उसकी पुत्री को गुलाम अहमद उर्फ सोनू निवासी बीबीपुर सिटकहवा थाना अहिरौली भगा ले गया है। पुलिस ने वांछित को तिवारीपुर के पास से गिरफ्तार किया है।

सुरक्षा का दिलाया भरोसा

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : जहांगीरगंज पुलिस के साथ अर्द्धसैनिक बल ने रूट मार्च कर सुरक्षा का एहसास कराया। जहांगीरगंज बाजार के साथ गिरैया बाजार में रूट मार्च निकाला गया। जवानों ने नागरिकों से वार्ता कर उन्हें सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया।

असलहे के साथ गिरफ्तार

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : पुलिस ने एक युवक को देसी तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने प्रधान डेयरी के पास भिस्वा चितौना से से 315 बोर का ध तमंचा, एक जिन्दा कारतूस के साथ राकेश यादव निवासी भिस्वा चितौना थाना मालीपुर को गिरफ्तार किया।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने को करें सहयोग : डीएम

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं को जागरूक करने के दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर टांडा के ऑडिटोरियम हाल में कोटेदारों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल होने और वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी प्रतिनिधियों से सहयोग करने की अपील की गई। बैठक के दौरान बताया गया कि 26 अप्रैल तक फॉर्म 6 से नाम बढ़वाए जा सकते है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 50 मॉडल बूथ जिसमें पिक बूथ, युवा बूथ और दिव्यांग बूथ बनाएं जाएंगे। साथ ही साथ यह भी बताया कि जनपद में सुपर 100 बूथों का चयन किया गया है। इनमें प्रत्येक विधानसभा के ऐसे 20 बूथ का चयन किया गया है, जिसमे लोकसभा चुनाव 2019 में न्यूनतम मतदान प्रतिशत था। इन बूथों पर लगातार जनपद के वरिष्ठ अधिकारी जाकर आम जनमानस से मिलकर मतदान प्रतिशत कम होने का कारण जानने का प्रयास कर रहे हैं और साथ ही साथ मतदाताओं को 25 मई को अधिक वोट प्रतिशत बढ़ाने में अपना योगदान देने के लिए जागरूक किया जा रहा है। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी और संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

कोटेदारों को संबोधित करते जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह। अमृत विचार

मतदान के लिए करें प्रेरित

निर्वाचन अधिकारी ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए वहां उपस्थित प्रतिनिधियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि स्वयं भी वोटिंग करें और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने में अपना सहयोग प्रदान करें। मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन ने कहा कि जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन अनेक कार्यक्रम कराए जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य जनपद के मतदाताओं को मतदान में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया जाना है।

आपसी विवाद में भाजपा बूथ अध्यक्ष को पीटा, रेफर

अंबेडकरनगर, अमृत विचार : महरुआ थाना क्षेत्र के धरमपुर में आपसी विवाद में भाजपा बूथ अध्यक्ष की गांव के ही दूसरे पक्ष ने जमकर पिटाई कर दी जिससे उनके सिर में गम्भीर चोट आ गयी। परिजन घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर किया है।

लोगों को मतदान करने के लिए किया जागरूक

जलालपुर, अंबेडकरनगर

अमृत विचार : मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जलालपुर एसडीएम सुभाष सिंह, तहसीलदार संतोष कुमार के नेतृत्व में भियांव ब्लॉक के आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और बाबा रामनाथ पीजी कॉलेज की छात्राओं ने भियांव बाजार में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस अवसर पर भियांव ब्लॉक के बीडीओ अंजली भारती, ग्राम सचिव जितेंद्र, अरुण, गौरव, रामनाथ पीजी कालेज के प्रधानाचार्य, आंगनबाड़ी कार्यकत्री नीलम, अंजलि, सुनीता, आशा, रीना, मीणा सहित दर्जनों कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

जागरूकता रैली में शामिल उपजिलाधिकारी व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। अमृत विचार

सार-संक्षेप

आग लगने से गृहस्थी जलकर राख

आग लगने से जला झोपड़ीनुमा मकान। अमृत विचार

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : राजेसुल्तानपुर के अराजी देवारा तलवा निवासी निशा पत्नी संदीप के झोपड़ीनुमा घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। घर में रखे बिस्तर, बर्तन, खाद्य सामग्री, जेवरात, कपड़े, चारा मशीन आदि जल गए। ग्रामीणों के प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। भारत की क्रांतिकारी मजदूर पार्टी के मित्रसेन यादव, बिंद्रेश, प्रेमचंद, किशन, बलदेव आदि पीड़ित परिवार से मिले और प्रशासन से पीड़त परिवार को आर्थिक मदद की मांग की है।

नहीं रहे सपा नेता फूलचंद यादव

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और नगर स्थित मुलायम सिंह यादव महिला पीजी कॉलेज के संस्थापक व सेवानिवृत्त शिक्षक फूलचंद यादव का लंबी बीमारी के चलते शुक्रवार सुबह लखनऊ स्थित एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन पर पूर्व मंत्री राममूर्ति वर्मा, पूर्व विधायक सुभाष राय, पूर्व अध्यक्ष अबुल बशर अंसारी, राजितराम यादव, अनीसुर रहमान, आलोक सिंह यादव, रामप्रताप यादव, अखिलेश, सुरेश वर्मा आदि ने शोक जताया है।

डिस्ट्रिक्ट मीडिया सेंटर किया गया स्थापित

अंबेडकरनगर, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर चुनाव अवधि के दौरान चुनाव संबंधी जानकारी को प्रसारित करने के उद्देश्य से जिला मीडिया सेंटर स्थापित किया गया है। यह जिला मीडिया सेंटर जिला सूचना कार्यालय के कक्ष संख्या-23 कलेक्ट्रेट में स्थापित किया गया है। मीडिया सेंटर से प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों को निर्वाचन संबंधी सूचना प्राप्ज करने में सुविधा होगी।

अलग-अलग मामलों में छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : मालीपुर थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में दो पीड़िताओं की तहरीर पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया गया है। पहले मामले में ट्यूबेल पर बर्तन धोने गई युवती से चंद्रेश ने छेड़छाड़ की। विरोध पर आरोपी ने मारपीट की। दूसरा प्रकरण थाना क्षेत्र के एक अलग गांव का है। जहां महिला के साथ पिता-पुत्र समेत चार लोगों ने छेड़छाड़ किया की। तारा खुर्द निवासी फिरोज, वसीम, जुम्मन और खालिद पर केस दर्ज किया गया।

जिले में हर्षोल्लास से मनाई गई ईद

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार जनपद में हर्षोल्लास और शांति पूर्ण वातावरण में ईदुल फितर का त्योहार मनाया गया। मस्जिद और ईदगाहों में नमाजियों की भीड़ उमड़ी। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी हालात पर नजर बनाए रहे। जनपद को 18 सेक्टर, पांच जोन और 02 सुपरजोन में बांटकर ड्रोन से निगरानी की गयी। जिला मुख्यालय के अयोध्या मार्ग स्थित केंद्रीय ईदगाह में हाफिज शकील अख्तर ने नमाज के दौरान कहा कि हर मजहब मानवता का पैगाम देता है। डीएम अविनाश सिंह और एसपी डॉ. कौस्तुभ नमाज आरंभ होने से लेकर समापन तक मौजूद थे। मस्जिद लतीफिया कुरैशनगर में हाफिज मौलाना अकबर अली मिस्बाही, मदीना मस्जिद शहजादपुर में मौलाना मोहम्मद अहमद बरकाती, अब्दुल्लाहपुर में मौलाना नकी हैदर रिजवी, मस्जिद हाजी मोहम्मद उमर शाहजहांपुर में मौलाना खलीकुज्जमां कादरी, हुसैनाबाद लोरपुर स्थित मस्जिद में साढ़े नौ बजे मौलाना अली अफसर नकवी, मस्जिद चौक शहजादपुर में साढ़े सात बजे नमाज पढ़ी गई।

केंद्रीय ईदगाह अकबरपुर में बच्चों को चॉकलेट वितरित करते हुए डीएम अविनाश सिंह।

जलालपुर ईदगाह में नमाज अदा करते मुस्लिम भाई। अमृत विचार

गाना बजाने के विवाद में भिड़े दो पक्ष

जलालपुर, अंबेडकरनगर

अमृत विचार : स्पीकर से भक्ति गीत बजाने को लेकर दो पक्षों में विवाद के बाद मारपीट हो गयी। घटना में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के अरई का है।

सूरज के परिजन घर में भक्तिगीत बजा रहे थे। तभी दूसरे पक्ष शफी मोहम्मद के परिजनों द्वारा इसे बंद करने को कहा गया। इसी को लेकर दोनों पक्षों में हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। शफी मोहम्मद के पक्ष द्वारा लाठी, ईंट, डंडों से प्रहार किया गया, जिसमें सूरज, सौरभ, अर्चना, सुनीला समेत कई लोग घायल हो गए। सीओ देवेंद्र कुमार मौर्य और कोतवाल संतोष कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा।

दो पक्षों में चले ईंट-पत्थर, मुकदमा दर्ज

एक दूसरे पर पत्थर फेंकते लोग फोटो नहीं भी लगा सकते हो। अमृत विचार

अंबेडकरनगर, अमृत विचार : भीटी क्षेत्र के लोझरा और बस्तीपुर गांव के दो पक्षों में गिमटी हटाने को लेकर ईंट-पत्थर चले। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना बीते गुरुवार की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि गिमटी को हटाने को लेकर यह विवाद शुरू हुआ और ईंट-पत्थर चलने लगे। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि भीटी थाना क्षेत्र के लोझरा निवासी अजीत राजभर ने भीटी थाने में आकर बताया कि उनका मुन्ना, छोटू, शाहरुख, अमलु और गुलाम से विवाद हो गया। पुलिस ने सूचना पर मुकदमा दर्ज कर तीन लोगों को हिरासत में लिया है।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-आक्शन नोटिस सं.-LJN-PRKG-04-24

मण्डल रेल प्रबन्धक (वा.), पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आईआरईपीएस के ई-ऑक्शनिंग के माध्यम से ई-ऑक्शन आमंत्रित की जाती है:-

क्र. सं.	लॉट संख्या	कार्य का विवरण
01	PARKING-LJN-BST-TW-13-22-1 (Parking-Two Wheeler)	बस्ती स्टेशन के मेनगेट साईड दो पहिया पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, स्कूटर) का ठेका 03 वर्ष हेतु।
02	PARKING-LJN-BST-MX-52-23-1 (Parking-Mixed)	बस्ती स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया वाहन) का ठेका 03 वर्ष हेतु।
03	PARKING-LJN-BRK-MX-87-22-1 (Parking-Mixed)	बहराईच स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया वाहन) का ठेका 03 वर्ष हेतु।
04	PARKING-LJN-GTNR-PCCV-110-24-1 (Parking-Passenger Carrying Commercial Vehicles)	गोमतीनगर स्टेशन के मेनगेट साईड Passenger Carrying Commercial Vehicles (कार/टैक्सी/ऑटो/ई-रिक्शा) सह संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया तथा चार पहिया वाहन) का ठेका 03 वर्ष हेतु।

♦ निविदाकार प्रकाशित सूचना के अनुसार ई-ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। IREPS पोर्टल पर दिये गये तिथि/समय के अनुसार सभी लॉट की ई-ऑक्शन प्रारम्भ एवं बंद होगी। ♦ सभी लॉट के लिये ई-ऑक्शन दिनांक 25-04-2024, 12:00 बजे प्रारंभ होकर 25-04-2024, 13:00 बजे बंद होगी। ♦ इस ऑक्शन के लिये मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। ♦ अर्नेस्ट मनी की राशि (5%) का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर ठेकेदार द्वारा लिंक किये गये बैंक खाते से किया जायेगा। मैनुअल विधि जैसे-डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, एफडीआर, जमा रसीद आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं होगी। ♦ विज्ञप्ति सूचना एवं निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा नियम व शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in (E-Auction Module) पर उपलब्ध है।
मुजाधि/वाणिज्य-13 मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), लखनऊ
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

नमाज अदा कर मांगा अमन-चैन

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : ईद के मौके पर जलालपुर ईदगाह में हजारों की संख्या में पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद-उल-फितर की नमाज अदा की। जलालपुर ईदगाह में ईदगाह के इमाम हाफिज व कारी मोहम्मद तैय्यब ने ईद-उल-फितर की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद सभी लोगों ने अमन व चैन के लिए दुआ मांगी। मौलाना हबीबुर्रहमान नूरी ने भाईचारे और सद्भाव का पैगाम दिया। ईदगाह मेले में बच्चों ने खूब लुत्फ उठाया। सभी मस्जिदों व ईदगाह और नमाज स्थलों के आसपास पुलिस की चौकसी रही। ईद कमेटी सरपस्त हबीब अहमद, मूतावल्लती मजहरुल हक, सेक्रेट्री सुलतान अहमद व अजमल निजामी, नजरे आलम, डॉ. मुफस्सिरुल हक, मोहसिनुल हक, इरफान आदि ने अधिकारियों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर एसडीएम सुभाष सिंह, सीओ देवेंद्र कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

नमाज के बाद मौके पर मौजूद एसडीएम सुभाष सिंह।

जांच के लिए आठ नमूने लिए

अंबेडकरनगर, अमृत विचार : मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी केके उपाध्याय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने शुक्रवार को जनपद के विभिन्न प्रतिष्ठानों से सिंघाड़ा आटा, किशमिश, खोया के कुल आठ नमूने लिये। टीम ने पोषण डेयरी निबियहवा पोखरा अकबरपुर से मिश्रित दूध का नमूना, रामनाथ यादव दुग्ध विक्रेता निबियहवा पोखरा अकबरपुर से मिश्रित दूध का नमूना, लालमणि क्रीम विनिर्माण इकाई निवियहवा पोखरा अकबरपुर से क्रीम का नमूना, कृषक डेयरी मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट कटुई चनकी से खोया का नमूना, गुप्ता किराना स्टोर सिकन्दरपुर से छुहारा का नमूना, ओम साईनाथ किराना स्टोर लारपुर सिकन्दरपुर से छुहारा का नमूना, राज चौहान किराना स्टोर पहिलीपुर रोड शहजादपुर से सिंघाड़ा आटा का नमूना और दिनेश किराना स्टोर पहितीपुर रोड शहजादपुर से किशमिश का नमूना लेकर जांच के लिए भेज दिया है।

मजलिस का आयोजन 14 को

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : 14 अप्रैल को भियांव ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कोरझा में मरहूमा नाजमा बीबी बिंत तबारक हुसैन के ईसाल-ए-सवाब के लिए मजलिस-ए-चेहल्लुम का आयोजन किया गया है। पहली मजलिस सुबह 9 बजे आजम मेंहदी खान व दूसरी मजलिस को मौलाना साबिर रजा साबिर खिताब करेंगे।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-आक्शन नोटिस सं. 03/24

मण्डल रेल प्रबन्धक (वा.), पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के माध्यम से ई-ऑक्शन आमंत्रित की जाती है-
क्र.सं. : 1, लॉट सं. : PnU-LJN-GD-Toi-27-24-1 (Pay and Use-Toilets), कार्य का विवरण : गोण्डा स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं.- 2/3 (पश्चिम छोर) तथा प्लेटफॉर्म सं.- 4/5 (दोनों छोर) पर स्थित पे एंड यूज शौचालय का ठेका संचालन एवं रख-रखाव के आधार पर 03 वर्ष हेतु। (कुल तीन प्रसाधन)। क्र.सं. : 2, लॉट सं. : PnU-LJN-BRK-Toi-23-23-1 (Pay and Use-Toilets), कार्य का विवरण : बहराईच स्टेशन के प्लेटफॉर्म-1 पर स्थित पे एंड यूज शौचालय का ठेका संचालन एवं रख-रखाव के आधार पर 03 वर्ष हेतु।
• निविदाकार प्रकाशित सूचना के अनुसार ई-ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। आईआरईपीएस पोर्टल पर दिए गए तिथि/समय के अनुसार सभी लॉट की ई-ऑक्शन प्रारंभ एवं बन्द होंगी। • सभी लॉट के लिए ई-ऑक्शन दि.- 25.04.2024, 15.00 बजे प्रारंभ होकर 25.04.2024, 15.40 बजे बंद होगी। • इस ऑक्शन के लिये मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। • अर्नेस्ट मनी की राशि (5%) का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर ठेकेदार द्वारा लिंक किये गये बैंक खाते से किया जायेगा। मैनुअल विधि जैसे- डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, एफडीआर, जमा रसीद आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं होगी। • विज्ञप्ति सूचना एवं निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा नियम व शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in (E-Auction module) पर उपलब्ध है।
मुजाधि/वाणिज्य-09 मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), लखनऊ
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

गड़बड़झाला | सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा कर मामले की जांच कराने की मांग

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा इंटरलॉकिंग कार्य

जलालपुर, अंबेडकरनगर

अमृत विचार : जलालपुर नगर पालिका क्षेत्र के विधायक राकेश पांडे कार्यालय के ठीक सामने वाली गली मोहल्ला जौकाबाद घसियारी टोला कबीर मठ के पीछे लगभग 40 मीटर नाली और इंटरलॉकिंग के निर्माण में मानकों की धज्जियां उड़ायी जा रही हैं। पुरानी नाली पर एक रद्दा ईंट लगाकर पटिया ढलाई और आसपास के रास्ते में बगैर गिट्टी और हल्की बालू का प्रयोग कर इंटरलाकिंग का कार्य कराया जा रहा है। जिसके गुणवत्ता पर सवाल उठाते स्थानीय नागरिक ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी है। इसके लिए बीआर खान नामक फर्म को दो लाख पच्चीस हजार रुपए का टेंडर दिया गया था। मोहल्ला निवासी दीपक, पलकधारी आदि ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर सामूहिक शिकायत करते हुए बताया की निर्माण कार्य में पुरानी नालियों पर ही सफेद बालू, घटिया किस्म की गिट्टी से निर्माण कार्य किया जा रहा है। खराब गुण वत्ता के कारण अभी से ही ढलाई की गई पटिया टूटना शुरू हो गई है।

पुरानी नाली पर मानक विहीन की गई पटिया की ढलाई।

गुणवत्ता को ताक पर रख किया जा रहा नाली निर्माण।

पालिका क्षेत्र में विकास के नाम पर मची है लूट

जलालापुर नगर पालिका क्षेत्र में विकास के नाम पर लूट मची हुई है। वहीं अधिकारी भी मामले में चुप्पी साधे बैठे हैं। हाल ही में नगर की सड़क की पटरियों के किनारे इंटरलॉकिंग का कार्य किया गया है, जिसमें भी मानकों की अनदेखी की गयी। भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने भी आवाज उठाई थी, लेकिन उनकी आवाज अनसुना कर दी गयी।

शिकायत मिली तो होगी जांच

वहीं मामले में जब जेई से बात की गई तो उन्होंने बताया कि नई नाली के साथ ही मानक के अनुसार गुणवत्ता परक निर्माण होना चाहिए। यदि पुरानी नाली पर कार्य हो रहा है तो कार्रवाई की जाएगी। अधिशाषी अधिकारी यदुनाथ ने बताया की शिकायत मिलने पर मामले की जांच कराकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं: क्र.सं.: 1- ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2024-01, कार्य का नाम: बीएसबीएस (बनारस) यार्ड में बन्द समपार सं. 3 पर 6.00 मीटर चौड़े फुट ओवर पुल का प्रावधान, अनुमानित लागत (₹): ₹5,18,97,041/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹): ₹ 4,09,500/-, क्र.सं.: 2- ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2024-02, कार्य का नाम: वाराणसी-हरदत्तपुर के मध्य किमी. 209/5-6 पर समपार सं. 4 पर आरयूबी का प्रावधान, अनुमानित लागत (₹): ₹ 6,90,74,219/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹): ₹ 4,95,400/-, निविदा बन्द होने की तिथि: क्र. सं.: 1 एवं 2- के लिये- 02.05.2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: क्र. सं.: 1 एवं 2- के लिये- 09 माह। नोट: • निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2024-01 से एनईआर-बीएसबी-2024-02 दिनांक 02.05.2024 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी.) वाराणसी
मुजाधि/डब्ल्यू-11
"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

एक नजर

106 गोवंशों के भरण-पोषण की धनराशि भेजी

रुपईडीह, अमृत विचार : मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत ब्लॉक के विभिन्न गो आश्रय केंद्रों से लिए गए 106 गोवंशों के भरण पोषण की धनराशि लाभार्थियों के खाते में भेज दी गई है। राजकीय पशु चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी डॉक्टर निशांत यादव ने बताया कि ब्लॉक के विभिन्न गांवो को मिलाकर 106 गोवंशों को 76 लाभार्थियों ने गो आश्रय केंद्र से भरण पोषण के लिए लिया था। उन्होंने बताया कि इन लाभार्थियों को गत् 30 सितंबर तक विभाग द्वारा भरण पोषण की धनराशि बैंक खातों के माध्यम से भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि इन लाभार्थियों को अवशेष धनराशि का भुगतान किए जाने के लिए करवाई की जा रही है।

सांसद ने बनगाई गांव का किया भ्रमण, दिए निर्देश

रुपईडीह, अमृत विचार : सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कटरा बाजार के विधायक बावन सिंह संग ब्लॉक रुपईडीह के बनगाई गांव का भ्रमण किया। यहां पर जिला पंचायत सदस्य श्रवण शुक्ल, ग्राम प्रधान बाबूराम कश्यप, कृष्ण कुमार चतुर्वेदी, संजय प्रकाश तिवारी, अन्नी तिवारी, अंशू मिश्र, विकास तिवारी, अनुराग तिवारी आदि लोगों ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया।

भवनों की क्रियाशीलता की ली जानकारी

रुपईडीह, अमृत विचार : ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने तिर्रे मनोरमा व भोपालपुर गांव का स्थलीय भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने पंचायत भवनो व सामुदायिक शौचालयों के निर्माण व उसकी क्रियाशीलता के बारे में ग्रामीणों से जानकारी हासिल की।

पत्रकार के निधन से इलाके में शोक की लहर

तरबगंज, अमृत विचार : ग्रामीण पत्रकारिता में अपनी अलग छवि और मुस्कान बिखेरने वाले आरपी मिश्रा का बुधवार को इलाज के दौरान निधन हो गया। बीते दो वर्षों से वह शुगर और लिवर की बीमारी से पीड़ित चल रहे थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। क्षेत्रीय विधायक प्रेम नरायन पांडेय जिला पंचायत सदस्य राम धोख मिश्रा तरबगंज नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश पांडेय समेत भारी संख्या में लोगों ने उनके अंतिम दर्शन कर शोक जताया।

नशीली दवा के साथ युवक को किया गिरफ्तार

खरगूपुर, अमृत विचार : खरगूपुर पुलिस ने एक युवक को अवैध नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि गुरुवार को रात्रि गश्त के दौरान उप निरीक्षक धीतेन्द्र सिंह, जयप्रकाश मिश्र, मुख्य आरक्षी सोनू कनौजिया तथा पवन यादव की टीम ने एक युवक को चौरी परिहार के निकट एक पुलिया पर संदिग्ध अवस्था में गिरफ्तार किया ।जामा तलाशी में उसके पास 18 पत्ता नशीली दवा बरामद हुई।

रहस्यों से ओतप्रोत है श्री श्री महागौरी सिद्ध शक्तिपीठ

बड़ी संख्या में भक्त यहां मन्नतें और मुरादें मांगने आते हैं, महाभारत काल के समय का है यह मंदिर

संवाददाता, बभनान

अमृत विचार: इतिहास के जेहन में दबे हुए रहस्यों का पता चलता है तो लोग आवाज उठाते हैं। ऐसा ही एक मंदिर बभनान कस्बे में वर्षों से या यूं कहें सदियों से इतिहास के रहस्य में खोया हुआ था। धीरे-धीरे जब इसके दिव्यता और रहस्य से पर्दा उठा तो लोग भारी संख्या में यहां अपनी मन्नतें और मुरादों को मांगने के लिए आने लगे। मान्यता है कि यह मंदिर महाभारत काल का है। अज्ञातवास के दौरान यह मंदिर पांडु पुत्रों युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव व पांचाली द्वारा स्थापित कर मां की पूजा अर्चना की गई थी। नवरात्र में भक्त आस्था

शक्तिपीठ में स्थापित मां की प्रतिमा।

के महासागर में गोते लगा रहे हैं। मंदिरों पर श्रद्धालु सुबह से ही मन्नतें मांगने के लिए कतार में लग जाते हैं। बभनान का श्री महागौरी मंदिर ऐसा ही मंदिर है।

यहां के लोगों का मानना है की विंध्यवासिनी देवी की छवि के साथ साथ यहां मां कामाख्या देवी की शक्ति भी विराजमान है। यहां आने वाले साधु संतों व स्थानीय लोगों की मानें तो इस मंदिर का मूल कामाख्या देवी से भी जोड़ा जाता है। कहा जाता है कि यदि यहां पर कोई भी कामाख्या देवी का नाम लेकर अपना कुछ भी मांग मुराद रखता है। तो अवश्य पूरी होती है। यहां आए दिन साधु संत अपने कार्य और प्रयोजन के लिए आते देखे जाते हैं और वह अपना कार्य सिद्ध होना भी बताते हैं। मंदिर पर हर नवरात्र के महीने में अष्टमी के दिन भगवती जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसकी पूर्णाहुति नवमी को होती है। दशमी को मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। पुजारी विजय महंथ ने बताया कि यह मंदिर हजारों वर्ष पुराना है। विंध्याचल के राजा रघुराज प्रताप द्वारा मंदिर की स्थापना की गई। विंध्याचल की मां विंध्यवासिनी ने राजा को स्वप्न में आदेश दिया, यहां से उत्तर दिशा में जाओ, वहां पांडवों द्वारा मेरे सिद्ध पीठ की स्थापना अज्ञातवास के दौरान की गई थी। वहां पुनः जाकर मेरे सिद्ध पीठ को स्थापित करो और मेरे सिद्धपीठ पर यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन करो मनोकामना पूर्ण होगी। मां के आदेश पर हजारों वर्ष पूर्व इस मंदिर का निर्माण कराया गया। दोबारा मंदिर का जीर्णोद्धार जरवल के अठैसा ग्राम निवासी रामसरन साहू द्वारा कराया गया। इसके उपरांत उन्हीं के वंश के विजय महंत वर्तमान बभनान निवासी जो इस समय मंदिर के सर्वराकार भी हैं पुनः जीर्णोद्धार कराया। जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबा योगी आदित्यनाथ द्वारा मंदिर का उद्घाटन बड़े धूमधाम से किया गया। मंदिर के गर्भगृह के नीचे एक विशाल कुंआ है। कुंआ पर माता का आसन है। वैसे तो हर समय यहां श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। भक्तों का कहना है मंदिर से सच्चे मन से यदि कोई अपनी मुराद मांगता है तो एक बार उसके रास्ते से स्वयं काल भी पीछे हट जाएगा। मां की विशेष कृपा उन पर बनी रहती है। दूर दूर से लोग आते हैं मां उनकी मुरादें पूरी करती हैं। यहां मां से मांगी हर मुरादें पूरी होती हैं।

सार्वजनिक तालाब पर कब्जा कर कराया निर्माण

संवाददाता, इटियाथोक

अमृत विचार: शासन व प्रशासन के सख्त दिशा निर्देश के बावजूद तालाबों पर अवैध कब्जे लगातार हो रहे हैं। राजस्व विभाग उन पर कब्जा नहीं हटवा पा रहा है। राजस्व विभाग की हीला हवाली के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में भी तालाबों पर लगातार अवैध कब्जे किए जा रहे हैं। उनके अस्तित्व पर भी संकट लगातार बढ़ रहा है। एक तरफ सरकार तालाबों की सौंदर्यीकरण की बात करती है वहीं कई जगह सौंदर्यीकरण के नाम पर पैसे भी निकाल लिए गए लेकिन तालाबों की दिशा व दशा सुधरने का नाम नहीं ले रही है। इटियाथोक विकासखंड के ग्राम पंचायत परसिया बहोरीपुर के बहोरीपुर गांव में ही कुछ लोगों ने तालाब पर कब्जा कर उस पर अवैध तरीके से निर्माण कर लिया है। शिकायत गांव के ही धर्मेंद्र कुमार साहू ने कई बार की लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा। अब तक ना तो तालाब पर से अवैध कब्जा हटाया गया है और न ही कब्जा करने वालों पर कोई कार्रवाई हुई है। तालाब पर लगातार अवैध कब्जे हो रहे हैं। राजस्व विभाग के हीलाहवाली के कारण तालाबों का अस्तित्व लगभग खतरे में है। इस बारे में पर्शिया बहोरीपुर के लेखपाल राकेश कुमार यादव से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि शिकायत मिली है शीघ्र ही जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

देवगांव-श्रवणपाकर के निकट पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली, दो की मौत

गंभीर रूप से घायल दो लोगों का सीएचसी में चल रहा इलाज

संवाददाता, मसकनवा

अमृत विचार : छपिया थाना क्षेत्र के देवगांव श्रवणपाकर के बीच मोटरसाइकिल सवार युवक को बचाने में ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलटने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रूप घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपिया ले जाया गया। जहां से घायलों की हालत गंभीर पर मेडिकल कालेज दर्शन नगर अयोध्या रेफर कर दिया गया।

थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि मसकनवा बभनान मार्ग पर माडा चौराहा के पास भीष्म वर्मा का बिल्डिंग मटेरियल का दुकान है। जहा से ट्रैक्टर चालक विजय कुमार पुत्र गया प्रसाद उम्र 35 वर्ष निवासी माडा थाना छपिया व लेबर बब्लू पुत्र पंचम उम्र 30 वर्ष निवासी ककरहिया थाना छपिया, रक्षाराम पुत्र मुन्नीलाल उम्र 24 वर्ष निवासी नरैचा थाना छपिया ट्रैक्टर ट्राली से बिल्डिंग मटेरियल का सामान गिरने देवगांव गए थे। जहां से लौटते समय देवगांव के पास ही माडा के तरफ से आ रहे बाइक सवार को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर ट्राली आमंत्रित होकर पलट गया। जिसके नीचे दबकर ट्रैक्टर चालक विजय कुमार व लेबर पंचम की मौत हो गई। वही बाइक सवार आनंद कुमार पुत्र राम दास उम्र 34 वर्ष निवासी टिकर थाना छपिया व ट्रैक्टर पर बैठे रक्षा राम पुत्र मुन्नीलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपिया पहुंचाया। जहां पर हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार होने के बाद मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर अयोध्या उपचार के लिए रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

शादी का कार्ड देने निकले बाइक सवार दो युवक घायल: **करनैलगंज, अमृत विचार :** शादी का न्योता देने करनैलगंज आए बाइक सवार दो युवक मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सक ने घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

बृहस्पतिवार की रात गोंडा-लखनऊ मार्ग पर भूलियापुर मोड़ के पास ट्रक की चपेट में बाइक सवार अंकुल गुप्ता (21) व दिनेश कुमार (27) निवासी नंदवल थाना कैसरगंज जिला बहराइच गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां सीएचसी अधीक्षक डॉ अनुज कुमार ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। परिजनों के मुताबिक बाइक सवार दोनों लोग करनैलगंज के गांधी नगर में रिश्तेदारी में शादी का कार्ड देकर घर वापस लौट रहे थे।

मजदूरी करने निकले अधेड़ की ट्रेन से कटकर मौत

नवाबगंज, अमृत विचार : ट्रेन की चपेट में आने से 45 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मनकापुर -अयोध्या रेल मार्ग पर शुक्रवार की सुबह 9 .57 बजे कनकपुर के पंडित पुरवा मजरा के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहे एक युवक अयोध्या की तरफ से आ रही मनवर संगम एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके पर कटरा रेलवे पुलिस के उपनिरीक्षक केवी सिंह तथा स्थानीय पुलिस ने पहुंच कर शव का शिनाख्त कराया। आस पास के लोगों ने मृतक की पहचान शिवदास उर्फ अग्गा निवासी ग्राम बैजलपुर दर्शन पुरवा के रूप में किया। सूचना पर मौके पर पहुंची मृतक की पत्नी कलावती ने बताया कि शिवदास सुबह घर से साइकिल से मजदूरी करने के लिए निकला था। मृतक शिवदास के तीन पुत्र तथा दो पुत्रियां हैं। बड़ी लड़की की शादी 17 मई को होनी है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

अब बायोमीट्रिक से हाजिरी लगाएंगे बच्चे

बेलसर, अमृत विचार: राज नरायन राम गनेश इंटर कॉलेज आजाद नगर बेलसर में शुक्रवार से छात्र-छात्राओं के लिए कॉलेज ने बायोमीट्रिक हाजिरी शुरू किया है। ग्रामीण क्षेत्र में आरएन के नाम से चर्चित कॉलेज कक्षा 3 से 12 तक हाजिरी लगाने का प्रयास पूर्ण रूप से कर रहा है। देहात क्षेत्र में कॉलेज की एक अलग पहचान है। बायोमीट्रिक हाजिरी से छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षकों में उत्साह है। संस्थापक राम गनेश तिवारी ने कॉलेज के व्यवस्थापक चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव को धन्यवाद दिया है। इस मौके पर कॉलेज परिवार प्रधानाचार्य विमलेश शुक्ला, अनीता शुक्ला, नीता तिवारी, रोली मिश्रा आदि रहीं।

भक्तों ने की मां कूष्मांडा की पूजा

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: चैत्र नवरात्रि में श्रद्धालु पूजा, जप व व्रत में जुटे हुए हैं। नवरात्रि के चौथे दिन मां भक्तों ने कुष्मांडा देवी की पूजा अर्चना किया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ जुट गई लोगों ने दर्शन लाभ उठाते हुए मां का पूजा अर्चन किया।

नगर स्थित खैरा भवानी मंदिर, काली भवानी मंदिर, विंध्यवासिनी मंदिर, सेमरा गांव स्थित दुर्गा मंदिर तथा पखारक समय माता मंदिर में भक्तों की काफी भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं ने मां कुष्मांडा को याद करते हुए हवन पूजन किया। भक्तों ने सुख समृद्धि, धनोपार्जन, स्वास्थ्य, आदि की कामना की। चैत्र मास से ही हिंदू पंचांग के मुताबिक भारतीय वर्ष का शुभारंभ होता है

काली भवानी मंदिर में दर्शन-पूजन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

जिसको लेकर लोग उत्सव भी मना रहे हैं। देवी भक्त व्रत रखते हुए दुर्गा सप्तशती का मंदिरों में जाकर पाठ कर रहे हैं। खैर मंदिर पर सुबह 4:00 बजे से ही भक्तों की लंबी कतार लग जा रही है। कुछ भक्त शाम को जाकर मां की आरती में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। नवरात्र होने से बाजार के रौनक भी बढ़ गई है। कोई चुनरी खरीद रहा है तो कोई नारियल लेकर माता जी को प्रसन्न करने में जुटा हुआ है। चारों ओर माता के नाम का ही जप हो रहा है। चौथे दिन मंदिरों में काफी भीड़ देखी गई। पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। काली मंदिर पर लोगों ने पूजा-अर्चना की।

अफसरों को चुनाव की बारीकियां बताई

जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को संबोधित करतीं डीएम नेहा शर्मा। अमृत विचार

चुनाव से संबंधित प्रशिक्षण लेते जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों के अन्तर्गत शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में नियुक्त जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारियों को निष्पक्ष व सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर विभिन्न दायित्वों व बारीकियों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को लोस चुनाव के नियमों व पोलिंग एजेंट के लिए निर्देश, ईवीएम व वीवीपैट के संचालन सहित आयोग द्वारा जारी अन्य महत्वपूर्ण निर्देशों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी व गहन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव के दौरान एक छोटी सी गलती या चूक या विधि या नियमों के गलत प्रयोग से हमारी निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह लग सकता है। इसलिए सभी जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारी को आयोग के एक-एक निर्देशों को अच्छी तरह से समझ व सीख लें। प्रशिक्षण अधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम व वीवीपैट के फुल ऑपरेशन की एक-एक जानकारियां दी। इस दौरान सीडीओ एम.अरून्मोली, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रशेखर, जिला कृषि अधिकारी, ईडीएम अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

विस चुनाव 2022 में 45 प्रतिशत से कम वोटिंग वाले बूथ चिन्हित

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: जिला प्रशासन लोस चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान को हरसंभव प्रयास कर रहा है। विस चुनाव 2022 में 45 प्रतिशत से कम वेटिंग वाले बूथों को चिन्हित किया है। इन बूथों पर विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। कार्यालय जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

डीएम ने बताया मंगल दलों के बीच प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। यह अपने चिन्हितों बूथों पर विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित करेंगे। 20 मई को मतदान होना है। 45 प्रतिशत से कम वोटिंग वाले इन बूथों में जिसका मतदान प्रतिशत सर्वाधिक रहेगा, वहां अभियान चलाने वाले मंगल दल को सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिले में लोकसभा चुनाव पांचवें चरण 20 मई को होना है। जिले में कुल 25.30 लाख पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें 13.50 लाख पुरुष, 11.82 लाख महिलाएं और 94 ट्रांसजेंडर हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में, इस चुनाव क्षेत्र में 52.2 प्रतिशत मतदान हुआ था। जो कि राज्य औसत 59.21 प्रतिशत से कम था। इसी क्रम में 2024 आम चुनावों में भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रयास जारी हैं। इस विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत आगामी 14 अप्रैल से की जाएगी। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने बताया कि 45 प्रतिशत से कम वोटिंग वाले 100 से ज्यादा बूथों को चिन्हित किया गया है। उन्होंने बताया कि युवक, महिला मंगल दल के सदस्यों द्वारा चौपाल का आयोजन किया जाएगा। वह घर-घर जाकर लोगों को प्रेरित करेंगे। ग्राम पंचायतों में साइकिल रैली के साथ ही बैठक, संगोष्ठी, शपथ कार्यक्रम, खेल-कूद समेत अन्य गतिविधियों के माध्यम से जागरूक करेंगे।

पहले बच्चों का दाखिला कराएं फिर 20 मई को मतदान करें

संवाददाता, इटियाथोक

- अभिभावकों के घर पहुंचकर शिक्षक कर रहे अपील

अमृत विचार: शुक्रवार को न्याय पंचायत सोमरही के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय बरईपारा की ओर से संबंधित मजरों में जागरूकता रैली निकाली गयी। यह रैली परिषदीय विद्यालयों में नामांकन को बढ़ाने एवं अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से निकाली गई। विद्यालय के बच्चों द्वारा रैली में एक भी बच्चा छूटा संकल्प हमारा टूटा, आधी रोटी खाएंगे स्कूल जरूर जाएंगे, कोई न छूटे अबकी बार शिक्षा है सब का अधिकार, जैसे स्लोगन के माध्यम से अभिभावकों को जागरूक किया गया। विद्यालय के सहायक अध्यापक अरुण मिश्र ने रैली के दौरान अभिभावकों से मिलकर उनसे बातचीत कर उन्हें अपने बच्चों का नामांकन सरकारी स्कूल में कराने और आगामी लोकसभा चुनाव में अवश्य मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सलमान, गोपाल प्रसाद, करन सिंह, अरुण मिश्र, संकुल शिक्षक सौरभ वर्मा, विजय कुमार भारती, महेंद्र प्रताप सिंह सहित सैकड़ों संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

विस चुनाव 2017 में डलवाए डीजल, नहीं किया भुगतान

संवाददाता, गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां जोरों पर है। वाहनों के अधिग्रहण को लेकर नोटिस भी जारी की जा चुकी है। चुनाव ड्यूटी में लगे वाहनों में डीजल व पेट्रोल की खपत होनी है लेकिन पेट्रोलपंप मालिकों ने डीजल व पेट्रोल देने से हाथ खड़े कर दिए हैं। कारण विधानसभा चुनाव 2017 तथा कोविड के दौरान सरकारी वाहनों व चुनाव में लगे वाहनों में प्रशासन ने डीजल तो डलवा लिया उसका भुगतान आज तक नहीं किया गया है।

पेट्रोल पंप मालिकों ने जिला पूर्ति अधिकारी को पत्र लिखकर पहले पुराना भुगतान कराने की मांग रखी है। पेट्रोल पंप संचालकों ने डीएसओ को भेजे गए पत्र में लिखा है कि विधानसभा चुनाव 2017 में मेसर्स विजय कृष्ण पांडेय एंड संस के पेट्रोल पंप से 96165 रुपए का तेल डलवाया गया था। इसी तरह गोंडा ट्रांसपोर्ट एंड फारवर्डिंग कंपनी ने 83401 रुपए का डीजल दिया था। सेठ फिलिंग सेंटर ने 14806, तिवारी फिलिंग सेंटर ने 54626 तथा अपना सर्विस सेंटर ने 17626 रुपए का ईंधन उपलब्ध कराया था। ये सभी ईंधन पुलिस के वाहन में डाले गए थे। लेकिन आज तक इनका भुगतान नहीं हुआ। इसी तरह कोविड के दौरान सरकारी वाहनों में 121431 रुपए का ईंधन भरवाया गया लेकिन इसका भी भुगतान नहीं किया गया। इस संबंध में पेट्रोलपंप मालिकों ने दर्जनों बार प्रशासन को पत्र लिख चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उधर लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी सरगर्मी है। परिवहन विभाग की ओर से सैकड़ों वाहन मालिकों को नोटिस दी गई है और चुनाव में लगाने का कार्य चल रहा है लेकिन जब पुराने बकाए का भुगतान नहीं हुआ तो नए के लिए मुसीबत जरूर सामने आएगी।

उमंग सुरक्षा व्यवस्था के रहे पुख्ता प्रबंध, नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एकदूसरे से गले मिलकर दी मुबारकबाद

शांति पूर्ण तरीके से मनाई गयी ईद, मांगीं दुआएं

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार : गुरुवार को जिले भर में शांतिपूर्ण माहौल में ईद की नमाज अदा की गई। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। सभी नमाज अदा करने वाले स्थलों के आसपास सफाई की गई थी। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। गोंडा के पटेल नगर ईदगाह में नगर के हजारों मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज के बाद एक दूसरे को बधाई दी। मौके पर प्रशासन व पुलिस के अधिकारी मुस्तैद रहे।

करनैलगंज तहसील इलाके के कटरा बाजार, परसपुर व

पटेल नगर ईदगाह में नमाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग। अमृत विचार

करनैलगंज ईदगाह सहित अन्य ईदगाहों व मस्जिदों में ईदुलफित्र की नमाज अदा की गई। सबसे पहले निंदूरा शरीफ के ईदगाह में सुबह साढ़े 8 बजे हाफिज एखलाक ने नमाज अदा करवाई। यहाँ ग्राम सेवक हरमैन खान, जमीउद्दीन खान, नबीउद्दीन पल्लू, असहाब खान, मंशाद खान, कमर खान आदि रहे। उसके बाद कटरा रोड स्थित बाबा शहीद मर्द रअ के आस्ताने के मैदान में नमाज अदा हुई। इसी क्रम में करनैलगंज के ईदगाह में शमीम अहमद अच्छन ने नमाज अदा करवाई। जहाँ हजारों लोगों की जबरदस्त भीड़ देखने को मिली।

इसी प्रकार मस्जिद मनिहारन यतीम खाना में कारी रियासत, हलधरमऊ के ग्राम मोहम्मदपुर ईदगाह में इमामे ईदैन सुभानल्लाह रजा ने ईद की नमाज अदा कराई। रोजेदारों ने नमाज के बाद दुनिया मे अमन व चैन कायम रखने के लिए दुआ की। उसके बाद लोगों में ईद मिलने का दौर शुरू हुआ और लोग एक दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद देते नजर आए।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी मनाई गई ईद

रुपईडीह, अमृत विचार : कस्बा आर्यनगर, मल्लापुर, कौड़िया, घुचुवापुर, बिछूड़ी, बनगाँई पठान पुरवा, चैपुरवा, भैंसहा, सहरिया कला, कटुवानाला, पैड़ीबरा, महापरा, बिरवा आदि गांवों व कस्बों में ईद के अवसर पर बच्चों व पुरुषों ने ईदगाहों में ईद की नमाज पढ़कर एक दूसरे से गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाई दी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा, पुलिस चौकी आर्यनगर के प्रभारी प्रशांत गुप्त व दुबहा बाजार के गोपाल सिंह अन्य पुलिस कर्मियों के साथ सभी जगह पर मुस्तैद रहे। थानाध्यक्ष ने बताया कि ईद का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से सभी स्थानों पर संपन्न हुआ।

पुलिया तो बनाई पर रेलिंग नहीं

बेलसर, अमृत विचार: सरयू नहर खंड प्रथम की कर्नलगंज तरबगंज शाखा पर मचरहिया मुजेड़ माइनर पर पुलिया का निर्माण कर दिया गया, लेकिन रेलिंग नहीं बनी जिससे नहर में गिरकर आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं। सरयू नहर खंड प्रथम की तरबगंज कर्नलगंज शाखा पर मचरहियां मुजेड़ माइनर पर विभाग ने पुलिया का निर्माण करा दिया लेकिन पुलिया की रेलिंग बनाना विभाग भूल गया। जिससे आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे है। डिडिसिया कला के राम नेवाज पर पुरवा निवासी राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि हर माह दो चार लोग गिरकर चोटिल हो रहे है।

घर में घुसकर दंपति की पिटाई मामले में केस

संवाददाता, करनैलगंज

अमृत विचार : घर में घुसकर महिला व उसके पति की पिटाई करके गले से चैन व जेब से रुपये छीनने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मामला नगर के मोहल्ला गुड़ाही बाजार से जुड़ा है। यहां की निवासिनी संध्या सोनी ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि मोहल्ला सदर बाजार निवासी गोगे दर्जी का लड़का कई दिन से रात्रि के समय बदनीयत से उसका दरवाजा पीटकर गाली देते हुए चला जाता था। बृहस्पतिवार की सुबह 11 बजे वह पुनः उसके घर पहुंचा, जिसका विरोध करते हुए उसने घर से भगा दिया। कुछ ही देर में वह अपने परिवार के आधा दर्जन सदस्यों के साथ पहुंचा और उसके घर में घुसकर मारपीट करने लगा। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने उसके पति को मारा पीटा तथा शर्ट फाड़ दिया और उसमें रखा 700 रूपये निकाल लिया। यही नहीं उसके भी गले से चैन छीनकर उसकी पिटाई करने लगे। हल्ला गुहार पर आस पास के लोग दौड़े जिस पर जान से मार डालने की धमकी देते हुए सभी लोग चले गए। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

एक नजर

दो स्मैक तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

परसपुर, अमृत विचार : नगर पंचायत के रंगड़गंज रोड पर स्मैक बेचने आये दो तस्करों को पुलिस ने बिक्री के पैसे एवं स्मैक के साथ दबोच लिया। पकड़े गये आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। परसपुर बाजार में बृहस्पतिवार को दो व्यक्ति पल्सर मोटर साइकिल से स्मैक बेचने आये थे। जिनकी जानकारी प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल को होने पर उनके द्वारा उपनिरीक्षक दिनेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम लगाया। पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए दो लोगों को पाकेट स्केल तथा नौ हजार सौ रूपये नगद, 50 ग्राम स्मैक एवं पल्सर मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि कुलदीप तिवारी निवासी करनीपुर थाना तरबगंज तथा विष्णु सिंह निवासी नबाबगंज को गिरफ्तार कर लिया।

आग से आठ घरों की गृहस्थी राख

नगर पंचायत कटरा बाजार के बाबूपुर मोहल्ले की घटना, मौके पर पहुंचे लेखपाल

संवाददाता, कटरा बाजार

अमृत विचार: नगर पंचायत कटरा बाजार के मोहल्ला बाबूपुर में अज्ञात कारणों से लगी आग से पांच घरों की गृहस्थी जलकर राख हो गयी। वहीं बालपुर के पास गोगिया में भी आग से तीन घर राख हो गए। सूचना पर पहुंचे लेखपाल ने आग से हुए नुकसान का आंकलन किया।

थाना क्षेत्र के कस्बा कटरा बाजार के वार्ड नं पांच बाबूपुर के मोहल्ला निवासी काशीराम पुत्र सरजू दीन के फूस के घर में गुरूवार की शाम को अचानक आग लग गयी। देखते-देखते आग ने काशी राम के पड़ोसी हरिराम पुत्र बिहारी लाल, राम चंदर पुत्र ढोढ़े, तुलसी राम पुत्र ढोढ़े व लखन लाल पुत्र छेदी के फूस के भी घरों को आग ने अपने आगोश में ले लिया। सभी गृहस्वामियों ने बताया कि उनकी गृहस्थी का पूरा समान जलकर राख हो गया है। वहीं राम चन्दर ने बताया कि उसकी गृहस्थी व 05 बकरियां जल गयीं। ग्रामीणों व पुलिस कर्मियों के कड़ी मशक्कत से आग पर किसी तरह काबू पाया गया। हल्का लेखपाल मनोज मिश्रा ने बताया कि आग से हुए नुकसान का आंकलन करके रिपोर्ट तहसील को भेजी जा रही है। वहीं तहसील कर्नलगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोगिया मजरा डोमा अहलाद में बृहस्पतिवार को अज्ञात कारणों से तीन घरों में आग लग गई। ग्राम पंचायत गोगिया मजरा डोमा अहलाद निवासी राहुल पुत्र प्रयाग दत्त, राज नारायन पुत्र छेदी, दीपक मिश्रा पुत्र सुशील मिश्रा के घरों में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे तीनों घरों की गृहस्थी का सारा सामान व अनाज सहित 1 लाख 50 हज़ार रुपए नकद जलकर राख हो गये। सूचना पाते ही थाना कोतवाली देहात के क्षेत्रीय उपनिरीक्षक विनय कुमार शर्मा व आरक्षी अभिमन्यु गुप्ता व तहसील करनैलगंज के क्षेत्रीय लेखपाल पवन यादव व ग्राम प्रधान सालिकराम मौके पर पहुंचे।

बाबूपुर गांव में लगी आग बुझाते ग्रामीण। अमृत विचार

मनकापुर के युवक पर दुष्कर्म का लगाया आरोप, युवती ने दी तहरीर

करनैलगंज, अमृत विचार : कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के एक गांव की युवती ने मनकापुर के एक युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। महिला का कहना है कि नवंबर 2023 में वह अपने पति के साथ जगाधरी हरियाणा गई और वहीं रहने लगी। उसके पति शाम पांच बजे ट्रांसपोर्ट पर पल्लेदारी करने जाते थे। जिस मकान के कमरे में वह रहती थी उसके दूसरी मंजिल पर कोतवाली मनकापुर क्षेत्र निवासी एक युवक भी रहता था। पति के काम पर चले जाने के बाद युवक उसके पास बहाने से आने लगा। अपने जिले का होने की वजह से युवती ने मना नहीं किया। एक दिन युवक ने उसे नशीला पदार्थ खिला दिया वह बेहोश हो गई उसे कुछ पता नहीं चला। रात्रि के समय वह जागने पर उसने अपने को नग्न अवस्था में पाया, युवक भी बगल में लेटा हुआ था। उसी बीच युवक ने मोबाइल में कैद अश्लील बीडीओ दिखाया जिसे देखकर वह हैरान रह गई। युवती का आरोप है की उसने जाति सूचक गाली देते हुए धमकी दिया की यदि किसी को बताया तो ठीक नहीं होगा। उसके बाद वह वीडियो वायरल करने की धमकी देकर प्रतिदिन उसके साथ दुष्कर्म करने लगा। फ़रवरी माह के पहले सप्ताह में उसके पति को दोनों के बीच संबंध होने की शंका हुई और वह उसे लेकर करनैलगंज में अपने गांव चला आया। तब फोन पर युवक ने कहा की कुछ ही दिन में गांव आकर वह शादी कर लेगा। युवक उसके गांव आया और रात्रि के समय गांव के बाहर पंचायत भवन पर बुलाकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। आठ अप्रैल को युवक ने शादी करके एक साथ रहने के लिए उसे करनैलगंज रेलवे स्टेशन पर बुलाया। युवती का आरोप है युवक अपने साथ ले जाने से मना कर रहा है। मामले में कोतवाल निर्भय नारायण सिंह का कहना है तहरीर नहीं मिली है यदि तहरीर प्राप्त होती है तो मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

धूमधाम से मनाया गणगौर महोत्सव

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: रानी बाजार स्थित श्रीराम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला शाखा ने धूमधाम से गणगौर महोत्सव मनाया। सुबह सभी महिलाएं घर से गणगौर माता को लेकर मंदिर प्रांगण में एकत्र हुईं। जहां पर सभी नवविवाहित महिला दीपाली शाह, अंजलि अग्रवाल, चंचल गोयल, नविका नेवटिया, पल्लवी शर्मा के अलावा समाज की सभी महिलाओं ने पूजन पाठ किया और अपने पति के लम्बी दीर्घायु होने की कामना की। उसके बाद गणगौर महोत्सव का कार्यक्रम शुरू हुआ। जिसमें 15 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं का मारवाड़ी गीतों पर नृत्य हुआ।

महिलाओं के लिए वन मिनट शो का कार्यक्रम हुआ। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बीच-बीच में सरप्राइज प्रश्नोत्तरी का भी कार्यक्रम हुआ। सही जवाब देने वाले को मंडल द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया। भारतीय वेशभूषा में कल्चर वाक का विशेष आकर्षक केन्द्र रहा। महिला मंडल ने हाउजी गेम में भी प्रतिभाग किया। मंदिर परिसर में साड़ी सूट, कपड़े, आइसक्रीम एवं खाने पीने के स्टाल लगाए गए थे जिसमें सभी महिलाओं ने व्यंजन का खूब लुत्फ उठाया।

कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला मंडल की प्रांतीय सदस्य नीलम जैन, शाखा अध्यक्ष नीतू गर्ग, सविता गोयल, गायत्री माहेश्वरी, भावना सोमानी, सरिता माहेश्वरी, रीता काबरा, प्रेमलता सिंघल, संगीता अग्रवाल, ज्योति शर्मा, सुप्रिया सिंघल, सोनम अग्रवाल, अंशु पचेरिया, अनीता नहरिया, संगीता भावसिंहका, भावना सोमानी, पुष्पा अग्रवाल, सरिता अग्रवाल के अलावा व्यवस्थापक एवं प्रांतीय पदाधिकारी विकास जैन, मुकेश नहरिया, शैलेंद्र गोयल सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

गणगौर महोत्सव में पुरस्कृत महिलाएं। अमृत विचार

कैसे हो उत्थान राष्ट्र का यही विचार...

संवाददाता, नवाबगंज

अमृत विचार: सरयू घाट क्षेत्र के कटरा भोगचंद गांव में स्थित कटरा कुटी धाम के गोलोक वासी संत सुंदर दास महाराज के पावन पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, विराट कवि सम्मेलन व भंडारे का आयोजन किया गया।

कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कथावाचक भुवनेश्वर शास्त्री और संचालन हास्य कवि रवीन्द्र पांडेय रवि ने किया। सर्व प्रथम कटरा कुटी धाम के महंत स्वामी चिन्मयानंद ने गोलोक वासी संत सुंदर दास महाराज की चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ पं चंद्र किशोर शास्त्री के मां हंस वाहिनी वंदना से शुभांरभ हुआ। पवन गोंडवी ने पढ़ा कि संत हमेशा देश हितों पर सोचा विचारा करते हैं ,कैसे हो उत्थान राष्ट्र का यही विचारा करते हैं, वी पी सिंह वत्स गोंडवी ने कहा की अवध के सुबह की जय हो अवध में शाम की जय हो सनातन धर्म की जय हो सुखद परिणाम की जय हो। जयदीप सिंह सरस ने कहा कि संत कुटी में जिनका आना होता है। जीवन उनका पूर्ण खजाना होता है।

घनश्याम पांडे गोंडवी ने कहा कि राम आए धरा पर अमन के लिए राक्षसी वृत्तियों के समन के लिए। केदारनाथ मिश्र ललक ने पढ़ा की हर रंगों में एकता का रक्त बहाना चाहिए हर किसी को राष्ट्र का भी भक्त बनना चाहिए।रविंद्र पांडे रवि ने कहा कि बन जाएंगे बिगड़े काम रे आओ कटरा कुटी कण-कण बोले सिया राम रे आओ कटरा कुटी। वेद प्रकाश त्रिवेदी प्रचंड बृज बिहारी मिश्रा मृदुल सहित करीब एक दर्जन से ज्यादा श्रेष्ठ रचनाओं से कवियों ने संत समाज का गुणगान किया। इस मौके पर परसपुर विकास मंच के अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार सिंह, प्रधान सुभाष यादव, डॉ कुमार, लव कुमार पांडे ,कथावाचक भुवनेश शास्त्री, डॉ अरुण सिंह, विजय सोनी, ओम प्रकाश गुप्ता, विनोद गुप्ता समेत काफी संख्या में मौजूद भक्तों को प्रसाद ग्रहण कराया गया।

सम्मेलन में मंच पर विराजमान कवि। अमृत विचार

विकास को लैंगिक समानता व किसानों की भूमिका जरूरी

बभनान, अमृत विचार: आचार्य नरेंद्र देव किसान पीजी कॉलेज बभनान के राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले संवाद- इंडिया 2047 के अंतर्गत भारत के पंच प्रण- एक युवा परिचय विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन सुखधाम सभागार में हुआ। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ वीके शुक्ल, पूर्व अध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग एमएलकेपीजी कॉलेज, बलरामपुर थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ डीके शुक्ल, प्राचार्य आचार्य नरेंद्र देव किसान पीजी कॉलेज बभनान ने की। विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ एसके पाण्डेय अध्यक्ष सैन्य विज्ञान विभाग, अखिलेश्वर प्रसाद शुक्ल मुख्य नियंता, डॉ प्रेम प्रकाश पाण्डेय, प्रवक्ता समाजशास्त्र विभाग तथा डॉक्टर त्रिपुरारी मिश्रा, प्रवक्ता जंतु विज्ञान विभाग थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। तनु पांडे एवं आराध्या मिश्रा ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। डॉ सत्य प्रकाश शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत किया। वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ. श्रवण कुमार शुक्ला ने विषय प्रवर्तन करते हुए पंच प्रण के विषय में संक्षिप्त जानकारी दी। डॉ प्रेम प्रकाश पांडे ने विकसित भारत की अवधारणा को स्पष्ट किया तथा विकास के लिए लैंगिक समानता युवा शक्ति एवं किसानों की भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. त्रिपुरारी मिश्रा ने भारत की विरासत पर विस्तार में चर्चा की। मुख्य अतिथि ने पंच प्रणों के विषय में एक-एक करके प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवक बुधराम ने नागरिकों के कर्तव्य और विरासत पर गर्व अपने विचार प्रस्तुत किया स्वयंसेविका आराध्य मिश्रा ने एकता एवं एकजुटता तथा गुलामी से मुक्त विषय पर अपने विचार व्यक्त किया। अन्य छात्र-छात्राओं ने भी कार्यक्रम में अपने विचार प्रस्तुत किए।

अयोध्या की 84 कोसी परिक्रमा 23 अप्रैल से, डीएम से मिला विहिप का प्रतिनिधिमंडल

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: अयोध्या की शास्त्रीय सीमा 84 कोस की परिक्रमा वर्षों से चली आ रही है। देश भर के साधु संत हर वर्ष की भांति 23 अप्रैल को अयोध्या से यात्रा प्रारंभ करेंगे और 14 मई को पुनः अयोध्या में यात्रा का समापन होगा। 22 दिनों की इस पैदल यात्रा में जो साधु संत शामिल होंगे उनके विश्राम स्थल से लेकर पौराणिक स्थलों की साफ सफाई, परिक्रमार्थियों की सुरक्षा सहित विभिन्न मुद्दों पर विहिप व बजरंगदल के पदाधिकारी शुक्रवार को डीएम से मिलकर अपनी मांगें रखी। विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय नेता राकेश वर्मा गुड्डू ने बताया कि हनुमान मंडल के बैनर तले यह यात्रा प्रारंभ होगी। हनुमान मंडल 84 कोसी परिक्रमा के प्रमुख सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी नेहा शर्मा से भेंट कर मांग पत्र सौंपा तथा परिक्रमा में सम्मिलित श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए एक मांग पत्र देकर उनसे आग्रह किया कि परिक्रमा के गोंडा में प्रवेश के पहले ही इन समस्याओं का निराकरण कर दिया जाए। सहसंयोजक राकेश वर्मा गुड्डू ने बताया कि 23 अप्रैल को अयोध्या से 84 कोसी परिक्रमा यात्रा आरंभ होगी जो बस्ती के मखौड़ा धाम पहुंचेगी यहां से अयोध्या, अंबेडकर नगर, बाराबंकी, बहराइच इत्यादि क्षेत्र से होते 5 मई को गोंडा के परसपुर क्षेत्र के अंतर्गत सरयू नदी को पार कर दुलारे बाग में पड़ाव डालेगी।

तहसील व सिविल कोर्ट में गंदगी को लेकर बार पदाधिकारी खफा

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: शुक्रवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी तथा महामंत्री चंद्रमणि तिवारी ने तहसील व सिविल कोर्ट में व्याप्त गंदगी व समस्याओं को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की। प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि सदर तहसील में पत्रावलियों में निर्धारित समय सीमा के अन्दर कोई भी आदेश नहीं होता है। तहसील में जो भी सम्बन्धित लोग नियमित रूप से अपने सीट पर नहीं बैठते है। तहसील, दीवानी परिसर में व्याप्त गंदगी है कहीं भी सफाई नहीं हो रही है। दीवानी परिसर में पेयजल की व्यवस्था खराब है, भारी गर्मी पड़ना प्रारम्भ हो चुकी है किन्तु वाटर कूलर व पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं की गयी है। इसके सम्बन्ध में जनपद न्यायाधीश से समय-समय पर वार्ता भी किया गया है। दीवानी परिसर में तीनों कैंटीन बन्द है। नई बिल्डिंग जो कुछ वर्ष पहले भूकंप आने पर पूरी तरह से गिरने से बची थी और उस समय अधिवक्ता, न्यायिक अधिकारी, वादकारी, कर्मचारी भागकर किसी तरह अपनी जान बचाये थे, रिजेक्ट हो चुकी बिल्डिंग में करोड़ों रूपये खर्च किये जा रहे हैं। कभी भी दुर्घटना हो सकती है। पदाधिकारी ने कहा कि एसीजेएम रेलवे जो प्रत्येक बृहस्पतिवार को सिविल कोर्ट परिसर के अन्दर कार्य करते थे वह न्यायालय यहां के लिये पूर्णतया बन्द कर दिया गया है। मण्डल स्थापना हुए करीब 26-27 वर्ष हो रहे हैं किन्तु मण्डल स्तर के सभी कार्यालय मण्डल स्थल पर स्थापित नहीं हो सके हैं। बार के पदाधिकारी ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा युवा अधिवक्ताओं के रजिस्ट्रेशन से 03 वर्ष तक बतौर भत्ता देने का निर्णय लिया है तथा बिहार सरकार द्वारा वृद्ध अधिवक्ताओं को पेंशन देने पर विचार किया जा रहा है लेकिन उत्तर प्रदेश में ऐसा कुछ नहीं है।

प्रतिभागियों को वितरित किए गए प्रमाणपत्र

संवाददाता, परसपुर

अमृत विचार: ब्लाक क्षेत्र के त्यौरासी के परिषदीय विद्यालय में तीन दिवसीय भारत स्काउट और गाइड प्रशिक्षण आयोजित किया गया। संयोजक एवं प्रधानाध्यापक नंद कुमार सिंह ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं ध्वज शिष्टाचार करके प्रशिक्षण प्रारंभ कराया। प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर में प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम शुक्रवार को सम्पन्न हुआ।

जिला संगठन कमिश्नर ज्ञानेश गुप्ता ने प्रथम दिवस वर्दी, ध्वज शिष्टाचार, प्रार्थना, झंडा गीत, नियम प्रतिज्ञा, स्काउटिंग इतिहास एवं शिविर के द्वितीय दिवस पर गांठ बंधन, कैंप फायर, तंबू निर्माण खोज के चिन्ह, बाँया हाथ मिलाना, आग जलाने का प्रशिक्षण कराया। शिविर के तृतीय दिवस को दीक्षा कार्यक्रम बिना बर्तन भोजन तैयार करना, सांस्कृतिक कार्यक्रम समापन राष्ट्रगान किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ परसपुर के अध्यक्ष इंद्र प्रताप सिंह ने सभी स्काउट गाइड बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने तथा समाज सेवा, अनुशासन तथा एकता के बारे में सम्बोधन किया। इस दौरान शिविर में प्रतिभागी सभी स्काउट एवं गाइड को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्काउट गाइड कैप्टन भारती भौमिक, प्रशिक्षक अटल पाण्डेय एवं बृजेश पाण्डेय, आशीष सिंह, अभिषेक सिंह, उपेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, गंगाराम कनौजिया, विजय प्रताप सिंह शामिल रहे।

प्रमाणपत्र के साथ बच्चे। अमृत विचार

स्काउट गाइड का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

परसपुर, अमृत विचार : परसपुर के उप्रावि त्यौरासी में तीन दिवसीय भारत स्काउड गाइड के प्रथम सोपान का प्रशिक्षण शिविर जिला संगठन कमिश्नर ज्ञानेश गुप्ता के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। प्रधानाचार्य नंद किशोर सिंह ने बताया शिविर में छात्रों को वर्दी, शिष्टाचार, प्रार्थना, झंडा गीत, प्रतिज्ञा, कैम्पफायर, ध्वजवितरण, बिना बर्तन के भोजन पकाना आदि का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के समापन दिवस के मुख्य अथिति अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ परसपुर इन्द्र प्रताप सिंह ने स्काउट गाइड छात्रों को जीवन मे आगे बढ़ने का आशीर्वाद देते हुए समाज सेवा, अनुशासन एवं एकता के साथ जीवन मे आगे बढ़ने का मंत्र दिया।

पैसे को लेकर युवक को पीटा, पति-पत्नी पर केस

परसपुर, अमृत विचार : मस्जिद के चंदे के पैसे को लेकर एक व्यक्ति को पीट-पीट कर लहूलुहान कर दिये जाने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद पति-पत्नी पर मुकदमा दर्ज किया गया। परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अकबर अली पुरवा मरचौर निवासी मजनू पुत्र मोहम्मद हुसैन ने बताया कि मस्जिद के चन्दा का पैसे के लेन देन के विवाद को लेकर उनके गांव निवासी शब्बीर पुत्र जद्दन व आरफा पत्नी शब्बीर ने मिलकर घर चढ़कर आये। गाली गलौज देते हुए मुक्का थप्पड़ लाठी डंडे से मारने लगे जिससे उसे गंभीर चोटें आयीं। शोर करने पर गांव के कुछ लोग मौके पर आकर बीच बचाव किये। जाते समय जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

कार्यालय ग्राम पंचायत पण्डितपुर विकास खण्ड मनकापुर गोंडा

पत्रांक–मेमो/गौ आश्रय केन्द्र /2024–25

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि ग्राम पंचायत पण्डितपुर विकास खण्ड –मनकापुर वर्ष 2024–25, गौ आश्रय केन्द्र के अन्तर्गत भूसा, दाना, हराभारा, साइलेज आदि कार्य हेतु आपूर्ति हेतु।

इच्छुक रजिस्टर्ड पंजीकृत फर्मो /कृषक निविदा दिनाँक 15/04/2024 को समय 11 बजे ग्राम पंचायत पण्डितपुर कार्यालय के सील्ड बाक्स में आमंत्रित की जाती है। उसी दिन 3 बजे अपराहन में निविदा खोली जाएगी निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा। जिसके लिए कोई कारण सनसूचित नही किया जाएगा।

नोटः– निविदा शुक्ल प्रतिभाग करें। 500 रुपये जमा करके प्रतिभाग करें।

राम अजोर, सचिव — किरन देवी, ग्राम प्रधान

ग्राम पंचायत पण्डितपुर, विकास खण्ड– मनकापुर, गोंडा

कार्यालय ग्राम पंचायत मछली गांव लौकहा विकास खण्ड मनकापुर गोंडा

पत्रांक–मेमो/गौ आश्रय केन्द्र /2024–25

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मछलीगांव लौकहा विकास खण्ड –मनकापुर वर्ष 2024–25, गौ आश्रय केन्द्र के अन्तर्गत भूसा, दाना, हराभारा, साइलेज आदि कार्य हेतु आपूर्ति हेतु।

इच्छुक रजिस्टर्ड पंजीकृत फर्मो /कृषक निविदा दिनाँक 15/04/2024 को समय 11 बजे ग्राम पंचायत मछलीगांव लौकहा कार्यालय के सील्ड बाक्स में आमंत्रित की जाती है। उसी दिन 3 बजे अपराहन में निविदा खोली जाएगी निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्रामप्रधान व सचिव में निहित होगा। जिसके लिए कोई कारण सनसूचित नही किया जाएगा।

नोटः– निविदा शुक्ल प्रतिभाग करें। 500 रुपये जमा करके प्रतिभाग करें।

राम अजोर, सचिव — शिव पूजन पांडेय, ग्राम प्रधान

ग्राम पंचायत मछली गांव लौकहा विकास खण्ड मनकापुर गोंडा

कार्यालय ग्राम पंचायत बैरीपुर रामनाथ विकास खण्ड मनकापुर गोंडा

पत्रांक–मेमो/गौ आश्रय केन्द्र /2024–25

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि ग्राम पंचायत बैरीपुर रामनाथ विकास खण्ड –मनकापुर वर्ष 2024–25, गौ आश्रय केन्द्र के अन्तर्गत भूसा, दाना, हराभारा, साइलेज आदि कार्य हेतु आपूर्ति हेतु।

इच्छुक रजिस्टर्ड पंजीकृत फर्मो /कृषक निविदा दिनाँक 15/04/2024 को समय 11 बजे ग्राम पंचायत बैरिपुर रामनाथ कार्यालय के सील्ड बाक्स में आमंत्रित की जाती है। उसी दिन 3 बजे अपराहन में निविदा खोली जाएगी निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा। जिसके लिए कोई कारण सनसूचित नही किया जाएगा।

नोटः– निविदा शुक्ल प्रतिभाग करें। 500 रुपये जमा करके प्रतिभाग करें।

राम अजोर, सचिव — अर्चना, ग्राम प्रधान

ग्राम पंचायत बैरीपुर रामनाथ, विकास खण्ड– मनकापुर गोंडा

हेकड़ी के चलते गंवा दिया पैर गंभीर हालत में रेफर

करनैलगंज, अमृत विचार : एक साइकिल सवार युवक की जान उस समय जोखिम में आ गई जब वह रेल फाटक बंद होने के बावजूद समपार फाटक के भीतर साईकिल समेत चला गया। जिससे वह तेज रफ्तार ट्रेन के चपेट में आ गया। दुर्घटना के बाद उसे एंबुलेंस से सीएचसी भेजा गया जहां उसकी हालत गंभीर होने के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना बृहस्पतिवार देर शाम की बताई जा रही है। बरवलिया कुर्मी निवासी रवीन्द्र वर्मा (28) पुत्र शिव नारायण अपनी साइकिल से करनैलगंज हटही रेलवे क्रासिंग पर पहुंचे। लेकिन गेट बंद होने के बाद भी वे साईकिल को गेट के नीचे से निकालकर रेल लाइन के निकट जा पहुंचे। गोंडा की ओर से आ रही सुपरफास्ट ट्रेन ने उन्हें उनकी साईकिल समेत अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में रवीन्द्र वर्मा को गंभीर चोट आई तथा उनका एक पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

भागवत कथा: भक्ति गीतों पर झूम उठे श्रद्धालु

परसपुर, अमृत विचार: श्री अद्वैत स्वरूप आश्रम में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथावाचक पंडित हरि विजय शास्त्री ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण जब दूत बनकर संधि प्रस्ताव लेकर हस्तिनापुर पहुँचे तब दुर्योधन ने उनके संधि प्रस्ताव को अस्वीकार कर उन्हें रात्रि विश्राम व भोजनादि करने को कहा तब श्रीकृष्ण ने दुर्योधन से कहा कि भोजन तो प्रेमवश किया जाता है, दूत का धर्म है कि जब तक उसका काम पूरा न हो जाए, तब तक वह राजा के यहां खाना नहीं खा सकता है। इसलिए मैं तुम्हारे यहां भोजन नहीं कर सकता। दुर्योधन से मिलने के बाद और उसका शाही भोजन छोड़कर श्रीकृष्ण विदुर के घर गए। वहां विदुर की पत्नी के भक्ति व प्रेम की परम भावना को देखकर श्रीकृष्ण ने केले का छिलका व साग खाया। वहीं भजन संध्या में साध्वी उपासना की भक्ति गीतों पर श्रद्धालु मगन हो उठे। इस अवसर पर शशि बहन, रजनी, कृष्ण मोहन रहे।

भजन प्रस्तुत करतीं साध्वी। अमृत विचार

खलिहान में लगा पेड़ काट ले गए दबंग, दी तहरीर

मनकापुर, अमृत विचार: खलिहान की जमीन में लगे पेड़ को अज्ञात लोगों ने काट डाला। हल्का लेखपाल ने पुलिस में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। क्षेत्र के बनजरिया के हल्का लेखपाल देवव्रत ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि गांव के खलिहान खाते की जमीन में लगे लगभग पचास साल पुराना गूलर का पेड़ अज्ञात लोगों द्वारा काट लिया गया। सूचना पर मौके पर जांच किया गया तो पेड़ का जड़ मिला है और लकड़ी किसी आरा मशीन पर चीरान कर उठा ले गये। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि तहरीर मिली है। जांच कर केस दर्ज किया जायेगा।

पाप बढ़ता है तो प्रभु लेते हैं अवतार: अनंताचार्य

तरबगंज, अमृत विचार: जमथा गांव में संस्कृत गुरुकुल मनसा देवी मंदिर चंडीगढ़ के संस्थापक आचार्य श्री स्वामी प्रसाद मिश्र व संस्कृत के परम विद्वान आचार्य दिनेश शुक्ल के संयोजन में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत पुराण कथा में राम अवतार व कृष्णावतार की दिव्य कथा का वर्णन श्री धाम अयोध्या के उत्तर तोताद्रि मठ के पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी अनंताचार्य ने कही। उन्होंने बताया कि जब जब आसुरी प्रवृत्तियां पृथ्वी पर बढ़ती हैं तब तब भगवान को विभिन्न रूपों में अवतार लेना पड़ता है। भगवान उन आततायियों का संहार करके सनातन धर्म की रक्षा करते हैं।

कथा यजमान पं जगन्नाथ पांडेय, ग्राम प्रधान मन्नू पांडे, अवधी कवि व भजन गायक शिवपूजन शुक्ल, मनीराम शर्मा व कृष्णा शर्मा, बागीश दत्त पांडेय, सुशील पांडेय कोटेदार, वेद मणि दूबे सहित भारी संख्या में ग्राम वासियों ने भागवत कथा का रसपान किया।

कथा कहते अनंताचार्य। अमृत विचार

ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक में ग्रामीणों से मदद की अपील

श्रावस्ती, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए डीएम कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक सिरसिया के सधईपुरवा में आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न करने के लिए ग्राम वासियों से सहयोग की अपील की। उन्होने कहा कि ग्राम सुरक्षा समिति देश की सुरक्षा व्यवस्था का एक अहम हिस्सा है। प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह किसी भी जाति या समुदाय का हो, उनके ऊपर सबसे पहले देश की जिम्मेदारी होती है। उन्होने कहा कि यह जनपद भारत-नेपाल देश के साथ खुली सीमा बनाता है, जहां से कोई भी आ सकता है और जा भी सकता है। नेपाल के साथ हमारे देश के मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध है। इसलिए बार्डर पर दोनों देशों के नागरिकों को किसी भी प्रकार की रोक-टोक नही है। समस्या तब होती जब किसी तीसरे संदिग्ध व्यक्ति द्वारा सीमा में प्रवेश किया जाता है। इसलिए ग्राम सुरक्षा समितियों का दायित्व है कि हर गतिविधि पर नज़र रखें और हर सूचना को प्रशासन एवं पुलिस तक तत्काल पहुंचायें। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने कहा कि सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। निर्वाचन को प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। एसएसबी कमाण्डेंट रविन्द्र राजेश्वरी ने कहा कि शान्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने में ग्राम वासियों की अहम भूमिका है। उन्होने कहा कि ग्राम सुरक्षा समितियों के सदस्य आगामी लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए सजग रहें। कोई भी गतिविधि होने पर तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

कोतवाली देहात से मरीमाता मंदिर तक बनेगी मानव शृंखला

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार: लोकसभा सामान्य निर्वाचन में घोषित किये गये कार्यक्रम के अनुसार 56-बहराइच संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाहित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों बलहा, नानपारा, मटेरा, महसी व बहराइच में चतुर्थ चरण हेतु 13 मई तथा 57-कैसरगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों पयागपुर व कैसरगंज में पंचम चरण हेतु 20 मई को मतदान होगा। जिले के शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद में 16 अप्रैल को मानव श्रृंखला का निर्माण कर जन-जन को मतदान के लिए जागरूक किया जायेगा।

कलेक्ट्रेट में मानव शृंखला के लिए बैठक करतीं डीएम। अमृत विचार

मानक श्रृंखला का निर्माण 16 अप्रैल को प्रातः आठ बजे से श्रीमरीमाता मन्दिर के प्रवेश द्वार से देहात कोतवाली गेट तक किया जायेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर आयोजित होने वाली मानव श्रृंखला में समाज के सभी वर्गों के स्त्री, पुरूष व युवाओं के साथ-साथ विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, सरकारी कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारी, प्रबुद्धजन, मीडिया कर्मी, गैर सरकारी व स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि, खिलाड़ियो, दिव्यांगजन, नवीन व बुजुर्ग मतदाताओं की उपस्थिति लोगों को यह सन्देश देने में सफल होगी कि हमें मतदान दिवस के दिन जलपान से पहले अपने मताधिकार का प्रयोग कर विश्व के सबसे बड़े लोकतन्त्र के महाकुंभ में अपना योगदान करना है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपदवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में मानव श्रृंखला में प्रतिभाग कर आयोजन को सफल बनायें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी (स्वीप) रम्या आर., डीडीओ महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडीडीआरडीए राज कुमार, डीआईओएस नरेन्द्र देव, बीएसए अव्यक्तराम तिवारी, ईओ नगर पालिका प्रमिता सिंह, उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बीपी सत्यार्थी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह व अन्य अधिकारी, विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

जनपद में 13 अप्रैल से होगा खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण

बहराइच : जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह अप्रैल में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 13 अप्रैल से 29 अप्रैल तक किया जायेगा। वितरण अवधि मे प्रत्येक अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 किलोग्राम खाद्यान्न तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 किलो खाद्यान्न का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। डीएसओ नरेंद्र तिवारी ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 29 अप्रैल को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। डीएसओ ने कार्डधारकों से अपेक्षा की है कि वितरण अवधि के दौरान ई-पास मशीन पर अंगूठा लगाने के पश्चात तत्समय ही अपना निःशुल्क खाद्यान्न सम्बन्धित उचित दर विक्रेता से अवश्य प्राप्त कर लें।

'सात का वार' मंत्र अपनाने का सुझाव

अपर निदेशक स्वास्थ्य ने लिया जायजा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

संवाददाता,बहराइच

अमृत विचार : मच्छरों से फैलने वाले संचारी रोगों की पहचान कर त्वरित इलाज पहुंचाने के उद्देश्य से जनपद में 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। संचारी रोगों और डेंगू, फाइलेरिया, मलेरिया, दिमागी बुखार, टीबी रोग व कुष्ठ रोग के संभावित व्यक्तियों की पहचान कर जांच व उपचार की सूची बना रही हैं। अभियान की गुणवत्ता परखने के लिए अपर निदेशक स्वास्थ्य देवीपाटन मण्डल डॉ जयंत कुमार ने शुक्रवार को पयागपुर के पथरकट्टपुरवा का भ्रमण किया और स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिये।

पयागपुर में जांच करते अपर निदेशक स्वास्थ्य। अमृत विचार

अपर निदेशक ने संचारी रोगों से बचने के लिए 'सात का वार' मंत्र अपनाने का सुझाव दिया। जिसके अनुसार दिमागी बुखार से बचाव के लिए पहला टीका 9 माह से 12 माह के बच्चे को और दूसरा टीका 16 माह से 24 माह के बच्चे को नियमित टीकाकरण के अंतर्गत जरूर लगवाएं, घरों के आस पास साफ सफाई रखें, मच्छर से बचने के लिए पूरी बांह वाली कमीज और फुल पैंट पहने, स्वच्छ पेयजल ही पिये, आस-पास जल जमाव न होने दें मच्छर इसी जल में पनपते हैं, कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान रखें और व्यक्तिगत साफ सफाई रखें। उन्होंने कहा इन व्यवहारों को अपनाकर संचारी रोगों से बचा जा सकता है।

इसके अलावा बुखार होने पर बच्चों को बिना देरी के उपचार के लिए नजदीकी सरकारी अस्पताल में ले जाएं क्योंकि कोई भी बुखार दिमागी बुखार हो सकता है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों से संभावित संचारी रोग जैसे डेंगू, फाइलेरिया, मलेरिया, दिमागी बुखार, टीबी रोग व कुष्ठ रोग के संभावित व्यक्तियों की पहचान कर जांच और इलाज के लिए नजदीकी सरकारी अस्पताल में भेजने के निर्देश दिये साथ ही लक्षण युक्त व्यक्तियों का विवरण ई कवच पोर्टल पर दर्ज करने के लिए कहा। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ थानेदार, स्वास्थ्य पर्वेक्षक मनीष द्विवेदी, बीपीएम अनुपम शुक्ला, आशा कार्यकर्ता अलका तिवारी सहित गांव के अन्य लोग मौजूद रहे।

आग लगने से लाखों का हुआ नुकसान

आग लगने से राख के ढेर में तब्दील फूस का मकान। अमृत विचार

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार: पयागपुर क्षेत्र के दो गांवों में आग लगने से पांच मकान जलकर राख हो गए। वहीं दो बकरियों की जलकर मौत हो गई। राजस्व कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर जांच की है।

पयागपुर थाना अन्तर्गत बाबागंज नेजाभार निवासी कादिर अली व ईशाद अली पुत्र इसहाक अली के मडहा में गुरुवार दोपहर को अज्ञात कारणों से आग लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस बल द्वारा मौके पर पहुंच कर ग्रामवासियो की सहयता से आग पर काबू पाया गया। जब तक ग्रामवासी आग पर काबू पाते तब तक मड़हे में बंधी 2 बकरियां जल कर मर गयी। दूसरी तरफ मंगराइच पुरवा सुनगा निवासी सहदेव तिवारी, धर्मराज, देवेंद्र पुत्र रामभवन तिवारी के छप्पर में अज्ञात कारणों से आग लग गयी। सूचना पर पहुंचे पुलिस बल व ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने से तीन लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। अग्निकांड में कपड़ा, बर्तन अनाज और अन्य सामान जल गया है। सभी खुले आसमान तले रहने को विवश हैं।

स्वास्थ्य व पुलिस व्यवस्था हुई धक्का प्लेट

जिला अस्पताल के सामने एंबुलेंस में धक्का लगाते लोग। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार: जिला अस्पताल के सामने एंबुलेंस और कुछ ही मिनट में कोतवाली देहात की पुलिस जीप खराब हो गई। जिस पर सभी धक्का लगाते हुए उसे मिस्त्री के यहां ले गए। इसका वीडियो भी जमकर वायरल हो रहा है।

मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय के सामने देर रात को 108 सेवा की एंबुलेंस क्लच खराब होने से स्टार्ट नहीं हो रही थी। जिस पर एंबुलेंस कर्मियों के साथ स्थानीय लोग धक्का लगाकर उसे स्टार्ट करते दिखे। कुछ ही देर में उसी स्थान पर कोतवाली देहात की पुलिस जीप भी खराब हो गई। जिस पर सड़क पर पुलिस के साथ अन्य लोग धक्का लगाकर उसे स्टार्ट करने का प्रयास करते दिखे। हालांकि वाहन स्टार्ट नहीं हुआ। जिस पर दोनों वाहन को मिस्त्री के यहां ले जाकर सही करवाया गया। इसका लोगों ने वीडियो बनाने के साथ फोटो भी खींचा। इसके बाद सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। लोग तरह तरह के जोक भी डाल रहे हैं।

अदा की गई ईद-उल-फितर की नमाज

श्रावस्ती, अमृत विचार: जनपद मुख्यालय सहित जिले में बड़े ही अकीदत के साथ ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। इस दौरान नमाज को लेकर प्रशासन भी चौंक चौबंद दिखा। गुरुवार को जनपद के मुख्यालय भिनगा स्थित ईदगाह में सुबह से ही नमाज अदा करने के लिए लोगों में खुशी का माहौल देखा गया निश्चित समय पर लोगों ने ईद की नमाज अदा की और मुल्क की सलामती तथा अमन चैन के लिए अल्लाह से दुआ मांगी। वही नगर के पुरानी बाजार स्थित बड़ी मस्जिद, खलवा बाजार मस्जिद, तथा मोहल्ला राजा नगर की मस्जिद, में अलग-अलग समय पर नमाज अदा की गई। नगर की ईदगाह में मौलाना गुल मोहम्मद ने लोगों को नमाज अदा कराया। लोगों ने नमाज के बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद पर्व की बधाई दी इस मौके पर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट दिखा। हर नमाज स्थल पर पुलिस और होमगार्ड के जवानों की तैनाती लगी रही इसी तरह जिले के अन्य बाजारों लक्ष्मणपुर, सिरसिया, गिलौला, इकौना, जमुनहा,मल्हीपुर, आदि कई प्रमुख स्थानों पर और गांवों में ईद की नमाज अदा की गई। कहीं से किसी तरह का कोई अप्रिय समाचार नहीं मिला। ईद की नमाज के बाद ईदगाह में लगे मेले का भी लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। पूरे दिन लोग आपस में एक-दूसरे को ईद का मुबारकबाद देकर गले मिलते रहे। मौलाना अखलाक अहमद बताते हैं कि ईद आपसी प्रेम भाईचारा का प्रतीक पर्व है। जो सभी लोगों में समानता दिखाता है।ईद के दिन सभी गरीब अमीर नये पोशाक पहनते हैं और ईदगाह पर सभी लोग साथ में नमाज अदा करते हैं।



ईद-उल-फितर की नमाज अदा करते लोग। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने सीएचसी सिरसिया का लिया जायजा

सीएचसी सिरसिया का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, श्रावस्ती

अमृत विचार: सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरसिया का शुक्रवार को डीएम ने आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में मौजूद मरीजों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना। चिकित्सकों द्वारा मरीजों को दी जा रही चिकित्सीय सुविधा की भी जानकारी ली।

जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका, ओपीडी कक्ष, होम्योपैथिक कक्ष, पैथालॉजी, इमरजेंसी कक्ष, ओपीडी महिला/पुरूष, एक्स-रे कक्ष, केएमएस वार्ड, एनबीएसयू वार्ड, लेबर रूम, आपरेशन थियेटर, टीबी मरीज कक्ष, कोल्ड चेन स्टोरेज कक्ष आदि का निरीक्षण कर जानकारी ली और सभी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त रखने का निर्देश दिया। औषधि भण्डार कक्ष का निरीक्षण के दौरान स्टॉक एवं वितरण का अंकन अपडेट मिला। उन्होने सभी चिकित्सको व पैरामेडिकल कर्मियों को निर्देश दिया है कि प्रत्येक मरीज को सभी स्वास्थ्य सुविधाएं हर हाल में उपलब्ध कराएं और मरीजों के साथ बेहतर व्यवहार करें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी भिनगा पीयूष जायसवाल, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरसिया डॉ. प्रवीण कुमार सहित चिकित्सकगण एवं पैरामेडिकल कर्मीगण मौजूद रहे।

14 अप्रैल को बंद रहेंगी शराब की दुकानें

श्रावस्ती, अमृत विचार : जिला मजिस्ट्रेट कृतिका शर्मा ने बताया है कि उत्तर प्रदेश आबकारी मैनुअल खण्ड-1, भाग-2, अनुभाग-5 के नियम-13(ख)(3) में प्राविधानानुसार 14 अप्रैल, 2024 को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जन्म दिवस के अवसर पर जनपद की समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर एवं भांग की दुकाने तथा देशी शराब/विदेशी मदिरा व बीयर के थोक अनुज्ञापन तथा भांग दुकाने बन्द रखी जायेगी। बन्दी के फलस्वरूप अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नही होगा।

तालाब में डूबने से बालक की मौत

श्रावस्ती, अमृत विचार : भिनगा कोतवाली क्षेत्र के बंटिहवा चौकी के ग्राम अग्गापुर निवासी जुगुनू के 12 वर्षीय पुत्र नेपाली की मौत डूबने से हो गई। नेपाली शुक्रवार को दोपहर में तालाब के किनारे शौच के लिए गया था। जहा पर पैर फिसलने से तालाब में गिर गया। जब तक लोग कुछ कर पाते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को निकलवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वर्ग पहेली-38

बाएं से दाएं

1.1. निकालने की क्रिया या भाव 2. निकाले या बेदख़ल किए जाने का दंड, निष्कासन।

3.1. रुई धुनने का औज़ार, फटका, कठेल, धनुआ, पीजन 2. बच्चों के खेलने का छोटा धनुष।

4.1. भौचक्का होना, चकित या स्तंभित होना 2. व्यर्थ बोलना, बकना 3. रटना।

7.1. वायुपरिवहन तथा उसका अभ्यास 2. वायुयान चलाने का विज्ञान, विमानशास्त्र, (एयरनॉटिक्स)।

8. दे. बेशर्मी।

ऊपर से नीचे

1.1. पलक का झपकना 2. पलक झपकने भर का समय या क्षण, पल।

2.1. गिनती करने की क्रिया, किसी क्रम विशेष में अंकों का उच्चारण, संख्या जानना 2. हिसाब लगाना, गणना करना 3. किसी को महत्व देना या महत्वपूर्ण समझना।

3.1. पेट और छाती के मध्य का गहरा भाग 2. हृदय 3. भय या संकोच के कारण हृदय की तेज़ धड़कन, धकधक 4. आशंका, व्याकुलता 5. डर, भय 6. गले में पहना जाने वाला एक आभूषण।

5.1. जिसका उपचार किया गया हो 2. सेवित, पूजित।

6.1. प्रदर्शनी, दिखावा, दिखावट, (एग्ज़िविशन) 2. ठाठ-बाट, तड़क-भड़क 3. अद्भुत वस्तुओं का प्रदर्शन 4. वह स्थान जहां उक्त प्रकार की वस्तुएं लोगों को दिखाने के लिए रखी जाती हैं।



वर्ग पहेली -37 का हल

	1 त	क	2 दी	र		3 टो
			वा			ली
	4 प		ने			
	दा		5 आ	ब	6 पा	शी
7 अ	नु	का	म		इ	
	रा			8 ब	रे	ठा
9 अँ	ग	ड़ा	ई		सी	

सुडोकू -117

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	8		2	6		4		
9						5		
			4				1	7
	3				8			4
		6				7		
1			7				9	
	4				3			8
		2			4			6
		5		7			4	

सुडोकू -116 का हल

3	1	4	7	6	9	5	2	8
5	2	9	8	4	1	3	7	6
7	8	6	5	2	3	9	1	4
4	5	1	3	7	2	6	8	9
9	3	8	1	5	6	2	4	7
2	6	7	4	9	8	1	3	5
6	7	2	9	3	4	8	5	1
1	4	3	6	8	5	7	9	2
8	9	5	2	1	7	4	6	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 12.04 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मृगशिरा 14 अप्रैल 12.49 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

मेष — आज दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक रहेगी। दोपहर के बाद व्यवसाय से अच्छा धन लाभ हो सकता है। अविवाहित लड़कियों का विवाह तय हो सकता है। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक रूप से हलकापन महसूस करेंगे।

वृष — आज जरूरी काम लंबित हो सकते हैं। दूसरों के काम में कमियां न निकालें। निर्णय लेने में थोड़ी बहुत चूक हो सकती है। कुछ असंतोष की स्थितियां बन सकती हैं। पति-पत्नी के बीच संबंधों में कुछ दबाव सा महसूस करेंगे।

मिथुन — आज समाज में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी। कम समय में उच्चतम गुणवत्ता का काम करने से आपको यश मिलेगा। कारोबारियों के लिए दिन बहुत शुभ है। नौकरीपेशा लोगों को आधिकारिक यात्रा करनी पड़ सकती है।

कर्क — आज जल्दबाजी में कोई बड़ा निर्णय न लें। मित्रों के स्वभाव में आया अचानक बदलाव आपको दुखी कर सकता है। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। अत्यधिक काम के कारण आपको आराम नहीं मिलेगा जिसके कारण थकान महसूस हो सकती है।

सिंह — आज उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। व्यवसाय में कुछ धीमेपन के बाद अच्छी गति रहेगी। रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। आप परोपकार के कार्यों में काफी व्यस्त हो सकते हैं।

कन्या — आज राजनीति से जुड़े लोग अपनी कूटनीतिक क्षमता का परिचय देंगे। पैतृक व्यवसाय में तेजी आएगी। पुरानी यादें दोबारा ताजा हो सकती हैं। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। अवसरों का लाभ उठाने में चूक न करें। परिजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा।

तुला — आज युवा प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहें। बनते कार्यों में रुकावटें आने की आशंका है। माता-पिता या गुरुजनों की सलाह अवश्य लें। मन में नकारात्मक विचार जन्म ले सकते हैं। छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ा करने से बचें।

वृश्चिक — आज आपका मन कुछ अप्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। अपनी दिनचर्या को संतुलित रखें। गैरकानूनी कार्यों की तरफ रुचि लेना उचित नहीं है। नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें।

धनु — आज अपनी रुचि के अनुसार काम करने से आप प्रसन्न रहेंगे। व्यापारिक गतिविधियां उत्तम रहेंगी। घर के सभी सदस्य आपके ऊपर काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। उच्च अधिकारी आपकी काफी प्रशंसा करेंगे।

मकर — आज संपत्ति के क्रय-विक्रय से बड़ा धन लाभ होगा। घर में निकट संबंधी और रिश्तेदार आ सकते हैं। कुछ महत्वपूर्ण अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। दिल की बजाय दिमाग से काम लें। परिवार में आपसी प्रेम और स्नेह बढ़ेगा।

कुंभ — आज नए व्यवसाय की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। कार्यक्षेत्र में प्रतिद्वन्दिता के कारण परेशानी हो सकती है। व्यर्थ की गतिविधियों में धन बर्बाद न करें। पढ़ाई में थोड़ी परेशानी होगी। नसों में खिंचाव और दर्द की शिकायत हो सकती है।

मीन — आज व्यवसाय में बड़ी डील को लेकर परेशानी हो सकती है। आपका मन नहीं लगेगा। निजी मामलों को लेकर बाहरी लोगों से सलाह न लें। परिवार में कुछ समस्या हो सकती है। शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय रहेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- मेला — दोपहर : 02.44
- जान से प्यारा — रात : 07.00
- अल्लुडु एडर्स — सुबह : 08.43
- शिवम — शाम : 04.40

SONY PIX
- जॉम्बीलैंड — सुबह : 11.21
- लाइफ — रात : 07.16

&pictures
- हम साथ साथ हैं — सुबह : 10.10
- यमला पगला दीवाना — रात : 07.15

ZEE CINEMA
- वेल डन अब्बा — सुबह : 09.15
- हम दो हमारे दो — रात : 09.00

StarGold SELECT

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 07.15 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक हैंडसम लड़का क्लास में आया तो सारी लड़कियां देखते ही दीवानी हो गई,लेकिन आते ही लड़के ने एक ऐसी बात कही की सब लड़कियां बेहोश हो गई।
सोचो लड़के ने क्या कहा होगा सोचो सोचो ...
लड़के ने कहा थोड़ी जगह देना बहन जी झाड़ू लगाना है।

चुनावों के समय एक गांव में बिजली लगने की घोषणा हुई सभी लोग खुशी से नाचने लग गए।
इतने में एक कुत्ता भी नाचने लग गया। लोगों ने पूछा तुम क्यों नाच रहे हो?
कुत्ता- खंबे भी खंबे भी तो लगेंगे...

एक नजर

आज बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

बहराइच : विद्युत वितरण उपखण्ड-प्रथम, बहराइच के उपखण्ड अधिकारी आनन्द सिंह ने बताया कि 13 अप्रैल को 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र कल्पीपारा, बहराइच के समस्त 11 केवी पोषको का परीक्षण किया जाना है। जिस कारण विद्युत उपकेन्द्र-कल्पीपारा बहराइच के समस्त फीडर पूर्वान्ह 11 बजे से बजे से अपरान्ह दो बजे तक बन्द रहेंगे। श्री सिंह ने बताया कि पोषक परीक्षण के कारण समस्त औद्योगिक उपभोगताओं, घोसियाना दरगाह, गल्ला व फल मण्डी, आसाम चौराहा, पहाड़ा पक्कड़, पलरीबाग, महराजगांव, सगरा आदि क्षेत्र विद्युत आपूर्ति 03 घंटे के लिए प्रभावित रहेगी।

87 वाहनों का किया गया अधिग्रहण

बहराइच : लोकसभा चुनाव को लेकर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी की ओर से वाहनों का अधिग्रहण किया जा रहा है। शुक्रवार को आरटीओ आप सिंह और एआरटीओ राजीव कुमार सिंह की अगुवाई में 87 वाहनों का अधिग्रहण हुआ आरटीओ राजीव कुमार सिंह ने बताया कि सभी वाहन सेक्टर मजिस्ट्रेट को उपलब्ध करा दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट मतदान केंद्रों में पानी, बिजली और अन्य सुविधाओं की जांच कर रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी को देंगे।

छत से गिरकर हुआ घायल

बहराइच : रामगांव थाना क्षेत्र के गढ़वा नौतला गांव निवासी अंकित कुमार पुत्र राजेश शुक्रवार सुबह सोकर उठा। इसके बाद वह नीचे उतरने लगा, तभी असंतुलित हो कर नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया अंकित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान हालत में सुधार न होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया।

चचेरे भाइयों को पीटा, भर्ती

बहराइच : कोतवाली देहात के हेमरिया गांव निवासी खुशीराम पुत्र मुरारी प्रसाद और चचेरे भाई सरोज पुत्र मस्तराम को तीन लोगों ने शुक्रवार को रंजिश में पिटाई कर दी। जिससे दोनों घायल हो गए। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

डेमू ट्रेन से कटकर अज्ञात की मौत

बहराइच : जनपद के गोंडा बहराइच रेल मार्ग पर बृहस्पतिवार को गोंडा से आ रही डेमू की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गोंडा से चलकर डेमू ट्रेन संख्या 05373 बहराइच के लिए रवाना हुई। ट्रेन बहराइच जिले के कोतवाली क्षेत्र के दसईपुरवा गांव के पास ट्रेन पहुंची। तभी एक अज्ञात युवक डेमू ट्रेन की चपेट में आ गया। मौके पर ही युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पाकर कोतवाली देहात की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवक के पहचान के लिए पूछताछ की, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी।

जमीनी विवाद में मारपीट पांच घायल

नानपारा, बहराइच : क्षेत्र के घिसियावनपुरवा गांव में जमीनी विवाद को लेकर शुक्रवार को दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें पांच लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम घिसियावनपुरवा में सुरेश और मीना देवी पक्ष में जमीनी विवाद चल रहा है। एक पक्ष से सुरेश पुत्र बदली राम, राजू पुत्र बदलू राम और दूसरे पक्ष से मीना देवी पत्नी बांकेलाल, अर्जुन और अरविंद घायल हो गए। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं दोनों पक्ष के लोगों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है।

माता की आराधना करने से विनम्रता का होता है विकास

संवाददाता, बहराइच

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को पुस्तक देते पदाधिकारी और मौजूद लोग। अमृत विचार

अमृत विचार: नवरात्र संस्कारोत्सव समिति के द्वारा माता के विविध स्वरूपों के पूजन अर्चन कार्यक्रम नगर में आयोजित किया जा रहा है। नवरात्र के तीसरे दिन अकबरपुरा स्थित राम जानकी मंदिर में मां के तृतीय स्वरूप माता चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बहराइच विभाग के विभाग प्रचारक डॉ अवधेश ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन नवरात्र संस्कार उत्सव समिति के संयोजक रजनीश एवं संचालन डॉ देवेंद्र उपाध्याय ने किया। तृतीय दिवस आयोजित कार्यक्रम का आयोजन डॉ अनीता जायसवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता ने कहा कि मां दुर्गा जी की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है माता का स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है माता के मस्तक में घंटे के आकार का अर्धचंद्र है, इसी कारण इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। माता की आराधना करने से साधक में वीरता निर्भरता के साथ-साथ सौम्यता एवं विनम्रता का भी विकास होता है। इससे पूर्व प्रथम दिवस माता शैलपुत्री का पूजन अर्चन कार्यक्रम सचिन श्रीवास्तव के आवास पर आयोजित हुआ। द्वितीय दिवस मां ब्रह्मचारिणी के स्वरूप के पूजन अर्चन कार्यक्रम का संयोजन श्रवण कुमार द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रचारक अशोक केडिया, जिला कार्यवाहक भूपेंद्र, जिला प्रचारक अजय, रमेश पाठक, विनोद सिंह , नरेंद्र शंकर शुक्ला, प्रेम प्रकाश, नगर कार्यवाह शिवम, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व अजय शर्मा ,सचिन श्रीवास्तव, आयुष जायसवाल, अयोध्या प्रसाद अवस्थी, अमित द्विवेदी ,सरदार जसवीर सिंह, रवि, भानु जायसवाल, रमेश जायसवाल, एकता जायसवाल, हेमा निगम आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पारले चीनी मिल ने जारी किया तुगलकी फरमान



पारले चीनी मिल की नोटिस।

बहराइच, अमृत विचार : पारले चीनी मिल परसेंडी के महाप्रबंधक ने ईद को लेकर तुगलकी फरमान जारी किया है। जिसमें उन्होंने ईद की छुट्टी सिर्फ मुस्लिमों के लिए जारी करने और बहुसंख्यक समाज के लोगों को काम करने का निर्देश दिया। जिस पर अन्य लोगों ने सार्वजनिक अवकाश के मौके पर भी काम किया है। कैसरगंज के परसेंडी में पारले चीनी मिल का संचालन होता है। चीनी मिल में अभी गन्ना पेराई का कार्य चल रहा है। जिसके चलते कर्मचारी भी काम कर रहे हैं। गुरुवार को ईद के मौके पर मिल के महा प्रबंधक अनिल सखूजा की ओर से अवकाश के लिए नोटिस चस्पा की गई। जिसमें महा प्रबंधक ने ईद पर सिर्फ मुस्लिम कर्मचारियों को अवकाश देने और अन्य समाज के लोगों को काम करने के निर्देश दिए गए। महाप्रबंधक के इस आदेश को लेकर अन्य कर्मचारियों में नाराजगी है। वहीं लोग उसे तुगलकी फरमान बता रहे हैं। इस मामले में मिल के कारखाना प्रबंधक अनिल यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मिल का संचालन इस समय चल रहा है। ऐसे में किसानों के हित को देखते हुए सभी को अवकाश नहीं दिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सरकार के नियमों के अनुसार ही ईद पर सिर्फ मुस्लिम कर्मचारियों को अवकाश दिया गया है।

सड़क हादसों में दो की मौत, पांच घायल

अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए हादसे, घायलों को जिला अस्पताल में कराया भर्ती

संवाददाता, बहराइच

जिला अस्पताल में भर्ती घायल। अमृत विचार

अमृत विचार: जिले के अलग अलग क्षेत्रों में सड़क हादसे हो गए। हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि श्रमिकों समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर के मुताबिक दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

हरदी इलाके के नत्थू पुरवा ग्राम के रहने वाले मदन उम्र (55) फखरपुर इलाके में स्थित महमूदपुर ग्राम में रहने वाली अपनी बेटी से मिलने के लिए उसके घर जा रहे थे। महमूदपुर के सामने सड़क पार करते वक्त किसी अज्ञात वाहन ने मदन को टक्कर मार दी, हादसे में वो बुरी तरह घायल हो गए। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना फखरपुर थाने को दी , जानकारी पर पहुंची पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजवाया जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। फखरपुर थाना प्रभारी करुणाशंकर ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर एक वृद्ध की मौत हो गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है , अज्ञात वाहन व चालक के खिलाफ मामला दर्जकर जांच की जा रही है। फखरपुर थाना क्षेत्र के डोगाही गांव निवासी मैनुद्दीन पुत्र ननकू लखनऊ में रहकर कबाड़ का काम करते थे। बुधवार को वह लखनऊ जा रहे थे लखनऊ क्षेत्र में ही अज्ञात वाहन की टक्कर से वह हादसे का शिकार हो गए। उनको परिवार के लोगों ने जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई। परिवार के लोग शव लेकर घर चले गए। उधर कोतवाली देहात के ग्राम केशवपुर निवासी शिवपुत्र राजकुमार अपने साथी हनुमान प्रसाद पुत्र बेचन और सत्यम पुत्र राम नरेश के साथ मजदूरी के लिए कथा गांव साइकिल से जा रहे थे। जबकि सामने से बौंडी थाना क्षेत्र के जैतापुर गांव निवासी बाइक सवार मानस पुत्र शैलेंद्र कुमार अश्मित सिंह पुत्र वीर बहादुर सिंह निवासी रानी बाग की टक्कर हो गई। जिसमें साइकिल और बाइक सवार पांच लोग घायल हो गए। सभी को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर के मुताबिक श्रमिक शिव और हनुमान की हालत गंभीर बनी हुई है।

समाज का शिक्षित होना बहुत जरूरी

पयागपुर, बहराइच

जागरूकता रैली निकालते छात्र। अमृत विचार

अमृत विचार: प्राथमिक विद्यालय राजाबाग के बच्चों ने स्कूल चलो अभियान व मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया। शिक्षकों ने समाज के शिक्षित होने और उसके लाभ के बारे में बताया।

परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराने एवं आगामी लोकसभा चुनाव मे बढ़ चढ़ कर मतदान करने के लिए शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय राजाबाग के बच्चों ने जागरूकता रैली निकाल कर ग्रामीणों को जागरूक किया।रैली के समापन पर उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए एआरपी राजेश मिश्र ने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों का परिषदीय विद्यालय में नामांकन कराने और आगामी लोकसभा निर्वाचन में सभी से मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधान शिक्षिका कृष्ण क्रांति देवी,शिक्षिका मृणालिनी मिश्रा,शिक्षक राजेंद्र कुमार ,सौम्या चौधरी, सोनिका त्रिपाठी रवि यादव,शिवा,विजय, और अखिलेश यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

बकाया पैसे देने के बहाने घर बुलाकर किया हमला

बहराइच, अमृत विचार : शहर के मोहल्ला निवासी बुजुर्ग को सेंवई का बकाया पैसा देने के बहाने युवक ने घर बुलाया। इसके बाद उस पर लाठी डंडे से वार कर दिया। जिसमें बुजुर्ग का सिर फट गया। बुजुर्ग को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली नगर के मोहल्ला काजीपुरा निवासी हफीजुर्रमान (60) सेंवई कारोबारी है। बुजुर्ग से शहर के बख्शीपुरा मोहल्ला निवासी मोहम्मद इरफान ने कुछ दिन पूर्व सेंवई उधार लिया था। पैसा न मिलने पर बुजुर्ग ने मांग की तो युवक ने घर आकर पैसा लेने की बात कही। बुजुर्ग बुधवार शाम को युवक के घर गया तो उस पर युवक लाठी डंडे से हमला कर दिया। जिससे बुजुर्ग का सिर फट गया। वहीं आरोप है कि युवक पर हमला किया गया। वहीं बुजुर्ग की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल नगर मनोज कुमार पांडे ने जिला अस्पताल पहुंच कर मामले की जानकारी ली।

सार-संक्षेप

बीएससी के छात्र की सर्पदंश से मौत

फाइल फोटो।

बहराइच, अमृत विचार : जिले में बीएससी छात्र की सर्पदंश से मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक खेत में फसल में की सिंचाई कर रहे छात्र को सांप ने काट लिया। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ललुआ गांव निवासी किसान निरंजन सिंह के 18 वर्षीय पुत्र सत्यवीर सिंह को बुधवार की दोपहर खेत पर काम करते समय सांप ने डस लिया। उपचार के दौरान उसने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतक के परिजनों ने बताया की वह शहर स्थित केडीसी कॉलेज में बीएससी प्रथम वर्ष का छात्र था। पिता खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि सत्यवीर पढ़ाई लिखाई में मेधावी था। बुधवार को ही शहर से गांव परिवार में तिलकोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने घर आया था।

एचटीलाइन की चपेट में आकर गेहूं की फसल जली

एचटी लाइन की चपेट में आकर राख हुई गेहूं की फसल।

राजीचौराहा, बहराइच, अमृत विचार : जिले में बिजली विभाग की लापरवाही की हद हो गई है। बुधवार को गिरे तार में सप्लाई देने पर किसान की करंट लगने से मौत हुई थी। वहीं गुरुवार को किसान का गेहूं का फसल जलकर राख हो गया। हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सींगिया नसीरपुर में बिजली विभाग की लापरवाही प्रतिदिन जारी है। गांव में जमीन पर पड़े एचटी लाइन की चपेट में आने से 60 वर्षीय किसान की बुधवार को मौत हो गई थी। इसके बाद भी बिजली विभाग की ओर से तार सही नहीं किया गया न ही आपूर्ति बाधित की जा रही है। गुरुवार को ग्राम पंचायत के मजरा दृगपालपुरवा गांव निवासी महादेई के खेत में लगी गेहूं की फसल एचटी लाइन की चपेट में आ गई। जिसके चलते खेत में लगी 10 बीघा से अधिक गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर आग बुझाया। वहीं बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर लोगों में नाराजगी है। सभी का कहना है कि विभाग बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है।

ट्रक की टक्कर से टूटा पोल, बिजली हुई गुल

ट्रक की टक्कर से झूले पर गिरा विद्युत पोल। अमृत विचार

मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार : नगर पंचायत मिहीपुरवा में गन्ना लेकर जा रही अनियंत्रित गन्ना ट्रक ने विद्युत पोल में टक्कर मार दी। जिससे विद्युत पोल टूटकर झूले पर जा गिरा। आधे नगर पंचायत की बिजली गुल हो गई। इसकी शिकायत दर्ज कराई गई है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के मिहीपुरवा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 15 तमोलिनपुरवा के मोहल्ला पांडेयपुरवा में सड़क किनारे लगा विद्युत पोल गुरुवार रात एक बजे ओवरलोड गन्ना ट्रक से टकराकर छतिग्रस्त होकर नीचे गिर गया। जिसकी चपेट में आकर झूला भी टूट गया है। झूले में सो रहा ग्रामीण बाल बाल बच गया। पोल टूटने से विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई है। वार्डवासी अवनीश त्रिपाठी द्वारा वार्ड के सभासद राजेश चौरसिया को सूचना दी गई। इस संबंध में सभासद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि टोल फ्री नंबर पर शिकायत करवा दी गई है। जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा।

गायत्री परिवार के सदस्य का निधन

जरवलरोड, बहराइच,अमृत विचार : गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता हीरा लाल विश्वकर्मा 90 वर्षीय निवासी जरवलरोड का बृहस्पतिवार को दोपहर में निधन हो गया है वह आजीवन गायत्री परिवार के साधक एवं परिजन के रूप में सक्रिय रहकर समाज सेवा करते रहे। मृत्यु की खबर सुनकर गायत्री परिवार में शोक की लहर है। गायत्री परिवार ट्रस्ट जरवलरोड के प्रबंधक ओम प्रकाश अवस्थी ने उनके निधन पर गायत्री परिवार के लिएअपूर्णनीय क्षति बताया है। अंत्येष्टि सरयू घाट करनैलगंज गोण्डा मे की गई। अंत्येष्टि में उनके पुत्र कैलाश प्रसाद विश्ववकर्मा ने मुखाग्नि दी तथा शोकाकुल परिवार के सदस्य व गायत्री परिवार के सैकड़ों परजनों ने अंतिम विदाई दी।

2023 की लंबित विवेचनाओं को एक सप्ताह में करें पूरा

थाने का निरीक्षण करते एएसपी सिटी।

बहराइच, अमृत विचार: अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने थाना फखरपुर का निरीक्षण निरीक्षण किया। लंबित मामलों का निस्तारण एक सप्ताह में करने का निर्देश दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक का सलामी गार्ड द्वारा सलामी दी गयी। फिर थाना परिसर का निरीक्षण कर प्लास्टर व वायरिंग को सही करवाने के लिए निर्देशित किया। एएसपी ने थाने पर अर्दली रूम कर लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की गई एवं उनमें से लंबित गंभीर अपराधों में त्वरित खुलासे के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अस्त्र-शस्त्र तथा अन्य सरकारी सामानों की साफ सफाई का निरीक्षण किया गया एवं एक्सपायरी एम्यूनेशन को बदलने के निर्देश दिए गए व शस्त्रों की हिस्ट्री शीट अपडेट करने के लिए निर्देशित किया गया। कार्यालय में अभिलेखों के अवलोकन में वर्ष 2023 में बहुत सी कमियां पाई गई कमियों को पूर्ति के लिए एक सप्ताह का समय देते हुए थानाध्यक्ष एवं हेड मोहर्रिर को निर्देशित किया गया। सभी उपनिरीक्षक व प्रभारी निरीक्षक का ओआर किया गया। लंबित विवेचनाओं को निस्तारित करने व 363 केस में लकड़ी बरामद करते हुए वर्ष 2023 की जितनी विवेचना पेंडिंग है उनको एक सप्ताह के अंदर निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया। लोकसभा चुनाव की दृष्टि से थाने पर 147 शस्त्र धारकों में से 127 शस्त्र जमा हो चुके है व अन्य बचे हुए शस्त्रों को जल्द जल्द से जमा कराने को निर्देशित किया। इस दौरान थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय, उप निरीक्षक, एसएसआई समेत अन्य मौजूद रहे।

पुलिस की कार्रवाई पर ब्राह्मण समाज आक्रोशित

▸▸ **पीड़ित से मुलाकात कर दी सांत्वना, पुलिस पर एक तरफा कार्रवाई का लगाया आरोप**

राजीचौराहा, बहराइच

गांव में प्रदर्शन करते ब्राह्मण समाज के लोग। अमृत विचार

अमृत विचार : जिले के नौसहरा गांव में मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पहले भीम आर्मी के लोगों ने मौके पर पहुंच कर मुलाकात की। वहीं शुक्रवार को ब्राह्मण समाज के लोगों ने गांव पहुंचकर पीड़ित से मुलाकात कर पुलिस पर एक तरफा कार्रवाई का आरोप लगाया।

बौंडी थाना क्षेत्र ग्राम नौसहरा में परशुराम सेवा संस्थान के सैकड़ो पदाधिकारी महादेव मिश्र के घर पहुंचे। जानकारी के अनुसार महादेव मिश्र का गांव के ही कुछ लोगों से कहासुनी के दौरान विवाद हो गया था। जिस पर प्रशासनिक कर्मचारियों की उदासीनता के चलते मामला बढ़ता चला गया। जिसकी सूचना पाकर महेन्द्रनाथ तिवारी प्रदेश अध्यक्ष व सवर्ण आर्मी चीफ सर्वेश पाण्डेय सहित सैकड़ों की संख्या में पदाधिकरीगण महादेव मिश्र के घर पहुंचकर न्याय दिलाने की बात कही। एक संदेश देते हुए कहा कि यदि हम लोगो को न्याय नहीं मिला तो आगे आंदोलन के बाध्य होंगे। जबकि हम लोग कानून व संविधान का पालन करते हुए अपनी समस्या का निवारण चाहते हैं। ब्राह्मण समाज के लोगों ने प्रदर्शन भी किया। सभी का कहना है कि सीओ महसी अनिल कुमार सिंह द्वारा भीम आर्मी के लोगों के दबाव में आकर केस दर्ज किया गया है। ऐसे में इसकी जांच सीओ कैसरगंज रूपेंद्र गौड़ से कराई जाए। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सैंडबोआ सांप के साथ बाइक सवार हुए गिरफ्तार

बहराइच, अमृत विचार: कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में वन कर्मियों ने बाइक सवारों को दुर्लभ रेड सैंडबोआ सांप के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग के डीएफओ बी शिवशंकर ने बताया कि कतर्नियाघाट रेंज में वन क्षेत्राधिकारी रामकुमार और उनकी टीम जंगली जीवों के अवैध शिकार और अवैध कटान पर अंकुश के लिए ग्रस्त कर रही थी। उन्होंने बताया कि गश्ती दल को जंगल में बाइक सवार दो लोग आते दिखे। जिस पर वन कर्मियों की टीम ने बाइक को रोक कर तलाशी ली तो डिक्की में दुर्लभ रेड सैंड बोआ (दो मुंहा) सांप बरामद हुआ। पूछताछ करने पर बाइक सवार लोग सही जवाब नहीं दे पाए, जिस पर उन्हें रेंज कार्यालय लाया गया। डीएफओ ने बताया कि सांप को जंगल में छोड़ दिया गया है जबकि बाइक और बरामद 270 नकदी को सीज कर दिया गया है। रेंजर रामकुमार ने बताया कि पकड़े गए वन्य जीव तस्करों की पहचान लखीमपुर खीरी जिले के धौरहरा कोतवाली अंतर्गत सिसैया गांव निवासी यासीन पुत्र रहमतुल्ला और फहीम खान पुत्र सब्बन के रूप में हुई है।

पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मनायी गई ईद, जिले भर में रही कड़ी सुरक्षा, सीमा पर ड्रोन से रखी गई नजर

देश की सलामती और अमन चैन के लिए उठे हजारों हाथ

शहर के मस्जिद में लोगों को संबोधित करते मौलाना।

घंटाघर में सुरक्षा की जांच करतीं डीएम और एसपी।

रूपईडीहा में ड्रोन से सुरक्षा जांचते थानाध्यक्ष। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार: जिले में ईद पर्व बृहस्पतिवार को हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्वक मनाया गया। क्षेत्र के मस्जिदों में नमाज पढ़ने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर बधाई दी।

एक माह से चल रहे रमजान के पाक महीने का बृहस्पतिवार को ईद के साथ समापन हो गया। ईद को लेकर मुस्लिम समाज के लोग सुबह समय के अनुसार क्षेत्र के मस्जिदों में पहुंचे। इसके बाद सभी ने नमाज पढ़ी। मस्जिद में क्षेत्र के मौलाना ने समाज के लोगों को नमाज पढ़ाया। देश के साथ प्रदेश में अमन चैन और सलामती के लिए सभी ने दुआ की। इसके बाद सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। ईद को लेकर जिले भर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। भारत नेपाल सीमा पर ड्रोन उड़कर सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ी नजर रखी गई। वहीं अन्य स्थानों पर सकुशल ईद निपटाने के लिए पुलिस मुस्तैद रही। ईद को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में काफी खुशी दिखी। फोन करके भी सभी ने अपने रिश्तेदारों और हितमित्रों को ईद की बधाई दी।

कंट्रोल रूम से लिया जायजा

ईद को लेकर जिलाधिकारी मोनिका रानी और पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने कंट्रोल रूम से जायजा लिया। घंटाघर स्थित पुलिस कंट्रोल रूम पहुंच कर सभी शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में ईद पर्व को लेकर पल पल की जानकारी ली।

दो किलो 900 ग्राम चरस के साथ दो गिरफ्तार

नानपारा, बहराइच : कोतवाली नानपारा पुलिस की दो टीमों ने अलग अलग स्थानों से दो लोगों को 2.900 किलोग्राम चरस के साथ पकड़ा है। दोनों के विरुद्ध पुलिस ने केस दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में कोतवाली नानपारा की पुलिस अलग अलग स्थानों पर जांच कर रही थी। प्रभारी निरीक्षक आरके सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक दीपक सिंह चौकी प्रभारी कस्बा, आरक्षी श्रीकान्त यादव, संदीप कुमार, दिवाकर सिंह की टीम ने जांच के दौरान सफीक उर्फ चांद पुत्र गफ्फूर खान निवासी कल्लन खां मोहल्ला थाना नानपारा को डेढ़ किलो चरस बरामद की। जबकि पुलिस की दूसरी टीम ने मोहम्मद रऊफ उर्फ सानू पुत्र गफ्फूर खान निवासी कल्लन खां मोहल्ला को एक किलो 400 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। दोनों के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। जबकि बरामद चरस को सीज कर दिया गया है। दूसरी टीम में उप निरीक्षक नितिन उपाध्याय, मुख्य आरक्षी ओम प्रकाश शाह, नागेन्द्र भाना मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

संपादकीय

शांतिपूर्ण संबंध महत्वपूर्ण

देश में लोकसभा के चुनाव होने जा रहे हैं और चीन-भारत सीमा विवाद को लेकर विपक्ष सरकार के फैसलों को लेकर आक्रामक है। ऐसे समय में चीन को लेकर दिया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयान काफी महत्व रखता है। प्रधानमंत्री ने अमेरिका की एक पत्रिका को दिए साक्षात्कार में कहा था कि भारत के लिए चीन के साथ संबंध महत्वपूर्ण हैं और सीमाओं पर लंबे समय से चली आ रही स्थिति का तत्काल समाधान किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने आशा जताई थी कि राजनयिक और सैन्य स्तरों पर सकारात्मक एवं रचनात्मक द्विपक्षीय बातचीत के माध्यम से दोनों देश अपनी सीमाओं पर शांति और स्थिरता बहाल करने और बनाए रखने में सक्षम होंगे। इस बयान पर चीन की प्रतिक्रिया विस्तार से आई है। शुक्रवार को चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाने में सकारात्मक प्रगति हुई है। खास बात है कि पिछले कुछ दिनों में यह दूसरा मौका है जब चीन ने मोदी के साक्षात्कार पर प्रतिक्रिया दी है। पिछली बार प्रधानमंत्री मोदी ने हिरोशिमा में ग्रुप ऑफ सेवन (जी-7) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के दौरान इस बात पर जोर दिया था कि चीन के साथ भारत की सीमा पर शांति सामान्य संबंधों के लिए आवश्यक है और भारत अपनी संप्रभुता और गरिमा की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

गौरतलब है कि भारत के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा होने के कारण भारत और चीन के बीच आए दिन विवाद होता रहता है। हाल ही में उसने अरुणाचल प्रदेश को लेकर अपना अड़ियल रवैया दिखाया था। पैंगोंग त्सो झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद 5 मई 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा होने के बाद से व्यापार संबंधों को छोड़कर भारत और चीन के बीच संबंधों में गतिरोध बना हुआ है। इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के साथ सीमा विवाद सुलझाने की जरूरत बताई है,जो कि उनकी परिपक्वता को दर्शाता है। दोनों देश पड़ोसी होने के साथ ही दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। इसलिए किसी भी तरह के टकराव से दोनों का ही नुकसान है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना सही है कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए भारत-चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध अहम हैं। स्थिर एवं शांतिपूर्ण संबंध न केवल दोनों देशों,बल्कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं। चीन यदि भारत की इस पहल को स्वीकार कर ले और दोनों के बीच शांतिपूर्ण संबंध बनते हैं तो दोनों देशों की तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

संक्रामक रोगों की पूर्व सूचना और प्रबंधन का भारतीय तंत्र

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

देश में 34 किस्म के संक्रामक रोगों के बारे में 'पी' और 'एल' फॉर्म में डेटा लिया जाता है। 'पी' फॉर्म डॉक्टर्स द्वारा और 'एल' फॉर्म लैबोरेट्रीज द्वारा भरा जाता है,जो अंत में दिल्ली में प्रोग्राम मुख्यालय में पहुंचकर जमा होता है।

भारत में विषाणु और जीवाणु जनित टायफायड, निमोनिया, हेपेटाइटिस और रोगवाहक कीटों द्वारा फैलाए जाने वाले डेंगू, चिकगुनिया, मलेरिया, जापानी बुखार जैसे संक्रामक रोग का प्रकोप किस हिस्से में और कितने भू-भाग में कब फैल सकता है, इसे जानने के लिए इंटीग्रेटेड डिजीज स्वाय्लेंस प्रोग्राम (आईडीएसपी) नाम से एक निगरानी तंत्र सन 2004 में राष्ट्रीय स्तर पर वर्ल्ड बैंक की मदद से स्थापित किया गया था। यह कार्यक्रम सक्रिय और प्रभावशाली रहा है, खासतौर से कोविड-19 के दौरान। निगरानी को सशक्त रखने के लिए पब्लिक हेल्थ सेंटर्स और कम्युनिटी हेल्थ सेंटर्स का नेटवर्क इसके लिए काम करता है। इस नेटवर्क में मौजूद स्वास्थ्य सेवा तंत्र के अंतर्गत पीएचसी/सीएचसी, सिविल अस्पताल, मेडिकल स्कूल्स, शोध संस्थानों से जुड़े हुए इंडोर अस्पताल, पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट्स ऑफ़ मेडिकल साइंसेज और 'कैशलेस' इलाज देने वाले अस्पताल शामिल हैं।

देश में 34 किस्म के संक्रामक रोगों के बारे में 'पी' और 'एल' फॉर्म में डेटा लिया जाता है। 'पी' फॉर्म डॉक्टर्स द्वारा और 'एल' फॉर्म लैबोरेट्रीज द्वारा भरा जाता है जो अंत में दिल्ली में प्रोग्राम मुख्यालय में पहुंचकर जमा होता है। यहां इसकी स्टेटिस्टिकल एनालिसिस की जाती है जिससे संक्रामक रोगों के प्रकोप और प्रसार क्षेत्र का अध्ययन करते समय इसकी 'प्रिडिक्टिव वैल्यू' भी देखी जा सके। देश के सभी जिलों के पिछले 15 साल के डेटा के इस्तेमाल से यह मालूम होता है कि कब, कहां, कितनी तीव्रता का कौन से संक्रामक रोग का प्रकोप हुआ और कितने जन इससे प्रभावित हुए। इसकी मैपिंग और ग्राफ़िक्स अनेक विधियों से तैयार करके नीति निर्धारकों को उपलब्ध करवाई जाती है। उक्त फार्मों में मृत्यु का डेटा नहीं भरा जाता क्योंकि यह किसी और प्रोग्राम के अंतर्गत संकलित किया जाता है। संक्रमण और इसके रोगकारकों की सूची में निगरानी के लिए शामिल की गयी 34 बीमारियों की परिभाषा दर्ज है। फिर भी संक्रामकों में कायात्मक और संरचनात्मक रूप से अनदेखे या अनजाने परिवर्तन, जैसे कि विषाणु एवं जीवाणु की आनुवांशिक संरचना के किस एक अंश या रोगवाहक के स्वभाव में परिवर्तन होना,होते हैं जिनकी वजह से संक्रामकता और प्रकोप में फर्क पड़ता है। शोध-संधान से जब यह मालूम होता है तब डिजीज स्वायलेंस प्रोग्राम में इसे शामिल करके 'इंटेलिजेंस अपडेट' लिया जाता है। वर्ल्ड बैंक के साथ समझौते की अवधि सातवीं पंचवर्षीय योजना अर्थात सन 2017 तक थी। इसके बाद यह भारत के स्वास्थ्य तंत्र का स्थायी हिस्सा है जो कि नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के भीतर ही काम करता है।

> भारत में 'डिजीज आउटब्रेक फोरकास्टिंग सिस्टम' आईडीएसपी का ही हिस्सा है,लेकिन इस बात का ध्यान रखा जाता है कि पूर्व सूचना या चेतावनी पेंडेमिक, एपिडेमिक, एंडेमिक प्रकृति की है या आउट-ब्रेक, क्योंकि मोनिटरिंग और कंट्रोल के संसाधनों की मोबिलिटी इसी घोषणा पर आधारित होती है।

भारत में 'डिजीज आउटब्रेक फोरकास्टिंग सिस्टम' आईडीएसपी का ही हिस्सा है। लेकिन इस बात का ध्यान रखा जाता है कि पूर्व सूचना या चेतावनी पेंडेमिक, एपिडेमिक, एंडेमिक प्रकृति की है या आउट-ब्रेक, क्योंकि मोनिटरिंग और कण्ट्रोल के संसाधनों की मोबिलिटी इसी घोषणा पर आधारित होती है। संक्रामक रोगों में एक वायरल हैं जो विषाणुओं से फैलते हैं और दूसरा, बैक्टीरियल हैं जिन्हें जीवाणुओं द्वारा फैलाया जाता है। इन दोनों में भी संक्रमण के कारकों, प्रसार की गति, संक्रमण की अवधि और इलाज की पद्धतियां अलग हैं। एंटी-वायरल या एंटीबायोटिक्स से तभी इलाज किया जाता है जब जीवन बचाने के लिए और इन्फेक्शन को क्लियर करने के लिए ऐसा करना जरूरी समझा जाए। ऐसा करने के क्लिनिकल प्रोटोकॉल बिलकुल स्पष्ट हैं। कुछेक के लिए संक्रमण की प्राथमिक स्थिति के लिए औषधि देने की सिफारिश नहीं है जैसे कि हैज़ा और कोविड-सार्स-2 या कोविड-19 जैसे प्राणलेवा संक्रमण के लिए भी। कॉलरा या हैजा और डायरियल डिजीजेज़ (अतिसार/पेचिश) की ईटियलजि भी अलग है और कारक या एजेंट भी। इस तरफ मेरा ध्यान इसलिए गया कि दक्षिण भारत में इस समय वातावरण में तापमान 39-44 डिग्री सेल्सियस है अर्थात गर्मी का प्रभाव खूब है और बरसात होने के आसार अभी नहीं हैं। एनडीएमए और भारत मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि दक्षिण भारत में औसत से अधिक गर्मी का अचानक प्रकोप होने से सभी लोग अपने साथ ऑरल री-हाइड्रेशन सलूशन (ओआरएस) का पैकेट रखें ताकि निर्जलीकरण अथवा हैज़ा आदि के संक्रमण से बचा जा सके। हैज़ा से किसी व्यक्ति के प्रभावित होने के चांस गर्मी की ऋतु में, मई और जून के महीनों में ही अकसर होते हैं, जैसाकि आईडीएसपी द्वारा तैयार डिजीज मैप्स से मालूम पड़ता है। अकसर ही असावधानीवश प्यासा होने पर संक्रमित पानी पी लिया जाता है। इसमें हैज़ा का जीवाणु -विब्रियो कॉलरी अगर मौजूद है तो 6 से 48 घंटा के भीतर इससे शरीर में क्लिनिकल लक्षण दिखाने शुरू हो जाएंगे।

व्यक्ति, गंभीर रूप अस्वस्थ होकर उल्टी-दस्त करेगा और शरीर की तेज़ी से निर्जलीकरण होगा। संक्रमण जीवाणु के किस विभेद (स्ट्रेन) से हुआ यह मालूम करना बाद का काम है क्योंकि गंभीर रूप से बीमार होने की स्थिति में एंटीबायोटिक्स देने का विचार भी किया जाता है। पानी की अत्यधिक कमी होने और शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस को डांवाडोल स्थिति से निकालने के लिए ओआरएस का घोल पीना पड़ता है। निर्जलीकरण दूर करने लिए ओआरएस जीवन रक्षक समाधान है, खासकर बीमारी या अत्यधिक गर्मी के मौसम में। उचित मार्गदर्शन और उपयोग के लिए एक स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर से हमेशा परामर्श करें। मार्किट में ओआरएस की 71 ब्रांड उपलब्ध हैं। प्रयोगकर्ता भ्रमित न हों, ऐसे में मार्गदर्शन के लिए सैशे पर प्रिंट की गई जरूरी सूचना को पढ़ लेना चाहिए।

डिजीज आउटब्रेक फोरकास्काटिंग का चुनावगर्मी, मनुष्यों की गहमा-गहमी और ऋतुजनित गर्मी से घनिष्ठ सह-संबंध बनता है। ऐसे में सरकारी तंत्र संक्रामक रोगों के पैदा होने की संभावना के बारे में समयानुसार चेतावनी देने और सक्रिय होने का पर्याप्त अवसर देता है। शायद यह मौक़ा है जब आम चुनाव के मौके पर गर्म ऋतु में चेतावनी जारी की गई है। डिजीज आउटब्रेक के बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। अगर ऐसा करेंगे तो 'पैनिक' फ़ैल सकता है। इंतजार रहता है उस प्रथम सूचना रिपोर्ट का जो त्वरित गति से मीडिया माध्यमों में पहले प्रकट होती है।

भारत के डिजीज स्वायलेंस सिस्टम के अंतर्गत इंडियन कौंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च, नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ एपिडेमियोलॉजी, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ कॉलरा एंड एंटैरिक डिजीजेज़, नेशनल सेंटर फॉर वेक्टरबोर्न डिजीजेज़ कण्ट्रोल, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ वायरोलॉजी, और आईसीएमआर के गोरखपुर और भुवनेश्वर स्थित रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर्स आदि सहयोगी संस्थान हैं जिनके वैज्ञानिक देश में संक्रामक बीमारियों -पुरानी, नई और उभरती हुईं, पर निगाह रखते हैं। इसके लिए ज्योग्राफिकल निगरानी तंत्र भी काम करता है जो उपग्रह प्रणाली से जुड़ा रहता है।

मौसम की शार्ट और लॉंग-टर्म भविष्यवाणी करने के लिए जिस तरह ख़ास पैरामीटर्स का अध्ययन किया जाता है उसी प्रकार से डिजीज सर्वायलैंस सिस्टम अपने लिए अलग पैरामीटर्स इस्तेमाल करता है। ऐतिहासिक डेटा की 'माइनिंग' और ताज़ा आंकड़ों के दृष्टिगत किये गए विश्लेषण से प्राप्त हुए संकेतों के आधार पर डिजीज फोरकास्टिंग की जा सकती है। मकसद, जनता को भयभीत करना नहीं होता बल्कि खुद तैयारी किए जाने के अलावा चौकस रहकर देश में रहने वालों की सेहत और जान के प्रति संवेदनशील रहना है। प्रशंसनीय है कि इस बार गर्मी के मौसम में निर्धारित किए गए चुनावों के लिए प्रचार और जनसभाओं के दौरान निर्जलीकरण से बचने के लिए ओआरएस का प्रबंध करने और इसे सभी को अपने पास रखे जाने की सिफारिश सरकार की ओर से हुई है। उपरोक्त परिदृश्य के संबंध में नीति आयोग द्वारा सन् 2020 में प्रकाशित किया गया दस्तावेज़ 'विज़न 2035: पब्लिक हेल्थ स्वाय्लेंस इन इंडिया' देखने लायक है। इसके अलावा महत्वपूर्ण जानकारी आईडीएसपी के वेबसाइट पर उपलब्ध है जिसे देखकर यह संतोष होता है कि स्वास्थ्य के पहरुए मोर्चे पर तैनात हैं और जागरूक भी।

प्रसंगवश

विविधताओं से भरा देश

जैसे हमारा अपना धर्म होता है, उसी तरह देश का भी धर्म होता है। जैसे हमें खुद को समझना चाहिए, अपना गहराई से निरीक्षण करना चाहिए,खुद से मिलना चाहिए, वैसे ही हमें अपने देश को समझना चाहिए,उसके धर्म को समझना चाहिए। जरूरत पर उसकी खोज करनी चाहिए। हमारी श्रेष्ठता की सोच (जाति/धर्म/ लिंग की श्रेष्ठता) ने देश को काफी नुकसान पहुंचाया है।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हमारा देश विविधताओं से भरा है, जाति की, धर्म की, भाषा की, बोली की। हर विविधता को फलने-फूलना का पूरा मौका ही देश को सशक्त बनाता है। सामाजिक समरसता हमारे जैसे देश के आर्थिक विकास के लिए बहुत जरूरी है। विदेशी निवेश कम हो रहा है? इसके पीछे कहीं सामाजिक समरसता का अभाव तो नहीं है,यह शोध किया और समझा जाना चाहिए। इसी विविधता में पले बढ़े होने के कारण तो गालिब ने कहा- हम को मालूम है जन्नत की हकीकत,लेकिन दिल के खुश रखने को 'गालिब' ये खयाल अच्छा है मुंशी नबी बख़्श हकीर के नाम गालिब ने लिखा था-'रोजा रखता हूं मगर रोजे को बहलाए रहता हूं। कभी पानी पी लिया, कभी हुक्का पी लिया,कभी कोई टुकड़ा रोटी का खा लिया। यहां के लोग अजब फहम और तुरफा रविश (अमीरों की चाल-ढाल) रखते हैं। मैं तो रोजे को बहलाए रहता हूं और ये साहब फरमाते हैं कि तू रोजा नहीं रखता। ये नहीं समझते कि रोजा न रखना और चीज है और रोजा बहलाना और बात है।'

गालिब मानवतावादी थे। उन्होंने लिखा है -'मुझमे मुसलमान के कोई लक्षण नहीं हैं। फिर भी पता नहीं क्यों जब भी मैं दुनिया के किसी कोने में मुसलमानों के अपमान,अपयश की बात सुनता हूं तो मेरे दिल पर अफसोस और मलाल छा जाता है'। हाली का कहना था कि उनका मिजाज इतना 'शोख' (शरारती) था कि कोई 'गर्म' ख़याल आने पर वे उसे बेसाख्ता बोल पड़ते थे, बिना परवाह किए कि ऐसा कहने पर लोग उन्हें काफिर या रिंद या धर्मभ्रष्ट समझ बैठेंगे।

बस्ते के बोझ से बेहाल बचपन

विद्यालयों में नया सत्र के आरंभ होने के साथ ही बच्चों की नियमित कक्षाएं आरंभ हो चुकी हैं। सवेरे-सवेरे स्कूल जाते बच्चों को भागते-दौड़ते हुए नाजुक कंधों पर वजनदार बस्तों का बोझ ढोते आसानी से देख सकते हैं और अगर उनकी तुलना आप अपने बचपन से करेंगे तो पाएंगे कि पूंजीवाद आधारित विद्यालयों की व्यवस्था में पढ़ाई के बोझ तले बच्चा कुम्हलाता जा रहा है।

बीना नयाल
नई दिल्ली

> राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में स्पष्ट कहा गया है कि कक्षा पहली से 12 वीं तक बस्ते का वजन बच्चों के वजन का औसतन 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।

आम जनता की तिरछी निगाहें एक और सरकारी स्कूलों की ओर प्रश्नवाचक दृष्टि की होती है तो प्राइवेट स्कूलों में अभिभावक अपनी आय का एक बड़ा प्रतिशत स्कूलों की फीस से लेकर बच्चों की प्राइवेट कोचिंग तक में खर्च कर इनकी मनमानी झेलने को त्रस्त हैं। जहां सरकारी विद्यालयों में बस्ते के बोझ को हल्का करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप मानव संसाधन विकास मंत्रालय के दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाता है,वहीं प्राइवेट स्कूलों द्वारा आय में वृद्धि करने हेतु अपने प्रकाशकों द्वारा छापी जाने वाली एक ही विषय की तीन-तीन पुस्तकें और अनियोजित टाइम टेबल के कारण बच्चों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्देशों के मानकों का दो गुना वजन वहन करने को बाध्य किया जाता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में स्पष्ट कहा गया है कि कक्षा पहली से 12 वीं तक बस्ते का वजन बच्चों के वजन का औसतन 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। मेरा स्वयं का बच्चा आठवीं कक्षा में पढ़ता है और उसके बस्ते का वजन उसके औसत वजन के अनुसार चार किलो से अधिक नहीं होना चाहिए,जबकि पाठ्य पुस्तकों,लंच बॉक्स और पानी की बोतल के साथ यह वजन कई बार 10 किलो का हो जाता है,जो मुझे ही बस स्टॉप तक पहुंचाने में बेहाल कर देता है। ऐसे में बच्चा पहली या दूसरी मंजिल चढ़कर जब अपनी कक्षा में पहुंचता है तो उसकी मांसपेशियों कितना आवश्यक दबाव डाल रहा है,उसे स्वयं भी नहीं पता। उसके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव का स्कूल आकलन भी नहीं कर सकता। अपने साथियों से जब मैंने इस विषय पर बात की जिनके बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ते हैं तो उन्होंने मुझसे कहा यह आप ही के बच्चों के स्कूल की बात नहीं है, अमूमन यह हर स्कूल की समस्या है।

परीक्षा का परिणाम प्रतिशत बढ़ाने की इतनी होड़ है कि बच्चों को मशीन मान लिया गया है जिससे बच्चों का व्यवहारगत अधिगम और सर्वांगीण विकास कहीं खो गया है। होटल, रेस्टोरेंट और ऑनलाइन माध्यम से प्लास्टिक के डब्बे में खुलेआम खाने की पैकेजिंग चल रही है,जो कि पर्यावरण और सेहत दोनों के लिए हानिकारक है। इसलिए स्कूलों में बच्चों को स्टील के लंच बॉक्स और बोतल लाने के लिए प्रेरित किया जाता है। उचित भी है,लेकिन बाजारवाद के इस दौर में इन स्टील के लंच बॉक्स और बोतलों के ऊपर प्लास्टिक की लुभावनी पैकेजिंग से कई बार बस्ते का वजन मानक वजन से दोगुना तक बढ़ जाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के निर्देशों में स्पष्ट कहा गया है कि बच्चों को स्कूल में लाकर उपलब्ध कराया जाए और उनके बस्ते का वजन नियमित रूप से मशीनों द्वारा जांचा जाए। साथ ही अभिभावकों का भी कर्तव्य है कि बस्ते का बोझ अधिक होने पर इस संदर्भ में स्कूल प्रशासन से विचार विमर्श करें,लेकिन अधिकतर अभिभावकों को तो छोड़िए,अध्यापक भी दिशा-निर्देशों से अवगत नहीं होते हैं और स्कूल प्रशासन खुले आम नियमों की अनदेखी करता है।

शायद हम भूल जाते हैं कि बच्चों पर बस्ते के बोझ से स्वास्थ्य पर जो प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है,वह भविष्य में उस ऊर्जा से वंचित रह जाता है,जो उसे कैरियर निर्माण के अति महत्वपूर्ण समय पर आवश्यक होती है। स्कूली शिक्षा पर गठित विभिन्न कालों में अलग-अलग समितियों ने शिक्षा को बिना बोझ और सर्वांगीण विकास का माध्यम बनाने के लिए बस्ते का बोझ कम करने के लिए हमेशा से ही संस्तुतियां की हैं। इसमें से 1993 की यशपाल समिति और 2005 राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्पष्ट रूप से दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

अतः स्कूलों के शारीरिक और मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए न केवल स्कूल प्रशासन को वरन अध्यापकों को भी इस दिशा में सजग रहना होगा और स्कूल प्रशासन से नियमित रूप से विचार विमर्श करना होगा जिससे शिक्षा बच्चों की सहज प्रवृत्ति के अनुसार अनुरूप सीखने का माध्यम बन सके न कि बोझ बनकर रह जाए।

सोशल फोरम

हंसो मत, हिन्दी है

स्टेशन पर गाड़ी के इंतजार में खड़े-खड़े एनाउंसमेंट सुन पड़ता है। गाड़ी क्रमांक...प्लेटफॉर्म क्रमांक पर लगाई जा रही है। हैरानी हुई कि अच्छा भला प्रचलित शब्द है गाड़ी संख्या, प्लेटफॉर्म संख्या,लेकिन 'हिंदीकरण' की झक में बेचारा 'संख्या'बलि चढ़ गया और उसकी जगह आ बैठा क्रमांक।

अगर प्लेटफॉर्म चल सकता है तो नंबर क्यों नहीं चल सकता? बोलचाल की भाषा से परहेज को ही शुद्ध भाषा का उदाहरण मानने वाले इसी तरह तत्समीकरण करते हैं। हिंदी तो इतनी जबरदस्त है कि शायद सबसे ज्यादा विभिन्नताओं को जज्ब कर लेती है। जब मैं अध्यापक हो गया था तब बहुत से बिहारी लड़के संपर्क में आए। मगही क्षेत्र के लड़के अक्सर एक दिलचस्प प्रयोग करते थे: अमुक जी डेथ कर गए। फलां जी ने पैदा लिया,लेकिन इस पर कभी हंसी नहीं आई।

अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

हालांकि ये प्रयोग विचित्र थे। हिंदी के स्थानीय रंगत लिए हुए जितने रूप प्रचलन में हैं,वह अपने में शोध का विषय है,जहां तक मुझे मालूम है,इस पर भाषा वैज्ञानिक दृष्टि से कोई काम नहीं हुआ है। जबकि होना चाहिए ताकि यह दर्ज हो सके कि कलकतिया हिंदी,बंबइया हिंदी, छत्तीसगढ़ी रंगत वाली हिंदी,भोजपुरी असर वाली हिंदी वगैरह कितने रंग हैं इस भाषा के।

यह भाषा की समृद्धि का परिचायक भी है और बोलने वालों को संस्कारित करने का माध्यम भी। क्षेत्रीय रंगों से हिंदी के जो रूप निकलते हैं,उन्हें सुनकर कभी हंसी नहीं आती,लेकिन यह जो 'संख्या' को हटाकर 'क्रमांक' को प्रतिष्ठित करने वाली सरकारी हिंदी है,उसे सुनकर जितनी हंसी आती है, उससे ज्यादा क्रोध आता है। यह बात फिर-फिर याद दिलाने की है कि जनता अपने टकसाल में जिंदा भाषा गढ़ती है,कृत्रिम भाषा नहीं। अंग्रेजी के 'रेल' में हिंदी की 'गाड़ी' जोड़कर रेलगाड़ी शब्द जनता ने बनाया है, सरकारी विद्वानों या अफसरों ने नहीं।

जनता की भाषा निर्माण शक्ति का सबसे अच्छा उदाहरण है 'गिरमिटिया'। एंडेन्चर्ड लेबर के लिए 'अग्रीमेंट' का अपभ्रंश है 'गिरमिटिया' ,लेकिन जो नई व्यंजना शक्ति गिरमिटिया में आ गई है,वह उसके किसी अंग्रेजी प्रतिरूप या हिंदी अनुवाद में नहीं हो सकती।

-फेसबुक वॉल से

आजादी की कीमत याद दिलाता है जलियांवाला बाग

भीड़ के स्वर अचानक थम जाते हैं। उस तारीख की यादें लोगों को आज भी विचलित करती लगती हैं। कतार में दाखिल लोगों की गति अनायास ही मंद पड़ती है और मन बोझिल होता जाता है।

वह भी बैसाखी का ही दिन था। बीच में एक सदी से ज्यादा का फासला तो क्या? घाव के गहरे निशान अभी मौजूद हैं। पुरखों को मिली यातना और दर्द की टीसें आज की पीढ़ियों को बेचैन करती हैं। 13 अप्रैल 1919, जलियांवाला बाग के नरसंहार की मनहूस और दिल दहलाने वाली तारीख। वह गुलामी का दौर था। अंग्रेजों की मनमानी और जुल्म ज्यादती का अंधियारा बढ़ता ही जा रहा था,लेकिन उस अंधेरे का सीना चीरने के लिए आजादी के मतवाले जूझ रहे थे। नतीजों और अपने प्राणों की परवाह उन्हें नहीं थी। उजाले की उन्हें तलाश थी।

अपने राज का सूरज न डूबने के गुरुर में अंग्रेज दमन की किसी हद तक जाने की तैयारी में थे। बिना मुकदमा चलाए बंदी बनाए रखने का अधिकार रॉलेट ऐक्ट के जरिए उन्होंने हासिल कर लिया था। इस काले कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के लिए जलियांवाला बाग में नाराज,लेकिन अनुशासित और शांत भीड़ जुटी थी। हंसराज इस भीड़ को संबोधित कर रहे थे। तब तक जनरल डायर की अगुआई में बाग के इकलौते प्रवेश-निकास द्वार को सैनिकों ने घेर लिया। फिर गोलियों की निर्मम बरसात हुई थी। न गोलियों की गिनती थी और न मरने वालों की। जान बचाने की नाकाम कोशिश में तमाम लोग मैदान के एक किनारे स्थित कुएं में कूद गए



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

> भारत-पाकिस्तान सीमा के अटारी-बाघा बार्डर पर बीच का भारी भरकम लोहे का गेट और पार खड़े पाकिस्तानी रेंजर्स उस हिस्से की याद दिलाते हैं,जो कभी इस महान देश का अंग था और जिसने अलग होने के बाद भी भारत को सिर्फ घाव ही घाव दिए।

जलियांवाला बाग हत्याकांड की बरसी

थे। बहुतों की देह दीवार फांदने की कोशिश में छलनी होकर तड़पते हुए निस्तेज हो गई। उस दिन अनाथालय की ओर से लोगों को पानी पिलाने की ड्यूटी पर लगे अमर शहीद ऊधम सिंह ने निर्दोष देशवासियों के लहू से तर मिट्टी को लेकर प्रतिशोध की कसम खाई थी। अगले इक्कीस साल जागते-सोते और अंग्रेजों से जूझते वे इस कसम को कभी नहीं भूले। उसे पूरा करके ही वे फांसी के फंदे पर झूले और इसी मैदान की मिट्टी सिर्फ 12 साल की उम्र में शहीदे आजम भगत सिंह ने संजो के घर के पूजा स्थल पर रखी थी।

बेशक जुल्मी सत्ता जलियांवाला बाग में निर्दोषों पर भारी पड़ी थी,लेकिन इस नरसंहार ने देशवासियों और खासतौर पर नौजवानों में अंग्रेजी राज को उखाड़ फेंकने का संकल्प भर दिया था। बचपन से ही जलियांवाला बाग कांड के विषय में पढ़ा, जाना और सुना। देश के लिए मर मिटने वालों के विषय में लिखते हुए भी बार-बार जलियांवाला बाग प्रसंग ने बेचैन किया। पहली बार अमृतसर आने का अवसर मिला तो कुर्बान हो जाने वालों को अपने अंदाज में नमन किया। भोर में पवित्र स्वर्ण मंदिर के दर्शन और गुरुग्रंथ साहब के सामने मत्था टेकने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उसके बाद जलियांवाला बाग में एक बार फिर प्रवेश किया। पंजाब सरकार ने आजादी के संघर्ष के इस महान स्मारक को करीने से संजोया-संवारा है। तीन पुरानी दीवारें संरक्षित हैं,जिन पर दर्जनों गोलियों के निशान अभी मौजूद हैं। वह चौड़ा-गहरा कुंआ भी जिसमें कूदकर जान बचाने की कोशिश में सैकड़ों की जानें गईं।

इस कांड की पृष्ठभूमि और पूरे घटनाक्रम को शब्दों,चित्रों और अखबारी कतरनों के जरिए बखूबी परिचित कराया गया है। उस समय जीवित बचे कुछ चश्मदीदों के विचलित करने वाले बयान भी प्रदर्शित हैं। उस अभागी रतन कुमारी का दिल दहलाने वाला बयान भी है,जो इस निर्मम कांड के बाद देर शाम अपने पति की तलाश में वहां पहुंची थी। चारों ओर लाशें बिखरी हुई थीं। किसी की छाती तो किसी की पीठ छलनी थी। उस खौफनाक सन्नाटे बीच रतन कुमारी को सिर्फ जानवरों की रोती आवाजें सुनाई पड़ी थीं। भारत-पाकिस्तान सीमा के अटारी-बाघा बार्डर पर बीच का भारी भरकम लोहे का गेट और पार खड़े पाकिस्तानी रेंजर्स उस हिस्से की याद दिलाते हैं,जो कभी इस महान देश का अंग था और जिसने अलग होने के बाद भी भारत को सिर्फ घाव ही घाव दिए।

लड़की होने का अफसोस नहीं

कल बरामदे में कुछ बच्चियां दिखीं। इधर से उधर। उधर से इधर आते-जाते। हमने सोचा कोई परिवार आया होगा कुछ दिन के लिए रहने। शाम को पता चला कि ये बच्चियां शहडोल मंडल से यहां राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने आई हैं। रहने का कहीं और इंतजाम न होने के चलते मेस में व्यवस्था की गई। बच्चियों से बात करने पर पता चला कि कुछ बच्चियां हॉकी की खिलाड़ी हैं। कबड्डी की प्रतियोगिता हुई तो कबड्डी खेलने आ गईं। अलग-अलग जगहों से आई हैं। खेली हैं। थकी हैं। कुछ चोट भी लगी है। घुटने,पैर में छिल गया है। दवा लगाई है। दर्द है,लेकिन चलता है। रहने का ठिकाना खाने के ठिकाने से दूर है। रात 9 बजे सब खाने के लिए पैदल जाती हैं। मैं कहता हूं,यहीं खा लो,लेकिन वे वहीं जाती हैं। बोलती हैं वहीं इंतजाम है।

अनूप शुक्ल
कानपुर

सुबह बताती हैं कि रात 11 बजे लौटी। पैदल। रात में किसी से लिफ्ट भी तो नहीं ले सकते। बच्चियां आपस में पटर-पटर बतियाती हैं। उनकी बातें एक-दूसरे पर गिरती-पड़ती सुनाई देती हैं। बस इतना पता चलता है कि खूब सारा बतिया रहीं हैं। आते-जाते हम भी कुछ-कुछ बतियाते हैं बच्चियों से। उनके स्कूल,घर,समाज के बारे में बातें होती हैं।स्कूल 'कोएड' है,लेकिन लड़कों से डर नहीं लगता। लड़के कम हैं। उनको 'चमका' देते हैं,जो लड़के अच्छे से बात,व्यवहार करते हैं वे ठीक लगते हैं। घर में लोग पढ़ने के लिए मना नहीं करते। घर से बाहर निकलना अच्छा लगता है। साइकिल,बाइक चला लेते हैं। लड़की होने का कोई अफसोस नहीं, जो काम लड़के कर सकते हैं वो सब लड़कियां कर सकती हैं,लेकिन जो काम लड़कियां कर सकती हैं वो सब लड़के नहीं कर सकते। लड़कियां ज्यादा समझदार होती हैं। खाना सब बना लेती हैं।

बच्चियां अलग-अलग पृष्ठभूमि से आई हैं। अधिकतर के पास साधारण मोबाइल है। कुछ के पास स्मार्ट फोन। बात करते हुए मोबाइल में झुकी बच्चियां। जबलपुर में किसी के रिश्तेदार हैं। वो पता पूछते हैं। बच्चियां मुझे फोन पकड़ाकर पता बताने को कहती हैं। उनके मौसा जी,चाचा जी मिलने आएंगे। सब एक-दूसरे को जल्दी तैयार होने की हिदायत देती हैं। सुबह की चाय पीते हुए दिखीं बच्चियां। मैंने पूछा-चाय पियोगी। बोलीं चाय-नाश्ता ग्राउंड पर ही करेंगे। फिर कुछ देर बाद-बोलीं अच्छा मंगा दीजिए। सबने 'चक दे इंडिया' कई बार देखी

एक नजर

झाड़ियों में मिली नवजात पुलिस ने कराया भर्ती

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : स्थानीय थाना क्षेत्र के नेवाजी सरैया गांव के बगल से होकर गुजरी शारदा सहायक खंड 16 नहर पुल के पास झाड़ी में गुरुवार सुबह एक नवजात बच्ची के रोने की आवाज लोगों को सुनाई दी। जिस पर ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने चिकित्सीय उपचार हेतु नवजात को मेडिकल कालेज सुलतानपुर में भर्ती करवाया है। भटमई चौकी इंचार्ज भारत सिंह ने बताया बाल कल्याण विभाग को घटना की जानकारी दी गई है। नवजात बच्ची का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

छह भट्टियां व 300 किग्रा लहन नष्ट कराया

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : लोकसभा चुनावों के मद्देनजर उपजिलाधिकारी जयसिंहपुर विपिन द्विवेदी के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप वर्मा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा शुक्रवार गोसाईगंज थाना के फतेहपुर संगत व चपरहवा में ताबड़तोड़ दबिश दी। टीम द्वारा 06 शराब की भट्ठियां व 300 किग्रा लहन को मौके पर नष्ट कराया गया। कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में अफरा तफरी मच गई।

सफाई कर रहे व्यक्ति को पड़ोसियों ने पीटा

कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार : घर के सामने सफाई कर रहे व्यक्ति को पड़ोसियों ने लाठी डंडे से पीट दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया हैं। कूरेभार थाना क्षेत्र के प्रभु नगर दखिनवारा निवासी राजकुमार ने बताया कि शुक्रवार की सुबह क़रीब साढ़े सात बजे वह अपने घर के सामने सफाई कर रहा था। आरोप है कि इसी बीच गांव के महेश, मदन, अजय व एक अन्य अज्ञात व्यक्ति लाठी डंडे लेकर आए। गालियां देते हुए पीटने लगे जिसे उसे गंभीर चोट आई है।

अदालत में हाजिर नहीं हुए आप सांसद संजय सिंह

25 अप्रैल को विशेष कोर्ट में फिर से होगी सुनवाई

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में शुक्रवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। मामले में अगली सुनवाई के लिए 25 अप्रैल की तारीख नियत की गई है। मामले में संजय सिंह पर जमानतीय वारंट जारी है।

आम आदमी पार्टी के सासंद संजय सिंह व 13 नामजद के खिलाफ 13 अप्रैल 2021 को बंधुआ कला थाने में आचार संहिता की उल्लंघन के आरोप में तत्कालीन एसओ प्रवीण कुमार यादव ने केस दर्ज किया था। केस में अन्य आरोपी जमानत करा चुके है, जबकि आप सासंद संजय सिंह के खिलाफ जमानतीय वारंट जारी है। शुक्रवार को आरोपी मकसूद और सिकंदर हाजिर अदालत आए तथा अन्य आरोपी शहबान, इन्द्रीश, अजय गौड़, धर्मराज, जगदीश प्रसाद, सुकई, सलीम, जलील, जीसान और मोहम्मद सलाम की हाजिरी माफी बचाव पक्ष ने अदालत में दिया।

विजय हत्याकांड की विवेचना ट्रांसफर करने की मांग

सुलतानपुरः शहर के दरियापुर तिराहे पर छह दिन पूर्व हुए प्रापर्टी डीलर विजय नारायण सिंह हत्याकाण्ड की विवेचना ट्रांसफर करने की मांग प्रदेश के पुलिस महानिदेशक एवं अन्य उच्चाधिकारियों से की गई है। मृतक के भाई सतीश नारायण सिंह ने आरोप लगाया है कि वे पल्लवी होटल के अंदर और गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे के घटना के दिन की फुटेज से विवेचक छेड़छाड़ कर रहे हैं तथा इसे नष्ट कर देना चाहते हैं। जबकि सीसीटीवी फुटेज आपराधिक षड्यंत्र और हत्या के महत्वपूर्ण साक्ष्य हैं। विवेचना ट्रांसफर की मांग और शिकायत पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर से भी की गई है। घटना के बाद से ही पुलिस की कार्यशैली पर पीड़ित पक्ष सवाल उठा रहा है।

पूर्व खेल मंत्री ओपी सिंह के मामले में सुनवाई 20 को

सुलतानपुर : पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ दर्ज आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में शुक्रवार को सुनवाई कोर्ट मजिस्ट्रेट के अवकाश पर होने के कारण टल गई। पूर्व मंत्री के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने सुनवाई के लिए 20 अप्रैल की तारीख नियत की है। मोतिगरपुर के ढेमा बाजार में दो साल पूर्व आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप मे सरकार में जयसिंहपुर विधानसभा सीट के पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ विशेष कोर्ट में मामला विचाराधीन है। मोतिगरपुर थाने के उप-निरीक्षक सुशील कुमार राय ने 15 जनवरी 2022 को आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया था।

सांसद राहुल गांधी के मामले में सुनवाई टली

सुलतानपुर, अमृत विचार। विधानसभा चुनाव के दौरान बैंगलोर में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के प्रेस वार्ता के दौरान तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल के मामले में शुक्रवार को कोर्ट मजिस्ट्रेट के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई टल गई।

परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने राहुल गांधी के बयान दर्ज करने के लिए 22 अप्रैल की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था। मामले में राहुल गांधी की जमानत कोर्ट से हो चुकी है जिसमें शुक्रवार को उनका बयान विशेष कोर्ट में दर्ज किए जाने के लिए तारीख नियत थी।

नौ दिन चले अढ़ाई कोस, 83 में 17 केंद्र पर ही गेंहू खरीद

खरीद केंद्रों का संचालन शुरू हुए हो गए 41 दिन, गेहूं खरीद में तेजी लाने की कवायद में लगा प्रशासनिक अमला

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः बीते वर्ष शासन से निर्धारित लक्ष्य का आधा लक्ष्य भी पूरा नहीं हो पाया था, जिसके चलते इस वर्ष गेहूं खरीद केन्द्र एक मार्च से संचालित कर दिए गए। गेहूं खरीद के लिए 83 क्रय केंद्र बनाकर किसानों के गेहूं खरीद करने का लक्ष्य बनाया गया था। जबकि खरीद के 41 दिन बाद मात्र 17 क्रय केंद्रों पर ही गेहूं खरीद की बोहनी हो सकी है।

जिला खाद्य एवं विपणन विभाग द्वारा किसानों के गेहूं के खरीद के लिए 83 क्रय केंद्र एक मार्च से संचालित है। जिसमें खाद्य विभाग के 14, एफसीआई के तीन, पीसीएफ के 44, नैफेड के छह व पीसीयू के छह क्रय केंद्र जिले में एक मार्च से संचालित है। खरीद शुरु होने के 41 दिन बाद खाद्य विभाग के 14 क्रय केन्द्रों से 69.95 एमटी तो एफसीआई के तीन क्रय केन्द्रों से 50 कुंतल गेंहू की खरीद हुई है। वही पीसीएफ के 44, नैफेड के छह, पीसीयू के छह क्रय केंद्रों पर अभी खरीद की बोहनी नहीं हुई है।

> गेंहू के फसल की कटाई अब शुरू हुई है, जल्द ही क्रय केन्द्रों पर गेंहू की आवक बढ़ जायेगी। लक्ष्य को पूरा कर लिया जायेगा। **-धामू सिंह, प्रभारी खाद्य एवं विपणन अधिकारी सुलतानपुर**

अमहट मंडी में थोक व्यापारी के यहां उतरा जा रहा गेहूं। अमृत विचार

तेजी लाने के लिए चल रही प्रशासनिक कवायद

बीते वर्ष गेहूं की खरीद कम होने पर इस खरीद में तेजी लाने के लिए प्रशासनिक कवायद तेज हो गई है। इसके लिए एडीएम वित्त एवं राजस्व एस सुधाकरन ने मंडी,खाद्य एवं विपणन के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि जिले से गेंहू किसी भी कीमत पर बाहर नही जाना चाहिए। इस पर कड़ी नजर रखी जाय साथ ही मंडी में बिना पर्ची व गेट पास के गेंहू की लदी हुई गाडियों की जांच पड़ताल की जाय। वही थोक एव खुदरा व्यापारियों के लिए निर्धारित गेंहू भंडारण क्षमता से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यापारियों के पंजीयन को पोर्टल पर अपडेट किया जाए। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए गेहूं की उपलब्धता बनी रहे।

खरीद लक्ष्य में हुई 20 हजार एमटी की वृद्धि

शासन स्तर से पहले जिले को 56 हजार एमटी का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अब बढ़ाकर 76 हजार एमटी कर दिया गया है। महकमा खरीद लक्ष्य के कितने क़रीब पहुंचता है यह तो आने वाला समय बतायेगा।

500 एमटी के भंडारण की सीमा निर्धारित

गेहूं के दाम व अवैध भंडारण पर रोक लगाने के लिए सरकार द्वारा थोक व्यापारियों को 500 एमटी की सीमा तय की गई हैं। खुदरा व्यापारी के लिए 5 एमटी की सीमा तय की गई है। वही प्रोसेसर्स (खाद्य प्रसंस्करण) व्यवसायियों के लिए उनकी इकाई के कुल छमता का 60 प्रतिशत स्टॉक की सीमा निर्धारित की गई हैं।

सड़क हादसे में एक की मौत, चार घायल

अखंडनगर , सुलतानपुर, अमृत विचारः जौनपुर जिले के शाहगंज बाजार निवासी सोनल साहू (24) पुत्र शंभू साहू, शिवम यादव (24) पुत्र लाले यादव, हिमांशु गुप्ता (22) पुत्र रामप्यारे, मंगेश जायसवाल (22) पुत्र चेतनारायण अयोध्या के लिए निकले थे। स्थानीय थाना क्षेत्र के बेलवाई चौकी अंतर्गत शाहगंज अंबेडकर नगर मार्ग पर भेलारा गांव के समीप चारों सड़क दुर्गंघटना में गम्भीर रूप से घायल राहगीरों को दिखे। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा। जहां मौजूद चिकित्सक ने सोनल साहू को मृत घोषित करते हुए अन्य घायलों को रेफर कर दिया। घायलों का शाहगंज जौनपुर में इलाज चल रहा है।

गठबंधन से सपा प्रत्याशी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

- **नगर कोतवाल बोले- आदर्श आचार चुनाव संहिता के उल्लंघन का केस दर्ज कर की जा रही कार्रवाई**

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः पार्टी के अंदरखाने की बगावत से जूझ रहे इंडी गठबंधन से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी भीम निषाद के सामने एक और मुश्किल आ गई है। उनके ऊपर आदर्श आचार चुनाव संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज हुआ है। उप निरीक्षक अरविंद सिंह की तहरीर पर कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज किया गया है।

बीते दिनों सोशल मीडिया पर सपा प्रत्याशी भीम निषाद द्वारा इसौली विधानसभा के विधायक मो. ताहिर खान को पांच-पांच सौ रुपये की गड्डी देने का वीडियो वायरल हुआ था। भाजपा जिलाध्यक्ष डा. आरए वर्मा ने जिला निर्वाचन अधिकारी को शिकायती पत्र देकर आदर्श आचार चुनाव संहिता के उल्लंघन का आरोप भी लगाया था। बल्दीराय एसडीएम विदुषी सिंह ने जांच आख्या जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपा था। जांच आख्या में बताया गया कि 28 मार्च को भीम निषाद द्वारा रतनपुर में अस्थाई कार्यालय की अनुमति मांगी थी। लेकिन मतदान केन्द्र 100 मीटर दूर होने से अनुमति नहीं दी गई। इसी स्थल पर नुक्कड़ सभा की अनुमति मांगी गई थी। जो शर्तों पर अनुमति दे दी गई थी। एफएसटी टीम प्रभारी राधेश्याम खण्ड विकास अधिकारी दूबेपुर, उपनिरीक्षक अरविन्द सिंह की ड्यूटी के दौरान का विडियो है। उपनिरीक्षक अरविन्द सिंह की तहरीर पर नगर कोतवाली में भीम निषाद के ऊपर शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

नगर कोतवाल श्रीराम पांडेय ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं, प्रत्याशी भीम निषाद से बात करने का प्रयास किया गया तो उनके पीआरओ ने यह बात कहकर फोन काट दिया कि नेताजी अभी सभा कर रहे है।

सपा विधायक मो. ताहिर खान को नोटों की गड्डी देते हुए वायरल वीडियो का स्क्रीनशॉट।

कर्तव्य के प्रति वफादारी सफलता का मंत्रः एडीजे

- **अपर जिला जज ने विदाई समारोह को संबोधित किया**

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिषेक सिन्हा के स्थानांतरण के पश्चात एडीआर सेंटर पयागीपुर पर आयोजित विदाई समारोह में मौजूद कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पैरालीगल वालिंटियर प्राधिकरण की रीड है। यह हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर चले हैं, इसलिए वह बधाई के पात्र हैं।

श्री सिन्हा ने कहा कि सेवा काल में स्थानांतरण एक प्रक्रिया है जिसे हम सभी को सहर्ष स्वीकार करना चाहिए। यद्यपि की हम जहां कार्य करते हैं और अच्छे लोगों के साथ कार्य करने का अवसर मिलता है तो वह यादगार रहता है। उस यादगार को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हम सभी अपने कर्तव्य के प्रति वफादार रहे तो निश्चित ही सफलता मिलती रहेगी और संबंध बना रहेगा। विदाई समारोह को पैनल अधिवक्ता अमित पांडेय,सुभाष त्रिपाठी, मध्यस्थ अरुण सिंह, हरीराम सरोज सहित आधा दर्जन से अधिक मध्यस्थता तथा पैरालीगल वालिंटियर ने विदाई समारोह ने संबोधित किया।

सार-संक्षेप

धनपतगंज थाने में मौजूद डीएम व एसपी। अमृत विचार

डीएम व एसपी ने की संवेदनशील बूथों की समीक्षा

धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : सुलतानपुर लोकसभा चुनाव को लेकर जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्स्ना के साथ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने थाने पर लोगों के साथ बैठक कर संवेदनशील बूथों की समीक्षा की। साथ ही साथ सकुशल चुनाव संपन्न करने के लिए कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी एक दूसरे को नंबर शेयर करे। शुक्रवार को जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना व पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के साथ अन्य अधिकारियों ने थाने पर पहुंचकर लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में मौजूद लोगों से बातचीत की। कुछ पीड़ितों से बात करते हुए कहा कि आप लोग समय से मतदान करें। मतदान के समय कोई भी अराजक तत्व अगर आपको मतदान करने में रोकता है, तो आप सीयूजी नंबर पर 112 नंबर पर या बूथों पर लिखे गए अधिकारियों के नंबर पर तत्काल सूचना दें। चुनाव में किसी भी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद उन्होंने क्षेत्र के अति संवेदनशील बूथों का निरीक्षण भी किया।

इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को जिताने का करेंगे कामः संजय

सुलतानपुर, अमृत विचार : आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता व सांसद संजय सिंह शुक्रवार को यहां इंडिया गठबंधन प्रत्याशी भीम निषाद के समर्थन में पहुंचे। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने ऐलान किया है, जहां भी आम आदमी चुनाव नहीं लड़ रही है सीधे वहां इंडिया गठबंधन के जो कंडीडेट होंगे वहां उनको जिताने का काम करेंगे। उन्होंने बताया कि आज कोर्ट में तारीख थी, वकील ने बताया था जिस पर यहां आए थे। कोर्ट में अगली तारीख लगा दिया है। बताया कि यहां कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से आज मुलाकात होगी।

गठबंधन प्रत्याशी भीम निषाद के साथ आप सांसद संजय सिंह।

20 हज़ार नकदी, 85 हजार का आभूषण उठा ले गए चोर

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : गोसाईगंज थाना क्षेत्र भटपुरा निवासी महिला अनीता वर्मा पत्नी ओमप्रकाश वर्मा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बुधवार की रात करीब 12 बजे अज्ञात चोर दरवाजे की कुंडी तोड़कर घर के अंदर घुस आए। कमरे के अंदर रखी अलमारी का लॉक तोड़कर 20 हजार रुपया नगदी और 85 हजार का आभूषण चुरा ले गए। परिजन जब सुबह उठे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। पुलिस ने बताया कि चोरी की तहरीर मिली है, जांच की जा रही है।

स्मैक व असलहे के साथ दो गिरफ्तार, गए जेल

सुलतानपुर अमृत विचार। कूरेभार थाने में तैनात उपनिरीक्षक राजेश कुमार हमराहियो के साथ शुक्रवार को क्षेत्र में थे। तभी जानकारी मिली कि एक व्यक्ति स्मैक के साथ खड़ा है। पुलिस ने व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 70 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए व्यक्ति की शिनाख्त स्थानीय थाना क्षेत्र के राघवपुर निवासी सुनील सिंह के रूप में हुई। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया। वही उपनिरीक्षक राजेश कुमार ने मुखबिर खास की सूचना पर हमराहियों के साथ अवैध असलहे के साथ एक व्यक्ति को पकड़कर थाने लाए। जिसकी पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के सेउर चमुरखा निवासी अरमान अली के रूप में हुई। कूरेभार थानाध्यक्ष ने बताया कि आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनो को न्यायालय भेजा गया था। जहां से जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : शुक्रवार को सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो के नारे लगाते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली तथा अपने मताधिकार के इस्तेमाल का आहवान किया। रवीश्वर कुमार राव, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहायक प्रभारी अधिकारी स्वीप ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के क्रम में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आने वाले दिनों में भी स्वीप कार्यक्रम के तहत वोटरों को जागरूक किया जायेंगा।

नौकरी दिलाने के नाम पर हड़पे 45 हजार रुपये

- **कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी पर दर्ज किया मुकदमा**

सुलतानपुर, अमृत विचारः युवक को नौकरी दिलाने की बात बता 45 हजार रुपए ले लिए। युवक जब नौकरी करने गया तो निराशा हाथ लगी। घर लौट आरोपी से जब पैसे की मांग की तो टाल मटोल करने लगा। पुलिस से शिकायत पर जब कोई कार्यवाही नहीं हुई तो कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र के सरैया गांव निवासी रेहाना बेगम ने सीजेएम कोर्ट में याचिका दायर किया। उसने बताया कि कूरेभार थाना क्षेत्र के मो शोएब व रिजवान ने उनके बेटे को नौकरी दिलाने की बात कर 45 हजार रुपए ले लिए। जब नौकरी के लिए उनका बेटा निहाल गया तो वहा सब फर्जी था। कोई भी कंपनी नहीं थी। वापस लौट कर जब पैसा मांगा गया तो गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी साहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा ने बताया कि कोर्ट के निर्देश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

सड़क दुर्घटना में वृद्ध समेत तीन घायल

सुलतानपुर, अमृत विचारः शुक्रवार को नगर कोतवाली के हरिहर ईसापुर बहादुपुर निवासी आदिल (28) परिवार के साथ बाइक से लखनऊ वाराणसी राजमार्ग पर अमहट की तरफ से लखनऊ की तरफ जा रहे थे। जैसे ही वे दादूपुर पहुंचे तभी एक अनियंत्रित पिकप ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह उनकी पत्नी व 05 वर्षीय बच्ची घायल हो गई। वहीं दूसरी घटना में पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के पास दादूपुर में अमेठी के मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के रसूलाबाद निवासी असरार अहमद (60) बाइक लेकर अनियंत्रित होकर गिरकर घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल लाया गया जहां से उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।

अस्पताल की अव्यवस्था देख बिफरे निदेशक

- **स्वास्थ्य निदेशक के निरीक्षण में आधा दर्जन चिकित्सक रहे नदारद**

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः करोड़ों की लागत से जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के विरसिंहपुर में निर्मित सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण में पोल खुल गई। शुक्रवार को अयोध्या मंडल के अपर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य निदेशक परिवार कल्याण एसपी चौधरी ने अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। अस्पताल में पर्याप्त गंदगी व चिकित्सकों की अनुपस्थिति पर उनका पारा चढ़ गया। सीएमएस को जमकर फटकार लगाते हुए में जनता के लिए लाखों की लागत से खरीद कर अस्पताल में धूल फांक संयंत्रों पर नाराजगी जाहिर की।

निरीक्षण के दौरान निर्देश देते अपर स्वास्थ्य निदेशक। अमृत विचार

कहा कि सप्ताह भर के भीतर व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के साथ सुरक्षित प्रसव शुरू हो जाना चाहिए। उनके निरीक्षण के दौरान तैनात डॉक्टरों में से मात्र तीन चिकित्सक डॉ सोहन स्वरूप, डॉ मिथिलेश कुमार, डॉ जयशंकर ही मौजूद रहे। अन्य डॉक्टरों के नदारद होने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

> सप्ताह भर के अंदर यहां स्वास्थ्य सेवा बेहतर करने के साथ प्रसव सेवा शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। अल्ट्रासाउंड, एक्सरे मशीन ऑपरेटर की भी व्यवस्था किया जाना है। इसके बाद पुन: अस्पताल का निरीक्षण कर अस्पताल को बेहतर संचालन कराया जाएगा। **-एसपी चौहान, अपर स्वास्थ्य निदेशक अयोध्या**

कार्रवाई गोवध की अफवाह से दो पक्ष हुए आमने-सामने, बजरंग दल के विभाग संयोजक सहित दर्जन भर कार्यकर्ताओं का शांति भंग में हुआ चालान

पुलिस के सतर्क रहने से ईद पर बड़ा बवाल होते-होते बचा

चांदा, सुलतानपुर

अमृत विचारः नगर पंचायत कोइरीपुर में ईद के दिन गुरुवार को गोवध की अफवाह से दो पक्ष आमने सामने आ गए। हिन्दू संगठनों के सदस्यों और दूसरे समुदाय के लोगों से झड़प हो गयी। पुलिस ने मोर्चा संभाला। पुलिस की सतर्कता से बड़ा बवाल होने से बच गया। पुलिस ने हिंदू संगठनों के 14 कार्यकर्ताओं पर प्राणघातक हमला, बलवा जैसे संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा। तब जाकर मामला शांत हुआ।

गुरुवार को ईद के दिन सुबह में मोहल्ला हजरतगंज स्थित मरकज मस्जिद के बगल मुस्लिम समुदाय के मकान में गोवध की सूचना हिंदू संगठनों को हुई। प्रतापगढ़ के निवासी बजरंज दल विभाग संयोजक विकास सिंह सहित दर्जन लोग वहां पहुच गये। चौकी प्रभारी वेद शर्मा ने मकान खुलवाना चाहा तो मुस्लिम पक्ष से युवक ने पत्थरबाजी कर दी। जिस पर दोनों पक्षो में हाथापाही हो गयी। दोनों पक्षों से लोग घायल हो गए। किसी तरह पुलिस ने हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं को चौकी ले आयी। प्रतिक्रिया स्वरूप मुस्लिम पक्ष के लोगों ने बड़ी संख्या में एक जुट होकर लाठी डंडो से चौकी का घेराव किया। हिन्दू संगठन के लोगों को मारने पीटने में आमादा हो गए। चौकी परिसर में मौजूद बाइक को तोड़ फोड़ करने किया। बड़ी मशक्कत के बाद वहां से सब वापस गये।

मारपीट में चोटिल हुए लोगों को सीएयचसी प्रतापपुर कमैचा भर्ती कराया गया। जिसमे इरशाद उर्फ़ डब्लू व अबु शाद पुत्रगण सफीक उर्फ़ भोला, राइन निवासी मोहला रामनगर कोइरीपुर जिला हॉस्पिटल सुलतानपुर रेफर किया गया। घटना की सुचना पर सीओ लम्भुआ अब्दुस सलाम, एसडीएम लंभुआ दीपक वर्मा, एसओ चांदा रविन्द्र सिंह, कोतवाल लंभुआ अखंडदेव मिश्र सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल व सीआईएसएफ के जवानों को कस्बे में तैनात कर दिया गया। उधर बजरंग दल के विभाग संयोजक विकास सिंह सहित हिंदू संगठनों के 14 युवाओं को प्राणघातक हमला, बलबा जैसी संगीन धाराओं में जेल भेज दिया गया।

कोइरीपुर में बवाल के बाद तैनात अर्द्धसैनिक बल के जवान। अमृत विचार

स्थिति तनावपूर्ण पर नियंत्रण में हैः सीओ

एसओ रविंद्र सिंह ने बताया कि हिंदू पक्ष से कोई तहरीर नहीं मिली है। गुरुवार की घटना के मद्देनजर शुक्रवार को कस्बे में सीआईएसएफ के जवानों के साथ स्थानीय पुलिस को कस्बे के चप्पे चप्पे पर तैनात किया गया। क्षेत्राधिकारी लंभुआ अब्दुस सलाम ने बताया कि स्थिति तनावपूर्ण लेकिन पूरी तरह नियंत्रण में है। कोइरीपुर बाज़ार में आम दिनों की अपेक्षा भीड़भाड़ कम रही।

एक नजर

आदिशक्ति मां पल्टादेवी मंदिर।

पलटा देवी मंदिर में हर दिन पहुंच रहे सैकड़ों श्रद्धालु

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। तहसील शोहरतगढ़ क्षेत्र में स्थित प्राचीन कालीन आदिशक्ति मां पल्टादेवी पर इन दिनों श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रहती है। महाभारत कालीन इस मंदिर की काफी मान्यता है। नवरात्र में यहां दूर-दराज के साथ पड़ोसी देश नेपाल से भी सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए यहां प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। महिला और पुरुष सिपाही मंदिर परिसर में तैनात हैं। मंदिर के महन्त घनश्याम गिरी ने बताया कि नवरात्र के पहले ही दिन से यहां भक्तों का तांता लगा रहता है। भक्त को कोई असुविधा ना हो जिसका पूरा ध्यान दिया जाता है। मंदिर परिसर के सफाई का विशेष ध्यान दिया गया है। मंदिर में नवरात्र के प्रथम दिन मां शैल पुत्री व दूसरे दिन ब्रम्हचारिणी माता और तीसरे दिन चन्द्रघंटा माता एवं चौथे दिन माता कूष्मांडा का विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया। इस बार नवरात्र के चौथे दिन 6 शुभ संयोग बन रहे हैं, जिससे भक्तों को पूजा का दोगुना फल मिलेगा।

वंचित समाज के लिए सरकार गंभीर : जगदंबिका

भाजपा का अनुसूचित, पिछड़ा वर्ग तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग का संयुक्त सम्मेलन संपन्न

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। शोहरतगढ़ विधानसभा के मंडल चिल्हिया में मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में अनुसूचित, पिछड़ा वर्ग तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग का संयुक्त सम्मेलन संपन्न हुआ। इसके साथ ही साथ शोहरतगढ़ शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में युवा सम्मेलन का अयोजन किया गया। पकड़ी मण्डल के बुढ़नईया में अन्नदाता किसान सम्मेलन तथा सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में सहकरिता सम्मेलन किया गया। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष डाक्टर संजय गौतम, क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा कपिल देव तिवारी, विवेक कुमार अपना दल के लोकसभा प्रभारी, विधनसभा संयोजक पवन मिश्रा, विधनसभा प्रभारी शिवनाथ चौधरी, राजा योगेंद्र प्रताप सिंह, प्राचार्य डा अरविंद कुमार सिंह उपस्थित रहे।

सम्मेलन में जगदंबिका पाल का स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

सांसद जगदंबिका पाल ने केंद्र सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के कल्याण के लिए शुरूकी गईं योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि पिछले 10 वर्षों में समाज के वंचित वर्ग के लिए जितना काम हुआ है, वह छह दशकों के विपक्षी पार्टियों के शासन में भी नहीं हुआ। आज भाजपा मंत्रिमंडल में आठ ऐसे मंत्री हैं, जो एसटी समुदाय से हैं। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा एसटी समुदाय के सशक्तिकरण के लिए उठाए गए विभिन्न योजनाओं को रखा गया। उन्होंने कहा कि आज एसटी वर्ग के लोग समाज का नेतृत्व कर रहे हैं और वे यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि जो समुदाय की जरूरतें हैं, वह पूरी हों। कहा कि मुद्रा योजना के लाभार्थियों में 50 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोग हैं। इसके अलावा स्टैंडअप इंडिया योजना के तहत भी एसटी, एससी और महिलाओं को ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

सही मायने में एसटी और एससी वर्ग के लोग नौकरी मांगने वाले की जगह नौकरियों का निर्माण करने वाले बने है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एससी व एसटी समाज के बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए एकलव्य मॉडल स्कूल पर जोर दिया। डाक्टर संजय गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी जहां आज सबको केवल बुनियादी सुविधाएं से ही नहीं बल्कि देश के विकास की मुख्यधारा से भी जोड़ने का कार्य किया। इस मौके पर अनिल चौधरी, युवराज धनुर्धर प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र, संजय कुमार दुबे, पदमाकर शुक्ल, नीरज सिंह, पंकज चौबे, अनिल चौधरी, अरविंद चौधरी, कौशलेंद्र त्रिपाठी, संगीता यादव की उपस्थिति रहीं।

खड़े ट्रक से भिड़ी बाइक चार युवकों की हालत गंभीर

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। ईद के मौके पर गुरुवार को मित्रों से मिलने जा रहे पांच युवक हादसे के शिकार हो गए। चार युवकों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार शोहरतगढ़-बढ़नी हाइवे राष्ट्रीय राजमार्ग 730 पर जुगडिहवा मोड़ के पास एक बाइक पर पांच नाबालिग युवक सवार होकर बानगंगा बैराज से अपने घर जुगडिहवा जा रहे थे। तभी बाइक की गति तेज होने के कारण युवक नियंत्रण खो बैठे और सड़क की पटरी पर गिट्टी उतार रहे ट्रक में जा भिड़े और चार गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शोहरतगढ़ पहुंचाया गया, प्राथमिक उपचार के बाद चारों की हालत गम्भीर देख चिकित्सक डा एके आजाद ने माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। युवकों के सिर व पैर में गम्भीर चोटे आयीं है। सभी घायल शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के जुगडिहवा गांव निवासी हैं। घायलों में फैजान (13) पुत्र मोहम्मद रजा, अजमत (11) पुत्र हसमत अली, अजीज (16) पुत्र वाजिद अली, शमीम (9) पुत्र मोहम्मद सलीम व सुहेल (12) पुत्र अतहर है। सभी घायल शोहरतगढ़ थाने का जुगडिहवा गांव निवासी हैं। शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि घायलों का इलाज मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर में चल रहा है।

विशेष रेलगाड़ियों के फेरे बढ़ाने का निर्णय

गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा हेतु 05531/05532 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनस-रक्सौल वाया गोरखपुर साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन रक्सौल से 14 अप्रैल एवं 28 अप्रैल से 30 जून तक प्रत्येक रविवार को तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 15 अप्रैल एवं 29 अप्रैल से 1 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार को 11 फेरों के लिये किया जायेगा। इसके अलावा 08795/08796 दुर्ग-छपरा-दुर्ग साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन दुर्ग से 15, 22 एवं 24 अप्रैल तक प्रत्येक सोमवार को तथा छपरा से 16, 23 एवं 30 अप्रैल तक प्रत्येक मंगलवार को 03 फेरों के लिये किया जायेगा। इसके अलावा 05565/05566 सहरसा-सरहिन्द-सहरसा वाया गोरखपुर साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन सहरसा से 18 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक गुरुवार को तथा सरहिन्द से 20 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को 11 फेरों के लिये किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

थावे-हथुआ स्टेशनों के मध्य गाड़ियों का ठहराव होगा

गोरखपुर अमृत विचार। चैत्र नवरात्र अवसर पर वाराणसी मण्डल के थावे स्टेशन के निकट देवी स्थान पर लगने वाले मेला पर श्रद्धालु यात्रियों की अधिक भीड़ होती है। इसी को देखते हुए रेलवे प्रशासन की ओर से थावे-सीवान रेल खण्ड के थावे-हथुआ स्टेशनों के मध्य स्थित देवी स्थान हाल्ट स्टेशन पर 15 से 17 अप्रैल तक इस खण्ड पर चलने वाली सभी अप/डाउन साइड की गाड़ियों का ठहराव प्रदान किया जायेगा।

पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

संतकबीरनगर। लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देश पर बखिरा और महुली पुलिस ने अर्धसैनिक बल के जवानों के साथ गांवों में भ्रमण कर लोगों को भयमुक्त माहौल में मतदान करने का संदेश दिया। बखिरा पुलिस ने सिद्धार्थनगर जनपद के बार्डर पर मौजूद गांवों नेतारी कला, धोबहा और नन्दौर में एरिया डोमिनेशन और पैदल गश्त करते हुए लोगों को सुरक्षा का भरपूर एहसास कराया। इसी कड़ी में महुली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में अर्धसैनिक बल के जवानों के साथ थानाक्षेत्र में पैदल गश्त किया।

मवेशी नहलाने गए किसान की डूबकर मौत

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। त्रिलोकपुर थानान्तर्गत जूड़ीकुइयां गांव में एक किसान की भैंस को नहलाते समय डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गांव निवासी राम उजागिर (45) शुक्रवार सुबह अपनी भैंस को नहलाने गांव के पश्चिम स्थित नौखान पर गया था। इसी दौरान राम उजागिर का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। आस-पास मौजूद बच्चों ने जब युवक को डूबते देखा तो दौड़कर गांव में जाकर बताया। मौके पर पहुंचे गांव वालों के साथ ग्राम प्रधान सुनील तिवारी ने राम उजागिर को पानी से निकाला और तत्काल बलरामपुर जिले के उतरौला स्थित निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राम उजागिर की मौत से पत्नी चिनका देवी, पांच बेटों और दो बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल है। तहसीलदार डुमरियागंज डॉ. संतराज बघेल ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और मदद का भरोसा दिया। मौके पर मौजूद लेखपाल अभिषेक श्रीवास्तव को तत्काल सभी जरूरी कागजात पूर्ण कर परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने को कहा।

आरपीएफ ने यात्रियों का सामान किया बरामद

गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़, आरक्षित टिकटों के अवैध कारोबार की रोकथाम सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है।

इसी क्रम में मण्डल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष,वाराणसी की सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल,छपरा को गाड़ी संख्या-15910 से 14 वर्ष की एक नाबालिग लड़की लावारिस हालत में मिली, जिसे छपरा पोस्ट पर लाया गया। छपरा पोस्ट से उस लड़की को चाइल्ड लाइन छपरा को सुपुर्द किया गया। रेलवे सुरक्षा बल,गोरखपुर को प्लेटफार्म संख्या-1 पर 03 वर्ष की एक बच्ची लावारिस हालत में मिली, जिसे चाइल्ड लाइन गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। रेलवे सुरक्षा बल/छपरा, सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्य, बलिया एवं स्थानीय पुलिस के सहयोग से रिविलगंज रेलवे स्टेशन यार्ड में लगे 73 टिन शेड दुकान, 8 झोपड़ी, 8 गुमटी, बाउण्ड्री वाल तथा चबूतरों आदि अवैध अतिक्रमण को हटाया गया।

रेलवे सुरक्षा बल एवं अपराध आसूचना शाखा,कासगंज तथा क्राइम प्रिवेंशन एवं डिटेक्शन टीम द्वारा वरिष्ठ खण्ड अभियन्ता/विद्युत कासगंज के स्टोर की चेकिंग के दौरान एक रेल कर्मचारी को भारी मात्रा में रेल सम्पत्ति के साथ गिरफ्तार किया गया एवं अन्य फरार 2 अभियुक्तों को वांछित किया गया। रेलवे सुरक्षा बल/सीवान, अपराध आसूचना शाखा भटनी एवं छपरा द्वारा संयुक्त रूप से मुखबिर की सूचना पर मैरवा रेलवे स्टेशन से यात्री सामानों की चोरी करने वाले एक शातिर चोर को यात्रियों से चोरी किये गये 3 मोबाइल एवं चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया।

रेलवे सुरक्षा बल,बनारस एवं अपराध आसूचना शाखा,वाराणसी द्वारा संयुक्त रूप से पिंडरा बाजार,वाराणसी स्थित एक टैवेल्स एजेन्सी के संचालक को पर्सनल यूजर आई.डी. पर बने 32 ई-टिकटों के साथ रेल टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त पाकर गिरफतार किया गय। रेलवे सुरक्षा बल,बलिया द्वारा सुरेमनपुर स्थित एक दुकान के संचालक को व्यक्तिगत यूजर आई.डी. पर बने 13 अदद् ई-टिकटों के साथ रेल टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त पाकर गिरफ्तार किया गया। अपराध आसूचना शाखा एवं रेलवे सुरक्षा बल,गोरखपुर द्वारा संयुक्त रूप से सहजनवा के टिकट आरक्षण केन्द्र से एक व्यक्ति को 01 अद्द तत्काल यात्रा टिकट एवं 04 आरक्षण फार्मों के साथ आरक्षित तत्काल टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त पाकर गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

निर्माण कार्य के चलते संचालन रहेगा प्रभावित

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा गोरखपुर-गोंडा खंड के जगतबेला-सहजनवा-मगहर स्टेशनों के मध्य आटोमेटिक सिगनलिंग के चलते में नान इंटरलाकिंग कार्य के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन एवं ठहराव का स्थगन किया जायेगा। 14 से 17 अप्रैल तक विभिन्न गाड़ियों का संचालन प्रभावित रहेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

महिला का लटका मिला शव, हत्या का आरोप

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के बडहाल घाट में संदिग्ध हालात में एक महिला की मौत हो गई। कमरे में छत के कुंडे के सहारे फंदे से लटका हुआ उसका शव मिला। मायके वालों का आरोप है कि बेटी की हत्या कर शव फंदे से लटका दिया गया। आरोप है कि ससुराल वाले बिना सूचना दिए ही शव का अंतिम संस्कार करने जा रहे थे। उसका थाना क्षेत्र के तालनटवा गांव के टोला धर्मपुरवा निवासी बाबू लाल निषाद ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री बिंदावती (22) की शादी जून 2023 को मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के बड़हर घाट निवासी श्याम सुंदर निषाद से की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही दामाद, बेटी को परेशान करता था। लड़की को लगातार प्रताड़ित कर रहा था।

एसपी ने पुलिस बल के साथ किया पैदल मार्च

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ दरवेश कुमार और थाना प्रभारी राजकुमार पाण्डेय की मौजूदगी में पुलिस व सीआईएसएफ पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों पैदल मार्च निकाला। पुलिस व सुरक्षा बलों ने रामनवमी, लोकसभा चुनाव को देखते क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को पैदल मार्च किया। थाना शोहरतगढ़ से गड़ाकुल तिरंगा तिराहा, सरकारी अस्पताल, श्रीराम जानकी मंदिर, पुलिस पिकेट, रमजान गली चौराहा आदि जगहों पर पूरे नगर पंचायत के वार्डों में जवानों ने पैदल मार्च किया। इस दौरान एसपी ने लोगों से संवाद कर निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। पुलिस ने संदिग्ध लोगों व वाहनों की चेंकिंग भी की।

जिला न्यायाधीश से रिपोर्ट की गई तलब

प्रयागराज। क्लर्क द्वारा आरोप पत्र न लेने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीस पार्टी के प्रत्याशी डॉ.अयूब की याचिका पर सुनवाई करते हुए संतकबीर नगर के जिला न्यायाधीश से रिपोर्ट तलब की है। कहा कि मामले के विशिष्ट तथ्यों और जवाबी हलफनामे के माध्यम से राज्य द्वारा रिकॉर्ड पर लाई गई सामग्रियों को देखते हुए मामले में अंतिम आदेश पारित करने से पहले शिकायती पत्र का निस्तारण हो जाना चाहिए। दरअसल सरकारी अधिवक्ता द्वारा जवाबी हलफनामे में कोर्ट को बताया कि याची के मामले में जांच अधिकारी द्वारा आरोप पत्र प्रस्तुत करने के लिए हर संभव प्रयास करने के बाद भी संबंधित अदालत के क्लर्क ने आरोप पत्र लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद एसपी ने जिला न्यायाधीश को उचित दिशा निर्देश प्रदान करने का अनुरोध किया था।

कथा व्यास साक्षी दीदी का स्वागत करते मुख्य यजमान। अमृत विचार

जीवन को सुखमय बनाना है तो आध्यात्म के साथ आना जरूरी : साक्षी

मगहर, संतकबीरनगर। नगर के काजीपुर चौराहे पर स्थित सोसाइटी के पीछे श्री श्री शतचण्डी महायज्ञ स्थल पर शुक्रवार की शाम बुंदेलखण्ड से आयीं राधे कृपा साक्षी दीदी ने श्रीराम जन्मोत्सव प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कथा शुभारंभ अवसर पर सभासद व समिति के सदस्य अतुल श्रीवास्तव अपनी माता के साथ कथा वाचिका को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया। कथा प्रारम्भ करते समय साक्षी दीदी ने अपने उपस्थित श्रोताओं को सर्व प्रथम सदगुरु कबीर के बारे में संक्षिप्त कथा सुनाया। उसके बाद उन्होंने श्रीराम के जन्मोत्सव का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए उनके गुणों का बखान किया। उन्होंने कहा कि आज के भौतिकता वादी युग मे मनुष्य लोभ और माया जाल के झंझावतों में घिरा हुआ है। जीवन को सुखमय बनाने के लिये अध्यात्म की ओर भी ध्यान देने की जरूरत है। देवी देवताओं की कथा को सुनना लोक कल्याण के हित में होता है। जो भी श्रवण करते हैं उनके जीवन धन्य हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि रामायण दर्पण समान साफ और गंगा समान पवित्र है। जो मनुष्यों अपने जीवन में भगवान की लीलाओं को थोड़ा सा भी उतार लिया उसका जीवन सफल हो जाता है ।इस लिए मनुष्य को समय निकालकर भक्ति भाव मे भी ध्यान देना चाहिये। उन्होंने कहा कि यह संसार क्षणभंगुर है ।जीवन को यथार्थ बनाने हेतु कथा को जरूर सुनें। श्रीराम कथा सुनने से मात्र प्राणी के समस्त पाप धुल जाते हैं।

स्वच्छ भारत मिशन में हुए घोटाले में दर्ज हुआ केस

धनघटा, संतकबीरनगर

जांच-पड़ताल

- दो ग्राम प्रधानों, सचिव और दो कंस्ट्रक्शन कंपनियों के प्रोपराइटरों ने किया गबन

अमृत विचार। भ्रष्टाचार के मामले में नाथनगर ब्लाक एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। नाथनगर ब्लॉक कभी प्रधान तो कभी ब्लॉक कर्मियों के अजीबोगरीब कारनामो और घोटालों के चलते अक्सर चर्चा में बना रहता है। जिम्मेदार अधिकारी बेलगामों पर अंकुश लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते। इसके बावजूद घोटालेबाजों द्वारा सभी सिस्टम फेल कर दिया जाता है। इस प्रकार का एक के बाद एक मामला प्रकाश में आ ही जाता है।

ज्ञात हो कि स्वच्छ मिशन ग्रामीण योजना के लाखों के सरकारी धन गबन मामले में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के आदेश पर एडीओ पंचायत विश्राम प्रसाद ने सचिव शिव प्रकाश सिंह, ग्राम प्रधान छितही अलीमुल कदर, ग्राम प्रधान मडहाराजा अब्दुल समद, प्रोपराइटर लवली कंस्ट्रक्शन और जनरल ऑर्डर सप्लायर प्रोपराइटर श्रेयांश कंस्ट्रक्शन के विरुद्ध सरकारी धन गबन के मामले में महुली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इस कार्यवाही से नाथनगर ब्लाक कर्मियों सहित प्रधानों में हड़कंप मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत छितही और मड़हाराजा में सचिव और दोनों कंस्ट्रक्शन कम्पनियों के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन योजना में 27 लाख 36 हजार रुपए का घोटाला किया गया है।

सार-संक्षेप

टीटीई से मारपीट में सख्त कार्रवाई की मांग

गोरखपुर। अमृत विचार। वैशाली एक्सप्रेस में टीटीई द्वारा टिकट मांगने पर यात्रियों ने मारपीट की। मामले में रेलवे प्रशासन की ओर से दोषी यात्रियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय का कहना है कि इस तरह दोषियों के खिलाफ त्वरित एवं कड़ी कार्रवाई से कर्मचारियों में सुरक्षा का माहौल बना रहता है। टिकट चेकिंग कर्मचारी निर्भीक होकर रेल कार्य करते हैं। महामंत्री ने प्रशासन से निवेदन किया है कि महत्वपूर्ण गाड़ियों में टिकट चेकिंग स्टाफ को टिकट चेक करते समय सुरक्षा बल का सहयोग उपलब्ध कराया जाए, जिससे इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। पूर्व में इस तरह की जो अप्रिय घटनाएं घटित हुई हैं, उन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन उस पर कड़ी कार्रवाई करे। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी डीके तिवारी, आरपी भट्ट, एससी अवस्थी, कौशल कुमार सिंह, केएम मिश्रा, दीपक चौधरी, कुलदीप मणि त्रिपाठी, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, हरिकेश बहादुर, ,अजय त्रिपाठी,अंशुमान पाठक, निशांत यादव, दीपक प्रजापति, कैलास, धीरज यादव, धनंजय इत्यादि पदाधिकारियों ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

महात्मा ज्योतिबा राव फुले के चित्र पर माल्यार्पण करते सपा कार्यकर्ता।

महात्मा ज्योतिबा राव फुले की मनाई जयंती

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। समाजवादी पार्टी इटवा कार्यालय में समाज सुधारक एवं विचारक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती मनाई गयी। सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर आयोजित परिचर्चा पर समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व यश भारती से सम्मानित मणेन्द्र मिश्रा ने कहा कि फुले ने भारत में सामाजिक जड़ता तोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया। वंचित, शोषित एवं आधी आबादी का जीवन स्तर सुधारने में वह अजीवन सक्रिय रहे। महात्मा फुले सामाजिक क्रान्ति के अग्रदूत थे। उनके द्वारा लिखित साहित्य सभी के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इटवा विधानसभा अध्यक्ष बबलू खान ने ज्योतिबा फुले के जीवन से शिक्षा लेने की बात कही। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा शकील शाह, प्रदेश सचिव जावेद खान, बड़कू पांडेय, सुशील तिवारी, रामफेर यादव, राजू श्रीवास्तव, अजय चौरसिया छात्र सभा, अब्दुल लतीफ, अजय चर्तुवेदी, संजय यादव, महेंद्र पाल सहित अन्य ने महात्मा फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया।

भारत और नेपाल के दो विश्वविद्यालयों में करार

गोरखपुर

अमृत विचार। भारत व नेपाल के बीच समग्र शैक्षिक-सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर तथा नेपाल के लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय ने एक साझा पहल की है।

गुरुवार को दोनों विश्वविद्यालयों के बीच महत्वपूर्ण समझौता करार (एमओयू) हुआ। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी और नेपाल के लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुबर्ण लाल बज्राचार्य ने एमओयू पर हस्ताक्षर कर इसका आदान-प्रदान किया। दोनों विश्वविद्यालय शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में विद्यार्थी विनिमय कार्यक्रम के साथ ही शोध और नवाचार की दिशा में मिलकर काम करेंगे। लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुबर्ण लाल बज्राचार्य ने कहा कि भारत और नेपाल के सांस्कृतिक अंतरसंबंध मानव सभ्यता और संस्कृति के इतिहास जितने ही प्राचीन हैं। दोनों देशों की साझी सांस्कृतिक विरासत है और इसे आपसी शैक्षिक कार्यक्रमों से संरक्षित व संवर्धित किया जा सकता है।

शोध मिट्टी में जल धारण की अच्छी क्षमता, जल की उपलब्धता व अनुकूल जलवायु होगी सहायक

मखाना की खेती से मालामाल होंगे किसान

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। जिले के लघु व सीमांत किसानों के लिए कृषि वैज्ञानिकों ने आय का बेहतर विकल्प खोज लिया है। जिले के किसान मखाना की खेती कर मालामाल हो सकते हैं। मखाना की खेती के लिए उपयुक्त जलवायु, पानी व मिट्टी में जल धारण की क्षमता को देखते हुए, इसकी खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र सोहना के वैज्ञानिकों ने स्वर्ण वैदेही प्रजाति का काला हीरा मखाना का परीक्षण के लिए रोपड़ किया।

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय कुमार अयोध्या के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देश पर जिले के किसानों की आय बढ़ाने के लिए मखाना की खेती को बढ़ावा देने का निर्देश दिया गया था। अपर निदेशक प्रसार डॉ. आरआर सिंह ने बताया कि जिले के मिट्टी में जल धारण की क्षमता अच्छी होने के साथ जल की उपलब्धता व अनुकूल जलवायु के कारण काला हीरा मखाना की खेती के लिए अपार संभावनाएं है।

उद्यान वैज्ञानिक डॉ. प्रवीण कुमार मिश्र ने बताया कि मखाना की खेती के लिए 20 से 35 डिग्री सेल्सियस तापमान 50 से 90 प्रतिशत वायु में नमी के साथ ही 100 से 150 सेमी वार्षिक वर्षा की आवश्यकता होती है, जो हमारे जिले में मौजूद है। मखाना की खेती लघु व सीमांत किसानों के साथ ही मछुआरों के लिए भी लाभकारी साबित हो सकती है। पोषक तत्वों से भरपूर प्रोटीन व खनिज लवण प्रचुर मात्रा में पाए जाने वाले पाप्ड या लावा मखाना के रूप में बाजारों में बिकता है। विभिन्न प्रकार के व्यंजनों में उपयोग किया जाता है, जो उच्च पोषण युक्त होने के कारण इसे काला हीरा का नाम दिया गया है। कृषि विज्ञान केंद्र सोहना के कृषि फार्म खरैला में करीब आधा एकड़ में लगा कर परीक्षण किया गया है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र दरभंगा बिहार से जिले के लिए उपयुक्त मखाना की प्रजाति स्वर्ण वैदेही प्रक्षेत्र पर डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. प्रवेश कुमार देहाती, डॉ.प्रदीप कुमार, डॉ. सर्वजीत, डॉ. मार्कडेय सिंह, देखरेख में लगाया गया।

एक नजर

आज समाप्त हो जाएगा चीनी मिल का पेराई सत्र

बलरामपुर, अमृत विचार। जिले की प्रसिद्ध बलरामपुर चीनी मिल का वर्ष 2023 -24 का पेराई सत्र शनिवार 13 अप्रैल को समाप्त हो जाएगा। यह जानकारी देते हुए चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक निष्काम गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र के किसान जिनका गन्ना अभी शेष बचा है ।वह लोग शनिवार तक गन्ने की आपूर्ति चीनी मिल को कर दें ।चीनी मिल में गन्ने की खुली खरीद हो रही है। किसान समय से अपना गन्ना बेचकर उचित लाभ कमाएं तथा परेशानी से बचें।

धूमधाम से मनाई गई डॉक्टर हैनीमैन की जयंती

बलरामपुर, अमृत विचार। होम्योपैथिक चिकित्सा के जनक माने जाने वाले डॉक्टर हैनीमैन की जयंती बीते दिन धूमधाम से मनाई गई ।मुख्यालय के तुलसी पार्क में जयंती कार्यक्रम का मुख्य अतिथि सदर विधायक पल्टूराम ने डॉक्टर हेनीमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर दिलीप सिंह ने हेनीमैन के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला ।कार्यक्रम के आयोजक डॉक्टर सतीश सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में होम्योपैथिक चिकित्सा क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले डॉक्टरों को सम्मानित भी किया गया।

अनाथ हुए बच्चों का सहारा बने शिक्षक व बीईओ

मेंहदावल। मां बाप के बाद बच्चों के शिक्षक ही मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। कुछ ऐसा ही मामला नंदौर बाजार में देखने को मिला, जहां मां-बाप की मौत के बाद अनाथ हो चुके बच्चों के जूनियर हाईस्कूल तक पढ़ाई की जिम्मेदारी बीईओ ज्ञानचंद्र मिश्र की अगुवाई में शिक्षकों ने उठाई। शुक्रवार को बच्चों के घर जाकर उनकी आर्थिक मदद करके उन्हें सम्बल प्रदान किया। उन्होंने बताया कि होली के दिन नंदौर बाजार निवासी दो बच्चे सात वर्षीय लकी और पांच वर्षीय जैकी के पिता नरसिंह और माता लक्ष्मी की मौत हो चुकी थी। उनके दादा भग्गन और दादी अतवारी काफी वृद्ध हैं। इन बच्चों के सामने दैनिक जीवन की समस्याओं के साथ ही शिक्षा ग्रहण करने में समस्या आ गई थी। बच्चों की शिक्षा व्यवस्था को लेकर शिक्षकों से बात हुई। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षकों की भूमिका अहम होती है। माता-पिता के बाद शिक्षक ही उनके मार्गदर्शन होते हैं। माता-पिता उन्हें चलना सिखाते हैं, तो शिक्षक उनको जीवन जीने की कला सिखाते हैं। इस अवसर पर सरवरे आलम, अब्दुल गफ्फार, मुकेश कुमार गुप्ता समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

सशस्त्र बलों के निवास के लिए कॉलेजों का किया अधिग्रहण

बलरामपुर, अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 को स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं सकुशल रूप से संपन्न कराए जाने के लिए जनपद में आने वाले सशस्त्र बलों के प्रवास हेतु डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम -1951 की धारा 160 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए आदर्श धर्मशाला भगवतीगंज, शक्ति स्मारक महाविद्यालय दुल्हिनपुर, स्टार वर्डस इंटर कॉलेज तुलसीपुर, एम वाई उस्मानी इंटर कॉलेज उतरौला जनपद बलरामपुर के परिसर एवं उनके समस्त कमरों को अधिग्रहित आदेश जारी कर दिया गया हैं।

चौथे दिन मां कूष्मांडा की हुई पूजा-अर्चना

श्रद्धा

▸▸ देवी मंदिरों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

बलरामपुर, अमृत विचार। नवरात्र के चौथे दिन शुक्रवार को जिले के सभी देवी मंदिरों तथा घरों में मां के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना हुई। तुलसीपुर स्थित देवी पाटन मंदिर सहित बिजलीपुर मंदिर, जरवा स्थित रहिया देवी मंदिर, उतरौला स्थित ज्वाला देवी मंदिर, नगर स्थित झारखंडी मंदिर, समय माता मंदिर पर सुबह से रात तक मां जगत जननी जगदंबा के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की भक्तिभाव से पूजा अर्चना आराधना की गई।

बलरामपुर के देवीपाटन मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं को भीड़। अमृत विचार

चैत्र नवरात्र के चौथे दिन की बात करें तो इस दिन नवदुर्गा के चौथे स्वरूप माता कूष्मांडा की उपासना की जाती है। कहते हैं कि देवी ने अपने मंद मुस्कुराहट और अपने उदर से इस ब्रह्मांड को उत्पन्न किया था। जिसके चलते इन्हें कूष्मांडा देवी के नाम से जाना जाता है। इनकी उपासना शांत मन के साथ करनी चाहिए मां कूष्मांडा की पूजा से अजेय रहने का वरदान मिलता है।

फार्म 12-डी के माध्यम से घर बैठे मत डाल सकेंगे बुजुर्ग और दिव्यांग

बीएलओ के माध्यम से घर-घर वितरित किया जाएगा फार्म 12-डी

संवाददाता, संतकबीरनगर

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देश पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव ने बताया है लोकसभा सामान्य निर्वाचन में जिले के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए उन्हें फ़ार्म 12-डी भरना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं की सुविधा को देखते हुए आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन में ऐसे मतदाता जो दिव्यांग हैं या 85 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक हैं और मतदान केन्द्र पर जाने में अक्षम हैं उनको 12-डी फार्म बीएलओ के माध्यम से भरना होता है। जिससे वे घर बैठे ही मतदान कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि इसके लिए दिव्यांगता का 40 प्रतिशत या उससे अधिक का प्रमाण पत्र होना चाहिए, यह फार्म बीएलओ द्वारा सभी पंजीकृत दिव्यांग औऊ वरिष्ठ नागरिकों को उपलब्ध कराया जा रहा है। इसे ससमय भर कर बीएलओ को जमा करा दें। उन्होंने बताया कि फार्म 12-डी ईसीआई की बेवसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। इसे भर कर आयोग को डाक से भेजा जा सकता है। उन्होंने बताया कि 12-डी फार्म उपयोग आवश्यक सेवाओं में तैनात अधिकारियो और कर्मचारियों को भी बैलेट से मतदान का विकल्प प्रदान करता है।

मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सभी मास्टर ट्रेनरों को दिया गया प्रशिक्षण

लोकसभा समान्य चुनाव ड्यूटी में लगे मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी व प्रभारी अधिकारी कार्मिक संत कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न कराया गया। विकास भवन सभागार में जनपद स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर जिला कृषि अधिकारी पी .सी . विश्वकर्मा, अधिशाषी अभियन्ता नलकूप लालचन्द ने मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया।

इसी क्रम में जनपद स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के एआरपी, एसआरजी, संकुल प्रभारी, डायट प्रवक्ता और नलकूप विभाग के अवर अभियन्ता जो मास्टर ट्रेनर के रूप में नामित हुए हैं की एक बेहद महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। जिसमे सभी मास्टर ट्रेनरों को उनके कार्य दायित्व और प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण देने की तैयारी और रणनीति के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। सभी को अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराते हुए निर्देशित किया गया कि मास्टर ट्रेनरों का प्रथम प्रशिक्षण आगामी 20 अप्रैल को आयोजित किया जाना है। उससे पूर्व सभी मास्टर ट्रेनर उपलब्ध कराई गई पीठासीन अधिकारी की निर्देश पुस्तिका, ईवीएम पुस्तिका का अध्ययन जरूर कर लें। जिससे प्रशिक्षण के समय उनको मूलभूत जानकारी रहे। सभी मास्टर ट्रेनरों की परीक्षा भी आयोजित होगी जिसमे सभी को सफल होना अनिवार्य होगा।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी को निर्देशित किया कि निर्वाचन त्रुटिविहीन होना है। किसी भी स्तर पर किसी प्रकार की त्रुटि न हो इसलिए प्रशिक्षण मे लगे सभी मास्टर ट्रेनरों को सजगता और पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण लेना है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षित होकर सभी मास्टर ट्रेनरों को मतदान कार्मिकों को भी प्रशिक्षित करना है। डी .सी . मनरेगा डॉ प्रभात कुमार द्विवेदी ने प्रशिक्षण की रूप रेखा प्रस्तुत किया और अधिशाषी अभियंता नलकूप और प्रभारी अधिकारी ईवीएम लालचंद ने ईवीएम से मतदान की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर सभी मास्टर ट्रेनर और सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

गर्भवती व बच्चों के टीकाकरण में बलरामपुर अव्वल

बलरामपुर, अमृत विचार। कोविड की तर्ज पर टीकाकरण की निगरानी शुरू की गई है। 13 मार्च से अब तक हुए आठ सत्र दिवस यू विन पोर्टल के माध्यम से गर्भवती व बच्चों के टीकाकरण की निगरानी कराई गई। जारी की गई सूची में बलरामपुर को प्रदेश में पहला, अलीगढ़ को दूसरा व बरेली को तीसरा गाजियाबाद को चौथा स्थान मिला है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी के नेतृत्व में टीकाकरण के लिए जिले में विशेष निगरानी के लिए टीम लगाई गई हैं। टीकाकरण पर सरकार का सबसे अधिक जोर है। ऐसे में कोविड के समय जिस तरह कोविन एप चलाया गया था, उसी तरह से यू विन पोर्टल शुरू किया गया है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि 13 मार्च से अब तक जिले में 5828गर्भवती को टिटनेस का टीका लगाया गया है जबकि शून्य से एक साल की अवधि के भीतर 19122 बच्चों व एक साल से पांच साल की अवधि के 3237 बच्चों को बीसीजी, पोलियो, हेपेटाइटिस सहित अन्य बीमारियों का टीका लगाया गया है। जिले में 22950 लोगों का टीकाकरण हुआ ।सीएमओ ने बताया कि राज्य स्तर से जारी सूची में बलरामपुर प्रदेश में पहले स्थान पर है। सीएमओ डॉ मुकेश रस्तोगी ने बताया कि टीम वर्क के चलते प्रदेश में बलरामपुर को पहला स्थान मिला है। यह निरंतरता बनी रहे, इसके लिए टीमें लगातार कार्य कर रही हैं।

मार्ग दुर्घटना में दो लोगों की मौत

बलरामपुर के जरवा कोतवाली में दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त स्कार्पियो। अमृत विचार

बलरामपुर, अमृत विचार। कोतवाली जरवा से करीब 200 मीटर अंदर भारत-नेपाल सीमा के मोड़ पर यात्रियों से भरी स्कार्पियो अनियंत्रित होकर जंगल में लगे पेड़ों से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की गाड़ी में बैठे मृतक गौरा चौराहा के भुसैलवा निवासी चंदन व सिसहना गोदहना निवासी मेराजुल की मौत मौके पर हो गई।

भुसैलवा निवासी अफजल, मीना, रफीकुन, बसईडीह निवासी जुबेदा, सोनैथी निवासी मोहम्मद अशरफ, हसीना व असलम घायल हो गए। तुलसीपुर क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि यात्रियों से भरी स्कार्पियो कोयलाबास से लौट रही थी। जरवा कोतवाली से 200 मीटर अंदर सीमा की ओर मोड़ पर तेज रफ्तार स्कार्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ों से टकरा गई। स्कार्पियो के परखच्चे उड़ गए। वाहन में नौ लोग सवार थे। चालक चंदन को छोड़कर सभी रिश्तेदार हैं। जरवा पुलिस व पीआरबी टीम ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी तुलसीपुर पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया।

सात घायल

▸▸ तेज रफ्तार स्कार्पियो पेड़ से टकराई

सपा प्रदेश सचिव को किया सम्मानित

संतकबीरनगर। समाजवादी पार्टी की राज्य कार्यकारिणी का विस्तार होने के बाद समाजवादी पार्टी के कद्दावर और वरिष्ठ नेता नित्यानंद यादव को प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया। मनोनयन के बाद जनपद मुख्यालय पहुंचने पर प्रदेश सचिव नित्यानंद यादव को बधाई देने और स्वागत करने का दौर शुरू हो गया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जनपद मुख्यालय स्थित सूर्या इंटरनेशनल एकेडमी पहुंचे नित्यानंद यादव का संस्थान के प्रबन्ध निदेशक डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी और उनके साथियों ने माल्यार्पण, अंगवस्त्र, बुके और प्रतीक चिन्ह भेंटकर भव्य स्वागत किया। बचपन के मित्र के बढ़ते राजनैतिक कद से प्रफुल्लित डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी ने कहा कि नित्यानंद यादव को जहां भी मेरे सहयोग की आवश्यकता महसूस होगी मैं पूरी क्षमता से खड़ा मिलूंगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने बेहद उपयुक्त व्यक्ति को यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। नित्यानंद यादव के प्रदेश संगठन में मौजूद होने से संतकबीरनगर जिले के कार्यकर्ताओं को मजबूती मिलेगी। स्वागत से अभिभूत नव नियुक्त प्रदेश सचिव नित्यानंद यादव ने कहा कि डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी ने हर कदम पर मुझे ताकत दिया है। आज का स्वागत हृदय को भावुक कर रहा है।

नाले में नहाने गए दो बच्चों की डूब कर मौत

हादसा

▸▸ गांव में मचा कोहराम, पसरा मातमी सन्नाटा

बलरामपुर, अमृत विचार। तुलसी पुर थाना क्षेत्र के बनकटवा गांव के बगल में बह रही सिरिया नाले में नहाने गए दो बच्चों की डूबकर मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही समूचे गांव में कोहराम मच गया। जो जहां सुन पाया, नाले के पास बच्चों को निकालने के लिए पहुंचा। अमिरका ने बताया कि उनका बेटा बृजेश स्कूल से पढ़कर घर पहुंचा, खाना खाकर कहा कि हम नहाने जा रहे हैं। दोस्तों के साथ थोड़ी देर में अभी आ रहे हैं। घर में उसकी मां थी। फिर वह अपने दोस्त विवेक सहित अन्य तीन-चार साथियों के साथ नाले पर पहुंच गया और नहाने लगा। इसी दौरान बृजेश डूबने लगा। उसको बचाने के लिए विवेक गहरे पानी में चला गया। दोनों डूब गए।

यह देखकर वहां मौजूद अन्य बच्चों ने दौड़कर गांव में सूचना दी। ग्रामीणों को जैसे ही यह सूचना मिली नाले पर पहुंचकर अथक प्रयास के बाद करीब पांच बजे बच्चों को बाहर निकाल लिया। विवेक अपने मां-बाप का दो बहनों में इकलौता बेटा था। दोनों बहनें है उससे छोटी है। जबकि बृजेश पांच भाइयों में तीसरे नंबर का बेटा था। विवेक का पिता बाहर रहकर कमाई कर रहा है। करीब नौ माह पहले वह घर से बाहर गया हुआ है। उसे भी सूचना दे दी गई है। नायब तहसीलदार अजय विक्रम सिंह अपने हमराहियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस उपाधीक्षक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बच्चों के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम के बाद मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

पूर्व विधायक के कब्जे से वापस ली 5.5 करोड़ की जमीन

बलरामपुर, अमृत विचार। उतरौला के पूर्व सपा विधायक आरिफ अनवर हाशमी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। ऑपरेशन माफिया कमर तोड़ के तहत जिला प्रशासन ने पूर्व विधायक द्वारा वर्ष 1987 व 1990 में कूटरचना से कब्जा की गई करीब 5 .5 करोड़ की सरकारी जमीन वापस ले ली है। मामला उतरौला तहसील के ग्राम सादुल्लाह नगर का है 1987 तथा 1990 में पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी ने तत्कालीन जनपद गोंडा के चकबंदी न्यायालय में कूटरचित दस्तावेज तथा फर्जी शपथ पत्र देकर नवीन परती की 1 .83 एकड़ जमीन किसान विद्यालय सादुल्लाह नगर की बागवानी के नाम दर्ज करा लिया ।पूर्व में उनके खिलाफ पकड़े गए कई फर्जीवाड़ों के क्रम में डीएम अरविंद सिंह ने मामले की जांच गोंडा तथा बलरामपुर के सक्षम अधिकारियों से कराई ।जांच में मामला सही पाया गया। डीएम के निर्देश पर उप संचालक चकबंदी बलरामपुर ने अपर जिला अधिकारी बलरामपुर के कोर्ट पर वाद दाखिल किया। पत्रावली में मौजूद साक्ष्यों के आधार पर एडीएम ने नवीन परती की जमीन को विद्यालय के खाते से काटकर पुन : नवीन परती के नाम दर्ज करने का आदेश दिया ।राजस्व विभाग ने इस जमीन को नवीन परती के नाम दर्ज कर लिया है ।डीएम ने कहा कि जिले में भूमाफिया व वनमाफिया के खिलाफ ऑपरेशन जारी रहेगा। इन लोगों की मदद यदि किसी सरकारी अधिकारी अथवा कर्मचारी ने की तो उसके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

नेट व जेआरएफ, आईआईटी व गेट उत्तीर्ण छात्र सम्मानित

सम्मानित छात्र-छात्राओं के साथ प्राचार्य व महाविद्यालय के प्रोफेसर्स। अमृत विचार

बलरामपुर, अमृत विचार। एमएलके पीजी कॉलेज सभागार में शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने कहा कि यह महाविद्यालय के लिए एक गौरव का क्षण है कि उसके अध्ययनरत 18 छात्र-छात्राओं ने नेट व जेआरएफ , 10 आई आई टी जैम व गेट उत्तीर्ण किया जिन्हें आज महाविद्यालय सम्मानित करके स्वयं भी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। समारोह में नेट व जेआरएफ उत्तीर्ण राकेश यादव,अभिषेक तिवारी,साधना सिंह,मो0 आतिफ,मानसी पाठक,समय प्रसाद,मार्कण्डेय पाण्डेय,जगदीश, गुलाफ्शां इरम,अभिषेक मिश्र,अविनाश यादव,बृज भूषण तिवारी,मनीष पाण्डेय, अर्चना पाण्डेय,मुरली चौधरी, महेन्द्र प्रताप ,राहुल कुमार व शरद शुक्ल सहित 10 आई आई टी जैम उत्तीर्ण,सामाजिक जागरूकता व 15 अगस्त,26 जनवरी व अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट में गॉर्ड ऑफ ऑनर देने वाले 39 एन सी सी कैडेटों ,विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले 96 छात्र-छात्राओं के साथ साथ पाठ्य सहगामी क्रियाओं, संस्थापक सप्ताह समारोह व अन्तरसंकाय विविधा प्रतियोगिता अंतर्गत आयोजित बौद्धिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लगभग 150 विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र, किताबें व मैडल प्रदानकर सम्मानित किया गया।

होली मिलन में अनुसूचित जाति के लोगों का हुआ सम्मान

होली मिलन समारोह का आरंभ करते विधायक पल्टूराम व पूर्व विधायक शैलू सिंह।

बलरामपुर। अनुसूचित जाति मोर्चा सामाजिक बैठक एवं होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि पलटूराम विधायक बलरामपुर व विशिष्ट अतिथि शैलेश कुमार सिंह शैलू ने उपस्थित सभी लोगों का सम्मान किया। पचपेडवा के मंशा मैरज हाल प्रांगण आयोजित कार्यक्रम में अनुसूचित जाति मोर्चा सामाजिक बैठक सम्मान समारोह एवं होली मिलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बलरामपुर विधायक पलटू राम व विशिष्ट अतिथि निवर्तमान विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू ने भगवान बुद्ध एवं डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। सभी लोगों का शैलेश कुमार सिंह शैलू ने अंगवस्त्र भेट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिव कुमार दिलीप बौद्ध संस्थापक महामाया बौद्ध बिहार जन कल्याण सेवा संस्थान,सीमा देवी पूर्व प्रधान,रैशमा गौतम, मुन्नी देवी गौतम,परसौना देवी, प्रहलाद, लक्ष्मी देवी, दद्दन गौतम रमेश गौतम,संदीप कुमार गौतम,राजेश कुमार गौतम, जिला मीडिया प्रभारी, बृजेश गौतम, समेत उपस्थित सभी अनूसूचित जाति मोर्चा के वरिष्ठ पदाधिकारी ने भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने का आह्वान किया।

संतकबीरनगर में अकीदत के साथ मनायी गई ईद

संतकबीरनगर, अमृत विचार। ईद का त्योहार बृहस्पतिवार को बड़े हर्षोल्लास के बीच सम्पन्न हो गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में ईदगाहों में पहुंच कर ईद की नमाज अदा कर मुल्क के अमन और खुशहाली की दुआएं मांगी। पूर्व सदर विधायक और वरिष्ठ सपा नेता दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे, नगरपालिका चेयरमैन जगत जायसवाल, जिलापंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव आदि नेताओं ने ईदगाह खलीलाबाद के बाहर खड़े होकर नमाज अदा कर लौट रहे लोगों को गले मिलकर ईद के त्योहार की बधाई दिया। वरिष्ठ सपा नेता के .डी . यादव, रामबृक्ष यादव, रमेश यादव, नित्यानंद यादव आदि नेताओं ने सपा जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम समेत तमाम लोगों के घर पहुंच कर ईद की बधाई दिया। सूर्या इंटरनेशनल एकेडमी के प्रबंध निदेशक डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी ने अपने बेहद करीबी युवा व्यापारी दानिश खान के घर पहुंच कर उन्हें गुलदस्ता भेंट कर ईद की मुबारकबाद दिया।

एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में स्थित परिवहन शाखा, शस्त्रागार और यातायात कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके अभिलेखों का वार्षिक निरीक्षण करते हुए कमियां पाए जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों को सुधार का आवश्यक निर्देश दिया। जरुरी पत्रावलियों और अभिलेखों के उचित रख रखाव का निर्देश देते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अभिलेख ऐसे तरीके से रखे जायं कि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल उपलब्ध कराया जा सके।

दिखा भाईचारा | लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर दी बधाई, स्वादिष्ट व्यंजनों का लिया स्वाद

दुआ के लिए उठे हजारों हाथ, हर्षोल्लास के साथ मनी ईद

बलरामपुर/उतरौला

अमृत विचार। मुल्क की शांति खुशहाली और अमन चैन के लिए लोगों ने ईद के दिन नमाज अदा कर दुआ मांगी। मुल्क और कौम की सलामती के लिए मस्जिदों एवं ईदगाहों में एक साथ हजारों हाथ उठे। नमाज के बाद एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। आपसी भाईचारा व प्रेम सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। नमाज के बाद घरों में स्वादिष्ट सेवाएं के साथ अन्य व्यंजनों का लोगों ने खूब आनंद उठाया। गत गुरुवार को जिले में ईद का त्यौहार हर्षोल्लास के बीच मनाया गया। सवेरे लोगों ने मस्जिदों एवं ईदगाहों में ईद की नमाज अदा कर मुल्क में शांति ,अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी ।उतरौला तहसील क्षेत्र में गुरुवार को ईद का त्योहार पारंपरिक ढंग से बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। गांव से लेकर शहर के ईदगाहों और मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ रही। लाखों अकीदतमंदों ने नमाज अदा कर अल्लाह से मुल्क, कौम व मिल्लत की दुआ मांगी। इसके बाद एक-दूसरे से गले मिले और मुबारकबाद दिया। ईद पर बच्चों से लेकर बड़ों तक के चेहरे पर खुशियां छाई रहीं।

बलरामपुर में ईद के दौरान नमाज अदा करते लोग। अमृत विचार

ईद त्योहार को लेकर ईदगाहों, मस्जिदों पर चाक चौबंद व्यवस्था रही। सफाई से जहां सड़कें चमचमा रहीं थी। सुरक्षा के मद्देनजर मस्जिदों व ईदगाहों पर पुलिस मुस्तैद रही। सुबह बच्चों के साथ बड़ों ने नहा कर नए कपड़े पहने, इत्र लगाया और सिर पर टोपी सजाई। साथ में नन्हें मुन्नों को लिया और कदम ईदगाह व मस्जिदों की ओर चल पड़े। मुस्लिम समुदाय के लोग एक साथ एक कतार में जब ईद की नमाज पढ़ना शुरू किए तो अमीरी-गरीबी और असमानता की खाई पट गई। अल्लाह की इबादत में हर कोई लीन रहा। ईद की नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

वरदान साबित होगा विमला विक्रम हास्पिटल

बलरामपुर, अमृत विचार। नेपाल सीमा से सटे पिछड़े क्षेत्र की स्वास्थ संबंधित समस्याओं के लिए विमला विक्रम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल वरदान साबित होगा। पचपेड़वा में स्थापित विमला विक्रम महाविद्यालय के प्रबंधक सलिल सिंह टीटू ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय कदम उठाया है। महाविद्यालय परिसर में ही विमला विक्रम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनवाकर उन्होंने क्षेत्र वासियों को दूसरी सौगात दी है।

विमला विक्रम हॉस्पिटल का उद्घाटन सलिल सिंह टीटू के बड़े पिता रंजीत सिंह ने फीता काटकर किया। विमला विक्रम हॉस्पिटल के प्रबंधक सलिल सिंह टीटू ने बताया यह अस्पताल 100 बेड का है। जिसमें सलाहकार चिकित्सख एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आर आर सिंह एमबीबीएस एमडी, डॉक्टर रूबी सिंह एमबीबीएस स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ एके श्रीवास्तव एमबीबीएस एमएस सामान्य शल्य चिकित्सा लोगों को अपनी सेवाएं देंगे। अस्पताल में मेडिसिन प्राइवेट वार्ड, जनरल वार्ड एसी जनरल वार्ड, एन आई सी यू, पी आई सी यू, नवजात शिशु के इलाज की सारी सुविधाएं मिलेंगी। पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड एक्स-रे की सेवाएं अस्पताल में ही उपलब्ध है। अस्पताल में लेप्रोस्कॉपी सर्जरी की व्यवस्था है। क्षेत्र के गरीब मरीजों को बहुत कम रेट पर तथा अधिक गरीब मरीजों को निःशुल्क इलाज भी दिया जाएगा। उद्घाटन के अवसर पर आनंद कुमार सिंह अन्नू, धर्मेंद्र प्रताप कलहंस, राष्ट्र नेपाल से आए पूर्व सांसद अभिषेक प्रताप शाह, अशोक प्रताप सिंह, मुशीर अहमद आदि मौजूद रहे।

विमला विक्रम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का फीता काटकर उद्घाटन करते अतिथि।

चुनावी गतिविधियां

● **बसपा उम्मीदवारों पर सबसे ज्यादा आपराधिक मामले :** अपराध मुक्त समाज बनाने का दंभ भरने वाले राजनैतिक दल चुनाव के दौरान टिकट देने के दौरान प्रत्याशी पर दर्ज मुकदमों से परहेज नहीं करते हैं। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में आठ सीटों के प्रत्याशियों की बात करें तो सबसे ज्यादा पांच बसपा के उम्मीदवारो पर अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं, इतना ही नहीं, मुकदमें गंभीर धारा में दर्ज हैं। वहीं सपा और भाजपा भी बहुत पीछे नहीं हैं, दोनों में ही तीन-तीन प्रत्याशियों ने दर्ज मुकदमें घोषित किये।उप्र इलेक्शन वाच और एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार जय समता पार्टी, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम), रालोद, कांग्रेस के सभी उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। वहीं बसपा के 50 फीसदी, सपा के 29 फीसदी और बीजेपी के 14 फीसदी उम्मीदवारों ने अपराधिक मामले घोषित किए हैं। सबसे ज्यादा मामले आसपा के नगीना से उम्मीदवार चंद्रशेखर पर सबसे अधिक 36 दर्ज हैं। दूसरे नंबर पर सहारनपुर में कांग्रेस के इमरान मसूद पर आठ और तीसरे नंबर पर रामपुर से एडीपी के उम्मीदवार अरशद वारसी पर आधा दर्जन मामले दर्ज हैं।

आंबेडकरमय होने की तैयारी में जुटे राजनीतिक दल

सिर चढ़कर बोल रहा लोकसभा चुनाव का असर, मतदाता भी समझ रहे

डॉ. आंबेडकर जयंती पर भाजपा में मची है सबसे आगे निकलने की होड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा गठबंधन, इंडी गठबंधन और बसपा समेत कई दलों ने बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर अनुसूचित वर्ग के मतों को साधने की तैयारी की है। इसमें भाजपा का देशव्यापी समरसता दिवस तो तय है ही, इस दिन अनुसूचित जाति-जनजाति बस्तियों में जाकर सपंर्क, गोष्ठी, भोजन आदि के जरिए हर बूथ पर 370 वोट के लिए पूरी भागीदारी पर फोकस है। हालांकि मतदाता नेताओं की मंशा बखूबी समझ रहे हैं, और खामोश रहकर तमाशा देख रहे हैं।

प्रदेश में 21 से 22 फीसदी अनुसूचित वर्ग का वोट बैंक है, जिसपर बीते चुनावों से बहुजन समाज पार्टी की पकड़ धीरे-धीरे कुछ कमजोर होती देख भाजपा, कांग्रेस, सपा में इसे अपने पाले में लाने की होड़ चल रही है। पिछले लोकसभा चुनावों में लगभग 75 प्रतिशत जाटवों ने सपा-बसपा और रालोद गठबंधन को वोट दिया, लेकिन गैर-जाटव दलितों में से लगभग 42 प्रतिशत ने ही उन्हें वोट दिया। 48 फीसदी गैर जाटव दलित भाजपा के साथ थे। यही समीकरण राजनीतिक दलों को अपनी ओर खींच रहा है। इसबार इंडी गठबंधन खुद को बसपा के मुकाबले ताकतवर मान रहा है, ऐसे में भाजपा को हराने के लिए अनुसूचित वर्ग के वोटों पर पकड़ बनाने के लिए डॉ आंबेडकर जंयती से बेहतर उसके पास मौका नहीं है। हालांकि बीते विधानसभा चुनाव में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बकायदा बाबा साहेब वाहिनी बनाने की घोषणा की थी, लेकिन भाजपा के मुकाबले असरदार नहीं रहा।

बसपा में अनुसूचित जाति वर्ग की अन्य जातियों जैसे पासी, कोरी, धोबी, खटिक, बाल्मिकि वगैरह अपनी अहमियत कम मानते हैं, यहीं वजह है कि इन नेताओं का नया ठिकाना भाजपा और कांग्रेस बनी। जैसे कौशल किशोर, स्वामी प्रसाद मौर्य, लालजी निर्मल, जुगल किशोर डॉ. उदित राज, पीएल पुनिया, आरके चौधरी, अशोक दोहरे, राकेश सचान आदि। सपा का इस पॉलिटिक्स में एक तरफ चंद्रशेखर की एंट्री भी है, जो बसपा के कैडर वोट बैंक पर अपना हक जता रहे हैं। वे भी आंबेडकर के बहाने सहेजने की कोशिश मे जुट गए हैं।

बसपा प्रमुख मायावती व उत्तराधिकारी आकाश आनंद का भी मेगा प्लान

डॉ आंबेडकर जयंती और रामनवमी भाजपा के लिए बेहद खास

भाजपा ने 5 अप्रैल को निषाद राज जयंती से 23 अप्रैल तक सांस्कृतिक पर्व उत्सव के जरिए देशभर में वोटरों को साध रही है। 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती को पार्टी समरसता दिवस के रूप में मनाएगी। साथ ही अनुसूचित जाति मोर्चा हर मंडल पर 50 अनुसूचित जाति के परिवारों को पार्टी से जोड़ा जाएगा। 17 अप्रैल को रामनवमी पर कार्यकर्ता पताका लहरायेंगे, हर मंदिर पांच दीपक जगायेंगे और मंदिर को सजाएंगे। 21 अप्रैल को महावीर जयंती पर पार्टी कार्यकर्ता जैन सम्प्रदाय की शोभायात्रा का विशेष अभिनंदन करेंगे। 23 अप्रैल को श्री हनुमान जयंती पर सारी दिल्ली में भाजपा कार्यकर्ता हर बूथ पर संगीतमय सुन्दरकांड पाठ का आयोजन करेंगे। इस विशेष सांस्कृतिक पर्व उत्सव से हम लोगों को भाजपा से जोड़ेंगे। वहीं, प्रधानमंत्री के विकसित भारत कार्यक्रम की भी चर्चा घर घर ले जाएंगे।

आप 'संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ दिवस' मनाएगी

आम आदमी पार्टी ने डॉ आंबेडकर जयंती पर ''संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ दिवस'' मनाने की घोषणा की है। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से शराब नीति घोटाले के सिलसिले में हुई दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी से आप की यह रणनीति मोदी सरकार को घेरने के लिए है। कई राज्यों में आप का अनुसूचित वर्ग के मतों पर खासा प्रभाव भी माना जाता है।

सात मई को होगा मतदान

तीसरे चरण की 10 सीटों के लिए नामांकन शुरू

अमृत विचार, लखनऊ। तीसरे चरण की दस सीटों पर चुनाव के लिए शुक्रवार से नामांकन शुरू हुआ। पहले दिन बदायूं में भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य ने नामांकन किया। इन सीटों पर सात मई को मतदान होगा। इस बीच, पहले व दूसरे चरण के मतदान के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत तृतीय चरण की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस चरण में सम्भल, हाथरस (अजा), आगरा (अजा), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, ऑवला व बरेली सीटों के लिए चुनाव होना है। इस चरण की कुल सीटों में आठ सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और दो सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। मुरादाबाद, सम्भल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं व बरेली समेत 12 जिलों के अंतर्गत तृतीय चरण के 10 लोकसभा क्षेत्र आते हैं।

सोशल मीडिया पर भी लोकसभा चुनाव को लेकर तेज चल रहा है द्वंद्व

एक दूसरे के खिलाफ बना रहे वीडियो तैयार की जा रही सुनियोजित पोस्ट

भाजपा के मीडिया आईटी सेल से डटकर मुकाबला कर रही कांग्रेस, बसपा व सपा

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार: नौ अप्रैल मंगलवार की सुबह सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, इसमें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप डोनाल्ड ने पत्नी के साथ साल के पहले सूर्य ग्रहण के अवीस्मरणीय नजारे को देख रहे थे, यह वीडियो भारत में बहुत ट्रेंड किया।

वास्तव में यह वीडियो अमेरिका में नहीं, भाजपा के आईटी सेल द्वारा तैयार किया हुआ है, जिसके आखिरी में सूर्य में लिखा था कि आयेगा मोदी ही। यह एक वीडियो उदाहरण है, इस तरह के तमाम वीडियो वायरल हो रहे हैं, जो व्यापारिक व निष्पक्ष कंटेंट पर आधारित होते हैं, अंत में एक लाइन में पार्टी प्रमुख या पार्टी विशेष का संदेश देते हैं। आमजन में आसानी से पहुंचने का माध्यम बने सोशल मीडिया का भरपूर उपयोग लोकसभा चुनाव में राजनैतिक दलों द्वारा किया जा रहा है।

चुनाव प्रचार के इस माध्यम को भाजपा, कांग्रेस,सपा और बसपा आदि सभी राजनैतिक दल भुनाने में लगे हैं। यू ट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और वाट्सअप आदि कई सोशल मीडिया के प्लेटफार्म हैं जिन पर ज्यादा से ज्यादा फालोवर्स पकड़ने और उनमें अपनी पोस्ट के व्यूज बढ़ाने की होड़ लगी है। अपनी-अपनी वीडियो, पोस्ट, रील्स आदि को देश में टॉप 10 में शामिल करने के लिए प्रमुख नेताओं के वैरिफाइड एकाउंट्स हैश टैगिंग किये जा रहे हैं, फेसबुक पेज के फालोवर्स मिलने से व्यूज बढ़ाये जा रहे हैं।

डिजीटल प्लेटफार्म पर भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कांग्रेस दौड़ रही है। इसके लिए कांग्रेस ने बूथ स्तर पर, ब्लॉक, मंडल व जिले स्तर पर सोशल मीडिया प्लेट फार्म स्थापित किये हैं। विधानसभा स्तर पर रूमवार बनाए गए हैं, प्रदेश में करीब दो लाख सभी बूथों पर सोशल मीडिया के प्रतिनिधि के साथ टीम तैनात है, जो कि पार्टी के हर संदेश को जनता तक पहुंचा रहें हैं। इसी प्रकार, समाजवादी पार्टी भी खुद को डिजिटल प्लेटफार्म पर स्थापित किये हुए हैं। अखिलेश यादव समेत पार्टी के वैरिफाइड एकाउंट्स है, जिस पर विभिन्न विषयों पर वीडियो पोस्ट किये जा रहे हैं, कई वीडियो टॉप 10 में भी पहुंचते हैं।

बसपा मायावती के फालोवर्स बहुत हैं, नेशनल कॉडिनेटर आकाश आनन्द ने भी अपना फेसबुक पेज व एक्स पर वैरिफाइड एकाउंट तैयार कर, पार्टी के संदेश को वायरल कर रहे हैं, मगर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म में खुद को अपडेट न करने की वजह से सोशल मीडिया में पुराने ढ़र्रे पर चल रही है।

क्या है सोशल मीडिया का सच

एक क्लिक में हर मोबाइल तक पहुंचने का माध्यम है सोशल मीडिया। कुछ ही क्षणों में देश-दुनिया तक पहुंचने का माध्यम है। राजनैतिक दलों ने अपने संदेश पहुंचाने और विरोधियों को पटकनी देने का माध्यम बना रखा है। इसके लिए पार्टियां, कंटेंट क्रिएटर, कंटेंट राइटर, रोचक बयान राइटर, विडियो कार्टून फिल्में और चित्रों के साथ कैरिकेचर आदि तैयार किये जा रहे हैं। विभिन्न विषयो पर 10 से 15 सेकेंड की रोचक रील्स पोस्ट की जा रही हैं। यही नहीं, प्रोफेशनल्स में प्री एप्रोच और पोस्ट एप्रोच के क्रिएटर रखे गये हैं। जो कि प्रतिद्वंदी पार्टी के प्रस्तावित रैली, सभा आदि आयोजन से पहले ही विरोध का माहौल तैयार किया जाता है, साथ ही आयोजन संपन्न होने पर चुटीले कंटेंट पोस्ट क्रिएटर तैयार करते हैं।

सोशल मीडिया पर भाजपा सबसे मजबूत

'पीलीभीत मांगे बीजीपी' स्लोगन बीते मंगलवार को ट्रेंड हुआ, पीलीभीत में संपन्न प्रधानमंत्री मोदी की रैली, कई मिलियन व्यूवर्स के साथ टॉप फाइव में ट्रेंड की। भाजपा में सोशल मीडिया संचालन की बड़ी टीम सक्रिय है। इसमें भाजपा की कॉडर आधारित आई सेल है, इसके अलावा राज्य की आईटी टीम है, जिसमें विभिन्न जिलों के एक्सपर्ट शामिल हैं। एक संयोजन टीम के अंतर्गत चार सह संयोजक की टीम कार्य करती है। इसके बाद प्रदेश के छह प्रांतों में अलग-अलग कार्य करने वाली क्षेत्रीय टीमें हैं। अंततः जिले स्तर व लोकसभा स्तर पर भी आईटी टीमें कार्य कर रहीं हैं। कैडर बेस्ड आई वर्कर डिजिटल प्लेटफार्म के लिए प्रशिक्षित हैं। चुनाव पूर्व भाजपा द्वारा राजधानी में प्रशिक्षण कार्यक्रम में संपन्न हुआ था, जिसमें मुख्यमंत्री योगी समेत विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण दिया था। भाजपा में सोशल मीडिया की बागडोर संभालने वाले स्टेट हेड अंकित सिंह चंदेल का कहना है कि केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को जनजन तक पहुंचाने का कार्य सोशल मीडिया के माध्यम से किया जा रहा है। इसमें हम पूर्णतया सफल है यही वजह से पार्टी के प्रति लोगो का विश्वास बढ़ा है।

आईना : प्रतापगढ़ लोकसभा सीट

2019 चुनाव का लेखा जोखा



उम्मीदवार	वोट
संगम लाल गुप्ता	4,36,291
अशोक कुमार त्रिपाठी	3,18,539
राजकुमारी रत्ना सिंह	77,096

2014 में किसको कितने वोट



दल	उम्मीदवार	वोट
अपना दल	कुँवर हरिवंश सिंह	3,75,789
बसपा	आसिफ़ निज़ामुद्दीन	2,07,567
कांग्रेस	राजकुमारी रत्ना सिंह	1,38,620
सपा	प्रमोद कुमार सिंह पटेल	1,20,107

प्रतापगढ़ के क्षेत्र

निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1952	मुनीश्वर दत्त उपाध्याय	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1957	मुनीश्वर दत्त उपाध्याय	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962	अजीत प्रताप सिंह	भारतीय जनसंघ
1967	दिनेश सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1971	दिनेश सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	रूप नाथ सिंह यादव	जनता पार्टी
1980	अजीत प्रताप सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1984	दिनेश सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	दिनेश सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1991	अभय प्रताप सिंह	जनता दल
1996	राजकुमारी रत्ना सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1998	राम विलास वेदांती	भारतीय जनता पार्टी
1999	राजकुमारी रत्ना सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2004	अक्षय प्रताप सिंह	समाजवादी पार्टी
2009	राजकुमारी रत्ना सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2014	हरिवंश सिंह	अपना दल
2019	संगम लाल गुप्ता	भारतीय जनता पार्टी

2009 चुनाव के आंकड़े

2019 नोटा 12,159

2014 नोटा 9,098



तीन जिलों के मतदाता चुनते हैं कन्नौज का सांसद

औरैया व कानपुर देहात की एक-एक विधानसभा सीट भी है लोकसभा क्षेत्र में

सदर कन्नौज, तिर्वा व छिबरामऊ समेत कुल पांच विस क्षेत्र आते हैं

अजय मिश्र, कन्नौज

अमृत विचार। लोकसभा क्षेत्र 42-कन्नौज (इत्रनगरी) का सांसद चुनने के लिए तीन जनपदों के मतदाता वोट करते हैं। इस संसदीय सीट का गठन पांच विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर किया गया है। इसमें कन्नौज जनपद के तीन विधानसभा तो औरैया व कानपुर देहात की एक-एक सीट भी शामिल है।

ऐतिहासिक कन्नौज लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों में दो अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इसमें कानपुर देहात की रसूलाबाद व कन्नौज सदर सीट शामिल है। अन्य तीन सीटों से कोई भी व्यक्ति विधानसभा क्षेत्र का चुनाव लड़ सकता है। हालांकि कन्नौज संसदीय सीट अनारक्षित ही है। जिले की तीन विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदान केंद्र 1049 व मतदेय स्थल (बूथ) 1519 हैं। लोकसभा क्षेत्र की बात की जाए तो मतदान केंद्रों की संख्या बढ़कर 1596 हो जाती है। बूथ 2307 हैं। जनपद के तीन विधानसभा क्षेत्रों में 12,87,081 मतदाता हैं। बिधूना व रसूलाबाद को मिलाकर कुल मतदाता 19,82,589 हैं।

जिले में पुरुष मतदाताओं की संख्या 6,85,968 हैं, जिसमें बिधूना एवं रसूलाबाद को मिलाकर कुल 10,61,205 वोटर हैं। जनपद में महिला मतदाताओं की संख्या 6,01,056 है, जिसमें बिधूना एवं रसूलाबाद को मिलाकर कुल 9,21,288 हैं।

तीन स्थानों पर होती है वोटों की गिनती

लोकसभा क्षेत्र से जब कोई सांसद जीतता है तो उसका परिणाम घोषित करने के लिए तीन जिलों से आंकड़े एकत्र करने पड़ते हैं। कारण, कन्नौज मंडी समिति में जिले की ही तीन विधानसभा क्षेत्र के वोटों की गिनती होती है। इसके अलावा रसूलाबाद की कानपुर देहात व बिधूना की औरैया में वोट गिने जाते हैं। जानकारों की मानें तो जीत का प्रमाण पत्र देने से पहले निर्वाचन आयोग से भी अनुमति ली जाती है। इन सब वजहों से कन्नौज संसदीय सीट का परिणाम देरी से घोषित होता है। हालांकि प्रमाण पत्र कन्नौज में ही दिया जाता है।

कभी भरथना हुआ करता था हिस्सा

● कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा इलाके तो कई सालों से जुड़े हैं, हालांकि पूर्व में इटावा जिले की भरथना विधानसभा सीट कन्नौज में जुड़ी रहती थी। भरथना को हटाने के बाद ही कानपुर देहात की विधानसभा रसूलाबाद सीट जोड़ दी गई।

विधानसभावार मतदात लोकसभा क्षेत्र 52, कन्नौज



विधानसभावार मतदाता

विधानसभा	मतदान केंद्र	बूथ
छिबरामऊ	346	547
तिर्वा	398	487
कन्नौज	305	485
बिधूना	287	404
रसूलाबाद	260	384

वर्ष 1967 में एक साथ हुआ था विधानसभा और लोकसभा का चुनाव

जनता के पल्ले नहीं पड़ा अंग्रेजी भाषण

आरपी सिंह, प्रतापगढ़

अमृत विचार : वर्ष 1967 में विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ ही हुए थे। सियासी सरगर्मी परवान पर थी। उस समय अखिल भारतीय जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. प्रेमनाथ डोगरा थे। कश्मीर के रहने वाले डोगरा चुनावी दौरे मे उत्तर भारत आए। प्रतापगढ़ में उनके अंग्रेजी में दिए गए भाषण को साथ रहे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने लोगों को सरल करके समझाया था।

इलाहाबाद (प्रयागराज) में सभा के बाद उन्हें प्रतापगढ़ आना था। शहर के गोपाल मंदिर में शाम चार बजे सभा आयोजित थी। वहां स्थित पुराने पीपल के वृक्ष के नीचे मंच सजा था। उन्हें सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ी थी। कार्यकर्ता भी उत्साहित थे। उपस्थित सभी लोग डोगरा जी और अटल जी को सुनने के लिए उत्सुक थे। कार से दोपहर करीब तीन बजे डोगरा जी और अटल जी प्रतापगढ़ पहुंचे। वह पहले लखन लाल के घर गए, फिर वहां से शाम करीब चार बजे गोपाल मंदिर पहुंचे। वरिष्ठ भाजपा नेता रामसेवक त्रिपाठी सभा के संचालक थे। अमृत विचार से बातचीत में वह बताते हैं कि स्वागत भाषण के बाद अटल जी ने डोगरा जी को मंच पर बुलाने का इशारा किया।

देर न करते हुए डोगरा जी को बुलाया गया, लेकिन उनके माइक संभालते ही सभा में सन्नाटा पसर गया। उनकी फर्राटेदार अंग्रेजी का भाषण सभा में आए लोगों के पल्ले नहीं पड़ रही थी। सभी एक-दूसरे की ओर ताकने लगे।

दूरदर्शी अटल ने इसे भांप लिया,इसके बाद दूसरा माइक उन्हें थामना पड़ा। उन्होंने अनुवादक की भूमिका निभाई।

उनके एक-एक वाक्य का हिंदी में अनुवाद कर डोगरा जी के चुनावी संदेश को जनता और कार्यकर्ताओं तक पहुंचाया। सभा समाप्त होने के बाद फिर डोगरा जी अटल बिहारी वाजपेयी के साथ कटरा मार्ग पर स्थित पूर्व विधायक बाबूलाल श्रीवास्तव के घर गए। दूसरे दिन सुबह यहां से प्रस्थान किया।

गोपाल मंदिर में आये थे अखिल भारतीय जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. प्रेमनाथ डोगरा व अटल बिहारी वाजपेयी

आइ एम वेरी ग्लैड टू विजिट प्रतापगढ़...

गोपाल मंदिर में आयोजित सभा के संचालक रामसेवक त्रिपाठी बताते हैं कि दरअसल डोंगरा जी हिंदी टूटी-फूटी ही बोल पाते थे। उन्हें क्षेत्रीय भाषा डोगरी आती थी, लेकिन उसे लोग और भी न समझ पाते। उनके भाषण का इतना अंश याद है..डियर सिटीजन आफ प्रतापगढ़ आइ एम वेरी ग्लैड टू विजिट प्रतापगढ़... **काज आफ नेशन**...।

1967 के उम्मीदवार

- राजा दिनेश सिंह : भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- ओंकार नाथ द्विवेदी : जनसंघ
- प्रो. वासुदेव सिंह : संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी

ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे ने शुरू किया प्रचार

शिवपुरी। गुना संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महाआर्यमन सिंधिया भी चुनावी समर में उतर गए हैं। पिता की जीत सुनिश्चित करने के लिए वे लगातार प्रचार कर रहे हैं। युवाओं के बीच संवाद के साथ ही घर- घर जाकर मतदाताओं से मिल रहे हैं और पिता के लिए वोट मांग रहे हैं। वे जनसंपर्क के दौरान अपने दादा माधव राव सिंधिया और दादी राजमाता विजय राजे सिंधिया का नाम लेना नहीं भूलते। खास बात यह है कि महाआर्यमन सिंधिया हर किसी को पीएम मोदी की गारंटी को अच्छी तरीके से समझा रहे हैं और वे अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव के बारे में भी बताने से नहीं चूकते। पिता ज्योतिरादित्य सिंधिया से अलग वे पूरी तरह युवाओं के साथ प्रचार में रात दिन लगे हुए हैं। कॉलेजों के बाहर छात्र- छात्राओं से मिल रहे हैं और मोदी सरकार की उपलब्धियां बता कर पिता के लिए वोट मांग रहे हैं।

भोजपुरी स्टार पवन सिंह पर टिकी निगाहें

पटना : बिहार की काराकाट लोकसभा सीट से भोजपुरी फिल्म स्टार पवन सिंह के चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दल के नेता सकते में हैं। काराकाट सीट से राजग नेता उपेंद्र कुशवाहा मैदान में हैं। भाजपा को उम्मीद है कि पवन सिंह मान जाएंगे और चुनाव नहीं लड़ेंगे। अगर पवन सिंह चुनाव लड़ते हैं तो इसका नुकसान उपेंद्र कुशवाहा को हो सकता है। भाजपा ने पहले पवन को पश्चिम बंगाल की आसानसोल लोकसभा सीट से टिकट दिया था। हालांकि पवन ने वहां से लड़ने से इन्कार कर दिया और काराकाट से समर में उतरने की घोषणा की। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा की जीत सुनिश्चित करने के लिए न सिर्फ मुख्यमंत्री नितिश कुमार वहां सभा करेंगे बल्कि राजग के अन्य बड़े चेहरे भी यहां प्रचार करेंगे। पवन सिंह को अंदरखाने मनाने की तैयारी चल रही है। भाजपा के बिहार से जुड़े कई नेताओं ने बात की है और चुनाव न लड़ने का आग्रह किया है। यह बात भाजपा को भी पता है कि पवन के चुनाव लड़ने का सीधा लाभ इंडिया गठबंधन को होगा।



कंगना के सामने विक्रमादित्य हो सकते कांग्रेस का चेहरा

मंडी। हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहीं फिल्म अभिनेत्री एवं भाजपा नेता कंगना रनौत के विरुद्ध कांग्रेस से हिमाचल सरकार में विक्रमादित्य सिंह के मैदान में आने की उम्मीद है। भाजपा नेताओं की निगाह कांग्रेस आलाकमान के निर्णय पर टिकी हुई है, क्योंकि अभी तक उनकी उम्मीदवारी का एलान अभी तक कांग्रेस ने नहीं किया है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह यदि मैदान में आते हैं तो यहां मुकाबला रोचक होगा ऐसा माना जा रहा है।

लब खामोश हैं, पर आंखों ने लगा रखा है
मंजिल पर निशाना

मुस्लिम वोट बैंक

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली।

अमृत विचारः इस बार यह पहला मौका रहा जब देश में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं और रमजान का महीना निकल गया, ईद भी हो गई। लेकिन शाही इमाम से लेकर मौलवियों तक की मुस्लिम वोट बैंक पर चुप्पी नहीं टूटी। इस खामोशी के पीछे सोची समझी रणनीति बताई जा रही है।

देश में लगभग 100 संसदीय क्षेत्र हैं, जिनमें मुस्लिम मतदाता निर्णायक स्थिति में है। इनमें भी 65 सीटें ऐसी हैं, जिसमें मुस्लिम मत संख्या 35 फीसद से ज्यादा है। मुस्लिम बाहुल्य सर्वाधिक 14 सीटें उत्तर प्रदेश में हैं। पश्चिम बंगाल में 13, केरल में 8, असम में 7, जम्मू कश्मीर में 5, बिहार में 4 और मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, गोवा, महाराष्ट्र व तेलंगाना सहित कुछ राज्यों में दो-दो सीटें मुस्लिम बाहुल्य गिनी जाती हैं। जनगणना के हिसाब से देश की कुल आबादी में 14.2 फीसद हिस्सा मुसलमानों का है। इसके बावजूद मुस्लिम वोट बैंक को लेकर जामा मस्जिद के शाही इमाम से लेकर आम मौलवी तक और विभिन्न मुस्लिम संगठनों के नेता अभी पूरी तरह खामोश हैं।

100
लोकसभा सीटों पर मुस्लिम मतदाता निर्णायक स्थिति में

35%
तक 65 सीटों पर तो मुस्लिम मतदाता

मुस्लिम वोट बैंक काफी संजीदा

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि इस बार मुस्लिम वोट बैंक काफी संजीदा स्थिति में है, यदि इसको लेकर कोई भी फतवा, हिदायत आदि जारी की जाती है, तो वोटों का ध्रुवीकरण हो सकता है जिसका फायदा भाजपा को मिलेगा।

मुस्लिम मतदाताओं की बड़ी पसंद नहीं बन पायी भाजपा

- जम्मू कश्मीर में धारा 370 समाप्त करने या उत्तर प्रदेश में अतीक अहमद से लेकर मुख्तार अंसारी की मृत्यु के बाद यह किसी से छिपा नहीं है कि आम मुसलमान भाजपा से नाराज हैं। कोई फतवा दिया जाए या न दिया जाए, यह वोट बैंक उसी दल में गिरेगा जिसका उम्मीदवार बीजेपी को पराजित करने की स्थिति में होगा। यदि चुनाव पूर्व शाही इमाम या मुस्लिम संगठनों द्वारा बीजेपी के खिलाफ फतवा जारी किया गया तो गैर मुस्लिम वोटो का ध्रुवीकरण होगा और बीजेपी को उसका लाभ मिलेगा। उदाहरण के लिए पश्चिम बंगाल में करीब 27 फीसद मुसलमान है वहां की 42 में 13 सीटों पर उनकी मजबूत पकड़ है। यह जानने के बावजूद यदि मुस्लिम वोटों के लिए उनके संगठनों द्वारा कोई दिशा निर्देश दिए गए तो गैर मुस्लिम वोट बैंक एकजुट हो सकता है। यही स्थिति उत्तर प्रदेश में है जहां पर करीब 20 फीसद मुसलमान है, इनमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आधा दर्जन सीटों पर उनकी संख्या 40 फीसद से ज्यादा है।

शाही इमाम ने नहीं जारी किया कोई फतवा

- गुरुवार को ईद के मौके पर नमाज के लिए दिल्ली की जामा मस्जिद एवं फतेहपुरी मस्जिद में एकत्र हुए हजारों मुसलमान को उम्मीद थी कि शायद लोकसभा चुनाव को लेकर शाही इमाम कोई ऐलान, फतवा, हिदायत या राय देंगे, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। इसी तरह जमीयत उलमा ए हिंद या ऑल इंडिया मजलिस ए मुशावरत जैसे कई संगठनों के पदाधिकारी भी कुछ नहीं बोल रहे हैं। जबकि पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को है।

गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट पर इस बार दो डॉक्टरों की लड़ाई में बसपा ने ठाकुर बिरादरी का प्रत्याशी उतारकर मुकाबला रोचक और दिलचस्प बना दिया है। भाजपा से पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के लिए कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखना चाहते हैं। वह ब्राह्मण हैं और खासतौर पर नोएडा में मजबूत पकड़ रखते हैं। उनके मुकाबले सपा-कांग्रेस गठबंधन ने पेशे से डॉक्टर महेंद्र नागर को उतारा है। डॉ. नागर गुर्जर समाज से हैं। बसपा ने ठाकुर बिरादरी के राजेंद्र सोलंकी पर दांव लगाया है। लोकसभा क्षेत्र में ठाकुर वोट ही सर्वाधिक माने जाते हैं। ईद के मौके पर तीनों प्रत्याशी परंपरागत जातीय आधार सहेजने के साथ मुस्लिम समाज को साधने में जोर लगाते नजर आए।

दो डॉक्टरों की लड़ाई में क्या बसपा मार पाएगी मैदान ?

- गौतम बुद्ध नगर में भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा को जीत की हैट्रिक से रोकने के लिए सपा-कांग्रेस गठबंधन ने ढाई दशक से राजनीति में सक्रिय डॉक्टर को उतारा मैदान में
- बसपा ने लोकसभा क्षेत्र में ठाकुर मतदाताओं की बड़ी संख्या देखते हुए सिंकदराबाद के पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सोलंकी पर दांव लगाकर मुकाबल बनाया रोचक और दिलचस्प

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचारः गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने मौजूदा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा पर फिर एक बार भरोसा जताते हुए मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले सपा और कांग्रेस गठबंधन से उम्मीदवार डॉ. महेंद्र नागर हैं, जबकि बसपा ने सिकंदराबाद के पूर्व विधायक ठाकुर राजेंद्र सिंह सोलंकी को मौका दिया है। यह सीट कांग्रेस के साथ गठबंधन में सपा के खाते में गई थी। सपा ने पहले डॉ. महेंद्र नागर को टिकट दिया तो नेताओं और कार्यकर्ताओं में असंतोष फैल गया, इसका कारण यह था कि डॉ. महेंद्र नागर दो साल पहले ही कांग्रेस छोड़कर सपा में आए थे। इस पर सपा ने प्रत्याशी बदलकर युवा नेता राहुल अवाना पर दांव लगाया, लेकिन उनका भी विरोध हो गया, ऐसे में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फिर से डॉ. महेंद्र नागर को उम्मीदवार बना दिया। पिछले चुनाव में सपा और बसपा के संयुक्त प्रत्याशी को 4,93,890 वोट मिले थे, तब भाजपा के डॉ. महेश शर्मा ने तीन लाख से अधिक वोटों से जीत हासिल की थी। इस बार सपा का कांग्रेस से गठबंधन है और बसपा अलग लड़ रही है। ऐसे में मुस्लिम और दलित मतदाताओं पर सभी की नजर है। पूरा जोर इन्हीं के वोट प्राप्त करने के गुणा-भाग पर लगाया जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा तीन तलाक कानून से मुस्लिम महिलाओं को मिले फायदे और केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ गिनाकर दोनों समुदायों के बीच जा रहे हैं। भाजपा संगठन के रणनीतिकार उनके लिए अलग से काम कर रहे हैं। इसके मुकाबले सपा प्रत्याशी डॉ. महेंद्र नागर मुस्लिम मतों को गठबंधन का परंपरागत वोट बैंक मानकर दलित और पिछड़े वर्ग को रिझाने की कोशिश में जुटे हैं। उनका पूरा फोकस सबसे पहले गुर्जर बिरादरी में अपने नागर गोत्र के मतदाताओं को साधने में है, जबकि बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सोलंकी दलित मतदाताओं में मजबूत पैठ मानकर मुस्लिम मतों को अपनी तरफ मोड़ने में लगे हैं, तो मुस्लिम मतों को बसपा की तरफ जाने से रोकने के लिए सपा-कांग्रेस नेता पूरा जोर लगा रहे हैं।

1
डॉ महेश शर्मा।
भाजपा

2
ठा. राजेन्द्र सिंह सोलंकी
बसपा

3
डॉ. महेंद्र नागर
सपा-कांग्रेस गठबंधन



प्रमुख मुद्दे

- विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के साथ किसानों की समस्या, बहन-बेटियों की सुरक्षा, सोसायटी क्षेत्र में बिल्डरों की मनमानी और भूमि अधिग्रहण मुआवजा।

2009 चुनाव परिणाम



दल	उम्मीदवार	वोट
बसपा	सुरेंद्र सिंह नागर	2,45,613
भाजपा	डॉ. महेश शर्मा	2,29,709
सपा	नरेंद्र सिंह भाटी	1,18,584
कांग्रेस	रमेश चंद्र तोमर	1,16,230

सोसायटी निवासी बाहरी मतदाताओं का झुकाव भाजपा की तरफ नजर आता

- नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 250 से अधिक सोसायटी हैं। इनमें अधिकतर बाहरी लोग रहते हैं। इनकी संख्या करीब पांच लाख तक हैं। इनके अपने मुद्दे हैं, जिनमें विकास सर्वोपरि हैं। लेकिन इन मतदाताओं पर जातीय समीकरण का कोई प्रभाव नहीं दिखता है। इन मतदाताओं का झुकाव भाजपा की ओर ज्यादा नजर आता है। हालांकि कई सोसायटी में रजिस्ट्री का मुद्दा गर्म है। लोगों का कहना है कि पूरा पैसा जमा करने के बाद भी उनके फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। इस मुद्दे पर नेताओं के प्रति गुस्सा जताने के लिए रजिस्ट्री नहीं तो वोट नहीं, के बैनर भी टांगे गए हैं।

2024
में डॉ.महेश शर्मा हैट्रिक लगाने को कर रहे मेहनत

2019
में दूसरे नंबर पर थे बसपा के उम्मीदवार

2019 लोकसभा जनादेश

भाजपा	बसपा	कांग्रेस
59.80%	35.70 %	03.40 %
828164 मत	493421 मत	41960 मत
डॉ. महेश शर्मा	सतवीर	डॉ. अरविंद सिंह

26 लाख से ज्यादा मतदाताओं में लगभग आधी संख्या ठाकुर, ब्राह्मण व गुर्जर की

इस सीट का गठन 2009 में किया गया था। सामान्य घोषित इस सीट में परिसीमन के बाद खुर्जा विधानसभा सीट को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। गौतम बुद्ध नगर में 26 अप्रैल को चुनाव होंगे। इस लोकसभा सीट पर 26,75,148 मतदाता अगले सांसद का चुनाव करेंगे। इनमें 14 लाख से अधिक पुरुष और 12 लाख से ज्यादा महिला वोटर हैं। सबसे ज्यादा मतदाता नोएडा यानी गौतम बुद्ध नगर विधानसभा क्षेत्र में है। यहां 7,82,872 मतदाता हैं। दादरी विधानसभा में 7,29,481 मतदाता हैं। तीसरे नंबर पर जेवर में 3,69,824 मतदाता हैं। सिकंदराबाद विधानसभा में 3,99,091 मतदाता हैं। खुर्जा में 3,93,880 मतदाता हैं। लोकसभा क्षेत्र में ठाकुर मतदाताओं की संख्या 4 .30 लाख है। ब्राह्मण और गुर्जर मतदाता करीब 4-4 लाख हैं। मुस्लिम मतदाता 3 .6 लाख तक हैं, जबकि दलित मतदाताओं की संख्या 3 .80 लाख है।

विकास के साथ जातीय समीकरणों का घालमेल प्रचार को बना रहा दिलचस्प

लोकसभा क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट, फिल्म सिटी, मेडिकल डिवाइस पार्क, लाजिस्टिक हब, पं. दीन दयाल उपाध्याय पुरातन संस्थान एवं संस्कृति संग्रहालय, ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिक्रेटेड फ्रेट कॉरिडोर, आईटी और बीपीओ कंपनियां, मास्टर प्लान-2041 और दो लाख करोड़ का औद्योगिक पूंजी निवेश जहां विकास की नई इबारत और इमारत जैसा नजर आता है, वहीं नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दादरी और जेवर के मुकाबले सिकंदराबाद और खुर्जा में उतना विकास नहीं नजर आता है। ऐसे में भाजपा को घेरने के लिए गठबंधन और बसपा प्रत्याशियों की ओर से विकास के मुद्दे पर नए सिरे से रणनीति बनाई जा रही है। इसी तरह चुनाव प्रचार और जनसंपर्क में जातीय समीकरणों का असर साफ नजर आता है। खास तौर पर सपा-कांग्रेस गठबंधन और बसपा के प्रत्याशी जातीय बहुलता के हिसाब से रणनीति बनाकर प्रचार कर रहे हैं। बड़े नेताओं की जनसभाएं भी जातीय समीकरणों के हिसाब से कराने की तैयारी की जा रही है।

प्रचार में पीछे दिख रहे गठबंधन और बसपा प्रत्याशी, अभी कोई बड़ा नेता तक नहीं आया

भाजपा उम्मीदवार डॉक्टर महेश शर्मा के समर्थन में भाजपा के दिग्गज नेता मैदान में उतर आए हैं। कुछ दिन पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्रेटर नोएडा में प्रबुद्ध सम्मेलन कर गए हैं। 13 अप्रैल को गृह मंत्री अमित शाह डॉ शर्मा के लिए बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। जल्द ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ नोएडा आकर जनसभा को संबोधित कर सकते हैं। दूसरी तरफ सपा, कांग्रेस और आम आदमी गठबंधन के प्रत्याशी डॉ महेंद्र नागर अपना चुनाव प्रचार अकेले ही करते नजर आ रहे हैं। उनके समर्थन में अभी तक गठबंधन का कोई बड़ा नेता नोएडा नहीं आया है। बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी पार्टी सुप्रीमो मायावती की सभा कराना चाहते हैं पर कार्यक्रम नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि गौतमबुद्ध नगर में भाजपा के सामने सभी दल नंबर दो पर आने की लड़ाई लड़ रहे हैं। यहां ज्यादातर लोग अन्य जिलों और राज्यों से आकर बसे हैं। गौतमबुद्ध नगर में वीआईपी मतदाताओं की भी बड़ी संख्या है, जिनमें पूर्व गवर्नर, सांसद, विधायक, सिविल सर्वेंट शामिल हैं।

जीत के लिए जोश
राजस्थान के बाड़मेर में पीएम मोदी की रैली के दौरान पार्टी के युवा कार्यकर्ता जोश में नजर आए। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रवाद से जुड़े पोस्टर लहराए।

तैयारी पुख्ता | पहले चरण में 102 सीटों पर होगा मतदान, अरुणाचल एवं सिक्किम विधानसभा का चुनाव भी उसी दिन

19 अप्रैल को मतदान के लिए निर्वाचन आयोग तैयार

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचारः पहले चरण के अंतर्गत लोकसभा की 102 सीटों के लिए निर्वाचन आयोग ने मतदान पूर्व समीक्षा बैठक की और 367 पर्यवेक्षकों एवं 21 राज्यों के मुख्य सचिवों को दिशा निर्देश दिए। आयोग ने जम्मू कश्मीर के प्रवासी नागरिकों के लिए मतदान प्रक्रिया को सरल बनाने का भी निर्देश दिया है।

बैठक की अध्यक्षता मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने की जिसमें निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार एवं डॉक्टर सुखबीर सिंह संधू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे। उक्त सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। उसी दिन अरुणाचल प्रदेश एवं सिक्किम विधानसभा का भी मतदान होगा।

- जम्मू कश्मीर के प्रवासियों की मतदान प्रक्रिया सरल

केंद्रीय पर्यवेक्षकों का विवरण

1272	67
सामान्य पर्यवेक्षक	पुलिस पर्यवेक्षक

167 व्यय पर्यवेक्षक

बैठक में तय किया गया है कि मतदान के दौरान उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं से किसी भी तरह के धनबल या प्रलोभन के बरताव पर विशेष नजर रखी जाएं। कानून व्यवस्था के लिए समीक्षा की गई और संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल को तैनात करने के लिए कहा गया है। निष्पक्ष और ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए आयोग ने पर्यवेक्षको को तीन स्तर पर विभाजित किया है। कानून व्यवस्था और संवेदनशील मतदान केंटो की पहचान करने के लिए पुलिस केंद्र द्वारा तैनात पुलिस पर्यवेक्षकों से कहा गया है कि अतिरिक्त पुलिस बल की मांग राज्य के पुलिस महानिदेशक को चेक करें और यदि राज्य पुलिस के पास पर्याप्त बल नहीं है तो आयोग को तत्काल सूचित करें ताकि केंद्रीय पुलिस बल को भेजा जा सके।

मतदान के दौरान किसी भी तरह के धन बल, शराब वितरण या प्रलोभन पर निगरानी रखने के लिए 167 व्यय पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है।

मतदाताओं को मत पर्चियां उनके घरों में स्थानीय प्रशासन द्वारा अनिवार्य रूप से भेजी गई है या नहीं यह भी सामान्य पर्यवेक्षक नहीं करेंगे और इसकी सूचना राज्य एवं दिल्ली में बनाए गए निर्वाचन कंट्रोल रूम को देंगे। मतदाताओं को गर्मी से राहत देने के लिए सभी मतदान केदो पर टेंट एवं शीतल पेयजल का इंतजाम किया जाएगा और बुजुर्ग मतदाताओं को घर में ही मतदान की सुविधा दी जाएगी।

जम्मू कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा 9 अप्रैल को प्राप्त रिपोर्ट पर आयोग की बैठक में विचार विमर्श किया गया और देशभर में रहने वाले प्रवासी नागरिकों के लिए मतदान की प्रक्रिया को सरल बनाने का फैसला लिया गया है। ऐसे नागरिकों को फार्म एम के साथ मांगी जाने वाली तमाम जानकारी को सरल बना दिया गया है। अब उन्हें अपने फॉर्म को किसी भी राजपत्रित अधिकारी से सत्यापन नहीं करना पड़ेगा। बल्कि स्व सत्यापन के तहत उन्हें मतदाता माना जाएगा और उन्हें मतदान की सुविधा दी जाएगी। जम्मू कश्मीर में इस तरह के मतदाताओं की संख्या करीब सवा लाख है।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	74,244.90	22,519.40
गिरावट	793.25	234.40
प्रतिशत में	1.06	1.03

अमृत विचार
www.amritvichar.com
अयोध्या, शनिवार, 13 अप्रैल 2024

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल

गेहूँ (आरआर 21)	2360-2800
गेहूँ (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूँग खड़ा	10000-10500
मूँग दाल	10500-11000
मूँग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूँगफली का दाना	11000-12000
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800
तेल सरसों (प्रति 15)	1475-1900
तेल अलसी	2600-2700
तेल तिल्ली	2600-2700
तेल मूँगफली रिफाइन्ड	3400-3500
तेल नारियल	2700-2800
तेल सोयाबीन	1650-1700
बावर्ची	1900
रथ	1950
चीनी (एम 30)	4250
चीनी (एस 30)	4100

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक-1005, फ्लैग-1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 900

रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग-1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1170

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	86700
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	75150
सोना गिन्नी (प्रति नग)	56000-56200

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	75,650
सोना रवा	75,500
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	81,600
चांदी (999)	81,500
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

बरेली

गोल्ड (पक्के जेवर)	73700
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	73200
सिल्वर (पक्की)	812 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	74,300
चांदी आभूषण	80,800

मुनाफा वसूली से रिकॉर्ड स्तर से फिसला बाजार

सेंसेक्स 793 अंक गिरा, निफ्टी के 45 शेयरों में दर्ज की गई गिरावट

मुंबई, एजेंसी

एशियाई बाजारों में कमजोर रुख और घरेलू स्तर पर मुनाफावसूली का जोर रहने से शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 793 अंक से अधिक का गोता लगाया। निफ्टी भी रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 793.25 अंक यानी 1.06 प्रतिशत फिसलकर 74,244.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 848.84 अंक यानी 1.13 प्रतिशत तक लुढ़ककर 74,189.31 अंक पर खिसक गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 234.40 अंक यानी 1.03 प्रतिशत गिरकर 22,519.40 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 में से कुल 45 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा, मारुति सुजुकी, पावर ग्रिड, टाइटन, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट देखी गई। दूसरी तरफ, टाटा मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और नेस्ले के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। कारोबार बंद होने के बाद टीसीएस ने मार्च तिमाही के अपने नतीजों की घोषणा की। दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी ने बीती तिमाही में शुद्ध लाभ 9.1 प्रतिशत बढ़ कर 12,434 करोड़ रुपये होने की जानकारी दी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका में ब्याज दर में कटौती में देरी और पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से तेल की कीमतों में आई तेजी और चौथी तिमाही के कमजोर आय अनुमानों की चिंताओं के बीच भारतीय बाजारों में गिरावट का रुख रहा।

मॉरीशस से आने वाले निवेश के नियम सख्त होने से हाहाकर

मुंबई। मॉरीशस के जरिए भारत में होने वाले निवेश की फिर से जांच किए जाने के संशोधित नियम से घबराए विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार में हाहाकर मच गया। इस दौरान दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का दबाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार, मॉरीशस रूट से भारत में होने वाले निवेश के नियम को संशोधित किया गया है, जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2017 से पहले हुए निवेश की फिर से जांच की जा सकती है यानी 2017 से पहले के फंडों को प्रमाण देना होगा कि उनका गठन केवल कर में लाभ लेने के लिए नहीं किया गया था। इससे विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बाजार से जमकर पैसे निकाल लिए। इससे बीएसई के सभी 20 समूह दबाव में आ गए।



खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में घटकर 4.85% पर पहुंची

नई दिल्ली। भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति मार्च 2024 में घटकर दस माह के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर रही गई। फरवरी में खुदरा महंगाई दर सालाना आधार पर 5.09 प्रतिशत थी। मार्च, 2024 में अनाज, ईंधन और सब्जियों आदि अस्थिर कीमतों वाले वर्ग को छोड़ कर विनिर्मित वस्तुओं वाली महंगाई दर 3.3 प्रतिशत पर रही। सेवाओं संबंधी खुदरा मुद्रास्फीति भी और नरम हो कर मार्च में तीन प्रतिशत पर रही।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष मार्च में खाद्य मुद्रास्फीति पिछले महीने के 8.66 प्रतिशत की तुलना में हल्की गिरावट के सथ 8.52 प्रतिशत रही। खुदरा मुद्रास्फीति सात महीनों से दो से छह प्रतिशत के दायर में है जिसे आरबीआई इसका एक सहनशीलता दायरा मानता है। केंद्रीय बैंक ने अपनी नीतगत ब्याज दर रेपो को कम नहीं किया है और इसे इस माह लगातार सातवीं द्वैमासिक समीक्षा में भी 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखा है। आरबीआई मुद्रास्फीति के मामले में फिलहाल कोई ढ़ील देने के मूड में नहीं है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष (2024-25) के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के औसतन 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

भारतीय कंपनियों को निवेश के लिए नेपाल का आमंत्रण

नई दिल्ली। नेपाल ने भारतीय उद्यमों को वहां निवेश करने के लिए आमंत्रित किया है। काठमांडू में 28-29 को होने वाले नेपाल निवेशक सम्मेलन से पहले भारतीय उद्योगों को उद्यम लगाने के लिए आमंत्रित किया गया है।

भारत में नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा ने कहा कि नेपाल भारतीय कंपनियों के लिए स्वाभाविक रूप से पसंदीदा निवेश स्थल है और नेपाल निवेश शिखर सम्मेलन-2024 एक ऐसा अवसर है जहां निवेश और पुनर्निवेश योजनाओं पर चर्चा की जाएगी और बड़े व्यावसायिक विचारों को जमीनी स्तर पर उतारा जाएगा।



मालदीव रूफिया में भुगतान पर भारत से चर्चा कर रहा : मंत्री

माले। मालदीव अपनी मुद्रा रूफिया में आयात के भुगतान को लेकर भारत के साथ चर्चा कर रहा हैं। एक वरिष्ठ मंत्री ने कहा है। आर्थिक विकास मंत्री मोहम्मद सईद ने कहा कि चीन से माल आयात को लेकर भी यही चर्चा जारी है। मालदीव सालाना भारत और चीन से क्रमशः 78 करोड़ तथा 72 करोड़ अमरीकी डॉलर का सामान आयात करता है।

समाचार पोर्टल एडिशनडॉटएमवी के अनुसार, 21 अप्रैल को संसदीय चुनाव से पहले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की लामू एटोल की यात्रा के दौरान मावा द्वीप पर आयोजित एक कार्यक्रम में सईद ने यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि यदि सत्तारूढ़ दल संसद में बहुमत हासिल करता है तो वे करीब दो वर्ष के भीतर डॉलर की दर को आधिकारिक बाजार मूल्यों पर वापस लाने में सक्षम होंगे। सईद ने कहा कि लक्ष्य यह है कि भारत से आयातित माल का भुगतान मालदीव के रूफिया में किया जा सके।

15.4 करोड़ तक जा सकता है घरेलू हवाई यात्री यातायात

नई दिल्ली, एजेंसी

घरेलू हवाई यात्री यातायात वित्त वर्ष 2023-24 में 13 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ लगभग 15.4 करोड़ तक पहुंच सकता है। विमानन उद्योग की एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि इस दौरान घरेलू एयरलाइंस का शुद्ध घाटा कम होकर 3,000 से 4,000 करोड़ रुपये के बीच रहने की संभावना है।

साख तय करने वाली एजेंसी इक्रा ने शुक्रवार को यह भी कहा कि एयरलाइंस की लागत में वृद्धि के मुकाबले राजस्व वृद्धि की क्षमता महत्वपूर्ण है, क्योंकि उससे ही उन्हें मार्जिन बढ़ाने में मदद मिलेगी। रिपोर्ट के मुताबिक आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियां और इंजन खराब होने से जुड़े मुद्दे निकट भविष्य में प्रतिकूल स्थिति पैदा कर सकते हैं। इक्रा ने कहा कि 2023-24 में घरेलू हवाई यात्री यातायात लगभग 15.4 करोड़ रहने का अनुमान है, जो सालाना आधार पर लगभग 13 प्रतिशत अधिक है।

एक नजर

गठबंधन उम्मीदवारों के समर्थन में 16 को त्रिपुरा में रोड शो करेंगी प्रियंका

अगरतला। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा 16 अप्रैल को यहां एक रोड शो में हिस्सा लेंगी। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने शुक्रवार बताया कि त्रिपुरा में दो संसदीय क्षेत्रों त्रिपुरा पश्चिम और त्रिपुरा पूर्व से विपक्षी 'इंडी' गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में रोड शो का आयोजन किया जाएगा। कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक सुदीप रॉय बर्मन ने कहा कि प्रियंका गांधी वाद्रा 16 अप्रैल को अगरतला आने वाली हैं। वह दोनों संसदीय क्षेत्रों में और विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को वोट देने की लोगों से अपील करने के लिए रोड शो में हिस्सा लेंगी। बर्मन ने कहा कि कोई रैली नहीं होगी, लेकिन रोड शो के दौरान वह सूर्य चौमुहानी के पास भाषण देंगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आशीष कुमार साहा पश्चिम त्रिपुरा लोकसभा सीट से 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार हैं, जबकि माकपा के पूर्व विधायक राजेंद्र रियांग पूर्व त्रिपुरा लोकसभा सीट से विपक्षी गठबंधन के प्रत्याशी हैं।

21 अप्रैल को रांची में इंडी गठबंधन की न्याय उलगुलान महारैली

रांची। झारखंड के रांची में 21 अप्रैल को इंडी गठबंधन द्वारा आयोजित न्याय उलगुलान महारैली राज्य में एक मील का पत्थर साबित होगा। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने पूरे देश में अराजकता का माहौल पैदा करके रख दिया है। देश की जनता एक अघोषित इमरजेंसी के हालात से गुजर रही है। मोदी- शाह की जोड़ी ने पूरे विपक्ष के नेताओं पर केंद्रीय एजेंसी का दुरुपयोग करते हुए जिस प्रकार मुकदमों में फंसा कर जेल भेजने का कार्य किया है, उसे झारखंडी जनमानस नहीं भूल पा रहा है और केंद्र सरकार के इसी अन्याय के विरोध में उलगुलान का नया अध्याय न्याय उलगुलान महारैली के द्वारा लिखा जाएगा।

कुपवाड़ा के जंगलों से हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने तलाश अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बताया कि कुपवाड़ा के गैंगबग वन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी के आधार पर बीएसएफ, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान शुरू किया। बीएसएफ ने एक्स पर पोस्ट किया, तलाश अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई हैं। बीएसएफ की विशिष्ट सूचना के आधार पर कुपवाड़ा के गैंगबग बन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद बीएसएफ, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई।

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा की 94 सीटों के लिए जारी की अधिसूचना

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 94 सीटों पर चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी। आम चुनाव 2024 के लिए 16 मार्च को जारी कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण में मतदान सात मई को कराए जाएंगे। अधिसूचना के अनुसार तीसरे चरण में 12 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 94 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों और मध्य प्रदेश में बैतूल संसदीय क्षेत्र के स्थगित चुनाव के लिए 7 मई को मतदान होगा।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के बारामूला से उम्मीदवार अब्दुल्ला का भाजपा पर प्रहार

कश्मीर में लोस चुनाव लड़ ले भाजपा, जमानत जब्त न हो जाए तो राजनीति छोड़ दूंगा : उमर

श्रीनगर, एजेंसी

नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को भाजपा को कश्मीर घाटी में लोकसभा चुनाव लड़ने की चुनौती देते हुए कहा कि अगर केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवारों की जमानत जब्त नहीं हो गई तो वह राजनीति छोड़ देंगे।

अब्दुल्ला ने कहा कि अगर भाजपा को यहां विकास और सामान्य स्थिति होने के उसके दावों पर भरोसा है तो पार्टी को कश्मीर घाटी की तीन लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने चाहिए। पार्टी ने घोषणा की कि बारामूला से अब्दुल्ला पार्टी के उम्मीदवार होंगे, वहीं श्रीनगर से शिया नेता आगा सैयद रुहुल्ला मेहदी किस्मत आजमाएंगे। जम्मू कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और कांग्रेस पर कोई अच्छा काम नहीं करने के भाजपा के आरोप के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मुझे प्रतिक्रिया देने की जरूरत है। लोग यह काम करेंगे।

अगर प्रधानमंत्री जो कहते हैं, उसमें इतना असर है तो वे भाजपा के उम्मीदवार खड़े करें और पार्टी के नाम पर वोट मांगें। भाजपा ने अनुच्छेद 370 पर जो किया, आप विकास या सामान्य स्थिति के बारे में जो दावा करते हैं फिर भाजपा उम्मीदवारों को मैदान में उतारें और देखें कि उन्हें कितने वोट मिलते हैं। जब आप कहते हैं कि आपने इतना काम किया है और हमने जम्मू कश्मीर में कुछ नहीं किया, तो चुनाव में हमारी जमानत जब्त हो जानी चाहिए।

इस दौरान अब्दुल्ला के साथ उनके पिता और पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। भाजपा महासचिव और जम्मू कश्मीर प्रभारी तरुण चुघ और अपनी पार्टी के अध्यक्ष अल्ताफ बुखारी की यहां मुलाकात की खबरों का जिक्र करते हुए उमर अब्दुल्ला ने कहा कि हमें हराने के लिए तरूण चुघ को इन सबको एक मंच पर लाने की क्या जरूरत थी। अगर हमने कुछ नहीं किया तो लोग हमें स्वीकार नहीं करेंगे। अगर लोग हमें स्वीकार नहीं करेंगे तो आप अपने भाषणों में लगातार हमारे नाम क्यों ले रहे हैं? इस स्थिति में आप हमारे खिलाफ आपकी एजेंसियों का इस्तेमाल क्यों कर रहे हैं?

अभी का अघोषित आपातकाल 1975 से अधिक खतरनाक

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल है और यह 1975 के आपातकाल से भी अधिक खतरे में है। आपातकाल के मुद्दे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की हालिया टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि सामान्य शिकायत है कि इस समय हम जिस दौर से गुजर रहे हैं वो आपातकाल से भी खराब है। अंतर केवल इतना है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल घोषित किया था। आज हालात आपातकाल की तरह हैं, लेकिन इसे आपातकाल कहा नहीं जाता। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश में लोकतंत्र 1975 में आपातकाल के समय से अधिक खतरे में है। आप बताइए कि सच बताने के लिए आपको कितनी आजादी मिली हुई है? आज लोकतंत्र उस समय की तुलना में अधिक खतरे में है। इंदिरा (गांधी) में तब चुनाव कराने का साहस था। उन्होंने चुनाव से पहले किसी को गिरफ्तार नहीं किया था। अब्दुल्ला ने कहा, देखिए आज क्या हो रहा है। जब भी भाजपा को डर लगता है, कुछ एजेंसियों के माध्यम से उम्मीदवारों को गिरफ्तार कर लिया जाता है। अगर यह आपातकाल नहीं है तो विपक्षी नेताओं को रिहा कीजिए और देखिए कि लोग उनका समर्थन करते हैं या नहीं।

महिला विरोधी है कांग्रेस की दुष्ट मानसिकता : कंगना रनौत

कुल्लू/मनाली, एजेंसी

हिमाचल में मनाली मॉल रोड़ पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ओर से मंडी से पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी एवं फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत का स्वागत किया। मनाली मॉल रोड से मनुरंगशाला तक आते हुए माता दुर्गा के मंदिर में माथा टेका।

मनु रंगशाला के मंच से कांग्रेस को ललकारते हुए कंगना ने कहा कि जहां एक ओर नवरात्रों में छोटी छोटी कन्याओं का पूजन किया जा रहा है नारी शक्ति को पूजा जा रहा है वहीं कांग्रेस की दुष्ट सोच मेरे ऊपर कीचड़ उछालने में लगी है। कंगना ने कहा कि एक 'पप्पू' दिल्ली में बैठा है जबकि दूसरा 'पप्पू' हिमाचल में है जो कहता है कि कंगना गऊ मांस का सेवन करती है उसका प्रमाण दिखाए वो। कंगना ने बिना नाम लिए ही कहा कि कांग्रेस का छोटा पप्पू एक नंबर का पलटू है। हिमाचल किसी की जागीर नहीं है जो मुझे यहां से बाहर फेंक दोगे। मैंने बिना अपने मां बाप के नाम का सहारा लिए अपनी जमीन खुद बनाई है।

उन्होंने कहा कि मैं एक गरीब घर की बेटी हूं मैं चुनाव बार बार लड़ूंगी और बार बार जीतूंगी। कांग्रेस की रुढ़ीवादी सोच से हम बहुत आगे निकल आए हैं अब हमें आगे का सोचना है। आने वाले समय में हमारी बेटियां एक नए समाज का निर्माण करेंगी। उन्होंने फिल्मी जगत का उदाहरण देते हुए कहा कि जो लोग कहते हैं कि मुझे राजनीति का तजुर्बा नहीं है वो मुझे बताएं कि उनके पास राजनीति की कौन सी डिग्री है। जिस तरह एक्टिंग एक कला है उसी तरह राजनीति एक समाजसेवा का जज्बा है।

मेरी फिल्म का एक डायलॉग बोल दे ठाकुर भारत ही छोड़ दूंगी

मनाली। मंडी लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने मुख्य संसदीय सचिव (सीपीएस) सुंदर ठाकुर को खुली 'चुनौती' दे डाली है जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है। कंगना ने भरी सभा में मंच से कहा कि वह ठाकुर मेरी फिल्म का एक डायलॉग बोल दे तो 'मैं राजनीति क्या भारत छोड़ दूंगी।' असल में हुआ यूं कि श्री सुंदर ठाकुर ने एक बयान में कहा कि कंगना मुंबई से यहां आती है धीन चक ढीन चक कर के चली जाती है वह राजनीति क्या जानें। इस पर कंगना ने सीधा हमला कर खुला 'चैलेंज' दे डाला है। कंगना रनौत ने कांग्रेस पर जमकर तंज कसे और कहा कि मुझे भाजपा का टिकट मिलने के बाद कांग्रेस बार-बार मेरा अपमान कर रही है और मुझे अपमानित करने की कोशिश की जा रही है।

तस्करी रैकेट का भंडाफोड़, हेरोइन और हथियार के साथ एक गिरफ्तार

जालंधर, एजेंसी

- जयपाल भुल्लर गिरोह के सदस्य से बरामद की तीन किलोग्राम हेरोइन
- जबरन वसूली और हत्या का प्रयास जैसे अपराधों में लिप्त है अभियुक्त

पंजाब के जालंधर में पुलिस ने मादक पदार्थों के अंतर्राष्ट्रीय तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए कुख्यात तस्कर जयपाल भुल्लर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर उसके पास से तीन किलोग्राम हेरोइन और दो पिस्तौल बरामद किए हैं।

पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने बताया कि शहर में कुछ गिरोहों की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नाकाबंदी की, जिसके बाद उन्होंने एक कार को वेरका मिल्क प्लांट सर्विस रोड की तरफ से आते देखा। पुलिस के कार रोकने के प्रयास के बावजूद, चालक ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने कार को रोक लिया, चालक की पहचान सारज उर्फ बाऊ पुत्र बूटा सिंह निवासी गांव खिलचियां कदीम, थाना सदर फिरोजपुर के रूप में हुई। वाहन की तलाशी में 200 ग्राम हेरोइन मिली। आरोपी सारज से पूछताछ दौरान हुए खुलासे के बाद की जांच में दो .32 बोर पिस्तौल और चार कारतूस के साथ 2.8 किलोग्राम हेरोइन की बरामदगी हुई। साथ ही यह भी पता चला कि सारज पर जबरन वसूली, हत्या का प्रयास, संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी सहित कई मामले लंबित थे।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि सारज ने गिरोह के एक अन्य प्रमुख सदस्य चंदू फिरोजपुरिया के साथ संबंध स्थापित किए थे और इस तरह उत्तर भारत में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और नार्को-आतंकवाद में शामिल हो गया।

फर्जी खबरों पर रोक लगाएं पर्यवेक्षक : निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए तैनात अपने पर्यवेक्षकों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि फर्जी खबरों और झूठी सूचना पर समय रहते रोक लगाई जाए तथा 'सकारात्मक विमर्श' को आगे बढ़ाने के लिए मतदाताओं को तत्परता से तथ्यों से अवगत कराया जाए।

आयोग ने एक बैठक में अपने 127 सामान्य, 67 पुलिस और 167 व्यय पर्यवेक्षकों को निर्वाचन क्षेत्रों में नकदी, शराब, चुनावी तोहफे और मादक पदार्थ एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने एवं उनके वितरण को रोकने के लिए चौबीसों घंटे प्रयास सुनिश्चित करने को कहा। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत, 21 राज्यों में 102 संसदीय सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होना है।

आरटीआई के तहत तीसरे पक्ष को नहीं दी जा सकती यात्रा संबंधी जानकारी : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि यात्रा से संबंधित जानकारी व्यक्तिगत प्रकृति की होती है और सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत ऐसे विवरण किसी तीसरे पक्ष को तब तक नहीं दिये जा सकते, जब तक कि यह व्यापक जनहित में न हो। अदालत ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है, जिसमें 2006 के मुंबई ट्रेन विस्फोट मामले में मौत की सजा पाए दोषी एहतेशाम कुतुबुद्दीन सिद्दीकी की याचिका खारिज कर दी गयी थी।

सिद्दीकी ने एक जनवरी, 2006 से 30 जून, 2006 के बीच मुंबई हवाई अड्डे से हांगकांग या चीन तक मोहम्मद आलम गुलाम साबिर कुरैशी की 'विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय' (एफआरआरओ) या आव्रजन कार्यालय में दर्ज यात्रा प्रविष्टियों (प्रस्थान और आगमन) के संबंध में आरटीआई अधिनियम के तहत जानकारी मांगी थी। उन्होंने सीआईसी के जनवरी 2022 के उस आदेश को चुनौती दी थी।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की यात्रा की जानकारी व्यक्तिगत जानकारी है और इस तरह के विवरण किसी तीसरे पक्ष को तब तक नहीं बताए जा सकते जब तक कि यह व्यापक सार्वजनिक हित में न हो। इस अदालत की राय है कि सीआईसी का यह दृष्टिकोण इतना विकृत नहीं है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 227 के तहत हस्तक्षेप की जरूरत पड़े।

याचिकाकर्ता ने आव्रजन ब्यूरो के केंद्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारी के समक्ष एक आरटीआई आवेदन दायर किया था, जिसने इस आधार पर याचिका खारिज कर दी थी कि विभाग को आरटीआई अधिनियम की धारा 24(1) और दूसरी अनुसूची के तहत कोई भी जानकारी प्रदान करने से छूट दी गई थी। याचिकाकर्ता ने सीआईसी के समक्ष अपील दायर की लेकिन उसने भी इसे इस आधार पर खारिज कर दिया कि सिद्दीकी तीसरे पक्ष की जानकारी मांग रहा था, जो अधिनियम की धारा 8(1)(जे) के तहत छूट की श्रेणी में है।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	05	319
रियान पराग (राजस्थान)	05	261
शुभमन गिल (गुजरात)	06	255

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	05	10
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	05	10
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	04	09

राजस्थान को पंजाब के खिलाफ रणनीति पर बेहतर अमल करना होगा

मुल्लांपुर, एजेंसी

पिछले मैच में जीत की दहलीज पर पहुंचकर हारी राजस्थान रॉयल्स को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ रणनीति पर बेहतर अमल करना होगा क्योंकि मेजबान टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद बेहद सक्षम है। रॉयल्स के पास लगातार पांचवीं जीत दर्ज करने का सुनहरा मौका था लेकिन राशिद खान की शानदार गेंदबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस ने बुधवार को आखिरी गेंद पर जीत दर्ज की।

रॉयल्स के लिये अपने गढ जयपुर में हारना किसी झटके से कम नहीं था। वे इसे भुलाकर अब जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेंगे। संजू सैमसन की कप्तानी वाली रॉयल्स के गेंदबाज कुलदीप सेन (19वां ओवर) और आवेश खान (20वां ओवर) ने 12 गेंदों के भीतर 35 रन दे डाले। सैमसन ने ट्रेंट बोल्ट से चार ओवर का कोटा पूरा नहीं कराके बड़ी चूक की जबकि बोल्ट ने दो ओवर में सिर्फ आठ रन दिये थे। दबाव के क्षणों में उनका अनुभव काफी काम आता। दूसरी ओर शिखर धवन की कप्तानी वाली पंजाब टीम ने पांच में से दो मैच जीते और तीन गंवाये हैं। उसके धाकड़ बल्लेबाज चल नहीं पा रहे और शशांक सिंह तथा अभिषेक शर्मा जैसे गुमनाम बल्लेबाजों पर रन बनाने की सारी जिम्मेदारी आ गई है।

सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो (पांच मैचों में 81 रन) और मध्यक्रम के बल्लेबाज जितेश शर्मा (पांच मैचों में 77 रन) अपेक्षा के अनुरूप नहीं खेल पाये हैं जिससे टीम को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी। सैम कुरेन गेंदबाजी में औसत रहे हैं और बल्ले से भी अपनी क्षमता के साथ न्याय नहीं कर पाये हैं। मध्यक्रम में टीम को चोटिल लियाम लिविंगस्टोन की कमी खल रही है। पंजाब के गेंदबाजों का प्रदर्शन बेहतर रहा है लेकिन पहले गेंदबाजी करने पर उन्होंने काफी रन लुटाये हैं। पिछले तीन मैचों में पंजाब के खिलाफ विरोधी टीम ने 199, 199 और 182 रन बनाये हैं जबकि कैगिसो रबाडा और अर्शदीप सिंह जैसे गेंदबाज टीम में हैं। रॉयल्स के सामने चुनौती अच्छी लय बनाये रखने की भी है क्योंकि टूर्नामेंट में आम तौर पर अच्छी शुरूआत के बाद वे लड़खड़ा जाते हैं। यही वजह है कि पिछले छह सत्र में सिर्फ दो बार प्लेआफ में पहुंच सके।

राजस्थान रॉयल्स : संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान। **पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कैगिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु। **समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा

साथियान और मनिका को नहीं मिला ओलंपिक कोटा

चेकिया। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान गणानाशेखरन और मनिका बत्रा को विश्व मिश्रित युगल के क्वार्टरफाइनल में मलेशियाई जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा और वह ओलंपिक का कोटा हासिल करने में विफल रहे। मुकाबले में भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान और मनिका की जोड़ी को मलेशिया के जेवेन चूंग और केरेन लिन के खिलाफ 4-1 (11-9, 11-9, 11-9, 7-11,11-8) से हार मिली।

खेल डायरी

भारतीय हॉकी टीम टेस्ट श्रृंखला में चौथी बार हारी

पर्थ। ऑस्ट्रेलिया के अहम दौरे पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी है जहां पांच मैचों की श्रृंखला के चौथे टेस्ट मैच में उसे 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ ही श्रृंखला में अपनी बढ़त को 4-0 कर लिया। मैच का परिणाम भारतीयों के पक्ष में नहीं रहा लेकिन टीम के प्रदर्शन के स्तर में काफी सुधार दिखा। मेजबान टीम हालांकि हर मामले में भारत से बेहतर साबित हुई। आकाशीय बिजली के कारण 40 मिनट देर से शुरू हुए मैच में सभी चार गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए।

आकांक्षा अमेरिका में स्क्वाश टूर्नामेंट में हारीं

नयी दिल्ली। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत की आकांक्षा सालुंके अमेरिका के सेंट लुईस में चल रहे आरसी प्रो सीरिज स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में मिस्र की जाना साफी से 2-3 से हार गईं। राष्ट्रीय खेलों की स्वर्ण पदक विजेता आकांक्षा को 11-8, 3-11, 11-9, 5-11, 3-11 से पराजय झेलनी पड़ी। एक घंटे से अधिक चला मुकाबला पीएसए चैलेंजर टूर का हिस्सा था और ईनामी राशि 15000 डॉलर है।

भारत ने बिली जीन किंग कप में द. कोरिया को हराया

चांग्शा। भारतीय महिला टेनिस टीम ने शुक्रवार को बिली जीन किंग कप 2024 एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हरा दिया है। शुक्रवार को चीन के चांग्शा में मून आइलैंड क्ले पार्क में रुतुजा भोसले ने एकल मुकाबला जीता। वहीं अंकिता रैना और प्रार्थना थोम्बरे की जोड़ी ने युगल मुकाबले में जीत हासिल की। भोसले ने एक घंटे और पांच मिनट में 6-2, 6-2 से आसान जीत दर्ज की। भोसले ने पहले सेट में लगातार पांच गेम जीतकर शुरुआत में ही मैच में अपना दबदबा कायम रखा। अंकिता रैना ने प्रार्थना थोम्बारे के साथ मिलकर डेबिन किम और सोह्युन पार्क के खिलाफ युगल मैच एक घंटे और 33 मिनट में 6-4, 6-4 से जीत लिया। दक्षिण कोरिया पर 2-1 की जीत एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में भारत की तीसरी जीत है।

कैंडिडेट्स शतरंजः गुकेश हारे, प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला

टोरंटो। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश फ्रांस के फिरोजा अलीरजा के हाथों पहली हार के बाद कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद शीर्ष स्थान से खिसक गए लेकिन आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के फेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला। इस हार के बाद 17 वर्ष के गुकेश अब कारूआना और प्रज्ञानानंदा के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के 4.5 अंक हैं और उन्होंने अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेलकर आधा अंक से बढ़त बना ली है। निजात अबासोव के साथ ड्रॉ के बाद विदित गुजराती संयुक्त पांचवें स्थान पर नकामूरा के साथ है जबकि अलीरजा सातवें स्थान पर हैं।

आकाश दहिया कांस्य पदक दौर में पहुंचे

बिश्केक (किर्गिस्तान)। भारतीय पहलवान आकाश दहिया और अनिरुद्ध कुमार ने एशियाई चैंपियनशिप में खुद को कांस्य पदक की दौड़ में बनाए रखा है, लेकिन उनके तीन अन्य साथी शुक्रवार को यहां अपने-अपने भार वर्गों के अलग-अलग चरणों में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। गैर-ओलंपिक 61 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे आकाश ने उज्बेकिस्तान के सरदार रुजिमोव पर 10-8 की करीबी जीत के साथ शुरुआत की और इसके बाद क्वार्टर फाइनल में कोरिया के सांघयोन सोन को 7-3 से आसानी से हराया। वह सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के असिल एतकिन की चुनौती से पार नहीं पा सके और तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अपना मुकाबला हार गए।

मोंटे कार्लो मास्टर्स सेमीफाइनल में पहुंचे सिटसिपास

मोनाको। दो बार के चैंपियन स्टेफानोस सिटसिपास ने रूस के कारेन खाचानोव को 6-4, 6-2 से हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली। अब उनका सामना यानिक सिनेर या होल्गर रूने से होगा। वहीं दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच की भिड़ंत एलेक्स डि मिनौर से होगी जबकि उगो हुम्बर्ट का सामना कैस्पर रूड से होगा। जोकोविच ने लोरेंजो मुसेत्ती से मिली पिछली हार का बदला चुकता करते हुए उन्हें हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दो बार के चैंपियन जोकोविच को पिछले साल तीसरे दौर में मुसेत्ती ने हराया था। उन्होंने छह में से पांच ब्रेक प्वाइंट तब्दील करके 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। जोकोविच ने यहां 2013 और 2015 में खिताब जीता है लेकिन उसके बाद से क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं जा सके। दूसरी रैंकिंग वाले यानिक सिनेर ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-4, 6-2 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।

लखनऊ सुपर जायंट्स की 6 विकेट से हार

दिल्ली कैपिटल्स के लिए कुलदीप यादव ने लिए तीन विकेट, जैक फ्रेजर ने 55 और कप्तान ऋषभ पंत ने 41 रनों की पारी खेली

कुलदीप यादव

लखनऊ, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शुक्रवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स को छह विकेट से हराया। लखनऊ को सात विकेट पर 167 रन पर रोकने के बाद दिल्ली ने 18.1 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। दिल्ली के लिए जैक फ्रेजर मैकगुर्क ने 55 जबकि कप्तान ऋषभ पंत ने 41 रन का योगदान दिया। लखनऊ के लिए रवि बिश्नोई ने दो विकेट चटकाये।

इकाना स्टेडियम पर एक समय 28 रन पर पांच विकेट गंवाकर लखनऊ की टीम संघर्ष की स्थिति में आ गयी थी और 13वे ओवर में स्कोरबोर्ड पर लखनऊ का स्कोर सात विकेट पर 94 रन हो गया था मगर बडोनी ने अरशद खान (20 नाबाद) के साथ 73 रनों की पार्टनरशिप कर न सिर्फ पारी को संवारा बल्कि आखिरी ओवरों में बाउंड्री की मदद से दिल्ली के लिये 168 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तैयार कर दिया। बडोनी ने अपनी अर्धशतकीय पारी में महज 35 गेंद खेल कर पांच चौके और एक छक्का लगाया जबकि दूसरे छोर पर उनके जोड़ीदार अरशद ने 16 गेंद खेल कर दो बार गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचाया। इससे पहले डिकॉक और राहुल की तेज पारियों की बदौलत एलएसजी पहले पांच ओवर के खेल में आठ रन प्रति ओवर की गति से रन बटोरने में सफल रही थी और सातवें ओवर में एलएसजी के स्कोरबोर्ड पर दो विकेट 66 रन टंग चुके थे लेकिन पारी के आठवें ओवर में कुलदीप यादव ने लगातार दो गेंदों में मार्कस स्टॉयनिस (8) और निकोलस पूरन (0) को चलता कर एलएसजी को बैकफुट में ढकेल दिया। इस बीच केएल राहुल को कुलदीप ने विकेट के पीछे आउट कराकर अपना तीसरा शिकार बनाया। हालांकि मैदानी अंपायर ने उन्हे नाट आउट करार दिया था मगर दिल्ली के कप्तान रिषभ पंत ने डीआरएस लिया और टीवी अंपायर ने मैदानी अंपायर को अपना फैसला पलटने को कहा। राहुल ने पांच चौंके और एक छक्के की मदद से 39 रनों का योगदान दिया। दीपक हुड्डा (10) अनुभवी तेज गेंदबाज इंशात शर्मा के शिकार बने जबकि कृणाल पांड्या (3) को मुकेश कुमार ने अपना शिकार बनाया। इससे पहले खलील अहमद ने क्विंटन डिकॉक और देवीदत्त पड्डिक्कल (3) का विकेट झटका था।

जैक फ्रेजर मैकगुर्क

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रनरेट
राजस्थान	5	4	1	8	+0.871
कोलकाता	4	3	1	6	+1.528
चेन्नई	5	3	2	6	+0.666
लखनऊ	5	3	2	6	+0.436
हैदराबाद	5	3	2	6	+0.344
गुजरात	6	3	3	6	-0.637
मुंबई	5	2	3	4	-0.073
पंजाब	5	2	3	4	-0.196
दिल्ली	6	2	4	4	-0.975
बेंगलुरु	6	1	5	2	-1.124

लखनऊ 167/7

20 ओवर, अतिरिक्त : 10

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
क्विंटन डिकॉक पगबाधा खलील	19	13	4/0
लोकेश राहुल का पंत बो कुलदीप	39	22	5/1
देवदत्त पडिक्कल पगबाधा खलील	03	06	0/0
मार्कस स्टोइनिस का इशांत बो कुलदीप	08	10	1/0
निकोल्स पूरन बो कुलदीप	00	01	0/0
दीपक हुड्डा का वार्नर बो ईशांत	10	13	0/0
आयुष बडोनी नाबाद	55	35	5/1
कृणाल पंड्या का पंत बो मुकेश	03	04	0/0
अरशद खान नाबाद	20	16	2/0

गेंदबाजी : खलील अहमद 4-0-41-2, ईशांत शर्मा 4-0-36-1, मुकेश कुमार 4-0-41-1, अक्षर पटेल 4-0-26-0, कुलदीप यादव 4-0-20-3

दिल्ली 170/4

18.1 ओवर, अतिरिक्त : 8

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
पृथ्वी शॉ का पूरन बो बिश्नोई	32	22	6/0
डेविड वार्नर बो यश	08	09	1/0
जैक का अरशद बो नवीन-उल-हक	55	35	2/5
ऋषभ पंत स्टंप राहुल बो बिश्नोई	41	24	4/2
स्टब्स नाबाद	15	09	0/1
होप नाबाद	11	10	1/0

गेंदबाजी : अरशद 3.1-0-34-0, नवीन उल हक 3-0-24-1, यश 4-0-31-1, क्रुणाल 3-0-45-0, बिश्नोई 4-0-25-2, स्टोइनिस 1-0-10-0

निजी कारणों से पेरिस ओलंपिक में अभियान प्रमुख पद से हटीं मैरीकॉम

नयी दिल्ली, एजेंसी

- **आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा को पत्र लिखकर बताया**

छह बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम शुक्रवार को आगामी पेरिस ओलंपिक के लिये भारत के अभियान प्रमुख के पद से हट गई हैं। उन्होंने कहा कि निजी कारणों से उनके पास अब कोई विकल्प नहीं है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि मैरीकॉम ने पत्र लिखकर जिम्मेदारी से फारिग करने के लिये कहा है।

मैरीकॉम ने उषा को लिखे पत्र में कहा, ''देश की किसी भी रूप में सेवा करना फख्र की बात है और मैं इसके लिये मानसिक रूप से तैयार थी। लेकिन मुझे खेद है कि मैं यह जिम्मेदारी नहीं उठा सकूंगी। मैं निजी कारणों से पीछे हट रही हूं।'' उन्होंने कहा, ''इस तरह से पीछे हटने से शर्मिंदा हूं क्योंकि मैं ऐसा करती नहीं हूं लेकिन मेरे पास कोई विकल्प नहीं है। मैं ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे अपने खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई के लिये हमेशा रहूंगी।'' आईओए ने 21 मार्च को उनकी नियुक्ति का ऐलान किया था। लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों में भारतीय दल की अभियान प्रमुख होतीं। उषा ने एक बयान में कहा, '' हमें दुख है कि ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज और आईओए एथलीट आयोग की प्रमुख मैरीकॉम निजी कारणों से पद से हट गई हैं। हम उनके फैसले और निजता का सम्मान करते हैं। उनके विकल्प के बारे में घोषणा जल्दी ही की जायेगी।'' उन्होंने कहा, '' मैं उनके अनुरोध को समझती हूं और उनके फैसले का सम्मान करती हूं। मैंने उनसे कहा है कि आईओए और मेरा सहयोग हमेशा उनके साथ है। मैं सभी से उनकी निजता का सम्मान करने का अनुरोध करती हूं।''

चोटिल फिन और एडम पाकिस्तान दौरे से हुए बाहर

वेलिंग्टन। चोटिल फिन एलन और एडम मिल्ने को न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज से बाहर कर दिया गया है। एलन को पीठ में चोट लगी तथा मिल्ने को प्रशिक्षण के दौरान टखने में चोट लगी है। चयनकर्ताओं ने उनके प्रतिस्थापन के रूप में टॉम ब्लंडेल और अनकैप्ड ऑलराउंडर जैक फॉल्क्स को टीम में बुलाया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान में कहा, एलन और फिन की चोटों के कारण रावलपिंडी में अगले सप्ताह शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला में भाग नहीं ले पाएंगे।

लंबी दूरी के धावक जी लक्ष्मणन प्रतिबंधित

नयी दिल्ली, एजेंसी

- **स्थान संबंधी नियमों के उल्लंघन को लेकर की गई कार्रवाई**

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने लंबी दूरी के धावक जी लक्ष्मणन पर 12 महीने की अवधि में तीन बार स्थान संबंधी नियमों के उल्लंघन के साथ एक बार जांच के लिए उपलब्ध नहीं होने पर दो साल का प्रतिबंध लगाया है। लक्ष्मणन ने 2017 एशियाई चैंपियनशिप में 5000 मीटर और 10,000 मीटर में स्वर्ण पदक जीता था। वह 2022 में तीसरी (जुलाई से सितंबर) और चौथी (अक्टूबर से दिसंबर) तिमाही के दौरान अपने मौजूदा स्थान की जानकारी देने में विफल रहे और 26 मार्च 2023 को जांच करने के लिए उपलब्ध नहीं हुए। लक्ष्मणन को 2022 में नाडा के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया था। नाडा की 19 मार्च, 2024 को पारित एक आदेश के मुताबिक नाडा की डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीआरवी) ने उन्हें 10 अगस्त, 2023 से दो साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। नाडा के आरटीपी में शामिल एथलीटों को हर तीन महीने में अपने मौजूदा स्थान की जानकारी देनी होती है।

बॉलीवुड हलचल

फिल्म सास ससुर बिना अंगना ना सोहे में काम करेंगे अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत फिल्म 'सास ससुर बिना अंगना ना सोहे' में काम करते नजर आयेंगे। फिल्म "सास ससुर बिना अंगना ना सोहे" का भव्य मुहूर्त आज बाराबंकी में संपन्न हुआ। इसके साथ ही फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो गई। यह फिल्म पारिवारिक कहानी पर आधारित है, जिसमें विक्रांत सिंह राजपूत मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ इस फिल्म में रिचा दिक्षित फीमेल लीड में नजर आने वाली है। इस फिल्म का निर्देशन कन्हैया एस विश्वकर्मा कर रहे हैं। फिल्म सास ससुर बिना अंगना ना सोहे को लेकर विक्रांत सिंह राजपूत ने कहा कि यह उनकी शानदार फिल्मों की श्रेणी में एक और नई फिल्म है जो यकीनन रिलीज के बाद दर्शकों को पसंद आएगी। उन्होंने कहा कि एक बेहतरीन टीम के साथ मजेदार फिल्म करना किसे पसंद नहीं है। मेरी भूमिका बेहद खास है और इस फिल्म के संवाद गाने भी दर्शकों को दिलों को छू लेने वाले हैं तो मुझे लगता है कि यह फिल्म जब भी रिलीज होगी, बवाल करेगी। बड़े पर्दे के साथ-साथ टीवी पर भी इस फिल्म को लोग पसंद करेंगे। फिलहाल इस फिल्म की कहानी के बारे में डिस्कस नहीं कर सकता लेकिन मेरी गारंटी है कि यह फिल्म जब भी रिलीज होगी, दर्शकों को बेशुमार मनोरंजन देगी। फिल्म "सास ससुर बिना अंगना ना सोहे के निर्माता विजय सिंह अनंत सिंघल और मोनिका सिंह है, जबकि कॉन्सेप्ट और प्रोजेक्ट डिजाइनर देव पांडे हैं। फिल्म की कहानी सभा वर्मा ने लिखी है। डी ओ पी आर आर प्रिंस हैं। म्यूजिक साजन मिश्रा का है। क्रिएटिव डायरेक्टर मुकेश तिवारी हैं।इस फिल्म में विक्रांत सिंह राजपूत के साथ रिचा दिक्षित, विनोद मिश्रा, रीना रानी, प्रीति मौर्या, प्रेम सिंह, रितु पांडे और समर्थ चतुर्वेदी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं।

'डंस' के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग मुम्बई में जारी

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की फिल्म 'डंस' के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग मुम्बई में जारी है। पिछले एक महीने तक फ़िल्म डंस की शूटिंग उत्तरप्रदेश के चंदौली और आसपास में हो रही थी जहां के जंगलों और गांव देहात में फ़िल्म का एक बड़ा भाग शूट किया गया है। अब फ़िल्म के बचे हुए शेष भाग की शूटिंग मुम्बई में हो रही है। फ़िल्म निर्माता सुधीर सिंह की स्निप कॉर्पोरेशन के बैनर तले बन रही भोजपुरी फिल्म डंस के मुख्य कलाकार खेसारी लाल यादव, स्वेता, शाहवर अली, समर्थ चतुर्वेदी, पप्पू यादव, देव सिंह, महेश आचार्य, विजया लक्ष्मी, स्वेता नवल, जे नीलम, जे पी सिंह, गौरी शंकर, आर्यन बाबू, माही खान हैं। वहीं फ़िल्म डंस का निर्देशन धीरज ठाकुर कर रहे हैं।

अक्षय कुमार और टाइगर की बड़े मियां छोटे मियां ने वर्ल्डवाइड कमाए 36 करोड़

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां ने वर्ल्डवाइड 36 करोड़ की कमाई कर ली है। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' ईद के अवसर पर 11 अप्रैल को रिलीज हुयी है। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 36.33 करोड़ की कमाई कर ली है। अली अब्बास जफर द्वारा लिखित और निर्देशित, वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा, अली अब्बास जफर द्वारा निर्मित फिल्म बड़े मियां छोटे मियां 11 अप्रैल को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी। इस फिल्म में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, अलाया एफ और मानुषी छिल्लर प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

भारतीयों को ईरान और इजराइल न जाने की दी हिदायत

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने ईरान और इजराइल की यात्रा को लेकर एडवाइजरी जारी की है। मंत्रालय ने भारतीयों को सलाह दी है कि अगली सूचना तक ईरान और इजराइल की यात्रा न करें। साथ ही उन सभी भारतीयों से भी अनुरोध किया है, जो वर्तमान में ईरान और इजराइल में रह रहे हैं। एडवाइजरी में कहा गया है कि, इन देशों में रह रहे भारतीय तुरंत दूतावास से संपर्क करें और अपना पंजीकरण कराएं।

मंत्रालय ने अनुरोध किया है कि वे अपनी सुरक्षा को लेकर सावधानी बरतें और अपनी गतिविधियों को कम लोगों के साथ ही साझा करें। बता दें, यह फैसला इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध के कारण आया है। आशंका है कि इजराइल हमास के बीच जारी युद्ध में ईरान भी हस्तक्षेप कर सकता है।

केंद्रीय सूचना आयोग ने ईवीएम पर आयोग से मांगा स्पष्टीकरण

नई दिल्ली, एजेंसी

- मुख्य सूचना आयुक्त ने आदेश की अनदेखी पर लगाई फटकार, 30 दिन के भीतर दें संतोषजनक जवाब

केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने चुनाव आयोग के आरटीआई की एक याचिका का जवाब नहीं देने पर कड़ी आपत्ति जताई है। आरटीआई के तहत चुनाव आयोग से पूछा गया था कि चुनाव के दौरान ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की विश्वसनीयता पर प्रख्यात लोगों की ओर से उठाए गए सवालों के प्रतिनिधित्व के लिए उठाए कदमों पर जवाब मांगा था।

इसे कानून का पूर्ण उल्लंघन बताते हुए सीआईसी ने चुनाव आयोग से 30 दिनों के अंदर लिखित स्पष्टीकरण मांगा है। मुख्य सूचना आयुक्त हीरालाल सामरिया ने चुनाव आयोग के केंद्रीय जनसूचना अधिकारी के इस संबंध में संतोषजनक जवाब देने में विफल रहने पर फटकार लगाते हुए कहा कि इस मामले में आदेश की अनदेखी करने वाले सभी अफसरों को सीआईसी के फैसले की प्रति सौंपी जाए और वह बिंदुवार अपना स्पष्टीकरण एक महीने में दें।

पूर्व आईएएस अफसर एमजी देवश्याम समेत एक प्रतिनिधिमंडल ने इलेकॉट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम), वोटर वैरिफाइएबिल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) और मतगणना की विश्वसनीयता पर उठाए सवालों के प्रतिनिधित्व चुनाव आयोग को 2 मई, 2022 को भेजा था। अब उन्होंने आरटीआई के जरिए पूछा है कि चुनाव आयोग ने इस प्रतिनिधित्व को लेकर क्या कदम उठाए हैं। देवश्याम ने आरटीआई याचिका 22 नवंबर, 2022 को डाली थी।

अगले हफ्ते भारत आएंगे अमेरिका के एनएसए सुलिवन

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन अगले हफ्ते भारत आएंगे। इस दौरान वह भारत-अमेरिका के रिश्तों को अगले स्तर पर ले जाने के लिए अपने समकक्ष अजीत डोभाल और अन्य से मुलाकात करेंगे। वहीं, हिंद प्रशांत और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के सहयोग पर भी चर्चा होगी।

इस मुलाकात में दोनों देशों के बीच हुए क्रिटिकल एंड इमर्जिंग तकनीक संबंधी समझौते पर हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बता दें, विदेश सचिव विनय क्वात्रा अमेरिकी सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सिलसिलेवार बैठकों और रक्षा एवं प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए उद्योगपतियों के साथ बातचीत के लिए अमेरिका गए हुए हैं।

टीडीएस से बचने का कौन सा तरीका सही... जानें नियम

स्रोत पर टैक्स कटने (टीडीएस) से बचने के तीन विकल्प हैं। फॉर्म 15जी या 15 एच जमा करके आप टीडीएस कटने से रोक सकते हैं। धारा 197 के तहत कम टीडीएस का विकल्प भी चुन सकते हैं। जानें कि आपके लिए क्या सही है...



- फॉर्म 15एच सीनियर सिटीजन और सुपर सीनियर सिटीजन ये फॉर्म जमा कर सकते हैं। वरिष्ठ नागरिकों के लिए छूट की मूल सीमा 5 लाख रुपये है। 60 वर्ष या इससे ज्यादा उम्र का रेसिडेंट सीनियर सिटीजन टीडीएस नहीं काटने के लिए डिक्लेरेशन दे सकता है, बशर्ते धारा 87ए के तहत छूट पर विचार करने के बाद अनुमानित आय पर टैक्स जीरो हो। धारा 87ए के तहत अधिकतम छूट एक वित्त वर्ष में 12,500 रुपये तक 100% होगी। सीनियर सिटीजन को बैंक डिपॉजिट पर ब्याज से आय 50,000 रुपये से ज्यादा हो तो 10% टीडीएस कटेगा।

40 हजार से ज्यादा आय पर कटता है टीडीएस

फॉर्म 15जी यह फॉर्म 60 वर्ष से कम उम्र के करदाताओं के लिए है। हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) भी ये फॉर्म इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें घोषणा करनी होती है कि कुल आय कर योग्य सीमा से कम है। कुल आय (ब्याज सहित) सलाना 2.5 लाख रुपये की मूल छूट सीमा से कम होनी चाहिए। सीनियर सिटीजन को छोड़कर यदि व्यक्ति की बैंक डिपॉजिट पर ब्याज से आय 40 हजार रुपये से ज्यादा है तो इस पर 10 फीसदी टीडीएस काटा जाता है।

क्या कहते हैं कानून के नियम

धारा 197 फॉर्म 15जी या 15 एच जमा करने के बजाय आप आयकर कानून की धारा 197 के तहत आवेदन करके स्रोत पर कम टैक्स कटौती का विकल्प भी चुन सकते हैं। बशर्ते आपकी टैक्सेबल इनकम पर वास्तविक देनदारी भुगतानकर्ता द्वारा काटे जाने वाली टीडीएस राशि से कम हो। इसके लिए आपको लोअर डिडक्शन सर्टिफिकेट (एलडीसी) पाने के लिए मूल्यांकन अधिकारी (एओ) के पास एक आवेदन करना होगा। इसमें कम कटौती का अनुरोध के कारणों का जिक्र जरूरी है।

ये भी जानें:- सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश यह सुनिश्चित करने का एक अच्छा तरीका है कि आपके वेतन से टीडीएस कटौती कम हो। इस संबंध में आप अधिकतम कर छूट का दावा 1.5 लाख रुपये प्रति वर्ष कर सकते हैं। यह आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80सी के अंतर्गत आता है। धारा 80 ईई की बदौलत यदि आप अपने जीवन में पहली बार लोन पर घर खरीदते हैं तो आप वेतन पर टीडीएस बचा सकते हैं। इस मामले में आपको अधिकतम कर छूट एक वर्ष में दो लाख रुपये तक ले सकते हैं।

एक नजर

चीन और अमेरिका के बीच और उड़ानों को मंजूरी न दें: एयरलाइंस

वाशिंगटन। अमेरिका और चीन के बीच लंबे समय से रिश्ते ठीक नहीं है। इस बीच अमेरिकी एयरलाइंस ने बाइडन प्रशासन को एक राय दी है। एयरलाइंस ने कहा कि प्रशासन से कहा है कि चीन और अमेरिका के बीच और उड़ानों को मंजूरी नहीं दी जानी चाहिए। एयरलाइंस ने कारण बताते हुए कहा कि चीन की मौजूदा नीतियां खतरनाक और प्रतिस्पर्धा विरोधी हैं। उनकी नीतियां अमेरिकी एयरलाइंस और अमेरिकी कर्मचारियों को नुकसान पहुंचाती हैं। दरअसल, अमेरिकी एयरलाइंस ने गुरुवार को अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और परिवहन सचिव पीट बटिगिएग को पत्र लिखा है।

अनूठी पहल

चेन्नई से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि स्कूबा डाइवर वोट देने के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। वीडियो में स्कूबा डाइवर चेन्नई में स्थित समुद्र में जाते हैं, यहां मॉक ईवीएम मशीन ले जाते है और वोट करते हैं। इसको लेकर चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वोट देने के लिए तैयार हैं? एक अनूठी मतदाता जागरूकता पहल में चेन्नई में स्कूबा डाइवर नीलांकरई में साठ फीट समुद्र के नीचे मतदान प्रक्रिया को अंजाम दे रहे हैं

गाजा में इजराइली हवाई हमले में 29 लोगों की मौत, 12 घायल

गाजा। इजराइली सैनिकों ने शुक्रवार को गाजा में एक आवासीय इमारत पर भीषण हवाई हमले किए हैं, जिसमें 29 लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हवाई हमले में 29 से अधिक लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 12 से अधिक लोग घायल हुए हैं जिनमें कई गंभीर हैं। इजराइल डिफेंस फोर्सेज ने कहा कि वायुसेना ने पिछले 24 घंटों के दौरान गाजा पट्टी में 60 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए हैं। कई आवासीय इमारतों को निशाना बनाया गया है।

खुद बदलें अपनी किस्मत: अल्वी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने पाकिस्तान के आवाम को अपना भाग्य बदलने की सलाह दी है। यह भाग्य बदलने का काम रीसेट, अल्ट-डेल और रिस्टार्ट करने से होगा। मतलब यह है कि जो हो चुका उसको भूलकर भविष्य में आगे बढ़ने की बात कही गई है। पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने जोर देकर कहा कि राजनीतिक मतभेदों के कारण इस देश की यह हालत हुई है।

अमेरिकी संसद में मंदिरों पर हमले व हिंदूफोबिया के विरोध में प्रस्ताव पेश

कांग्रेसी श्रीथानेदार ने रखा प्रस्ताव, अर्थव्यवस्था में हिंदुओं के योगदान की हुई सराहना

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में हिंदुओं और हिंदू धर्म के योगदान की सराहना करते हुए प्रमुख भारतीय-अमेरिकी सांसद ने प्रतिनिधि सभा में हिंदू-विरोधी कट्टरता, नफरत और मंदिरों पर हमले के विरोध में प्रस्ताव पेश किया।

यह प्रस्ताव कांग्रेसी श्रीथानेदार द्वारा बुधवार को पेश किया गया, जिसे निगरानी और जवाबदेही को लेकर बनी सदन समिति को भेजा गया। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि अमेरिका में सकारात्मक योगदान के बावजूद हिंदू अमेरिकियों को अपनी विरासत और प्रतीकों के बारे में दुष्प्रचार का सामना करना पड़ता है। उन्हें स्कूलों और कॉलेज परिसरों में भेदभाव का सामना करना पड़ता है।

प्रस्ताव में कहा गया है कि एफबीआइ की घृणा अपराध सांख्यिकी रिपोर्ट के अनुसार, मंदिरों और हिंदुओं को निशाना बनाने वाले घृणा अपराध सालाना बढ़ रहे हैं। प्रस्ताव में दावा किया गया है कि देश को हर तरह से चाहे अर्थव्यवस्था हो या अन्य क्षेत्र हिंदू अमेरिकियों के योगदान से बहुत लाभ हुआ है। लगभग एक पखवाड़े पहले भारतीय-अमेरिकी राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, थानेदार, अमी बेरा और प्रमिला जयपाल ने न्याय विभाग को पत्र लिखकर घरों में तोड़फोड़ की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि के संबंध में जांच की स्थिति पर जानकारी देने का अनुरोध किया था।

बता दें, बीते दिनों 29 मार्च को भारतीय अमेरिकी मूल के सांसद राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, थानेदार, एमी बेरा और प्रमिला जयपाल ने भी न्याय विभाग को पत्र लिखकर हिंदू मंदिरों पर हुए हमलों की घटनाओं की जांच की जानकारी मांगी है। पत्र में कहा गया कि न्यूयॉर्क से कैलिफोर्निया तक मंदिरों पर हमले हुए हैं। जिससे अमेरिका में रहने वाले हिंदू समुदाय में डर और घबराहट का माहौल है। मंदिरों पर हमले के मामलों में जांच की प्रगति पर भी सांसदों ने नाराजगी जाहिर की और पूछा कि जांच एजेंसियों ऐसे मामलों से निपटने के लिए क्या कर रही हैं।

प्रस्ताव में क्या कहा गया

प्रस्ताव में कहा गया है कि संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) की घृणा अपराध सांख्यिकीय रिपोर्ट के अनुसार, मंदिरों और व्यक्तियों को निशाना बनाने वाले हिंदू विरोधी घृणा अपराध हर साल बढ़ रहे हैं जबकि इसके साथ ही अमेरिकी समाज में 'हिंदूफोबिया' (हिंदू विरोधी या हिंदुओं के प्रति घृणा की भावना) दुर्भाग्यपूर्ण रूप से बढ़ रहा है। इसके अनुसार, अमेरिका ने 1900 के बाद से दुनिया के सभी हिस्सों से 40 लाख से अधिक हिंदुओं का स्वागत किया है जिसमें विभिन्न नस्ल, भाषा और जातीय पृष्ठभूमि के हिंदू शामिल हैं। प्रस्ताव के अनुसार, अमेरिका की अर्थव्यवस्था के प्रत्येक आयाम और प्रत्येक उद्योग में हिंदू-अमेरिकियों के योगदान से देश को काफी फायदा हुआ है। फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज' के नीति एवं रणनीति प्रमुख खांडेराव कांड ने कहा कि इस साल की पहली तिमाही में श्रद्धालुओं को डराने के लिए अमेरिका में मंदिरों में चोरी के साथ ही तोड़फोड़ की घटनाओं में अचानक वृद्धि हुई है।

एचआईवी ग्रसित पूर्व सैनिक को मिलेगा 1.54 करोड़ हर्जाना

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने वायुसेना के एक सेवानिवृत्त अफसर को वायुसेना की ओर से 1.54 करोड़ रुपये का हर्जाना देने का निर्देश देने संबंधी समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया है। पूर्व सैनिक को वर्ष 2002 में जम्मू-कश्मीर के सांबा सेक्टर में तैनाती के दौरान सैन्य अस्पताल में संक्रमित खून चढ़ाए जाने के कारण एचआईवी का संक्रमण हो गया था।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और पीबी वराले की खंडपीठ ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि पिछले साल 26 सितंबर को इस मामले में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले में कोई भी त्रुटि नजर नहीं आती है जिस पर पुनर्विचार किया जा सके। खंडपीठ ने विगत तीन अप्रैल के अपने आदेश में कहा कि हमने समीक्षा याचिका का अवलोकन किया है। कमांडिंग अफसर की समीक्षा याचिका में विचार करने योग्य कोई नया आधार नहीं है। 'ऑपरेशन पराक्रम' के दौरान बीमार अधिकारी को सांबा के सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें एक यूनिट खून चढ़ाया गया। 2014 में पता चला कि वह एड्स से पीड़ित हैं। संक्रमित खून चढ़ाने से वो एचआईवी संक्रमित हुए।

हिंद प्रशांत क्षेत्र में मिलकर काम करेंगी भारत-अमेरिकी सेनाएं

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतीय सेनाओं की क्षमता बढ़ाने पर अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने दिया जोर

अमेरिका ने भारतीय सेना की क्षमताओं को बढ़ाने पर बात की। रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने सांसदों से कहा कि भारतीय सेना की क्षमताओं को बढ़ाकर दोनों देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति का अधिक स्थिर संतुलन बनाए रखने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। वहीं अमेरिका और भारत की सेनाएं अभियान गतिविधियों को तेज कर रहीं हैं।

ऑस्टिन ने सदन की सशस्त्र सेवा समिति के सदस्यों को इस हफ्ते रक्षा मंत्रालय के वार्षिक बजट पर सांसदों की सुनवाई के दौरान बताया कि हिंद महासागर में समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए अमेरिका और भारत की सेनाएं अभियान गतिविधियों को तेज कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की ताकत बढ़ाकर दोनों देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति का अधिक स्थिर संतुलन बनाए रखने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बजट के इस अनुरोध के साथ हम अपनी प्रमुख रक्षा साझेदारी के तहत अमेरिका-भारत संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं। रक्षा सचिव ने कहा, 'हमारी सेनाएं

हिंद महासागर में समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त अभ्यास, सूचना-साझाकरण और अन्य परिचालन गतिविधियों में तेजी ला रही हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि अमेरिका-भारत की बढ़ती साझेदारी हमारे सहयोगियों विशेष रूप से ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के बीच चतुष्कोणीय सुरक्षा वार्ता का समर्थन करे।

हिंद-प्रशांत पर सांसदों की एक अलग सुनवाई के दौरान अमेरिका हिंद-प्रशांत कमान के कमांडर एडमिरल जॉन सी एक्विलिनो ने सांसदों से कहा कि मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका-भारत के बीच वैश्विक रणनीतिक साझेदारी आवश्यक है।

पाकिस्तान में डकैती का विरोध करने पर 19 लोगों की हत्या

कराची। रमजान के दौरान कराची में अपराध में वृद्धि देखी गई, जिसमें डकैतियों के विरोध के परिणामस्वरूप 19 मौतें हुई और 55 लोग घायल हुए। मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

एक पुलिस अधिकारी ने खुलासा किया कि डकैती की कोशिश के दौरान कराची में 19 नागरिकों की मौत हो गई। वारदात में शामिल लुटेरे हथियार से लैस थे। इस साल शहर में डकैती से संबंधित मौतों में उल्लेखनीय बढ़त देखी गई है, जो कुल मिलाकर 56 हो गई है, जबकि 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इसकी तुलना में पिछले साल इसी अवधि में डकैतियों के खिलाफ प्रतिरोध के कारण 25 मौतें हुईं थी और 110 घायल हुए थे।

मकान जलमग्न

मॉस्को/अस्ताना : यूरोप की तीसरी सबसे लंबी नदी यूराल के तट टूटने से रूस और कजाकिस्तान के 9 शहरों और कस्बों में बाढ़ आ गई है। इसके कारण अब तक एक लाख से अधिक लोगों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित जगह जाना पड़ा है। मॉस्को से करीब 1,200 किमी पूर्व में स्थित 5 लाख से अधिक आबादी वाले शहर ओरेनबर्ग में सैकड़ों घर बाढ़ में जलमग्न हैं। यहां से 7,700 लोगों को निकाला जा चुका है। रूस ने कहा कि 37 क्षेत्रों में 10,500 घर बाढ़ में डूब गए हैं, जिनमें से ज्यादातर ओरेनबर्ग क्षेत्र में हैं। यूराल नदी, रूस के यूराल पर्वत से निकलकर कजाकिस्तान होते हुए कैस्पियन सागर तक बहती है। इस सप्ताह बर्फ के पिघलने से नदी में ऊफान आ गया। कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम जोमार्ट तोकायेव ने बाढ़ को बीते 80 वर्षों की सबसे बड़ी आपदा कहा है। ● एजेंसी

मणिपुर में दो पक्षों में गोलीबारी, बदमाशों ने आरा मिल में लगाई आग, जलकर राख

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर में एक बार फिर हिंसक घटनाएं देखने को मिली है। शुक्रवार को ग्रामीण स्वयंसेवक और अज्ञात समूह लोगों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस अज्ञात हमलावारों को खोज रही है।

मामला शुक्रवार सुबह मणिपुर के थौबल जिले के हिरोक गांव का है। हिरोक गांव के पास कुछ अज्ञात लोगों का समूह, जिनके पास बंदूक थीं, उन्होंने गोलीबारी करना शुरू कर दिया। जवाबी कार्रवाई में सशस्त्र ग्रामीण स्वयंसेवकों ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलीबारी शुरू कर दी। इस बीच गांव के एक स्वयंसेवक निंगथौंजम जेम्स सिंह को गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। इस घटना से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

लोग अपनी-अपनी जान बचाने की कोशिश में लग गए। एक घंटे तक जारी रही इस गोलीबारी के लोग अवाक हैं। घटना के बाद से पूरे इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ है, बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सब घरों में कैद हैं। पुलिस इलाके के आस-पास छानबीन कर रही है, वहीं स्थानीय लोगों से भी पूछताछ कर रही है। सुबह हुई गोलीबारी की आवाज से स्थानीय लोग भी सदमे में हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह की है, लगभग एक घंटे तक गोलीबारी जारी रही। गोलीबारी की सूचना मिलते ही केंद्रीय और राज्य पुलिस दल को भेजा गया था। एक व्यक्ति घायल हुआ, उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

तलाशी अभियान जारी

कुछ बदमाशों ने शुक्रवार को थौबल जिले के पास स्थित ककचिंग जिले के पल्लेल की आरा मिल में आग लगा दी। पुलिस अधिकारियों बताया है कि, सूचना मिलते ही बचाव दस्ते को भेजा गया, लेकिन तब तक मिल जलकर खाक हो चुकी थी। पुलिस उन बदमाशों को ढूंढने में लगी हुई है।

म्यांमार में बिगड़ती स्थिति पर हमारी नजर: जायसवाल

नई दिल्ली। रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि हम म्यांमार में, खासकर रखाइन में सुरक्षा स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। हमारे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

जायसवाल ने कहा कि हमने सीजीआई (भारत के महावाणिज्य दूतावास) सिटवे में अपने कर्मचारियों को अस्थायी रूप से यांगून में स्थानांतरित कर दिया है। मांडले में हमारा वाणिज्य दूतावास पूरी तरह कार्यात्मक है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले हमने अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक एडवाइजरी जारी की थी ताकि वो म्यांमार यात्रा के लिए उचित सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन कर सकें।

ओलंपिक जाने से रोकना चाहते हैं डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष: विनेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत की दिग्गज महिला पहलवान बोलीं-डोपिंग की साजिश का डर

भारत की दिग्गज महिला पहलवान विनेश फोगाट ने शुक्रवार को भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह पर गंभीर आरोप लगाया है। विनेश का कहना है कि डब्ल्यूएफआई और उनके सहयोगी स्टाफ मान्यता पत्र जारी नहीं करके उन्हें हर हालत में ओलंपिक खेलने से रोकना चाहता है, जबकि महासंघ का दावा है कि समय सीमा खत्म होने के बाद विनेश ने आवेदन किया था।

विनेश ने अपने खिलाफ डोपिंग की साजिश रचे जाने की भी आशंका जताई। बता दें, विनेश अगले सप्ताह किर्गिस्तान के बिश्केक में होने वाले एशियाई क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिए 50 किलो में ओलंपिक कोटा हासिल करना चाहती हैं। पटियाला में चयन ट्रायल में उन्होंने 53 किलोवर्ग में भी भाग लिया था, लेकिन सेमीफाइनल में हार गई थीं।

डब्ल्यूएफआई ने आरोपों से किया इनकार

डब्ल्यूएफआई के एक अधिकारी ने कहा कि विनेश के निजी कोच और फिजियो के साथ जाने में उन्हें कोई ऐतराज नहीं है, लेकिन प्रविष्टियां भेजने की समय सीमा निकल जाने के कारण अब उसे यूडब्ल्यूडब्ल्यू से खुद मान्यता पत्र लेना होगा। उन्होंने कहा- उनका ईमेल तदर्थ समिति और टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के सीईओ के ध्यानार्थ है। हालांकि, महासंघ को भी मार्क किया गया है।

उपलब्धि घायल जवान को चार घंटे में लद्दाख से पहुंचाया दिल्ली, सेना के रिसर्च रेफरल अस्पताल में की गई सर्जरी

सैनिक के कटे हाथ को वापस जोड़ने में मिली सफलता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय सेना के एक जवान का हाथ मशीन चलाने के दौरान कट गया, जिसके बाद उन्हें रेस्क्यू कर रात में आईएएफ-सी 130 जे के जरिए लद्दाख से नई दिल्ली के अस्पलात में लाया गया। सेना के रिसर्च रेफरल (आर एंड आर) अस्पताल में उनकी सर्जरी की गई और उनके कटे हुए हाथ को वापस जोड़ दिया गया।

घटना बुधवार की है, उन्हें पहले लेह हवाई अड्डा पहुंचाया गया और फिर वहां से सुपर हर्क्यूल्स ने उन्हें एयरलिफ्ट कर दिल्ली के पालम हवाई अड्डे पर पहुंचाया। लेह से दिल्ली तक पहुंचाने में चार घंटे का समय लगा। भारतीय सेना और वायुसेना के बीच के समन्वय के कारण ही उनका ऑपरेशन सही समय पर हो गया। शुक्रवार को भारतीय वायुसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस घटना का जिक्र किया।

इसके साथ ही उन्होंने घटना से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी शेयर की। भारतीय वायुसेना ने पोस्ट में कहा, मशीन चलाने के दौरान भारतीय सेना के एक जवान का हाथ कट गया। उसे बचाने के लिए छह से आठ घंटे का समय दिया गया था। आईएएफ-सी 130 जे को एक घंटे के भीतर तैयार किया गया और जवान को सही समय पर दिल्ली के आर एंड आर अस्पताल में भेजा गया। भारतीय वायुसेना के एक अधिकारी ने बताया कि रात के समय सेना के जवान को एयरलिफ्ट किया गया। इस दौरान एनवीजी (नाईट विजन गोगल्स) का इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने बताया कि घायल जवान को बचाना हमारे लिए बहुत ही कम समय था, लेकिन फिर वायुसेना की टीम ने होषला बनाए रखा और पर दिल्ली पहुंचने में सफलता पाई

दिल्ली के आर एंड आर अस्पताल में घायल जवान के साथ मौजूद चिकित्सकों की टीम।

चिकित्सकों ने की सर्जरी

वायुसेना ने कहा, रात में एनवीजी पर लद्दाख से अंधेरी रात में एयरलिफ्ट के कारण घायल जवान को सही समय पर उचित चिकित्सा मिली। मेडिकल टीम ने सफलतापूर्वक सर्जरी की। वायुसेना के अधिकारी एक्स पर पोस्ट पर कहा है कि, नाईट विजन गोगल्स का इस्तेमाल किया गया था, इसलिए कम समय में दिल्ली पहुंचे।

अमेरिका में कानून तोड़ने की सलाह दे रहा एआई चैटबॉट

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- लोगों ने इसे बंद करने की उठाई मांग, प्रशासन ने हटाने से किया इनकार

अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर प्रशासन ने छोटे उद्योगों की मदद के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चैटबॉट तैयार किया। इसने व्यापारियों को कानून तोड़ने की सलाह दे डाली। इसके बाद लोगों ने इसे बंद करने की मांग की, लेकिन काउंसिल ने चैटबॉट को ना हटाने का फैसला किया है।

हालांकि मेयर एरिक एडम्स ने माना कि कुछ क्षेत्रों में चैटबॉट ने गलत सलाह दी। ये शहर के 'वन स्टॉप शॉप' सेवा के लिए अक्टूबर 2023 में लगाए गए थे। चैटबॉट ने एक सवाल के जवाब में कहा कि नियोक्ताओं को ऐसे कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का कानूनन हक है, जो यौन शोषण के बारे में शिकायत

करते हैं। अपने गर्भवती होने की जानकारी नहीं देते या बाल काटने से इनकार करते हैं। न्यूयॉर्क विवि में 'सेंटर फॉर रिस्पॉन्सिबल एआई की निदेशक प्रोफेसर जूलिया स्तोयानोविच कहती हैं, सरकार बिना सोचे-समझे ऐसा सॉफ्टवेयर इस्तेमाल कर रही है, जिसके फायदे साबित नहीं हुए हैं। साफ है कि वे गंभीर नहीं हैं।